पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 3 मई 2025 | वर्ष – 67 | अंक– 17 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन– 06072/59



**अभिमत**
■ मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल ! पृष्ठ 6

■ एलओसी के पास रहने वाले दो महीने का राशन जमा रखें
■ अंगोला के राष्ट्रपति आधिकारिक राजकीय यात्रा पर पहुंचे पृष्ठ 7

हमने कई छोटी-छोटी गलतियां कीं : पराग पृष्ठ 8

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर राफेल-जगुआर ने दिखाई ताकत

## पाक सीमा से 816 किमी दूर 15 लड़ाकू विमानों ने किया सैन्य अभ्यास



■ करीब दो घंटे तक वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने किया अभ्यास
■ आज दिन में भी फाइटर प्लेन करेंगे एयर शो
■ अडानी ग्रुप ने बनाई 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी
■ सिर्फ एएन-32 लड़ाकू विमान ने की एक्सप्रेस-वे पर लैंडिंग

**लखनऊ/शाहजहांपुर**,2 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भारतीय वायुसेना ने गंगा एक्सप्रेस-वे पर अपना दमखम दिखाया। 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी पर जगुआर, मिराज जैसे 15 लड़ाकू विमानों ने आंधी-तूफान के बीच 'टच एंड गो' किया। पाकिस्तान सीमा से 816 किमी दूर 15 लड़ाकू विमानों ने सैन्य अभ्यास किया। सबसे पहले सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस विमान ने एक्सप्रेस-वे पर 'टच एंड गो' किया। इसके बाद जगुआर, मिग और राफेल विमानों ने एक साथ आसमान में करतब दिखाए। सिर्फ एएन-32 लड़ाकू विमान ने एक्सप्रेस-वे पर लैंडिंग की। उसे आगे बढ़ना था, लेकिन हवा की गति इतनी तेज थी कि वह आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद पायलट ने विमान को 180 डिग्री घुमाकर उसका रुख हवा की दिशा में मोड़ दिया। करीब दो घंटे तक वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया। शनिवार को भी दिन में फाइटर प्लेन एयर शो करेंगे। हालांकि, नाइट शो नहीं होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश का चौथा ऐसा

➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### सुरक्षा की दृष्टि से अहम है एक्सप्रेस-वे

एक्सप्रेस-वे पर हवाई पट्टी के निर्माण का कार्य अडानी ग्रुप द्वारा किया गया है। यह परियोजना न केवल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हवाई पट्टी आवश्यकता पड़ने पर लड़ाकू विमानों के लिए एक वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल की जा सकेगी. इस हवाई पट्टी से चीन बॉर्डर की दूरी करीब 250 किलोमीटर है। शुक्रवार के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में, वायुसेना के वीर जवानों ने अपनी कुशलता और पराक्रम का प्रदर्शन किया। लोगों ने राफेल, मिराज और जगुआर जैसे आधुनिक लड़ाकू विमानों को एक्सप्रेस-वे पर उतरते और फिर तेजी से उड़ान भरते देखा। इसके अलावा कैरियर एयरक्राफ्ट और हरक्यूलिस को भी उतारा गया। इस वायु सेना के इस अभ्यास को देखने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ कई वीवीआईपी और स्कूली बच्चे भी पहुंचे थे। आसमान में इन विमानों द्वारा किए गए विभिन्न हवाई करतब देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। यह पहला मौका था जब इस नवनिर्मित हवाई पट्टी पर इस तरह का अभ्यास किया गया, जो भविष्य में ऐसे और भी आयोजनों की संभावनाओं को दर्शाता है।

# युवा शक्ति से होगा 'विकसित भारत' का निर्माण : मुख्यमंत्री

■ छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं के कौशल विकास को लेकर किए 4 अहम एमओयू, खुलेंगे रोज़गार के नए द्वार
■ युवाओं को रोजगार दिलाने राज्य समर्थन मिशन का हो रहा संचालन



**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर में नीति-राज्य कार्यशाला श्रृंखला के राज्य समर्थन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ में युवाओं, महिलाओं और जनजातीय समुदायों के लिए कौशल विकास, रोजगार और आजीविका के अवसरों को विस्तार देने विषय पर आधारित कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह कार्यशाला बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप बेहद प्रासंगिक है। भारत एक युवा देश है और यदि युवाओं को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण मिले, तो हम 'विकसित भारत' के लक्ष्य को तेजी से हासिल कर सकते हैं। इस मौके पर राज्य के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आज चार महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं, महिलाओं और जनजातीय वर्ग को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं। उन्होंने नीति आयोग की आकांक्षी जिलों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे जनजातीय क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य समर्थन मिशन के बेहतर क्रियान्वयन से प्रदेश के युवाओं, महिलाओं और जनजातिय समुदाय के आजीविका के लिए प्रशिक्षण से रोजगार के नये अवसर शुलभ होंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़कर उन्हें रोजगार के योग्य बनाया जा सकता है।

➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### कौशल विकास के लिए 4 महत्वपूर्ण एमओयू

राज्य के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आज चार महत्वपूर्ण एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

पहला एमओयू तकनीकी शिक्षा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण एवं नन्दी फाउंडेशन के बीच हुआ। इस एम.ओ.यू. का मुख्य उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित युवाओं की रोज़गार योग्यताओं को बढ़ाना है। यह कार्यक्रम उन्हें आवश्यक कौशल प्रदान करके उनके आजीविका के साधनों और आर्थिक सुरक्षा में सुधार लाने का प्रयास करता है। इसी तरह दूसरा एमओयू कौशल विकास प्राधिकरण एवं महेन्द्रा एंड महेन्द्रा के बीच हुआ, इस एम.ओ.यू. के अंतर्गत दंतेवाड़ा, बलरामपुर और कोंडागांव जिलों में स्थित लाइवलीहुड कॉलेजों में ट्रैक्टर मैकेनिक पाठ्यक्रम में अल्पकालिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का संचालन रायपुर स्थित स्टेट प्रोजेक्ट लाइवलीहुड कॉलेज सोसायटी द्वारा किया जाएगा।

तीसरा एमओयू उच्च शिक्षा विभाग और नैसकॉम के बीच हुआ, इस समझौते का उद्देश्य कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देकर उन्हें जॉब सीकर से जॉब प्रोवाइडर के रूप में विकसित करना है। यह कार्यक्रम युवाओं को इंडस्ट्री रेडी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इसी प्रकार उच्च शिक्षा विभाग और नन्दी फांउडेशन हैदराबाद के बीच चौथा समझौता हुआ, इस एम.ओ.यू. के तहत महाविद्यालयों के छात्रों को रोजगार परक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें कुशल और आत्मनिर्भर युवा के रूप में तैयार किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### शहबाज का यूट्यूब अकाउंट भारत में बंद

**नई दिल्ली।** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। इस बीच, भारत सरकार के खिलाफ एक के बाद एक कदम उठा रही है। शुक्रवार को सरकार ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यूट्यूब खाता भारत में बंद कर दिया है। इसके अलावा, कई पाकिस्तानी क्रिकेटर्स के खाते को भी ब्लॉक किया गया है।

### कलिंगा यूनिवर्सिटी में नेपाली छात्रा का शव मिला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी में एक नेपाली स्टूडेंट अपने कमरे में पंखे से लटकी मिली। स्टूडेंट की पहचान प्रसा साहा (18 साल) के रूप में हुई है। वह बीटेक साइंस की थी। स्टूडेंट की मौत पर केआईआईटी अधिकारियों की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की। पुलिस कमिश्नर एस देव दत्ता सिंह ने बताया कि स्टूडेंट की मौत के बारे में दिल्ली में नेपाली दूतावास को सूचना दे दी गई है। प्रसा के माता-पिता को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। वे शुक्रवार को भुवनेश्वर पहुंचेंगे। इसके बाद ही पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है।

### यूएनएससी में भारत-पाक मुद्दे पर बैठक जल्द

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में ग्रीस के पर्मानेंट मेंबर इवानगेलोस सेकेरीस ने कहा कि भारत-पाकिस्तान मसले पर जल्द मीटिंग हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसमें देर होने से अच्छा है कि यह पहले ही हो जाए। इससे दोनों देशों के बीच तनाव कम किया जा सकता है।

### कर्नाटक के मंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को सशर्त इस्तीफा सौंपा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक नाटकीय घटनाक्रम में राज्य के मंत्री शिवानंद पाटिल ने शुक्रवार को अपनी शर्तों के साथ विधानसभा से इस्तीफा सौंप दिया। विजयपुरा में बसवाना बागेवाड़ी का प्रतिनिधित्व करने वाले पाटिल ने अनुरोध किया है कि उनका इस्तीफा तभी स्वीकार किया जाए, जब बीजापुर शहर के वर्तमान प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल भी इस्तीफा दे दें।

# छत्तीसगढ़ बना जीएसटी संग्रह में अग्रणी राज्य



■ अप्रैल 2025 में 4,135 करोड़ का संग्रहण
■ केरल, पंजाब और बिहार जैसे राज्यों को पछाड़ा

**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने 4,135 करोड़ का जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष 15 राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल, पंजाब, बिहार और खनिज संसाधनों से भरपूर झारखंड जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

राज्य में इस आर्थिक प्रगति को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व्यापार और उद्योग क्षेत्र में किए गए सशक्त सुधारों का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते 15 महीनों में राज्य सरकार ने ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिनसे निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिला है।

सरकार द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उद्योग एवं व्यापार नियमों का सरलीकरण, गैर-जरूरी और बाधक कानूनों की समाप्ति, सभी जरूरी सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता, पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस की बाध्यता को समाप्त करना और उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है। इन सभी पहल से राज्य में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि हो रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। राज्य की आर्थिक स्थिति में यह वृद्धि जनता और उद्योग जगत के सहयोग से संभव हुई है। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है और यह दिखाता है कि राज्य संसाधन आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर अब एक सशक्त औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है।

# मोदी ने दी केरल को 89 सौ करोड़ की सौगात

**तिरुवनंतपुरम**,2 मई (एजेंसियां)। केरल की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 8,900 करोड़ रुपए की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने हजारों करोड़ की लागत से निर्मित विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पिनराई विजयन भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और कांग्रेस नेता शशि थरूर के मंच पर होने पर कांग्रेस पर तंज कसा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि आप इंडिया गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का यह कार्यक्रम कई लोगों की नींद उड़ाने वाला है। जहां मैसेज जाना था चला गया। मोदी ने पोर्ट को देश के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इस पोर्ट को 8,800 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यहां आने वाले समय में तीन गुना ज्यादा जहाजों का ट्रांस-शिपमेंट किया जा सकेगा और अब बड़े-बड़े माल ढोने वाले जहाज भी सीधे भारत आ सकेंगे। वहीं पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

# राजधानी में हिट एण्ड रन : तीन लोगों को ठोकर मारकर फरार चालक आया गिरफ्त में, एक महिला की मौत



**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। रिश्तेदार के घर आई प्रिया साहू को क्या मालूम था कि आज वह अंतिम बार मॉर्निंग वॉक पर निकलेगी। अज्ञात कार चालक ने प्रिया के साथ उसकी रिश्तेदार रिया साहू और एक अन्य ललिता बंजारे को सुबह-सुबह ठोकर मारकर फरार हो गया। हादसे में प्रिया की मौत हो गई, वहीं रिया और ललिता बंजारे गंभीर हालत में मेकाहारा में भर्ती हैं।

जानकारी के अनुसार, मुंगेली की रहने वाली प्रिया साहू सिंधी कालोनी निवासी रिया के घर आई थी। सुबह करीबन 5.30 बजे तेलीबांधा थाना क्षेत्र में प्रिया और रिया के साथ ललिता बंजारे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान अज्ञात कार चालक ने तीनों को चपेट

➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### आरोपी चालक बिना लाइसेंस चला रहा था कार



तेलीबांधा थाना क्षेत्र में अलसुबह हिट एंड रन को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी ब्राह्मणपारा निवासी अमित सिंह के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या और हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि आरोपी कार चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है, उसके बावजूद वह कार चला रहा था।

# केदारनाथ धाम के कपाट खुले

**देहरादून**,2 मई (देशबन्धु)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिला स्थित विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को विधि-विधान के साथ खोल दिए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के साक्षी बने। कपाट खुलते ही भक्तों ने मंदिर के अंदर जलती अखंडज्योति के दर्शन किए। इसके बाद रुद्राभिषेक, शिवाष्टक, शिव तांडव स्तोत्र और केदाराष्टक के मंत्रों का जाप किया गया। मंदिर में सबसे पहले कर्नाटक के वीरशैव लिंगायत समुदाय के मुख्य रावल भीमशंकर पहुंचे। इसके बाद बाबा पर 6 महीने पहले चढ़ाया गया भीष्म श्रृंगार हटाया गया। मंदिर को 54 किस्म के 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें नेपाल, थाइलैंड और श्रीलंका जैसे विभिन्न देशों से लाए गए गुलाब और गेंदा के फूल शामिल हैं। पहले दिन करीब 10 हजार लोग दर्शन के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी।

# भाखड़ा जल बंटवारे पर पंजाब-हरियाणा में घमासान

■ केंद्र के साथ बैठक में नहीं निकला समाधान
■ हरियाणा 8,500 क्यूसेक पानी की अपनी मांग पर अड़ा

**चंडीगढ़**, 2 मई (एजेंसियां)। गृह मंत्रालय में लगभग डेढ़ घंटे चली बैठक के बाद भी पंजाब और हरियाणा के बीच जल विवाद का मसला अभी हल नहीं हो सका है। पंजाब और हरियाणा के बीच फिलहाल कोई सहमति नहीं बन सकी है। बैठक में पंजाब ने पहले की तरह केवल 4,000 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराने पर सहमति जताई, जबकि हरियाणा 8,500 क्यूसेक पानी की अपनी मांग पर अड़ा रहा। शुक्रवार को गृह सचिव के साथ गृह मंत्रालय में हुई बैठक में शामिल हुए पंजाब के एसीएस आलोक शेखर ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की मंशा से अवगत कराया। गृह सचिव गोविंद मोहन अभी भी दोनों राज्यों के बीच सहमति बनवाने की कवायद में जुटे हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नंगल डैम के आसपास पुलिस की तैनाती को लेकर भी अंदरुनी तौर पर सख्त नोटिस लिया है, जबकि हरियाणा के अधिकारी लगातार अतिरिक्त पानी की मांग करते रहे।

**सुप्रीम कोर्ट जाएगी हरियाणा सरकार**

दूसरी ओर, हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि हम अपने जल अधिकार के लिए सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। हम इस संबंध में एक याचिका दायर करेंगे। संभावना है कि इस मुद्दे पर याचिका दायर कर दी जाएगी। छुट्टियां आने वाली हैं, इसलिए हम इस पर जल्द ही निर्णय लेने का प्रयास करेंगे। शुक्रवार की बैठक में गृह मंत्रालय ने सलाह दी कि भाखड़ा बांधों से हरियाणा को अगले 8 दिनों के लिए 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने के बीबीएमबी के निर्णय को लागू किया जाए, जिससे कि हरियाणा की तत्काल जल आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इस बात पर भी सहमति बनाने का प्रयास हुआ कि बांधों के भरने की अवधि के दौरान, बीबीएमबी पंजाब को उनकी किसी भी अतिरिक्त आवश्यकता को पूरा करने के लिए यह अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराएगा। गृह सचिव के साथ बैठक में ये भी तय हुआ कि बीबीएमबी हरियाणा को अतिरिक्त पानी छोड़ने के कार्यान्वयन के तौर-तरीकों पर काम करने के लिए तुरंत बोर्ड की बैठक बुलाएगा। हरियाणा-पंजाब पानी विवाद के बीच पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में भी सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसको लेकर हरियाणा सरकार ने पत्र जारी किया है।

# दिल्ली में तूफानी बारिश से 4 की मौत

**नई दिल्ली**, 2 मई (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में शुक्रवार सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। तेज हवाओं के कारण दिल्ली के द्वारका के खरखरी नाहर गांव में खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे पर पेड़ गिरने से चार लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय ज्योति और उसके तीन बच्चों के रूप में हुई है। उसके पति अजय को मामूली चोटें आई हैं। आंधी तूफान के कारण तीन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और 200 से अधिक उड़ानें विलंबित हो गईं।

## कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में बोले खरगे

# पहलगाम हमले के बाद सरकार की रणनीति साफ नहीं



**नई दिल्ली**, 2 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की महत्वपूर्ण बैठक में शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले और केंद्र सरकार की ओर से किए गए जाति जनगणना के एलान पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि केंद्र के पास पहलगाम आतंकी हमले के बाद की स्थिति से निपटने की कोई स्पष्ट रणनीति नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है। खरगे ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दबाव और सच्चाई से उठाए गए मुद्दों के कारण सरकार को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने फिर साबित कर दिया कि अगर हम ईमानदारी से जनता के मुद्दे उठाते हैं, तो सरकार को झुकना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछली सीडब्ल्यूसी बैठक में कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ सरकार को हरसंभव समर्थन देने की बात कही थी, लेकिन हमले के कई दिन बाद भी केंद्र की तरफ से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया था कि सीडब्ल्यूसी इन दोनों अहम मुद्दों पर बैठक में चर्चा करेगी। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने कानपुर में शहीद शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात कर सरकार से उन्हें शहीद का दर्जा और सम्मान देने की मांग की। खरगे ने कहा कि हम देश की एकता, अखंडता और समृद्धि को चुनौती देने वाली हर ताकत का मिलकर और सख्ती से सामना करेंगे। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ है।

## तकरार

### भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान की नींद उड़ी

# आठवें दिन तोड़ा सीजफायर, मिला मुंहतोड़ जवाब

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 2 मई (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती गांवों में भय और अनिश्चितता का माहौल है, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने लगातार आठवीं रात को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अग्रिम चौकियों को निशाना बनाकर बिना उकसावे के गोलाबारी की। भारतीय सेना ने गोलाबारी का तेजी से जवाब दिया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही दहशतगर्दों के पहनगार पाकिस्तान की नींद उड़ी हुई है।**

*भारतीय सेना ने जारी एक बयान में कहा कि गुरुवार रात भी पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में कुपवाड़ा, उड़ी और अखनूर के सामने नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने भी उसी अनुपात में जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना ने पिछले सप्ताह कुपवाड़ा, उड़ी और अखनूर सेक्टरों सहित 18 बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। राजौरी निवासी मोहम्मद सुलेमान इसकी पुष्टि करते हुए कहते थे कि लगातार 8वें दिन भी नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी जारी है, जिससे स्थानीय लोगों में डर बढ़ गया है। वे कहते थे कि कई सालों की शांति के बाद, अब हम भूमिगत बंकरों में शरण ले रहे हैं, इस डर से कि हम फिर से गोलीबारी में फंस सकते हैं। जबकि पुंछ के एक किसान काशिम खान का कहना था कि युद्ध विराम ने उनके बच्चों को बेहतर भविष्य की उम्मीद दी है। अब, गोलाबारी फिर से शुरू होने के कारण, हमें चिंता है कि उनकी शिक्षा बाधित होगी, और हमें फिर से भागने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। करनाह के मुश्ताक अहमद के शब्दों में, चार साल की शांति के बाद, सीमा पार से गोलीबारी को लेकर नए सिरे से तनाव ने हमें लगातार डर में डाल दिया है। हमारा जीवन एक बार फिर अनिश्चित है। हम प्रार्थना करते हैं कि युद्ध विराम कायम रहे। इसने स्थिरता लाई है, बुनियादी ढांचे में सुधार*

➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

### सीमावर्ती क्षेत्र के निवासियों ने लगाई शांति बहाली की गुहार

*सीमावर्ती क्षेत्र के निवासियों ने पत्रकारों से बात करते हुए तत्काल सुरक्षा उपायों और शांति बहाली की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद से बढ़ती हिंसा के साए में जी रहे हैं, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। निवासियों ने कहा कि उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिए बंकर बनाने के लिए कई बार अधिकारियों से अपील की है, लेकिन अभी भी इंतजार कर रहे हैं। एक निवासी का कहना था कि हां, कुछ सामुदायिक बंकर मौजूद हैं, और अब सुरक्षा उपायों के लिए उन्हें साफ किया जा रहा है। स्थिति तनावपूर्ण है, लेकिन हम भारतीय सेना के साथ मजबूती से खड़े हैं।*

# देश

उवाच

यह एक अमानवीय कृत्य है। यह न मानवता के मूल्यों के अनुरूप है और न ही सामाजिक और राजनीतिक रिश्तों के। यह सिद्ध हो चुका है कि इस हमले के पीछे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान का हाथ है। पाकिस्तान आतंकवाद के आकाओं को संरक्षण देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसका सीधा संदेश दिया है कि पाकिस्तान ने जो कार्य किया है, उसे उससे कई गुना ज्यादा सजा मिलेगी: **महेश शर्मा, सांसद भाजपा**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.1 | 18.5 |
| मुंबई | 34.4 | 24.9 |
| कोलकाता | 33.4 | 20.4 |
| चेन्नई | 33.5 | 28.1 |

# आतंकवाद वैश्विक चुनौती, लोकतांत्रिक देश एकजुटता से करें साझी कार्रवाई : बिरला

## ओम बिरला ने जापान के स्पीकर नुकागा फुकुशिरो के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए संसदीय शिष्टमंडल के साथ बैठक की

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आतंकवाद को राष्ट्रीय सीमाओं से परे वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि इस समस्या को समाप्त करने के लिए शांति, सुरक्षा और विधि के शासन के प्रति साझी प्रतिबद्धता वाले सभी लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई करनी होगी।

**जापानी संसद के स्पीकर नुकागा फुकुशिरो ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की**

श्री बिरला ने ये टिप्पणी संसद भवन परिसर में जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर नुकागा फुकुशिरो के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए जापानी संसदीय शिष्टमंडल के साथ अपनी बैठक के दौरान की। श्री बिरला ने कहा कि आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने और लोकतांत्रिक देशों के मूलभूत मूल्यों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के सम्मान और परस्पर विश्वास की भावना के साथ सामूहिक और कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

जापानी संसद के स्पीकर श्री नुकागा फुकुशिरो ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में जापान के समर्थन की पुष्टि की। श्री बिरला ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मामले में भारत के साथ खड़े रहने के लिए जापान के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, भारत और जापान की मित्रता विश्व में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।



**आतंकवाद को समाप्त करने के लिए शांति, सुरक्षा और विधि के शासन के प्रति साझी प्रतिबद्धता वाले सभी लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई करनी होगी : ओम बिरला, अध्यक्ष लोकसभा**

श्री बिरला ने क्वाड, जी-20 और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भारत और जापान के बीच साझेदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के बारे में हमारी चिंताएँ और दृष्टिकोण एक समान है। श्री बिरला ने आगे कहा कि परस्पर सहयोग पर आधारित हमारे संबंध दोनों देशों के परस्पर लाभ और प्रगति के साथ ही इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में इस मित्रता ने रणनीतिक और वैश्विक सहयोग का रूप ले लिया है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत और जापान के बीच मित्रता सभ्यतागत संपर्कों, बौद्ध धर्म की साझी विरासत और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति साझी प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि हर साल बड़ी संख्या में जापानी पर्यटक और तीर्थयात्री भारत आते हैं और बौद्ध धर्म से जुड़े स्थानों की यात्रा करते हैं, जिससे दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध और मजबूत हो रहे हैं।

श्री बिरला ने भारत के 50 हजार से अधिक कुशल कर्मियों को जापान में विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान किए जाने के जापान के प्रस्ताव का भी स्वागत किया। उन्होंने जापान में भारतीय छात्रों को अधिक अवसर प्रदान किए जाने की सराहना करते हुए भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग के आश्वासन के लिए जापान का आभार व्यक्त किया। पिछले साल भारत ने संविधान निर्माण के 75 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा पूरी करने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति और विकास की गाथा में संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। संविधान के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता के बाद देश में बड़े पैमाने पर सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन हुए और जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

# आतंकी हमले के बाद फारूक अब्दुल्ला के भी बदले सुर

## फारूक अब्दुल्ला मानते हैं पहलगाम हमले के हैंडलर पाकिस्तान में मौजूद

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया। इस हमले में पर्यटकों को उनका नाम और धर्म पूछकर निशाना बनाया गया। इस खूनी खेल ने भारत के लोगों के मन में पाकिस्तान के प्रति गुस्सा भर दिया है। इस सबके बीच हमेशा पाकिस्तान से बातचीत की पैरवी करने वाले जम्मू-कश्मीर की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के भी सुर अब बदल गए हैं। पाकिस्तान के समर्थन में बात करने वाले फारूक अब्दुल्ला को भी अब लगने लगा है कि पहलगाम आतंकी हमले के हैंडलर पाकिस्तान में मौजूद हैं।

दरअसल, पाकिस्तान को लेकर जब-जब भी भारत ने एक्शन लेने की बात कही, तब-तब फारूक अब्दुल्ला अपने बयानों के जरिए पाकिस्तान का समर्थन करते नजर आते थे। लेकिन, पहलगाम हमले के बाद से उनका मन बदला सा नजर आ रहा है और वह पाकिस्तान के खिलाफ जारी केंद्र सरकार के एक्शन का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। फारूक अब्दुल्ला ने तो पहलगाम हमले को लेकर यहां तक कहा कि यह हमला मानवता को शर्मसार करने वाला है और इस आतंकी हमले के हैंडलर पाकिस्तान में छुपे बैठे हैं।



**पहलगाम की घटना बेहद दर्दनाक थी। यह किसी भी हाल में नहीं होना चाहिए था। इस हमले में इंसानियत का कत्ल हुआ है। ऐसे में मेरी मांग है कि आतंकियों को जल्द पकड़कर सजा दी जाए: फारूक अब्दुल्ला, प्रमुख, पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस**

अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम की घटना बेहद दर्दनाक थी। यह किसी भी हाल में नहीं होना चाहिए था। इस हमले में इंसानियत का कत्ल हुआ है। ऐसे में मेरी मांग है कि आतंकियों को जल्द पकड़कर सजा दी जाए, ताकि इस तरह की घटना को अंजाम देने के बारे में कोई सोचे भी नहीं। उन्होंने साफ कह दिया कि जिन्होंने मुंबई, उरी, पुलवामा, पठानकोट, पुंछ में अटैक किया, अब पहलगाम में आतंकी हमला उनके द्वारा ही किया गया। ये तो सभी लोग जानते हैं कि इन हमलों का हैंडलर तो पाकिस्तान में बैठा है। फारूक अब्दुल्ला ने साफ कहा कि ये घटना बिना लोकल मदद के नहीं हो सकती है। जब तक इन आतंकियों का कोई साथ नहीं देगा, ऐसा हमला नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि मैंने कहा था मसूद अजहर को मत छोड़िए। इसने कईयों का मारा है। मेरे भाई को मारा है। पीओके के बारे में भी अब्दुल्ला ने कहा कि इसे वापस लेने का फैसला पीएम का होगा। उन्होंने दावा किया कि देश पीएम के हाथों में सुरक्षित है। अगर पीएम मोदी के हाथों में देश सुरक्षित नहीं होता तो वे पीएम नहीं होते। पीएम को देश के हर नागरिक की हिफाजत करनी है और वो ऐसा कर भी रहे हैं।

### सार संक्षेप

**मायावती का चुप रहना बेहतर, अपने बयान से भाजपा को पहुंचा रहीं फायदा : उदित**

**नई दिल्ली।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस और भाजपा पर जाति जनगणना का श्रेय लेने का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता उदित राज ने मायावती के आरोपों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मायावती भाजपा की प्रवक्ता बन गई हैं। कांग्रेस प्रवक्ता उदित राज ने कहा, 'मायावती के लिए चुप रहना ही बेहतर है, वो चार बार मुख्यमंत्री रही हैं और अगर उन्हें ओबीसी से प्यार होता तो वह जाति जनगणना कराती, जिस तरह से बिहार में तेजस्वी यादव ने जाति जनगणना कराई। इसके अलावा, कर्नाटक और तेलंगाना में भी ओबीसी के लिए जाति जनगणना हुई। मायावती ने ओबीसी समाज के लिए क्या किया? मैं इतना ही कहूंगा कि मायावती भाजपा की प्रवक्ता बन गई हैं और अब भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए तरह-तरह के बयान दे रही हैं।'

# एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी बने वायुसेना के उप प्रमुख



**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के वाइस चीफ के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। भारतीय वायुसेना के नए वाइस चीफ, एयर मार्शल तिवारी ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की और इसके बाद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला से प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने जून 1985 में एनडीए राष्ट्रपति स्वर्ण पदक के साथ उत्तीर्ण किया और 7 जून 1986 को भारतीय वायुसेना में एक फाइटर पायलट के रूप में कमीशन प्राप्त किया।

एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को विभिन्न प्रकार के विमानों पर 3,600 घंटे से अधिक का उड़ान अनुभव प्राप्त है। वह एक क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और एक्सपेरिमेंटल टेस्ट पायलट हैं। एयर मार्शल तिवारी अमेरिका के एयर कमांड एंड स्टाफ कॉलेज के स्नातक भी हैं। उन्होंने वायुसेना के टेस्ट पायलट स्कूल और वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में डाइरेक्टिंग स्टाफ के रूप में भी सेवा दी है। उनके पास विभिन्न हथियारों और प्रणालियों के संचालन परीक्षण का व्यापक अनुभव है। साल 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने 'लाइटनिंग' लेजर डेजिग्नेशन पॉड को ऑपरेशनल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। साल 2006 से 2009 और बाद में 2018-19 में उन्होंने एलसीए (लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) की उड़ान परीक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई। उस दौरान वह नेशनल फ्लाइट टेस्ट सेंटर में प्रोजेक्ट डायरेक्टर (फ्लाइट टेस्ट) के रूप में तैनात थे और विमान की फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साल 2013 से 2016 तक वह पेरिस में एयर अताशे के रूप में कार्यरत रहे।

# बुजुर्ग अतीत की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक होते हैं: मुर्मु

## श्रीमती मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' नामक कार्यक्रम में लिया भाग

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल – 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं।



**माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं : द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने तथा सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि तथा प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, 'बुजुर्ग अतीत की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक अपना बुढ़ापा गरिमा और सक्रियता के साथ जिएं।' उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बना रही है ताकि वे जीवन के सभी पहलुओं में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। उन्होंने सभी नागरिकों से बुजुर्गों की खुशी और भलाई के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने, उनके मार्गदर्शन को महत्व देने और उनकी बहुमूल्य संगति का आनंद लेने का आग्रह किया।

# सुप्रीम कोर्ट ने छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता का दावा है कि वे भारतीय हैं। उनके पास भारतीय नागरिकता को प्रमाणित करने वाले कई दस्तावेज मौजूद हैं, जिनमें भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड शामिल है।

याचिकाकर्ता के वकील नंदकिशोर इस प्रकरण के बारे में जानकारी देते हुए बताते हैं कि यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है। एक व्यक्ति मूल रूप से हिंदुस्तानी है, उसके पास खुद को हिंदुस्तानी साबित करने के लिए अनेकों दस्तावेज हैं। इसके बावजूद, उसे पाकिस्तान जाने के लिए कह दिया जाता है। नोटिस भेज दिया गया। याचिकाकर्ता ने अपने वकील के माध्यम से बताया कि हमारे परिवार में कुल छह सदस्य हैं। इनमें से दो बेटे बेंगलुरु में काम करते हैं। इसके अलावा, परिवार में माता, पिता, भाई और बहन हैं।



याचिकाकर्ता ने बताया कि जब हमें पाकिस्तान के लिए नोटिस आया, तो हम हतप्रभ हो गए। यही नहीं, हमें गाड़ी में बैठाकर अटारी बॉर्डर तक ले जाया गया और कहा गया कि हम देश छोड़ दें, जबकि हम हिंदुस्तानी हैं।

वकील और याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने सरकारी अधिकारियों को भारतीय नागरिकता की वैधता के बारे में दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा है कि जब तक सरकारी अधिकारी उचित निर्णय नहीं लेते, तब तक परिवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही याचिकाकर्ता को न्यायालय ने निर्देश दिया कि जब तक सरकारी अधिकारी उचित निर्णय नहीं करते, तब तक परिवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए।


**कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**
Email ID :- cmofingeshwar@gmail.com Phone No.:-07701-296340

क्रमांक / 392/लो.नि.शा./न.पं./ 2025-26 फिंगेश्वर, दिनांक 02/05/2025

**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत CGPWD में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत संस्था/फर्म/ठेकेदारों/ से विभिन्न कार्य कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मैनुअल निविदा फार्म 'ए' 'बी' एवं 'एबीसी' में पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-
निविदा हेतु आवश्यक जानकारी निम्नानुसार है :-
1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने का दिनांक 09.05.2025 कार्यालयीन अवधि तक
2. कोरा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक 14.05.2025 कार्यालयीन अवधि तक
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 19.05.2025 कार्यालयीन अवधि तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने का दिनांक 20.05.2025 दोप. 12.00 बजे से।

| स. क्र. | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में) | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि | एस.ओ.आर. | ठेकेदार की श्रेणी (एकल प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैक हो लोडर डीजल सहित प्रति घंटा किराया दर | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 31 मार्च 2026 तक | | सक्षम श्रेणी |
| 2 | सफाई सामग्री प्रदाय | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 31 मार्च 2026 तक | | सक्षम श्रेणी |
| 3 | वार्ड क्र. 01 से 15 तक अपात निधि / संधारण मरम्मत एवं जोनल वर्क एवं अन्य | 9.95 | 10000.00 | 750.00 | 31 मार्च 2026 तक | PWD BUILDING & ROAD S.O.R 01.01.2015 | सक्षम श्रेणी |
| 4 | अध्यक्ष/पार्षद/एल्डरमेन निधि अंतर्गत वार्षिक निविदा वर्ष 2024-25 | 9.95 | 10000.00 | 750.00 | 31 मार्च 2026 तक | PWD BUILDING & ROAD S.O.R 01.01.2015 | सक्षम क्षेणी |
| 5 | फेब्रिकेशन कार्य | 5.00 | 5000.00 | 750.00 | 31 मार्च 2026 तक | | सक्षम क्षेणी |

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत फिंगेश्वर



**ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट – 4 क) (नियम 8 (6))**

आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज-4, गुरुग्राम-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय :- "प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001" के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत। जबकि आईआईएफएल – एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्नवर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल – एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहां है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट : ूण्पपसिवदमीवउमण्बवउ पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| कर्जदार/सह- कर्जदार/ गारंटर/ कानूनी वारिस | मांग सूचना तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन | सांकेतिक कब्जा की तिथि | सुरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्रीमती पुष्पलता साहू, 2. श्री प्रहलाद साहू (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10285203) | 20-11-2023 रू. 7,92,592/- (रूपए सात लाख बानवे हजार पांच सौ बानवे मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लेट नंबर 07, ईडब्ल्यूएस, प्रथम तल, ब्लॉक नंबर 08, खसरा नंबर 79 का भाग, ग्राम-पिरदा, पीएचएन 76, सी.जी. हाउसिंग बोर्ड, मौजा ग्राम पिरदा 02 (हाउसिंग बोर्ड कालोनी), रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, क्षेत्रफल परिमाप (वर्ग फीट में) : सम्पत्ति प्रकार : सुपर-बिल्ट-अप-एरिया, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 398.80 | 06-02-2024 | रू. 7,33,000/- (रूपए सात लाख तेतीस हजार मात्र) |
| | बोली वृद्धि राशि रू. 20,000/- (रूपए बीस हजार मात्र) | | 17-04-2025 तक कुल बकाया राशि रू. 8,24,000/- (रूपए आठ लाख चौबीस हजार मात्र) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रू. 73,300/- (रूपए तिहत्तर हजार तीन सौ मात्र) |

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि – 19-05-2025 1100 बजे-1400 बजे | ईएमडी अंतिम तिथि- 21-05-2025 अप. 5 बजे तक | ई-नीलामी की तिथि/समय 23-05-2025 1100 बजे-1300 बजे

भुगतान की विधि : ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप https://www.iiflonehome.com पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें। नोट : हर सम्पत्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए – लॉगइन https://www.iiflonehome.com>My Bid>Pay Balance Amount

महत्वपूर्ण सूचना : यह नीलामी सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के माध्यम से कब्जा के आधार पर प्रकाशित की जा रही है। भौतिक कब्जा, सरफासी एट के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार धारा 14 के तहत प्राप्त करने के बाद तथा जब और जैसे ही भौतिक कब्जा लिया जाएगा, सौंपा जाएगा। बोलीदाता को नीलामी कार्यवाही में भाग लेने से पहले दस्तावेजों और कानूनी तथ्यों की आवश्यक सतर्कता-जांच कर लेनी चाहिए।

नियम और शर्तें :-
1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता ीजजचेरूध्ध्ूण्पपसिवदमीवउमण्बवउ के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइन आईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैन कार्ड की प्रति के साथ उपरिवर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम "बोली वृद्धि राशि" में वर्णित राशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्ति का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूत लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी। सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागू स्टाम्प ड्यटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपल कर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. खरीदार को बिक्री राशि के भुगतान/सौदे हेतु लागू टीडीएस अदा करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट आईआईएफएल एचएफएल में प्रस्तुत करना होगा।
6. बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com तथा https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखने की सलाह दी जाती है।
7. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई-नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ई-मेल आईडी : बंतम/पपसिवदमीवउमण्बवउ सपोर्ट हेल्प लाइन नंबर : /1800 2672 499 पर सम्पर्क करें।
8. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध में पूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई-मेल : care@iiflone.home.com को मेल लिखें।
9. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
10. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त करने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मत ढंग से बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
12. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

**सरफासी ऐक्ट, 2002 के नियम 9 के उप-नियम (1) के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस**
कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

सीनः रायपुर, तिथि : 03-05-2025 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक- 2020 /NIT-01/2024-25/व ले लि दिनांक : 01-05-2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 14.05.2025 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि:- 21.05.2025 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 22/05/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाकारों की श्रेणी :- 'द' श्रेणी से 'अ' तक

| एनआईटी निविदा क्र. | कार्य का नाम / NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि (रू.मे) बैंक साल्वेंसी (रु.में) |
|---|---|---|
| 1 T0003 | कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा में स्थित जी.ए.डी. आवासीय डी-3 टाईप बंगला का विशेष मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 5.00 5000.00 75000.00 |
| 1 T0004 | कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा में स्थित जी.ए.डी. आवासीय ई-3 टाईप बंगला का विशेष भरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 4.98 5000.00 75000.00 |
| 1 T0005 | जिला कबीरधाम के कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा में स्थित ई-4 टाईप बंगला का विशेष मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 4.97 5000.00 75000.00 |
| 1 T0006 | कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा में स्थित जी.ए.डी. आवासीय डी-2 टाईप बंगला का विशेष मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 4.98 5000.00 75000.00 |
| 1 T0007 | कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा में स्थित डी-1 टाईप न्यायिक बंगला का विशेष मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 4.98 5000.00 75000.00 |
| 1 T0008 | जिला कबीरधाम के कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा में स्थित ई-1 टाईप बंगला का विशेष मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 4.98 5000.00 75000.00 |
| 1 T0009 | जिला कबीरधाम के कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा में स्थित ई-8 टाईप बंगला का विशेष मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 4.98 5000.00 75000.00 |
| 1 T0003 | जिला कबीरधाम के हास्पिटल कॉलोनी कवर्धा में स्थित ई टाईप बंगला का विशेष मरम्मत कार्य प्रथम आमंत्रण (समय 2 माह) | 4.99 5000.00 75000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग
कवर्धा
जी-252600623



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग कांकेर वनमण्डल कांकेर**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, कांकेर वन मण्डल कांकेर के अन्तर्गत आने वाले काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती काष्ठ के निम्न विवरण अनुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार डिपो कांकेर से प्राप्त की जा सकती हैं।

डिपो का नाम: कांकेर काष्ठागार
नीलाम दिनांक: 07 मई 2025, बुधवार
नीलाम प्रारंभ: प्रातः 09.00 बजे से

| स. क्र. | प्रजाति | अनुमानित मात्रा | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नया | | | पुराना | | | योग | | |
| | | काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | काष्ठ (घ.मी.) | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सागौन | 41.397 | 35 | 122 | 264.683 | 1392 | 1913 | 306.080 | 1427 | 2035 |
| 2 | साल | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | खम्हार | 2.591 | 0 | 3 | 0.000 | 0 | 0 | 2.591 | 0 | 3 |
| 4 | हल्दू/मुंडी | 3.249 | 1 | 9 | 29.715 | 0 | 0 | 32.964 | 1 | 9 |
| 5 | बीजा | 7.736 | 2 | 12 | 41.750 | 31 | 12 | 49.486 | 33 | 24 |
| 6 | सलई/मोयन | 2.519 | 0 | 0 | 15.972 | 0 | 0 | 18,491 | 0 | 0 |
| 7 | साजा | 5.740 | 14 | 2 | 60.343 | 108 | 6 | 66.083 | 122 | 8 |
| 8 | शीशम | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| 9 | तिन्सा | 1.854 | 0 | 3 | 0.529 | 2 | 0 | 2.383 | 2 | 3 |
| 10 | नीलगिरी | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 33 | 4 | 0.000 | 33 | 4 |
| 11 | अन्य | 12.898 | 120 | 7 | 54.000 | 0 | 0 | 66.898 | 120 | 7 |
| | योग :- | 77.984 | 172 | 158 | 466.992 | 1566 | 1935 | 544.976 | 1738 | 2093 |
| 1 | सागौन जलाऊ | 5 चट्टा | | | | - | | 5 चट्टा | | |

**अनुमानित काष्ठ की मात्रा कम या अधिक हो सकता है।**

टीप :-
1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी,
कांकेर वनमण्डल कांकेर
जी-252600633






**कमाल की पहल है 'वेव्स', दर्शक और कलाकार दोनों के लिए शानदार : अपारशक्ति**

**मुंबई।** मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) के दूसरे दिन शुक्रवार को अभिनेता अपारशक्ति खुराना शामिल हुए। खुराना ने 'वेव्स' को कमाल की पहल बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि 'वेव्स'दर्शकों और कलाकारों दोनों के लिए शानदार है। इवेंट में पहुंचे अभिनेता ने कहा कि वेव्स में शामिल होकर मुझे काफी अच्छा लग रहा है। मैं देशवासियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुबारकबाद देने के साथ ही धन्यवाद भी देता हूं। कलाकार और दर्शक दोनों के लिए वेव्स शानदार है। उन्होंने कहा कि इस मंच से सभी को मजबूती मिलेगी। कलाकार और सरकार को साथ मिलकर काम करना चाहिए।

# वेव्स समिट में पैनल का हिस्सा बनीं करीना कपूर खान



**मुंबई,** 2 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान ने वेव्स समिट में पैनल चर्चा का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर की। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि यह मौका सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि बड़ी हस्तियों के साथ मंच साझा करना एक प्रेरणादायक अनुभव भी था।

बॉलीवुड की 'बेबो' करीना ने इंस्टाग्राम पर लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया। इस फोटो में वह प्रिटेंड ब्लू कलर की शिफॉन साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने यह लुक मुंबई में हो रहे वेव्स समिट 2025 के लिए लिया। उन्होंने कैप्शन में समिट को लेकर खास बातें लिखी। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि वेव्स समिट में पैनल डिस्कशन का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। अब भारत सिर्फ ग्लोबल एंटरटेनमेंट की बातचीत का हिस्सा नहीं है, बल्कि उसे आगे बढ़ा रहा है। भारत तेजी से ग्लोबल एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक सुपरपावर बन रहा है और यह सिर्फ शुरुआत है उस रचनात्मक युग की, जो भविष्य को आकार देगा। बता दें कि गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) का उद्घाटन किया था और भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किए थे। इसमें इंडस्ट्री के कई बड़े सितारे शामिल हुए, जिनमें शाहरुख खान, आमिर खान, रजनीकांत, अक्षय कुमार, हेमा मालिनी, राशि खन्ना, मानुषी छिल्लर, वाणी कपूर, ऐश्वर्या राय बच्चन, एसएस राजामौली, चिरंजीवी, अनिल कपूर, आलिया भट्ट, म्यूजिक कंपोजर और गायक ए आर रहमान, फिल्म निर्माता जोया अख्तर और विक्की कौशल जैसे नाम शामिल हैं। यह समिट 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में जारी है।

## वैज्ञानिकों का एआई को लेकर अध्ययन में दावा

# आनुवंशिक रोगों की पहचान और उपचार में आ सकते हैं क्रांतिकारी बदलाव

- समय के साथ प्रकृति ने सबसे जरूरी प्रोटीनों को किया विकसित
- मकसद दवाइयों व इलाज को और ज्यादा सटीक बनाना

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन के अनुसार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) जल्दी ही आनुवंशिक बीमारियों की पहचान और इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह अध्ययन ऑस्ट्रेलिया की ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के वैज्ञानिकों ने किया है। इसका मकसद दवाइयों और इलाज को और ज्यादा सटीक और व्यक्ति विशेष के अनुसार बनाना है। यह काम नए तरह के डाटा टूल्स की मदद से किया गया है।

यह शोध 'नेचर कम्युनिकेशन्स' में छपा है। इसमें एआई से चलने वाले प्रोटीन मॉडल और जीनोम सिक्वेंसिंग को मिलाकर यह समझने की कोशिश की गई है कि जीन में बदलाव (म्यूटेशन) इंसानी सेहत पर कैसे असर डालते हैं। इसमें गूगल की डीपमाइंड कंपनी द्वारा बनाए गए एडवांस्ड एआई टूल 'अल्फाफोल्ड' का उपयोग किया गया। इससे वैज्ञानिकों ने यह समझा कि कुछ प्रोटीन हानिकारक बदलावों से



ज्यादा प्रभावित क्यों होते हैं, और कुछ नहीं।

अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता डॉ. डैन एंड्रयूज के अनुसार, समय के साथ प्रकृति ने सबसे जरूरी प्रोटीनों को इस तरह विकसित किया है कि वे नुकसानदायक बदलावों को झेल सकें। लेकिन जो प्रोटीन कम जरूरी हैं, उनमें यह क्षमता कम पाई गई। एएनयू के जॉन कर्टिन स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च और स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग के वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि जो जीन बहुत जरूरी नहीं माने जाते, वही कई बार गंभीर आनुवंशिक बीमारियों की वजह बन जाते हैं। एंड्रयूज ने बताया कि जीन में बदलाव लगातार होते रहते हैं और टालना मुश्किल है।

कुछ जीन बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और उनमें कम ही बदलाव देखे जाते हैं, लेकिन कुछ जीन थोड़े कम महत्वपूर्ण होते हुए भी इतने जरूरी होते हैं कि उनमें बदलाव होने पर बीमारी हो सकती है। यह शोध यह समझने में मदद करता है कि कौन-से जीन बीमारियों में ज्यादा असर डालते हैं और किनका इलाज पहले करना चाहिए।

एंड्रयूज ने बताया कि अगर हमें पता चल जाए कि किसी व्यक्ति के शरीर में कौन-सी आनुवंशिक प्रणाली ठीक से काम नहीं कर रही, तो हम इलाज चुनने में ज्यादा सटीक हो सकते हैं। यह अध्ययन उन बीमारियों पर भी लागू होता है जिनमें कई जीन में बदलाव होते हैं। इसमें जीन में बदलाव के असर को मापा गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन-सा जीन काम नहीं कर रहा। भविष्य में इस शोध से ऐसे एआई टूल बनाए जा सकते हैं, जो व्यक्ति के जीन और बीमारी से जुड़े डाटा के आधार पर इलाज का सुझाव दे सकें।

# गर्मी बढ़ते ही दर-दर भटक रहे हैं वन्यजीव

- वन्यजीव प्रेमी खुद सूखे तालाबों व पानी की खोलियों को भरने का काम शुरू किया
- गर्मी शुरू होते ही रेगिस्तानी वनों में तेजी से सूखने लगा प्राकृतिक जलस्रोत

**जैसलमेर,** 2 मई (एजेंसियां)। राजस्थान में जैसलमेर में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते तपते थार रेगिस्तान में मौजूद वन्य जीवों को अपनी प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान खासकर चिंकारा हिरण पानी की तलाश में वन से निकल रहे हैं, जिससे वे आवारा कुत्तों का शिकार बन रहे है। पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय में करीब 10 से ज्यादा प्यासे चिंकारों को आवारा कुत्ते मार चुके हैं। दरअसल गर्मी शुरू होते ही रेगिस्तानी इलाके में वनों में प्राकृतिक जलस्रोत तेजी से सूखने लगते हैं। जिससे वन्यजीव पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों की ओर आते हैं। चिंकारा जैसे हिरण आवारा कुत्तों का शिकार बन जाते हैं।

इन घटनाओं से विचलित 'ग्रीन मैन' के नाम से मशहूर जैसलमेर के धोलिया गांव के पर्यावरण प्रेमी राधेश्याम विश्नोई ने जैसलमेर के पोकरण क्षेत्र में पिछले कुछ समय में अपने बलबूते एवं ग्रामीणों के सहयोग से करीब 100 से ज्यादा छोटे छोटे गड्ढ़े खुदवाये और उसे सीमेंट से पक्का करवाकर उसमें नियमित रूप से ट्रैक्टरों एवं अन्य तरीकों से पानी भरवा रहे हैं जिससे वन्य जीवों को पानी की तलाश में वन से बाहर नहीं निकलना पड़ता।

राधेश्याम विश्नोई ने बताया कि पिछले कुछ समय में उन्होंने पोकरण क्षेत्र में धोलिया, खेतोलाई एवं गंगाराम की ढाणी आदि से लगते जंगल में उन्होंने पानी की खोली, कृत्रिम जलस्रोत आदि बनाने और उनमें ट्रैक्टर के माध्यम से पानी भरने का काम शुरू किया। करीब चार वर्षों से अब तक वे 100 से भी ज्यादा ऐसे कृत्रिम जलस्रोत का निर्माण जानवरों के लिए पीने के पानी के लिए करवा चुके हैं। इनसे सैकड़ों की संख्या में चिंकारा हिरण समेत कई जंगली जानवर अपनी प्यास बुझाते हैं। उनका विश्नोई समुदाय वैसे भी जीवों और पेड़ों की रक्षा के लिए जाना जाता है। ऐसे में वह भी इन जीवों के लिए अपना जीवन दे रहे हैं ताकि इनकी जान बचाई जा सके और इनका संरक्षण किया जा सके।

उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में तालाब सूख जाते हैं और वन्यजीव पानी के लिए भटकते हैं। पानी नहीं मिलने से वे भटक कर रिहायशी इलाकों की तरफ आते हैं और कुत्तों का शिकार बनते हैं या सड़क दुर्घटना में बेमौत मारे जाते हैं। वन विभाग द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं देने के बाद वन्यजीव प्रेमी खुद आगे आए और सूखे तालाबों और पानी की खोलियों को भरने का काम शुरू किया।

# 'वेव्स' से अब इंडस्ट्री को मिलेगी नई वैश्विक पहचान : सैफ अली

**मुंबई,** 2 मई (एजेंसियां)। वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) की शुरुआत 1 मई को भव्य अंदाज में हुई। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान ने इसकी खूब तारीफ की और कहा कि यह मंच भारतीय सिनेमा के लिए एक बड़ा मौका है, जहां नए लोग, कहानियां और विचार एक साथ आकर मनोरंजन की दिशा को बदल सकते हैं। उनका मानना है कि ऐसे प्लेटफॉर्म से इंडस्ट्री को नई ऊर्जा और वैश्विक पहचान मिलेगी।



सैफ ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक शानदार मंच है और प्रधानमंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और सभी आयोजकों की तरफ से यह एक बेहतरीन पहल है। मैं बहुत उत्साहित हूं। सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नहीं, बल्कि अपने देश के भीतर भी कनेक्टिविटी बढ़ानी चाहिए। उत्तर और दक्षिण भारत को आपस में जोड़ने की जरूरत है। अगर हम सब जुड़ें, तो हमारे पास बताने के लिए बहुत सारी शानदार कहानियां हैं। हमारे पास दुनिया की सबसे बेहतरीन कहानियां हैं। हमारी फिल्म इंडस्ट्री अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत लोकप्रिय है और हमें बहुत प्यार मिलता है। मैं चाहता हूं कि ये और ऊंचाइयों तक पहुंचे और यह प्लेटफॉर्म उसी के लिए एक बेहतरीन मौका है। सैफ ने कहा कि यह समिट सिर्फ सहयोग के लिए नहीं है, बल्कि भारत के भीतर मौजूद नई और अनदेखी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें मौके देने के लिए भी है। भारत में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं, खासकर एनिमेशन और वीडियो गेमिंग जैसे क्षेत्रों में, जो अब तक दूसरे देशों के लिए काम करती रही हैं।

# बर्थडे पर प्यार की बारिश में भीगी अनुष्का शर्मा

**मुंबई,** 2 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड की बेहतरीन अदाकाराओं में से एक अनुष्का शर्मा ने गुरुवार को अपना 37वां जन्मदिन मनाया। उन्हें देश के कोने-कोने से बधाइयां मिलीं। फैंस की तरफ से मिले प्यार के लिए एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस का शुक्रिया अदा किया है। उनके इस पोस्ट पर लोग अभी भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपनी

## फैंस को दिल से कहा शुक्रिया

एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह नाइट सूट में नजर आ रही हैं और मुस्कुराते हुए कैमरे की ओर पोज दे रही हैं। फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- जन्मदिन के दिन पर प्यार देने के लिए धन्यवाद।

उनके इस पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ कई हस्तियां भी कमेंट कर रही हैं और अभी भी जन्मदिन की बधाई दे रही हैं। एक्ट्रेस गुल पनाग ने कमेंट में लिखा कि हैप्पी बर्थडे। नेहा धूपिया ने लिखा कि खुशी हमेशा।

एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने लिखा- 'हैप्पी बर्थडे फेवरेट।' सिंगर हर्षदीप कौर ने लिखा- 'हैप्पी बर्थडे ब्यूटीफुल।'

अनुष्का के जन्मदिन पर उनके पति और भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने भी उन्हें बधाई देते हुए एक पोस्ट शेयर किया था। इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए विराट ने कैप्शन में लिखा, मेरी सबसे अच्छी दोस्त, मेरी लाइफ पार्टनर, सेफ प्लेस तुम मेरी सब कुछ हो। तुम हम सबको गाइड करती हो। हम सब तुमसे बहुत प्यार करते हैं। जन्मदिन मुबारक हो माई लव।



विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने साल 2017 में इटली में शादी की थी। शादी में परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अनुष्का शर्मा ने साल 2021 में बेटी को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने वामिका रखा है। इसके तीन साल बाद उन्होंने बेटे को जन्म दिया, जिसकी जानकारी एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर दी थी। विराट-अनुष्का ने बेटे का नाम अकाय रखा है।

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुष्का की झोली में बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' है। बायोपिक में एक्ट्रेस भारतीय क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की भूमिका निभा रही हैं। प्रोसित रॉय के निर्देशन में तैयार स्पोर्ट्स ड्रामा का टीजर जनवरी 2022 में सामने आया था।

# भाविका शर्मा ने 'गुम है किसी के प्यार में' में किया कमबैक

**मुंबई,** 2 मई (एजेंसियां)। अभिनेत्री भाविका शर्मा ने स्टार प्लस के शो 'गुम है किसी के प्यार में' कमबैक किया है। शो गुम है किसी के प्यार में अपनी दमदार कहानी, इमोशनल मोमेंट्स और यादगार किरदारों की वजह से लोगों का दिल लगातार जीत रहा है। प्यार, कुर्बानी और जज़्बे की इस कहानी से दर्शक हर दिन जुड़ते जा रहे हैं। जैसे-जैसे कहानी ने नया मोड़ लिया है, शो में एक जाना-पहचाना चेहरा फिर से लौट आया है। भाविका शर्मा, जो सावी का किरदार निभा रही थीं, अब एक बार फिर दर्शकों के बीच वापस आ गई हैं।

अपने कमबैक को लेकर भाविका शर्मा ने एक इमोशनल नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने शो और अपने किरदार सावी के साथ अपने जुड़ाव को बखूबी बयां किया। भाविका ने कहा, 'गुम है किसी के प्यार में' में वापसी सिर्फ एक शो पर लौटना नहीं है, बल्कि उस किरदार से दोबारा जुड़ना है जो अब मेरे अंदर का हिस्सा बन चुका है। सावी की यात्रा हमेशा हिम्मत, नाज़ुकियत और प्यार से भरी रही है और मुझे एक बार फिर उसके सफर का हिस्सा बनने का सम्मान मिला है। ये वापसी सिर्फ मेरी नहीं, उन सभी दर्शकों की भी है जिन्होंने सावी पर, हम पर यकीन किया। मैं उत्साहित हूं, भावुक हूं और सबसे बढ़कर, फिर से अपना दिल इस कहानी में लगाने के लिए तैयार हूं जिसने मेरी ज़िंदगी बदल दी।

# जैसलमेर में विवाह कर आयीं पाकिस्तानी दुल्हनों को मिली थोड़ी राहत

**जैसलमेर,** 2 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में वर्ष 2023 में हुए विवाह के दो वर्ष बाद राजस्थान में जैसलमेर के दो युवकों की पाकिस्तानी दुल्हनें वीजा मिलने के बाद 11 अप्रैल को ही भारत आई कि कुछ दिन बाद ही पहलगाम हमले के चलते उन पर तुरंत भारत छोड़ने की तलवार लटक गयी, लेकिन उच्चाधिकारियों के नरम रुख के चलते फिलहाल उन्हें थोड़ी राहत मिलती नजर आ रही है। जैसलमेर के देवीकोट के निवासी सालेह मोहम्मद और मुश्ताक अली (चचेरे भाई) जुलाई, 2023 में पाकिस्तान के सिंध प्रांत के घोटकी जिले में गये जहां उन्होंने अगस्त में करम खातून (21) और सचुल (22) नामक युवतियों से विवाह कर लिया, लेकिन उन युवतियों को तुरंत वीजा नहीं मिल सका। इससे वे अपने शौहरों के साथ भारत नहीं आ सकीं। करीब डेढ़ वर्ष के इंतजार के बाद दोनों दुल्हनों को आखिरकार अप्रैल 2025 में भारत सरकार ने वीजा जारी किया। दोनों 11 अप्रैल को जैसलमेर आईं और परिवार के साथ रहने लगीं, लेकिन 10 दिन बाद ही हालात बदल गए और भारत सरकार ने उन्हें तुरंत भारत छोड़ने का आदेश जारी कर दिया। इस पर दुल्हन के जैसलमेर में ससुराल पक्ष द्वारा मानवीय आधार पर दोनों दुल्हनों को यहीं रहने की गुहार लगाई गयी। इसकी पुष्टि करते हुए गुप्तचर ब्यूरो जोधपुर जोन के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि वर्तमान में केंद्रीय गृह मंत्रालय के लघु अवधि के वीजा पर आए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस पाकिस्तान भेजने के आदेशों के बाद उन्हें भी पाकिस्तान लौटने के नोटिस दिए गए थे। उन्होंने बताया कि जैसलमेर में निवास कर रहे दोनों विवाहित पाक महिलाओं के परिजनों द्वारा भारतीय युवकों से शादी करने के दस्तावेज प्रस्तुत करने एवं उन्हें वापस नहीं भेजने के अनुरोध पर राज्य सरकार के गृह विभाग को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा गया है।

# निमोनिया पैदा करने वाले कीटाणुओं में छिपा है एक अहम वायरस



**सिडनी,** 2 मई (एजेंसियां)। एक अध्ययन के अनुसार, एक वायरस जिसे लंबे समय से वैज्ञानिक रूप से विचित्र माना जाता रहा है, वह खतरनाक बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है।

अध्ययन बैक्टीरियोफेज (फेज) पर केंद्रित था। ये ऐसे वायरस हैं जो बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं और कई रूपों में आते हैं। विशेष रूप से, शोधकर्ताओं ने टेलोमेर फेज (एक ऐसी संरचना जो डीएनए गुणसूत्रों में मौजूद होती है) की जांच की। ये वायरस केवल पैसिव (निष्क्रिय) पैसेंजर्स नहीं हैं, बल्कि ये अच्छे बैक्टीरिया को बुरे बैक्टीरिया को नष्ट करने में मदद कर सकते हैं।

पिछले अध्ययनों ने केवल उनके डीएनए रेप्लिकेशन को डिकोड किया था। साइंस एडवांस में प्रकाशित नए अध्ययन में पता चला है कि टेलोमेर फेज ले जाने वाले बैक्टीरिया विषाक्त पदार्थ पैदा करते हैं जो प्रतिद्वंद्वी बैक्टीरिया को मार देते हैं।

मोनाश बायोमेडिसिन डिस्कवरी इंस्टीट्यूट बैक्टीरियल सेल बायोलॉजी लैब के प्रमुख ट्रेवर लिथगो ने बताया कि 20 से अधिक वर्षों के गहन जीवाणु जीनोमिक्स के दौरान पाया गया कि टेलोमेर फेज तो हमारी नजरों से छिपे। इससे स्पष्ट है कि हम जीव विज्ञान के एक पूरे पहलू से चूक गए। लिथगो ने कहा कि क्लिनिकल क्लेबसिएला स्ट्रेन को अनुक्रमित करने से चौथे टेलोमेर फेज की खोज हुई।

शोधकर्ता ने कहा कि विश्लेषण से पता चला कि टेलोमेर फेज दुर्लभ नहीं हैं। ये क्लेबसिएला के हजारों स्ट्रेन्स में से अत्यधिक प्रचलित हैं, जिसमें जलमार्ग वातावरण से एकत्र किए गए स्ट्रेन भी शामिल हैं।

लिथगो ने कहा कि इसके अलावा, विषाक्त पदार्थों की खोज - 'टेलोसिन' (टेलोमेर-फेज विषाक्त पदार्थों के लिए) - को एक जीवाणु प्रबंधन रणनीति बनाने में सक्षम पाया गया। टेलोमेर फेज ले जाने वाले 'गुड% बैक्टीरिया साथ के %बैड% क्लेबसिएला को मारने में सक्षम होंगे और यही 'बैड' बैक्टीरिया एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी क्लेबसिएला हैं।

लिथगो प्रयोगशाला से सैली बायर्स ने कहा कि अब हम यह समझना चाहते हैं कि मेजबान कैसे विष का स्राव करता है और यह भी समझना चाहते हैं कि विष कैसे अनजान जीवाणु तक अपनी पहुंच बनाता है।

टीम का मानना है कि ये मददगार वायरस कई अन्य बैक्टीरिया में भी मौजूद हो सकते हैं।

# फिल्म 'हिट द थर्ड केस' जबरदस्त सस्पेंस क्राइम के साथ थ्रिलर भी

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। इस हफ्ते रिलीज हुई साउथ स्टार नानी की फिल्म 'हिट द थर्ड केस' है, इस फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस क्राइम के साथ थ्रिलर है। आपको दमदार कहानी के साथ ही जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस है। फिल्म की कहानी और कई सीन आपको हिलाकर रख देंगे। अगर अगर आप पिछले दिनों हिट रही स्त्री 2, भूल भुलैया 3 जैसी एक्शन, थ्रिल, हॉरर, कॉमेडी देखने का प्लान बना रहे हैं तो आप इस फिल्म को जरूर देखने जाए।

**स्टोरी प्लॉट :** फिल्म की कहानी आपको झकझोरकर रख देगी। इसमें डार्क वेबसाइट के बारे में दिखाया गया है, जो क्राइम की नई दुनिया है। इसमें जम्मू-कश्मीर की कहानी है, जिसमें लोग झूठी आजादी के नाम पर मासूम बच्चों तक का बेरहमी से कत्ल करने तक को तैयार हैं। कहानी खूनी खेल की है, जिसे मिटाने का काम एक मूडी और साइको पुलिस अफसर एसपी अर्जुन सरकार करता है। कहानी में कई कड़ियां हैं, जिसे खोजते-खोजते पूरी फिल्म खत्म हो जाती है। इसे आप वन मैन फिल्म कह सकते हैं। फिल्म का ट्रीटमेंट गजब का है। फिल्म शुरुआत से ही फ्रेम से आपको बांध लेती है। शुरुआत में आपको नानी जेल में दिखाई देते हैं लेकिन फिर अंत में जो होता है वो कमाल होता है। फिल्म के कुछ सीन्स को आप देखते रह जाएंगे इस फिल्म का एक्शन ज्यादा हाई लेवल का हैं। कुछ वक्त पहले तक हीरो सीन में आठ दस को मारता था लेकिन अब दर्शकों ऐसे सींस में मजा नहीं आता। बल्कि



अब तो हीरो दर्जनों को मारता है और दर्शक ऐसे एक्शन सीक्वंस का मजा लेते है, ऐसे सींस इस में है।

**ओवर ऑल :** फिल्म की कहानी ठीकठाक है, दमदार एक्टिंग के साथ बेहतरीन स्टोरी में फिट स्टार कास्ट और सोने पर सुहागा फिल्म का कसा हुआ क्लाइमैक्स दर्शकों के लिए पैसा वसूल है।

मेरी नजर में फिल्म के कुछ सींस ऐसे है जिन्हें देख आप हिल जाएंगे। डायरेक्टर सैलेश कोलानू की खास तौर से तारीफ करनी होगी कि उन्होंने अपने बेहतरीन डायरेक्शन से फिल्म का क्लाइमैक्स ऐसा है आप दिल थामे रहेंगे और आपकी पलक तक नहीं झपकेगी और आगे क्या होगा यह जानने के लिए आपकी उत्सुकता बढ़ जाएगी कि आगे क्या होगा। एक-एक खुलासे, हाई एक्शन सीक्वेंस के बीच आपको खुश करने वाला बेहतरीन कैमियो है, मेरा दावा है हर सिंगल स्क्रीन सिनेमा में इस सीन पर दर्शको की खूब सीटियां बजेगी फिल्म में साउथ स्टार अदिवी शेष का असरदार कैमियो है। फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर फिल्म की हर कड़ी को अगली कड़ी से जोड़ने का काम करता है और जानदार है।

**क्यों देखे :** अगर आप एक्शन, सस्पेंस, हॉरर क्राइम थ्रिलर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपके लिए नानी स्टारर यह फिल्म फुल पैसा वसूल है और हां कमजोर दिल के है तो जरा दिल थाम कर इस फिल्म को देखे।

**मुख्य कलाकार :** नानी, श्रीनिधि शेट्टी, सूर्या निवास और प्रतीक बब्बर,

**डायरेक्टर :** एस कोलानू, सेंसर यू ए,

# अभिमत

**पूरे पहलगाम तथा अनंतनाग जिले की और कश्मीर की ही प्रतिक्रिया थी। स्वत:स्फूर्त तरीके से न सिर्फ हादसे के दूसरे-तीसरे दिन तक, सारे बाजार, सारे कारोबार, पर्यटकों की मदद करने के अलावा बंद रहे बल्कि हरेक जगह, लोगों ने बड़ी संख्या में शोक तथा विरोध जुलूस निकाले, जो बहुत ही मुखर तरीके से आतंकवादियों के और उनकी पीठ पर हाथ रखने वाले पाकिस्तान के खिलाफ थे।**

## मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!



राजेन्द्र शर्मा

**बहरहाल, महत्वपूर्ण सिर्फ यही नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देश के तमाम नागरिकों की एकता की जरूरत का ख्याल आया है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आतंकवादी हमले की घटना और उस पर देशभर में शुरू हुई प्रतिक्रिया के हफ्ते भर बाद, प्रधानमंत्री को इस बुनियादी सच्चाई की याद आयी है, जो किसी भी विवेकशील व्यक्ति के लिए शुरू से ही स्वत: स्पष्ट थी।**

आखिरकार, पहलगाम की आतंकवादी जघन्यता के करीब हफ्ते भर बाद, रविवार 27 अप्रैल को अपनी मासिक 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका ख्याल आया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देशवासियों की एकता कितनी जरूरी है। बेशक, प्रधानमंत्री की इस आयोजन की खबरों की सुर्खियां बनने वाली पंक्ति तो यही थी कि 'आतंकवादी हमले की तस्वीरों को देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है' और यह भी कि 'मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।' फिर भी, प्रधानमंत्री के बयानों से ऐसी सुर्खियां तो इस आतंकी वारदात के तीसरे दिन से ही बनती आ रही थीं, जब इस हमले की पृष्ठभूमि में, सऊदी अरब की अपनी यात्रा तय कार्यक्रम से पहले खत्म कर स्वदेश लौटे प्रधानमंत्री ने, इसी घटना पर अपनी ही सरकार की बुलायी सर्वदलीय बैठक में रहना तो जरूरी नहीं समझा था, पर बिहार में मधुबनी में अपनी सभा में, इस वारदात के दोषियों और उनके आकाओं को 'मिट्टी में मिला देने' और 'उनका धरती के छोर तक पीछा करने' जैसे ऐलान किए थे। 'मन की बात' की युद्ध-भाषा बेशक, मधुबनी के भाषण के जरिए सामने आयी, इस दरिंदगी पर प्रधानमंत्री की पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया की निरंतरता में ही थी। इससे भिन्न, प्रधानमंत्री को एकता की जरूरत का ख्याल आना बेशक, बिहार के प्रधानमंत्री के संबोधन के सामने नया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता और 140 करोड़ नागरिकों की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। और यह भी कि, 'यह एकता आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है।'

बहरहाल, महत्वपूर्ण सिर्फ यही नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए, देश के तमाम नागरिकों की एकता की जरूरत का ख्याल आया है। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आतंकवादी हमले की घटना और उस पर देशभर में शुरू हुई प्रतिक्रिया के हफ्ते भर बाद, प्रधानमंत्री को इस बुनियादी सच्चाई की याद आयी है, जो किसी भी विवेकशील व्यक्ति के लिए शुरू से ही स्वत: स्पष्ट थी। यह हफ्ते भर की देरी इसलिए खासतौर पर अर्थपूर्ण हो जाती है कि इस दौरान पूरे देश से निर्दोष पर्यटकों के नरसंहार की इस दरिंदगी पर, मोटे तौर पर तीन प्रकार की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही थीं। पहली प्रतिक्रिया, इस जघन्यता पर आम देशवासियों के गम और आतंकवादियों तथा उनके सरपरस्तों पर गुस्से की थी। इसी प्रतिक्रिया की अभिव्यक्ति देश की आम राजनीतिक राय में भी हो रही थी, जो घटना के दो दिन बाद ही हुई सर्वदलीय बैठक में भी सामने आयी। सभी राजनीतिक पार्टियों ने न सिर्फ एक स्वर से पहलगाम की जघन्यता की भर्त्सना की बल्कि इस सिलसिले में सरकार द्वारा उठाये जाने वाले कदमों के लिए आम तौर पर अपने समर्थन का भी ऐलान किया था।

बहरहाल, दूसरी ओर तीसरी तरह की प्रतिक्रियाएं, एक दूसरे की ठीक विरोधी थीं। दूसरी तरह की प्रतिक्रिया खासतौर पर कश्मीरियों और सबसे बढ़कर कश्मीरी मुसलमानों की और आम तौर पर मुसलमानों की थी। यह प्रतिक्रिया थी कश्मीर और मुसलमानों के नाम पर आतंकवादियों द्वारा की गयी दरिंदगी पर गम और शर्मिंदगी की और जिस तरह भी संभव हो, अपने दामन से इस गुनाह के दाग धोने की कोशिशों की। यह संयोग ही नहीं है कि इस आतंकी हमले में बच रहे लोगों द्वारा सुनाई गयी आपबीतियों के बीच से, सैयद आदिल हुसैन शाह के अलावा भी, कम से कम आधा दर्जन कश्मीरी मुसलमान 'हीरो इन एक्शन' उभर कर सामने आये हैं। किसी ने बहादुरी से दर्जनों पर्यटकों को, जिनमें खासतौर पर महिलाएं और बच्चे थे, मौत के मुंह से निकालकर घोड़ों से सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया था, तो किसी ने अपनी जान दांव पर लगाकर, घायलों को पीठ पर लादकर खतरे के दायरे से बाहर पहुंचाया था। और किसी और ने पीड़ितों का इस संकट के बीच इस तरह साथ दिया था कि उन्हें जहां अपनों को खोने का गम था, वहीं नये अपने मिल जाने का संतोष भी था। और सैयद आदिल हुसैन तो, जैसा कि अब सभी जान ही चुके हैं, वह नौजवान टट्टू वाला था, जो निर्दोष टूरिस्टों को बचाने के लिए, अपनी जान दांव पर लगाकर आतंकवादियों से भिड़ गया था। कहते हैं कि उसने एक आतंकवादी की बंदूक पकड़ भी ली थी, तभी आतंकवादी के दूसरे साथी ने उसे तीन गोलियां मार कर वहीं ढेर कर दिया।

इसी की निरंतरता में पूरे पहलगाम तथा अनंतनाग जिले की और कश्मीर की ही प्रतिक्रिया थी। स्वत:स्फूर्त तरीके से न सिर्फ हादसे के दूसरे-तीसरे दिन तक, सारे बाजार, सारे कारोबार, पर्यटकों की मदद करने के अलावा बंद रहे बल्कि हरेक जगह, लोगों ने बड़ी संख्या में शोक तथा विरोध जुलूस निकाले, जो बहुत ही मुखर तरीके से आतंकवादियों के और उनकी पीठ पर हाथ रखने वाले पाकिस्तान के खिलाफ थे। जानकारों के अनुसार, अगर कश्मीर में मिलिटेंसी के 35 साल में पहली बार, पर्यटकों पर हमले की ऐसी बड़ी घटना हुई थी, तो यह भी पहली ही बार था जब इतने मुखर तरीके से और इतने बड़े पैमाने पर कश्मीरी जनता की आतंकवाद-विरोधी तथा पाकिस्तान-विरोधी भावनाएं सामने आयी हैं।

इसी की निरंतरता में है जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित कर, पहलगाम की दरिंदगी की एक स्वर से निंदा करना। केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा ने सर्वसम्मति से आतंकवादियों की करतूत की निंदा ही नहीं की। इसके बावजूद कि धारा-370 के खत्म किए जाने तथा जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म कर उसे केंद्र शासित क्षेत्र बनाए जाने के बाद से, राज्य पुलिस समेत समूची सुरक्षा व्यवस्था लैफ्टीनेंट गवर्नर के माध्यम से, सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में है, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पर्यटकों की सुरक्षा न कर पाने के लिए माफी भी मांगी। उनका कहना था कि पर्यटक, राज्य सरकार के नाते उनके आमंत्रण पर आए थे और इसलिए, उनकी सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी थी! यहां तक कि उमर अब्दुल्ला ने इस घटना को राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग के लिए दलील बनाने से भी इंकार कर दिया।

दु:ख और पछतावे की इस सारी प्रतिक्रिया से ठीक उल्टी थी, तीसरी प्रतिक्रिया जो सत्ताधारी संघ परिवार की ओर से सामने आयी, जिसमें उसके हाशियाई तत्वों से लेकर, उसकी मुख्यधारा के नेताओं तक सबके सब शामिल थे। इस प्रतिक्रिया में सारा जोर, पहलगाम में आतंकवादियों की दरिंदगी को कश्मीरी मुसलमानों और आम तौर पर मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के जरिए, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को आगे बढ़ाने का हथियार बनाने पर था। यह संयोग ही नहीं है कि पहलगाम की दरिंदगी के सरकारी ब्यौरे ठीक से आने से पहले ही, देश के अनेक हिस्सों से कश्मीरी छात्रों और आम तौर पर मुसलमानों पर हिंदुत्ववादी गिरोहों के हमलों की खबरें आनी शुरू हो चुकी थीं। ऐसे मामलों पर निगाह रखने वाले एक संगठन ने ऐसी कम से कम 20 घटनाएं दर्ज की हैं। इनमें से कश्मीरी छात्रों के साथ हिंसा की सबसे बुरी घटनाएं उत्तराखंड में देहरादून में तथा पंजाब में हुई हैं, जबकि मुसलमान के रूप में पहचान कर, हमला किए जाने की घटनाओं में इसी बीच उत्तर प्रदेश में ही दो हत्याएं की जा चुकी हैं। आगरा में तो मुसलमान ढाबाकर्मी को गोली मारने वाले ने 26 के बदले 2600 को मारने के अपने इरादे का ऐलान भी किया था। यह दूसरी बात है कि जैसा कि भाजपा राज में आम चलन ही है, उत्तर प्रदेश पुलिस ने इस हत्या का पहलगाम की घटना से कुछ लेना-देना होने से इंकार कर दिया है।

कश्मीरियों और आम तौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर ये हमले अगर संघ के हाशिए की करतूतें मान भी लिए जाएं, तब भी उसकी मुख्यधारा भी इन हमलों से कोई बहुत अलग नहीं थी। हरियाणा, महाराष्ट्र समेत अनेक स्थानों पर, बाकायदा भाजपा के झंडे तले जुटी भीड़ों ने, अल्पसंख्यकों की दुकानों आदि को हमलों का निशाना बनाया था। इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह कि आईटी सैल समेत भाजपा ने मुस्लिमविरोधी नफरत फैलाने के लिए, इस आतंकवादी हमले को भुनाने की बढ़-चढ़कर कोशिशें की थीं। जाहिर है कि यह इसके बावजूद था कि अनेक भुक्तभोगियों ने जोर देकर सार्वजनिक रूप से यह दर्ज कराया था कि अगर आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मारा था, तो दूसरी ओर पीड़ितों का धर्म जानकर घोड़े वालों, ड्राइवरों, टूर ऑपरेटरों, होटल वालों, आदि आदि ने उनकी हरेक संभव मदद भी की थी। इस बाद वाले तथ्य को दफ्न ही करने की कोशिश करते हुए, भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने तो अपने आधिकारिक हैंडल से बाकायदा एक ग्राफिक विज्ञापन जारी कर, जो बाद में उन्हें हटाना भी पड़ गया, 'धर्म पूछा, जाति नहीं पूछी' को, सांप्रदायिक गोलबंदी की दलील ही बनाने की कोशिश की थी। और यह खेल सिर्फ छत्तीसगढ़ तक ही सीमित नहीं था।

इस सब के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी अपनी कुख्यात चुप्पी ओढ़े रहे थे। विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के ही नहीं, जागरूक नागरिकों की बढ़ती संख्या के खुद इसकी अपील करने और प्रधानमंत्री से इसकी अपील करने का आग्रह करने के बावजूद, कि सांप्रदायिक विभाजन बढ़ाकर, आतंकवादियों के अधूरे काम में मदद नहीं की जानी चाहिए, मोदी ने बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक हरकतों के खिलाफ कोई अपील तक नहीं की। और हफ्ते भर बाद, पर्याप्त नुकसान हो जाने देने के बाद, देशवासियों की एकता की अपील की भी है, तो भी गोलमोल तरीके से।

इस आम अपील के जरिए भी, संघ परिवार इस दौरान जो करता रहा है, उस पर पर्दा डालने की ही कोशिश की गयी है। और इस सांप्रदायिक खेल की ओर से ध्यान हटाने की कोशिश की जा रही है, 'खून खौलने', 'मिट्टी में मिला देने' आदि की उग्र बोली के जरिए। इस दौरान, बदले की कार्रवाई के नाम पर घाटी में बड़ी संख्या में युवाओं की अंधाधुंध गिरफ्तारियों और कथित रूप से आतंकवादी ग्रुपों से जुड़े लोगों के घरों के बम से उड़ाए जाने का सिलसिला जारी है। आने वाले दिनों में किसी प्रकार की एक और सर्जिकल स्ट्राइक, आतंकवाद से निपटने में मौजूदा निजाम की घोर विफलता को ढांपने का और इस संकट को चुनाव में भुनाने का भी हथियार बन सकती है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

## बीता सप्ताह

**26 अप्रैल**
- नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को एक मानहानि मामले में गिरफ्तार कर लिया गया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं प्रख्यात वैज्ञानिक डा. के कस्तूरी रंगन का निधन हो गया।
- नेपाल में 987 पर्वतारोहियों को 26 चोटियों पर चढ़ने की अनुमति मिली।
- पहलगाम घटना के बाद पाकिस्तान ने सिंध नहर परियोजना पर लगाई रोक।

**27 अप्रैल**
- ईसाई कैथोलिक धर्मगुरू पूप फ्रांसिस का शव रोम के चर्च सांता मारिया मैगियोरे बेसिलिका में दफनाया गया।
- पीएम मोदी ने रोजगार मेला के तहत 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे।
- हरियाणा के नूह में एक्सप्रेस वे पर सफाई कर रहे 10 लोगों को पिकअप वाहन ने कुचला, 6 की मौत।
- पहलगाम हमले के बाद जम्मू कश्मीर में 6 आतंकियों के घर गिराए गए।

**28 अप्रैल**
- पीएम नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि पहलगाम पीड़ितों को मिलेगा न्याय।
- मप्र के मंदसौर में एक कार कुएं में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई।
- डिजीटल सुरक्षा को लेकर केन्द्र सरकार ने चेताया कि लोग वाई फाई का उपयोग करके न करें लेन देन।
- टाइटेनिक के डूबने से पहले यात्री ने लिखा था खत जो अब 3.41 करोड़ में बिका।

**29 अप्रैल**
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 2025 के लिए पद्म अवार्डस प्रदान किए।
- भारत सरकार ने पहलगाम आतंकी हमला और भड़काऊ पोस्ट के चलते पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनल पर प्रतिबंध लगाया।
- चीन ने थ्येनल्यान 2 नंबर 5 उपग्रह का सफल परीक्षण किया।
- सूडान के ओमदुरमान में अर्द्धसैनिक बलों ने 31 नागरिकों की हत्या कर दी।

**30 अप्रैल**
- पहलगाम हमले के बाद कश्मीर घाटी के 50 पर्यटक स्थल बंद कर दिए गए।
- छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबीनेट मंत्री राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह का निधन हो गया।
- कनाडा की लिबरल पार्टी ने चौथी बार प्रधानमंत्री यार्क कोर्नी के नेतृत्व में जीत हासिल की।
- पहलगाम हमले के आक्रोश के चलते पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का एक्स एकाउन्ट ब्लाक किया गया।

**1 मई**
- केन्द्र सरकार ने जाति जनगणना कराए जाने का एलान किया।
- छग में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू अल्प संख्यक अब सीएए के तहत पा सकेंगे भारतीय नागरिकता।
- बांग्लादेश के प्रमुख हिन्दू नेता और पूर्व इस्कॉन पुजारी चिन्ययदास को राजद्रोह मामले में उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी।
- छ: माह बाद धरती पर लौटे चीन के शेनझोड 19 अंतरिक्ष यान के यात्री।

**2 मई**
- स्टार भरतीय बैडमिटंन पुरूष युगल जोड़ी सात्विक साहराज रेकी रेड्डी और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया।
- अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकातवेस लौरैंको भारत की चार दिवसीय यात्रा पर आए।
- शनचो-19 के अंतरिक्ष यात्री सफलतापूर्वक वापसी कैप्सुल से बाहर आए।
- पाकिस्तान ने 151 के महानिदेशक लेफ्ट जनरल आसीप मलिक को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया।

## स्वतंत्र भारत की पहली जाति गणना जीवन के सभी क्षेत्रों को प्रभावित करेगी

■ डॉ. ज्ञान पाठक

पिछली बार 1931 की जनगणना में जाति की गणना के लगभग एक सदी के अंतराल के बाद भारत में जाति जनगणना कराने की घोषणा करके, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने न केवल स्वतंत्र भारत के जाति जनगणना न कराने के ऐतिहासिक निर्णय, जो मुख्यत: इस डर से की गयी थी कि इस तरह की कवायद जाति व्यवस्था को मजबूत कर सकती है, को समाप्त कर दिया है, बल्कि जाति जनगणना कराने के खिलाफ भाजपा की ऐतिहासिक स्थिति को भी पलट दिया है। यह निर्णय भारत की नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है जिसका जीवन के सभी क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ना तय है - विशेष रूप से राजनीति, अर्थशास्त्र और सामाजिक आचरण पर।

**जनगणना के बाद, हमें यह जानकारी होगी कि लगभग 100 वर्षों के अंतराल के बाद, देश में जाति व्यवस्था वर्तमान में कैसे काम कर रही है। 1951 की जनगणना के दौरान, भारत सरकार ने केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की जनगणना की अनुमति दी थी। इससे स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आयी, और इसलिए 1961 तक, केंद्र सरकार ने ओबीसी की जनगणना के लिए राज्यों को अनुमति दे दी।**

भारत की जाति व्यवस्था में पिछली सदी में बहुत बड़ा बदलाव आया है। भारत में ब्रिटिश राज के दौरान जो हुआ, वह 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद की स्थिति से बहुत अलग था। भारत के संविधान ने पहली बार समाज में व्याप्त जातिगत पूर्वाग्रह के शिकार लोगों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की, और अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उनके सामाजिक और आर्थिक स्तर को ऊपर उठाने के लिए आरक्षण दिया।

ब्रिटिश राज के दौरान की गयी जाति जनगणना जाति व्यवस्था को मजबूत करने वाली पायी गयी थी और इसलिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर सहित भारत के महत्वपूर्ण राजनीतिक विचारकों ने इस प्रथा की कड़ी आलोचना की। इसके अलावा, जातियों का रिकॉर्ड दोषपूर्ण पाया गया। 1901 की जनगणना में 1646 अलग-अलग जातियों को दर्ज किया गया था, जो 1931 में बढ़कर 4147 हो गया। इसका समाज पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा और इसलिए स्वतंत्रता संग्राम के हमारे नेताओं के दबाव में, ब्रिटिश सरकार ने 1941 की जनगणना में इस जाति जनगणना की प्रथा को छोड़ दिया।

इससे हमें संकेत मिलता है कि इस बार की जाति जनगणना में भी कई समस्याएं होंगी। जाति व्यवस्था न केवल हिंदुओं में, बल्कि अन्य धार्मिक समूहों में भी प्रचलित है। इससे जनगणना के दौरान समस्याएं पैदा हो सकती हैं। बौद्ध, जैन और सिख भी व्यवहार में जातियों में विभाजित हैं। ईसाइयों में लगभग 300 जातियां दर्ज हैं और मुसलमानों में 500 जातियां व्यवहार में हैं, हालांकि उनका सैद्धांतिक दृष्टिकोण यह है कि उनके बीच कोई जाति विभाजन नहीं है। सभी धर्मों में दलित, आदिवासी और ओबीसी हैं। वास्तव में, हिंदू जहां भी गये, वे दूसरे धर्मों में धर्मांतरण करने के बाद भी अपनी जातियों के साथ गये। दलित, आदिवासी और ओबीसी अपने धर्मों से इतर आरक्षण की मांग करते रहे हैं। वास्तविक जनगणना से पहले इस मुद्दे पर विशेष विचार करने की आवश्यकता होगी।

फिर भी, जनगणना के बाद, हमें यह जानकारी होगी कि लगभग 100 वर्षों के अंतराल के बाद, देश में जाति व्यवस्था वर्तमान में कैसे काम कर रही है। 1951 की जनगणना के दौरान, भारत सरकार ने केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की जनगणना की अनुमति दी थी। इससे स्पष्ट तस्वीर सामने नहीं आयी, और इसलिए 1961 तक, केंद्र सरकार ने ओबीसी की जनगणना के लिए राज्यों को अनुमति दे दी, यदि वे ऐसा चाहें। यह एक तरह के सर्वेक्षण की अनुमति थी, लेकिन राष्ट्रीय जाति जनगणना से इनकार कर दिया गया।

1980 में मंडल आयोग ने ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश के साथ जाति के आंकड़ों को तीव्र गति से सामने लाया। प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 1990 में मंडल आयोग की सिफारिश को लागू किया, जिसका इस देश के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन पर असर पड़ रहा है। भाजपा की कमंडल राजनीति, यानी हिंदुत्व सांप्रदायिक राजनीति इसके समानांतर चली। भाजपा 1998 और 1999-2004 में केंद्र में सरकार बनाने में सफल रही। उन्होंने अपनी हिंदुत्व ब्रांड की राजनीति में बड़ी संख्या में ओबीसी को शामिल किया।

कांग्रेस नेतृत्व वाले यूपीए शासन के दौरान सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) 2011 ने जाति के आंकड़े एकत्र किये, लेकिन जनगणना के निष्कर्ष कभी जारी नहीं किये गये। न तो भाजपा और न ही कांग्रेस ओबीसी राजनीति के प्रमुख लाभार्थी के रूप में उभरने में सक्षम थे। प्रमुख लाभार्थी सभी रंगों के समाजवादी बने रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से ही हिंदुत्व और ओबीसी की राजनीति कर रहे हैं। फिर भी, 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने उन्हें लोकसभा में 240 सीटों पर ला खड़ा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सरकार बनाने के लिए अन्य राजनीतिक दलों से समर्थन लेने की ज़रूरत पड़ी, जिनमें से प्रमुख हैं - बिहार की जेडी(यू) और आंध्र प्रदेश की टीडीपी, दोनों का ओबीसी और दलितों के बीच अच्छा-खासा आधार है।

ध्यान रहे कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडी(यू) ने लोकसभा चुनाव से पहले आज़ाद भारत में देश का पहला जाति सर्वेक्षण 2023 में कराया था, जब वे आरजेडी और कांग्रेस के साथ महागठबंधन में थे। नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले इंडिया ब्लॉक छोड़कर एनडीए का दामन थाम लिया। कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना की मांग की और ओबीसी राजनीति को राजनीति के केंद्र में ला दिया।

हाल के दिनों में बिहार के बाद तेलंगाना और कर्नाटक ने भी ओबीसी राजनीति के हिस्से के रूप में जाति सर्वेक्षण कराया है। कांग्रेस वर्तमान में तेलंगाना और कर्नाटक में सत्ता में है और उसने राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना का वायदा किया और इसकी मांग की। बिहार में 2025 के अंत में चुनाव होने जा रहे हैं, जहां जाति चुनाव हारने या जीतने में एक महत्वपूर्ण कारक है। केंद्र ने अभी तक यह घोषणा नहीं की है कि जाति जनगणना कब करायी जायेगी और इसके लिए तौर-तरीके कब तैयार किये जायेंगे, और वे किस प्रकार के होंगे जिससे कि विवाद न हो।

फिर भी, जब कभी जाति जनगणना के आंकड़े जारी किये जायेंगे, तो इससे जाति व्यवस्था की मौजूदा कार्यप्रणाली का ज्ञान मिलेगा, जो भविष्य की राजनीति, आर्थिक और अन्य संसाधनों के बंटवारे और सामान्य रूप से सामाजिक व्यवहार का आधार बनेगा। इसमें हमारे समाज में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानता की बड़ी समस्या को हल करने की क्षमता है, लेकिन इसमें जाति-आधारित संघर्ष और विभाजन का संभावित जोखिम भी है, जो शायद हिंदुओं तक सीमित न रहे। भारत को सावधानी से कदम उठाने की जरूरत है।

## खुफिया सूचना पूरी तरह पुख़्ता क्यों नहीं हो पाती है

बैसारन (पहलगाम, कश्मीर) में नरसंहार के सिलसिले में कुछ रिपोर्टों ने दावा किया कि यह एक 'खुफिया' या 'सुरक्षा' विफलता थी। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमरनाथ मंदिर से 50 किलोमीटर दूर पर्यटकों के लोकप्रिय पिकनिक स्थल बैसारन घास के मैदानों को 'एकीकृत कमान' के तहत काम करने राज्य के किसी भी सुरक्षा समूह द्वारा असुरक्षित क्यों छोड़ दिया गया था? एक अपुष्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि पिकनिक स्थल को आधिकारिक तौर पर खोला नहीं गया था और इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से तैयारी नहीं की गई थी।

यह प्रयास इस चूक के लिए किसी को दोषी ठहराना नहीं बल्कि यह समझाना है कि सामान्य रूप से सरकारों द्वारा 'सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरों' को कैसे प्रोसेस किया जाता है और इनमें 'फासला' कैसे रखा जाता है। चूंकि जम्मू-कश्मीर एक संवेदनशील क्षेत्र है इसलिए राज्य पुलिस खुफिया विभाग के अलावा यहां देश भर के असैनिक नागरिक, सैन्य और अर्द्ध सैनिक विभागों से संबंधित खुफिया एजेंसियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी है।



वाप्पला बालाचंद्रन

**कच्ची और अपुष्ट सूचनाओं का संग्रहण, मिलान, विश्लेषण, प्रसार, मध्यस्थता, नीति अधिनिर्णय और निर्णय लेने की प्रक्रिया के बाद ही कार्रवाई के लिए नीति बनायी जाती है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गैप रहना पूरी सूचना उपलब्ध न हो पाने की स्थिति पैदा करेगा जिसमें सरकार के किसी भी विंग के पास पहले से ही किसी न किसी रूप में उपलब्ध तकनीकी बिंदुओं सहित खुफिया जानकारी नीति या कार्रवाई में बदलाव संभव नहीं होता है।**

यद्यपि राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियां अपने मुख्यालय को रिपोर्ट करती हैं, इसके अलावा वे उप राज्यपाल और उनके अधीन 'एकीकृत कमान' को सुरक्षा परिदृश्य में किसी भी बदलाव से अवगत कराते हैं ताकि स्थानीय खतरे की अवधारणा के आधार पर निवारक तंत्र में उपयुक्त रूप से बदलाव किया जा सके। हालांकि इस तरह की खुफिया जानकारी जब उप राज्यपाल (जम्मू-कश्मीर में कानून और व्यवस्था अभी भी उनके अधीन है) जैसे उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट की जाती है तो उसे सावधानीपूर्वक सत्यापित किया जाना चाहिए क्योंकि इस तरह के अलर्ट के बाद की कार्रवाई के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव होते हैं।

कच्ची और अपुष्ट सूचनाओं का संग्रहण, मिलान, विश्लेषण, प्रसार, मध्यस्थता, नीति अधिनिर्णय और निर्णय लेने की प्रक्रिया के बाद ही कार्रवाई के लिए नीति बनायी जाती है। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का गैप रहना पूरी सूचना उपलब्ध न हो पाने की स्थिति पैदा करेगा जिसमें सरकार के किसी भी विंग के पास पहले से ही किसी न किसी रूप में उपलब्ध तकनीकी बिंदुओं सहित खुफिया जानकारी नीति या कार्रवाई में बदलाव संभव नहीं होता है। इसकी वजह से 'खुफिया या सुरक्षा विफलता' का अभाव महसूस होता है।

खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों को अक्सर बेतरतीब तरीके से, टुकड़ों-टुकड़ों में आधी-अधूरी जानकारी मिलती है जो पूरी तस्वीर का खुलासा नहीं करती हैं, खासकर जब रुझान अल्पकालिक होते हैं। कई मौकों पर एजेंसियों के पास सुरक्षा संबंधी विषयों पर विविध, अपूर्ण या यहां तक कि परस्पर विरोधी खुफिया जानकारी होती है जिसके कारण नीति संबंधी निर्णय लेने वालों को एक परिपूर्ण तस्वीर प्राप्त करने के लिए सूचना के 'आंतरिक मतभेदों' को सुलझाने के लिए एक सक्षम मध्यस्थ की आवश्यकता होती है। यह 'इंटेलिजेंस आर्बिट्रेशन' की प्रक्रिया है।

यदि यह विफल रहता है तो सूचनाओं में अनेक रिक्त स्थान रह जाते हैं। ऐसा कई बार हुआ है। एक खुफिया मध्यस्थ भी खुफिया में लापता रिक्त स्थानों को भरने के लिए अपने स्वयं के दृष्टिकोण का उपयोग करता है। इसके लिए वह मीडिया जानकारी तक का उपयोग करता है जिसे 'ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस' (ओएसआई) कहा जाता है।

कानून और व्यवस्था अधिकारियों तथा राष्ट्रीय सूचना एजेंसियों द्वारा तैयार की गई सूचना के प्रसंस्करण में बहुत अंतर है। जहां राष्ट्रीय एजेंसियां 'रणनीतिक' खुफिया जानकारी देती हैं वहीं राज्य इकाइयां 'सामरिक' जानकारी का मंथन करती हैं। 'रणनीतिक' जानकारी आम तौर पर पूरे देश को प्रभावित करने वाला दीर्घकालिक संकेत या लंबे समय सीमा का होता है जबकि 'सामरिक' सूचना अल्पकालिक रुझान है जो पुलिस कार्रवाई जैसे छोटे क्षेत्रों को प्रभावित करता है। हालांकि, विशेष रूप से विदेशी हस्तक्षेप के साथ आतंकवाद विरोधी कार्रवाई रणनीतिक और सामरिक आयाम ग्रहण कर सकती है जिसके लिए यह अध्ययन करने और अनुमान लगाने की क्षमता की आवश्यकता होती है कि विदेशी सरकारों या विदेश आधारित संगठन जैसे लश्कर हमारे खिलाफ कैसे काम करेंगे जिसे संभालने में केवल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियां ही सक्षम हैं।

फिर भी, ऐसे मामले हैं जब यह प्रक्रिया पश्चिमी देशों में भी विफल रही थी। यूएस 9/11 आयोग ने अपनी रिपोर्ट 'फोरसाइट एंड हाइन्ड्साइट' (पूर्वानुमान और घटना के बाद उसकी कारण मीमांसा करना) के अध्याय 11 में इन रुझानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में ओसामा बिन लादेन की बड़े पैमाने पर अमेरिका विरोधी गतिविधियां जारी रहने के बावजूद किसी भी एजेंसी ने 9/11 जैसे परिदृश्य का अंदाजा नहीं लगाया था। इस हमले में अमेरिकी यात्री विमानों को अमेरिका के खिलाफ हथियार बनाया गया था- 'सीआईए ने संभावित अपहरण परिदृश्यों का कोई विश्लेषणात्मक आकलन नहीं लिखा था' जबकि उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने सामूहिक विनाश के हथियार ले जाने में विदेशी विमान के उपयोग का अनुमान लगाया था। किसी ने नहीं सोचा था कि अल-कायदा अमेरिकी विमानों का इस्तेमाल करेगा।

आयोग ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका में खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी संख्या के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हो गयी एवं जिम्मेदारी कम हो गई थी। ऐसी चेतावनी जारी करने की जिम्मेदारी के लिए सीआईए में खाड़ी युद्ध के बाद 1992 में बनाए गए 'नेशनल इंटेलिजेंस ऑफिसर फॉर वार्निंग' का पद खत्म कर दिया गया और काउंटर-टेररिज़्म सेंटर (सीटीसी) को यह जिम्मेदारी दी गई। हालांकि सीटीसी ने यात्री विमानों में हथियार रखने की संभावना पर एक भी चेतावनी जारी नहीं की। दूसरे शब्दों में, एक शीर्ष-भारी भरकम खुफिया संरचना होने के कारण बेहतर अलर्ट जारी नहीं हुए।

इसी तरह मुंबई में 26/11 हमले पर पुलिस प्रतिक्रिया की जांच करने के लिए गठित समिति के सदस्य के रूप में महाराष्ट्र सरकार की विफलता पर ध्यान दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर कुछ घटनाओं को देखने में विफल रही जिनका यदि अध्ययन किया जाता तो भयावह मुंबई हमले को रोका जा सकता था।

30 जुलाई, 2006 को सीएनएन-आईबीएन टीवी चैनल ने तत्कालीन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की चेतावनी के मद्देनजर हमारे पश्चिमी तटीय सुरक्षा उपायों का एक सर्वेक्षण प्रसारित किया कि हमारे परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठानों को पाकिस्तानी आतंकवादी समुद्र से निशाना बना सकते हैं। इसके बाद यह उम्मीद की गई कि महाराष्ट्र पुलिस तटीय गश्त को सतर्क व सशक्त करेगी। चैनल की टीम ने पाया कि तटीय गश्त कहीं नहीं देखी गई थी- 'यद्यपि बीएआरसी अब सीआईएसएफ की भारी सुरक्षा में है लेकिन यहां समुद्र के माध्यम से पहुंचे जाने की आशंका चिंता का कारण है'।

इसी चैनल ने 16 जून 2007 को एक और खबर प्रसारित की जिसे लेकर मुंबई और नई दिल्ली को चिंतित होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि लश्कर-ए-तैयबा के आठ संदिग्ध आतंकवादियों ने मुंबई के पास समुद्री मार्ग से घुसपैठ की थी और उनमें से दो- अब्दुल मजीद और मोहम्मद जमील को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मार्च में राजौरी में गिरफ्तार किया था। समुद्री रास्ते से आतंकवादियों के घुसने की यह पहली ज्ञात घटना है।

टीवी चैनल ने फिर से खबर दी थी जिससे संकेत मिलता है कि आठ आतंकवादियों ने 23 फरवरी को पाकिस्तान छोड़ दिया था व कथित लश्कर ऑपरेटिव आसिफ तथा अब्बास द्वारा संचालित एक भारतीय नाव में बैठ गए। भारतीय तट पर समीर नाम के एक अन्य ऑपरेटिव ने उनका स्वागत किया। चैनल ने जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक गोपाल शर्मा का भी साक्षात्कार लिया जिन्होंने कहा था- 'लश्कर के दो लोगों को राजौरी में गिरफ्तार किया गया था एवं उन्होंने सूचित किया है कि आठ लोग आए थे और हां, इस मामले में समुद्री मार्ग का इस्तेमाल किया गया था।

अठारह महीने से भी कम समय के बाद 26/11 की घटना में दस आतंकवादियों ने मुंबई में तबाही मचाने के लिए नकली भारतीय (हिंदू) पहचान दस्तावेजों के साथ उसी मोडस ऑपरेंडी का इस्तेमाल किया। 2007 की रिपोर्ट में कहा गया था- 'जमील के पास शुरू में मुंबई के चेंबूर का एक छात्र आईडी था जिसमें उसका नाम धीरज था। यहां तक कि इन लोगों के पास दिल्ली और चंडीगढ़ के फर्जी दस्तावेज थे और जम्मू में उनके पास मतदाता पहचान पत्र भी थे'। इससे पता चलता है कि सूचनाओं के विश्लेषण, उनके निहित अर्थ को समझना और मामले की गंभीरता को नजरअंदाज करना तथा यह भरोसा करना कि आतंकवादी एक ही तरह की कार्यपद्धति (मोडस ऑपरेंडी) अपनाएंगे इस तरह की सोच के परिणाम कितने भयंकर हो सकते हैं यह हम देख चुके हैं। 'सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरों' के संबंध में मिली खुफिया सूचना पूरी तरह पुख़्ता करना चाहिए। सतर्कता बरतने के लिए सरकारी एजेंसियों को आतंकवादियों की कार्यप्रणाली से चार कदम आगे ही रहना चाहिए।

**(लेखक कैबिनेट सचिवालय के पूर्व विशेष सचिव हैं। सिंडिकेट:द बिलियन प्रेस)**

## दक्षिण कोरिया में राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होंगे पूर्व कार्यवाहक राष्ट्रपति हान

**सोल,** 2 मई (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के पूर्व प्रधानमंत्री हान-डक-सू ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। कंजर्वेटिव हान ने गुरुवार को कार्यवाहक राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देते समय संकेत दिया था कि वह अधिक जिम्मेदारी चाहते हैं। नेशनल असेंबली में हान ने यह ऐलान 3 जून को होने वाले मतदान से पहले किया। इस दिन दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सूक योल के उत्तराधिकारी तक चुनाव करने के लिए वोटिंग होगी। बता दें यून को महाभियोग के चलते पद से हटाया गया था। हान ने कहा कि कोरिया गणराज्य के भविष्य के लिए, जिससे मैं बेहद प्यार करता हूं, और हम सभी के लिए, मैंने वह करने का फैसला किया है जो मैं कर सकता हूं।

# देश विदेश

### पीओके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवर उल हक ने लोगों से किया अपील, कहा

# एलओसी के पास रहने वाले दो महीने का राशन जमा रखें

**मुजफ्फराबाद,** 2 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर (पीओके) ने वास्तविक सीमा रेखा (एलओसी) के पास रहने वाले लोगों को शुक्रवार को खाने-पीने का सामान स्टॉक करने का निर्देश दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद यह अपील की गई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीओके के प्रधानमंत्री चौधरी अनवर उल हक ने शुक्रवार को स्थानीय विधानसभा में कहा कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित 13 निर्वाचन क्षेत्रों में दो महीने के लिए खाद्य आपूर्ति का भंडारण करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

हक ने कहा कि क्षेत्रीय सरकार ने 13 निर्वाचन क्षेत्रों में खाद्य, दवाइयां और अन्य सभी बुनियादी आवश्यकताओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक अरब रुपए (3.5 मिलियन) का आपातकालीन कोष भी बनाया है। पीओके के प्रधानमंत्री ने बताया कि नियंत्रण रेखा से लगे इलाकों में सड़कों की मरम्मत के लिए सरकारी और निजी मशीनरी भी तैनात की जा रही है। इस बीच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 1000 से अधिक मदरसे कम से कम 10 दिनों के लिए बंद कर दिए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि भारत की तरफ से हमले के डर की वजह से पीओके में स्थित मदरसों को बंद कर दिया गया। भारत यह दावा करता रहा है कि इन संस्थानों का इस्तेमाल आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने के रूप में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सेना को हमले का जवाब देने के लिए पूर्ण परिचालन स्वतंत्रता दी। बता दें आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में 26 लोगों की मौत हो गई।



- भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद दिया गया निर्देश
- एक अरब रुपए का आपातकालीन कोष भी बनाया गया

### पीओके में एक हजार से अधिक मदरसे बंद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 1000 से अधिक मदरसे कम से कम 10 दिनों के लिए बंद कर दिए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि भारत की तरफ से हमले के डर की वजह से पीओके में स्थित मदरसों को बंद कर दिया गया। भारत यह दावा करता रहा है कि इन संस्थानों का इस्तेमाल आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने के रूप में किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि भारत पाकिस्तान के साथ पूर्ण पैमाने पर युद्ध शुरू नहीं करेगा, लेकिन नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ पीओके क्षेत्रों में कुछ हमले जरूर करेगा। 29 सितंबर 2016 को, भारतीय सेना के कमांडो की टीमों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में प्रवेश कर आतंकी ठिकानों में छिपे बैठे आतंकवादियों को खत्म किया था।



### भारत से लौटने वाले हमारे नागरिकों के लिए खुली रहेगी वाघा सीमा : पाकिस्तान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत से लौटने वाले अपने नागरिकों के लिए वाघा सीमा को खुला रखने की घोषणा की। पहलगामा आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए थे। पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, हालांकि भारत से पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी की अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी, लेकिन यदि भारतीय अधिकारी उन्हें अपनी ओर से सीमा पार करने की अनुमति देते हैं तो लाहौर में वाघा बॉर्डर हमारे नागरिकों के लिए खुला रहेगा।

बयान में कहा गया कि वाघा सीमा भविष्य में भी पाकिस्तानी नागरिकों के लिए खुली रहेगी। विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का भारत का निर्णय गंभीर मानवीय चुनौतियां पैदा कर रहा है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए और उनके स्वेदश लौटने के लिए 30 अप्रैल तक की समय-सीमा तय की। पाकिस्तान ने भी यही कदम उठाया, जिससे दोनों तरफ के सैकड़ों परिवारों को अपने प्रवास को छोटा करने और देश छोड़ने को मजबूर होना पड़ा।

## सुडोकू 6901

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 7 | 6 | | |
| | | 6 | 5 | | | | | |
| | 8 | | 1 | | | 9 | 2 | |
| 3 | | 7 | 2 | 1 | | | | |
| 4 | | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | 4 | 5 | 8 | | 3 |
| | 3 | 5 | | | 1 | | 8 | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | | 2 | 6 | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 3 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 5

### राशिफल

मेष - किसी नए काम की शुरुआत के लिए सुबह का समय अनुकूल रहेगा। आज सरकारी लाभ होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। विचारों में शीघ्र ही परिवर्तन होगा।

वृषभ - आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी है। आज मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ हुई मुलाकात से मन खुश रहेगा। आप आज के दिन का अधिकांश भाग निवेश की योजना बनाने में लगे रहेंगे।

मिथुन - आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन लाभदायी है। आज मित्रों एवं परिजनों के सहयोग से आपके कठिन काम आसानी से हो पाएंगे। उत्तम भोजन और वस्त्र की सुविधा भी आप को मिलेगी।

कर्क - आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें। किसी तरह का कन्फ्यूजन ना हो, इसका ध्यान रखें।

सिंह - आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ दिन अच्छा बीतेगा। आय में वृद्धि होगी तथा धन लाभ होगा।

कन्या - आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश रहेंगे। दोपहर के बाद आपमें किसी बात का कन्फ्यूजन रहेगा।

तुला - आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिलता और आलस्य बना रहेगा। नौकरी में अधिकारी आप से अप्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक - आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। सभी के साथ आप अच्छा व्यवहार रखें। वाणी पर संयम रखने से परिस्थिति अनुकूल बनी रहेगी।

धनु - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। दोपहर बाद मन में कई तरह के नेगेटिव विचार आने से काम में मन नहीं लगेगा।

मकर - बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है। आर्थिक लाभ होगा।

कुंभ - कला के प्रति आज आपकी रुचि ज्यादा रहेगी। खर्च ज्यादा रहने से आप परेशान हो सकते हैं। संतान से संबंधित कोई चिंता आपको हो सकती है। परंतु दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण रहेगा। अपूर्ण काम पूरे होंगे।

मीन - आज अधिक इमोशनल होने से बचें। ज्यादा सोच-विचार करने से आप चिंता में रहेंगे। जमीन और मकान संबंधी काम के लिए आज समय अच्छा नहीं है। पेट के रोग दूर हो सकते हैं। आज विद्यार्थियों के लिए लाभकारी दिन है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अंगोला के राष्ट्रपति आधिकारिक राजकीय यात्रा पर पहुंचे

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचे। यह 38 वर्षों में अंगोला के किसी राष्ट्रपति की पहली आधिकारिक राजकीय यात्रा है। चार दिवसीय इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच कूटनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देना है।

हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति लौरेंको का विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख व्यापारिक घरानों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स को लिखा कि अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको का राजकीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है। राष्ट्रपति के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है, जिसमें कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक घराने शामिल हैं। आगमन पर राष्ट्रपति का विशेष स्वागत किया गया और राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर स्वागत संदेश साझा करते हुए कहा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। यह महत्वपूर्ण यात्रा भारत और अंगोला के बीच राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह 1986 के बाद से अंगोला के किसी राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा है।

राष्ट्रपति लौरेंको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। 3 मई को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा, उसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू के साथ द्विपक्षीय वार्ता होगी।



- राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

## भारत से बुद्ध के पवित्र अवशेष वियतनाम पहुंचे, लोग कर सकेंगे दर्शन

**हनोई,** 2 मई (एजेंसियां)। भारत से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष शुक्रवार को वियतनाम पहुंच गए। उन्हें एक विशेष समारोह के लिए वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय लाया गया और फिर एक भव्य जुलूस के साथ थान ताम पैगोडा ले जाया गया, जहां अवशेषों का सार्वजनिक रूप प्रदर्शित किया जाएगा।

इससे पहले, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया पर भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को वियतनाम ले जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह एक ऐसा अनुभव है जो आत्मा को छू जाता है।

रिजिजू ने अपने पोस्ट में कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को वियतनाम ले जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने पर मुझे बहुत खुशी हुई, यह एक ऐसा अनुभव है जो आत्मा को छू जाता है। शांति, करुणा और सद्भाव की इस पवित्र यात्रा में आंध्र प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति और छायांकन मंत्री, श्रद्धेय भिक्षु कंदुला दुर्गेश और अधिकारी शामिल हुए। पवित्र अवशेष संयुक्त राष्ट्र वेसाक दिवस समारोह के हिस्से के रूप में 2 से 21 मई 2025 तक वियतनाम में रहेंगे।

## अवमानना के मामले में शेख हसीना को कारण बताओ नोटिस

**ढाका,** 2 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और अवामी लीग की प्रतिबंधित छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) के नेता शकील आलम बुलबुल को अदालत की कथित अवमानना के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि आईसीटी अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने दोनों व्यक्तियों को 15 मई तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है। न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मुजुमदार की अध्यक्षता में सोशल मीडिया पर लीक हुए एक वायरल ऑडियो क्लिप की सामग्री पर यह आदेश पारित किया गया, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री को दिखाया गया था, जिसके माध्यम से उन्होंने कथित तौर पर न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया और न्यायाधिकरण को धमकी दी।



## हमें उम्मीद कि आतंकी हमले की जांच में भारत का सहयोग करेगा पाक : वेंस

**वाशिंगटन,** 2 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पिछले महीने हुए आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने में भारत के साथ सहयोग करेगा। वेंस ने कहा कि हमें उम्मीद है कि भारत इस आतंकी हमले का जवाब ऐसे देगा, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष न हो। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान, अगर वे (पहलगाम आतंकी हमले) इसके लिए जिम्मेदार हैं, तो भारत के साथ सहयोग करे ताकि उनके क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों को पकड़ा और निपटाया जा सके।



**हमें उम्मीद है कि भारत इस आतंकी हमले का जवाब ऐसे देगा, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष न हो : जेडी वेंस**

वेंस ने इस हमले पर अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी फॉक्स न्यूज के साथ दिए एक इंटरव्यू में की, पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**गंगा एक्सप्रेस-वे पर ...**

एक्सप्रेस-वे है, जिसमें हवाई पट्टी है। यह रात में लैंडिंग की क्षमता वाला देश का पहला एक्सप्रेस-वे है। गंगा एक्सप्रेस-वे 36,230 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। यह 594 किलोमीटर लंबा है, जो मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा है।यह एयर शो गंगा एक्सप्रेस-वे के उस हिस्से पर हुआ जो शाहजहांपुर जिले से होकर गुजरता है। मेरठ से शुरू होकर प्रयागराज तक जाने वाला यह 594 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसी एक्सप्रेस-वे पर, शाहजहांपुर की जलालाबाद तहसील के पीरु गांव के पास, एक विशेष 3.5 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है. आज इस हवाई पट्टी ने इतिहास रचा, जब पहली बार भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने यहां टच एंड गो की रिहर्सल की। यह एक महत्वपूर्ण अभ्यास था, जो इस हवाई पट्टी की सामरिक उपयोगिता को दर्शाता है। यह हवाई पट्टी न केवल शाहजहांपुर बल्कि पूरे प्रदेश और देश के लोगों के लिए गर्व का क्षण है। अभ्यास को देखने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ कई वीवीआईपी व स्कूली बच्चे भी पहुंचे।

**युवा शक्ति से होगा...**

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार वर्ष 2013 से कौशल विकास को तीव्रता से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार लाइवलीहुड कॉलेज, आईटीआई और महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के साथ समझौते की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत राज्य के युवाओं को ट्रैक्टर निर्माण की आधुनिक तकनीक सिखाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से बस्तर और सरगुजा अंचल के ग्रामीण युवाओं तथा उनके परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, मैकेनिक जैसे कौशलों की भारी मांग है, लेकिन कुशल कर्मचारियों की उपलब्धता कम है। सरकार इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने के लिए व्यापक योजना तैयार कर रही है। साथ ही उन्होंने महुआ, इमली, साल जैसे वन उत्पादों से मूल्यवर्धन कर स्थानीय लोगों की आजीविका को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।

नीति आयोग की प्रोग्राम निदेशक डॉ. सोनिया पंत ने कहा कि नीति आयोग का 'राज्य समर्थन मिशन' राज्यों को उनकी आर्थिक व सामाजिक विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में तकनीकी सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में वन-आधारित आजीविका कार्यक्रमों को मजबूत करने पर ज़ोर दिया और कहा कि इससे आदिवासी समुदाय की आय में वृद्धि होगी। डॉ. पंत ने बताया कि राज्य-स्तरीय योजनाओं में जनजातीय युवाओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उन्हें नई तकनीक और कौशल से जोड़ने पर नीति आयोग हर सम्भव मदद करेगा।

**राजधानी में हिट एण्ड रन...**

में ले लिया। सीसीटीवी फुटेब में नजर आ रहा है कि कार की ठोकर से प्रिया कई फीट ऊछल कर सीधे सिर के बल सड़क पर जा गिरी, वहीं रिया और ललिता भी गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्रिया की हादसे में जहां मौत हो गई, वहीं रिया और ललिता को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेकाहारा में भर्ती कराया गया है।

राजधानी में हिट एण्ड रन के मामलों में लगातार इजाफा होता जा रहा है। करीबन महीने भर पहले पुरानी बस्ती थाने के सामने पैदल चल रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी थी। इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं आरोपी कार चालक दुर्घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था।

इसके एक महीना पहले 5 फरवरी को रायपुर के ङ्कङ्घक रोड पर आधी रात को नशे में धुत कार चालक ने एक्टिवा सवार तीन युवकों को टक्कर मारी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल तीनों युवकों को मेकाहारा में भर्ती कराया गया था, जिनमें से एक की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। कार में डीआरआई के विशेष लोक अभियोजक भावेश आचार्य के साथ एक रशियन युवती (उज्बेकिस्तान) सवार थे।

**आठवें दिन तोड़ा ...**

किया है, और सीमा पर्यटन को बढ़ावा दिया है। हम अतीत की अस्थिरता में वापस नहीं जाना चाहते। करनाह के एक अन्य निवासी शाहबाज अहमद के बकौल, गुरेज और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए यह पर्यटन का चरम मौसम था, लेकिन हाल के तनावों के कारण, अब कोई भी नहीं आ रहा है। पिछले साल, ये क्षेत्र पर्यटकों से गुलजार थे, लेकिन आज वे सुनसान दिख रहे हैं। जबकि मुजफ्फर अहमद कहत थे कि हम नियंत्रण रेखा पर शांति के लिए प्रार्थना करते हैं क्योंकि युद्ध कोई विकल्प नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में सीमावर्ती क्षेत्रों में हमने जो विकास देखा है, वह दोनों देशों के बीच युद्ध विराम के बाद ही हुआ है। हम सीमा से पहले आखिरी गांव हैं, और हम सेना को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हम हमेशा उनके साथ हैं, चाहे कुछ भी हो जाए। कुपवाड़ा के एलओसी क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि हेलीकाप्टरों के लगातार मंडराने और लगातार गोलीबारी ने उस नाजुक शांति को तोड़ दिया है, जिस पर वे युद्ध विराम समझौते के बाद निर्भर थे। केरन के एक निवासी का कहना था कि हम रात को मुश्किल से सोते हैं। गोलियों की आवाज से सन्नाटा टूटता है। हमें अपनी जान और अपने घरों के लिए डर लगता है। उड़ी में भी, एलओसी पार से छिटपुट गोलीबारी के बढ़ने पर निवासियों ने इसी तरह की चिंता व्यक्त की। वे कहते थे कि हम लगातार डर में रहते हैं। गोले और गोलियों की आवाज हमें डराती है। हम प्रार्थना करते हैं कि शांति बनी रहे। चुरूंडा कस्बे के ग्रामीणों का कहना था कि यह पहली बार नहीं है। हमारे गांव ने खून, चोटें और घरों के नुकसान को देखा है। जानकारी के लिए चुरूंडा एक बस्ती है जिसने पिछली झड़पों में बेशुमार हताहतों की संख्या देखी है।

## वर्ग पहेली 6901



**बायें से दायें:-**

१ पालन करना, निर्वाह करना
३. बदइंतजाम
५. भ्रांति में पड़ा हुआ, शंकित
६. स्पष्ट असहमति जताना, जबान देना
७. पथप्रदर्शक (उर्दू)
८. स्थायी रूप से स्मृति में बनाये रहना (मुहावरा)
१३. भवानी, दुर्गा
१५. धुला हुआ, निर्मल
१६. घोंसला, निवास स्थान
१७. आया हुआ
१८. टेढ़ापन
२०. देवदूत (उर्दू)
२२. अनिष्ट की आशंका होना, मुहावरा है माथा...
२३. क्रुद्ध होना, आवेश में आना

**ऊपर से नीचे:-**

१.बाधारहित, निर्विघ्न
२. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
३. किसी चीज के छोटे-छोटे टुकड़े करना
४. व्यवस्था (उर्दू)
५. मिलिंद
९. द्वारपाल (उर्दू)
१०.करीब-करीब
११. बास, महक, बू
१३. क्षमता, सामर्थ्य (उपमा)
१४. सफल (उर्दू)
१७. गले तक
१९. क्रमसंख्या
२०. तीक्ष्ण, धारदार
२१. लीन, मग्न, लगा हुआ

### वर्ग पहेली-6900



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### आज का इतिहास

1765-फिलाडेल्फिया में पहला अमेरीकी मेडिकल कॉलेज खुला।
1845-चीन के कैंटन में थियेटर में आग लगने से 1600 लोगों की मौत
1896-भारतीय राष्ट्रवादी, राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ और भारत के पूर्व रक्षा मंत्री वी. के. कृष्ण मेनन का जन्म।
1913-पहली भारतीय फीचर फिल्म राजा हरिश्चन्द्र प्रदर्शित हुई।
1919-अमानुल्ला खान द्वारा ब्रिटिश भारत पर आक्रमण।
1930-राजस्थान की प्रसिद्ध महिला राजनीतिज्ञ सुमित्रा सिंह का जन्म।
1951-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ अशोक गहलोत का जन्म।
1955-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ उमा भारती का जन्म।
1969-भारत के तीसरे राष्ट्रपति डाक्टर ज़ाकिर हुसैन का निधन।
1977-गणित की दुनिया का प्रतिष्ठित सम्मान %फील्ड्स मेडल% पाने वाली पहली महिला गणितज्ञ मरियम मिर्ज़ाख़ानी का जन्म।
1981-भारतीय सिने अभिनेत्री नरगिस का निधन।
1998-'यूरो' को यूरोपीय मुद्रा के रूप में स्वीकार करने का यूरोपीय नेताओं का ऐतिहासिक फैसला।
2000-भारतीय लेखिका, अभिनेत्री और एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता शकुंतला परांजपे का निधन।
2002-अमेरिकी मीडिया ने परवेज मुशर्रफ़ के जनमत संग्रह को 'शर्मनाक जनमत संग्रह' बताया।
2003-आस्ट्रेलिया के स्टीव वॉ टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने।
2004-वेस्टइंडीज ने छठे एक दिवसीय मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से परास्त किया।
2005-भारतीय सेना के कमांडर जगजीत सिंह अरोड़ा का निधन।
2006-पाकिस्तान और ईरान ने 3 देशों की गैस पाइप लाइन परियोजना से भारत को अलग करने के उद्देश्य से द्विपक्षीय गैस पाइप लाइन करार पर दस्तखत किए।

### दुनिया को जानें

## नासा के स्फीयरएक्स ने शुरू किया विज्ञान संचालन

**लॉस एंजिल्स,** 2 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष वेधशाला स्फीयरएक्स ने आधिकारिक तौर पर विज्ञान संचालन शुरू कर दिया है जो ब्रह्मांड की उत्पत्ति, आकाशगंगाओं के विकास और आकाशगंगा में जीवन के निर्माण खंडों में नई अंतर्दृष्टि को उजागर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।



नासा ने बताया कि स्फीयरएक्स अगले दो वर्षों में प्रतिदिन लगभग 3,600 चित्र लेगा एवं पूरे आकाश का व्यवस्थित रूप से सर्वेक्षण करेगा। नासा के अनुसार 11 मार्च को लॉन्च किए गए स्फीयरएक्स ने पिछले छह सप्ताह जांच, अंशांकन और अन्य गतिविधियों से गुजरते हुए बिताए हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह ठीक से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब विज्ञान संचालन शुरू होने के साथ वेधशाला तीन आयामों में करोड़ों आकाशगंगाओं की स्थिति का चार्ट बनाएगी। इसका लक्ष्य ब्रह्मांड विज्ञान में कुछ सबसे गहन प्रश्नों को संबोधित करना है, जैसे कि ब्रह्मांड कैसे शुरू हुआ और इसकी बड़े पैमाने की संरचना कैसे विकसित हुई।

# खेल जगत

## श्रीसंत ने केसीए द्वारा अपने 3 साल के निलंबन पर कहा, 'मुझे इसकी जानकारी नहीं है'



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शांतकुमारन श्रीसंत ने केरल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अपने तीन साल के निलंबन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। श्रीसंत को केसीए द्वारा चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए राष्ट्रीय टीम से संजू सैमसन को बाहर किए जाने के संबंध में संगठन के खिलाफ कथित झूठे और अपमानजनक बयानों के लिए निलंबित कर दिया गया था। श्रीसंत ने आरोप लगाया था कि पिछले साल केरल की ओर से खेलने के लिए सैमसन को केसीए द्वारा दरकिनार कर दिया गया था और इसलिए वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय टीम में चयन से चूक गए।यह निर्णय 30 अप्रैल को कोच्चि में केसीए की वार्षिक आम सभा की बैठक में लिया गया था और शुक्रवार को राज्य क्रिकेट निकाय द्वारा एक आधिकारिक बयान के माध्यम से इसे साझा किया गया था।

# आरसीबी की नजरें सीएसके के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने पर

- फिसड्डी सीएसके खिलाफ आरसीबी की उम्मीदें विराट व हेजलवुड पर
- विराट सहित आरसीबी के शीर्ष क्रम को सीएसके के नूर व खलील से चौकस रहना होगा



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। विराट कोहली के अपने अंदाज में सही समय पर गियर बदल कर मौजूदा 2025 आईपीएल में पिछले लगातार तीन मैचों में तीन और कुल छह अर्द्धशतकों सहित दस मैचों मे कुल 443 रन की बदौलत अपने घर बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुरू के तीन मैच हारने के बाद नौवें मे राजस्थान रॉयल्स पर 11 रन से जीत सहित सात जीत की बदौलत मुंबई की तरह 14 अंको के बावजूद उससे अपनी कमतर नेट रन रेट के चलते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक पैर प्ले ऑफ मे रख लिया है। विराट के बल्ले से दमदार प्रदर्शन और 10 मैचों में सबसे ज्यादा कुल 18 विकेट के साथ पर्पल कैप पर कब्जा जमाने वाले अपने ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की रफ्तार के साथ धार की बदौलत आरसीबी अब फिसड्डी और दस मैचो में मात्र दो जीत और लगातार तीसरी कुल आठ हार के साथ चार अंको से लगातार दूसरे सीजन में प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी सीएसके को अब शनिवार को अपने बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के घरेलू रिटर्न मैच में भी हरा कर प्ले ऑफ के लिए अपनी दावेदारी और मजबूत करने उतरेगी। 43 बरस के महेंद्र सिंह धोनी बेशक सीएसके के आईपीएल के इतिहास के सबसे बड़े अहम खिलाड़ी रहे हैं लेकिन अब वह अपनी बढ़ती उम्र के चलते उसके लिए जी का जंजाल बन गए हैं क्योंकि अपने बुढ़ाते घुटनों के चलते वह शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं। सीएसके और खुद धोनी दीवार पर लिखी इस इबारत को पढ़ नहीं पा रहे है कि उनका बतौर खिलाड़ी अब खत्म हो चुका है। आरसीबी ने सीएसके से अपने अंतिम पांच मे पिछले लगातार दो सहित तीन मैच जीते हैं और शनिवार को भी अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने के मकसद से उतरेगी। आरसीबी ने सीएसके को उसके घरेलू चेन्नै के मैदान पर दूसरे मैच में 50 रन से हराया था। चेन्नै सुपर किंग्स अपने घर में पंजाब किंग्स से दो गेंदों के बाकी रहते सैम करेन की 88 रन की पारी के बावजूद लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल की हैट्रिक सहित चार विकेट के चलते चार विकेट से हार गई थी। आरसीबी ने अपने पिछले मैच में विराट कोहली और क्रुणाल पांडया के अर्द्धशतकों की बदौलत नौ गेंदो के बाकी रहते छह विकेट से हरा कर दस मैचों में सातवीं जीत हासिल की थी। फिलहाल सात टीमें लीग चरण का समापन 16 या इससे ज्यादा अंकों और पांच टीमें 18 या इससे ज्यादा अंकों के साथ कर सकती हैं। आरसीबी को प्ले ऑफ में स्थान एकदम पक्का करने के लिए अब सीएसके सहित अपने बाकी एलएसजी के खिलाफ घर से बाहर और एसआरएच व केकेआर से घर पर कुल चार में से तीन मैच जीतने जरूरी होगे।

### ध्यान मैदान नहीं बढ़िया क्रिकेट खेलने पर: पाटीदार



दिल्ली के खिलाफ हमें पूरे टीम प्रयास से जीत मिली।खासतौर पर हमारे गेंदबाजों ने दिल्ली की पिच पर योजना को अमली जामा पहनाया। हमारा ध्यान किसी मैदान और स्थान विशेष को देखने की बजाय बढ़िया क्रिकेट खेलने पर था।जब आप लक्ष्य का पीछा करते हैं तो पिच की बाबत आपकी सोच साफ होती है और हमने उसी के मुताबिक योजना बनाई। दिल्ली की अरुण जेटली स्टेडियम की पिच पर दिल्ली कैपिटल्स का 160 रन का स्कोर पार करने लायक था । दिल्ली को 160 रन पर रोक आसान नहीं था लेकिन इसका श्रेय सभी गेंदबाजों को जाता है। रनों के लक्ष्य का पीछा करने को ले हमारी सोच साफ थी। हमारी आर)सीबी की टीम में कई महान खिलाड़ी हैं और ऐसी टीम की कप्तानी करना फख्र की बात है। मेरे लिए यह महान खिलाड़ियों से सीखने का भी मौका है।

### हमें अपने कैच लपकने होंगे : धोनी



हमने पंजाब किंग्स के खिलाफ बेशक पर्याप्त रन बनाए लेकिन फिर भी हमने कुछ कम रन बनाए। हमें अपने बल्लेबाजो से और ज्यादा रनो की दरकार है। सैम करेन व डिवाल्ड ब्रेविज की भागीदारी शानदार रही। मुझे लगता है कि हमें अपने कैच लपकने होंगे। करेन योद्धा हैं और हमने जब भी उन्हें खेलने का मौका दिया पिच रही लेकिन पंजाब के खिलाफ मैच में चेन्नै की पिच सबसे बढ़िया रही। ब्रेविज ने मध्यक्रम में लय दी और वह बेहतरीन फील्डर भी हं और साथ ही बड़ी ताकत से स्ट्रोक लगाते और अच्छी गेंदों पर पर भी चौके छक्के लगा सकते हैं।हम ऐसे ही ताजा हवा के झोंके की जरूरत थी।

# सरल दृष्टिकोण के साथ क्रिकेट खेलना टीम के लिए बहुत अच्छा रहा : पांड्या



■ मुंबई के गेंदबाजों ने अपनी गेंदबाजी में जोश भर दिया और 16.1 ओवर में राजस्थान को 117 रनों पर आउट कर दिया

**जयपुर,** 2 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस (एमआई) द्वारा राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 100 रनों से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के बाद, कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि सरल दृष्टिकोण के साथ क्रिकेट खेलना टीम के लिए बहुत अच्छा रहा है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में, रायन रिकलटन और रोहित शर्मा के क्रमशः 61 और 53 रनों और सूर्यकुमार यादव और कप्तान पांड्या के नाबाद 48 रनों की बदौलत, मुंबई इंडियंस ने 217/2 का विशाल स्कोर बनाया।

इसके बाद गेंदबाजों ने अपनी गेंदबाजी में जोश भर दिया और 16.1 ओवर में राजस्थान को 117 रनों पर आउट कर दिया और 2012 के बाद पहली बार जयपुर में जीत हासिल की। ??आईपीएल 2025 में अपनी लगातार छठी जीत के साथ, एमआई ने खिताब के दावेदार के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

जिस तरह से हमने बल्लेबाजी की, और हमने गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन किया - तो यह बिल्कुल (एक बेहतरीन मैच) था। हम 15 रन और बना सकते थे। हम एक-दूसरे से यही कहना चाह रहे थे कि प्रतिशत शॉट खेलें। सूर्या और मैंने कहा कि शॉट का महत्व है... रो और रायन ने भी इसी तरह बल्लेबाजी की। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल शानदार था। यह कभी भी लोगों को मौके मिलने के बारे में नहीं है; यह इस बारे में है कि स्थिति में क्या आवश्यक है। लोग बल्लेबाजी की ओर वापस जा रहे हैं। एक समूह के रूप में, हमने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह उचित बल्लेबाजी थी। पांड्या ने मैच के बाद प्रस्तुति समारोह में कहा कि मुझे नहीं पता कि (गेंदबाजों में से) किसका उल्लेख करना है। हर कोई वास्तव में स्पष्ट है। हम साधारण क्रिकेट की ओर वापस जा रहे हैं, और यह इसके लिए काम कर रहा है। हम इसे मैच दर मैच लेना चाहते हैं, और विनम्र और अनुशासित रहना चाहते हैं। रिकलटन, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, ने कहा कि मुंबई के लिए प्रदर्शन करना उनके लिए एक शानदार रात थी। मेरे परिवार के लोग भी यहां हैं, इस सप्ताह यहां आएंगे। वाकई बहुत बढ़िया सप्ताह रहा। शुरुआत थोड़ी धीमी रही। हम साझेदारी के तौर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मौसम के साथ, हम अनिश्चित थे। शायद यही बात आईपीएल (परिस्थितियों के अनुकूल ढलना) की है। टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर में मैं बहुत ज्यादा करने की कोशिश करने के लिए दोषी था। हमारे पास एक बेहतरीन थिंक टैंक, वरिष्ठ खिलाड़ी और प्रबंधन समूह है। ट्रेंट बोल्ट, जिन्होंने तीन विकेट लिए, ने कहा कि उन्हें खुशी है कि एमआई अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू कर सका। एक इकाई के तौर पर, इससे ज्यादा की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## पाक क्रिकेटरों पर भारत की डिजिटल स्ट्राइक

# बाबर आजम, रिजवान और शाहीन के इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। भारत ने शीर्ष पाकिस्तानी क्रिकेटरों पर डिजिटल स्ट्राइक करते हुए बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट घातक पहलगाम आतंकी हमले के बाद ब्लॉक कर दिए हैं, इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। ये तीनों वर्तमान में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2025 में भाग ले रहे हैं, तथा क्रमशः पेशावर जाल्मी, मुल्तान सुल्तान और लाहौर कलंदर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालांकि, भारतीय उपयोगकर्ता अब उनके इंस्टाग्राम पेजों तक नहीं पहुंच सकते हैं, जिसमें देश में सामग्री को प्रतिबंधित करने के कानूनी अनुरोध के अनुपालन का हवाला देते हुए एक संदेश है। यह कदम कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद व्यापक कार्रवाई के हिस्से के रूप में उठाया गया है, जहां पहलगाम के पर्यटन स्थल के पास एक घास के मैदान में बंदूकधारियों द्वारा की गई गोलीबारी में 25 पर्यटक और एक कश्मीरी स्थानीय मारे गए थे। जवाब में, भारत सरकार ने महत्वपूर्ण भारतीय अनुसरण वाले पाकिस्तानी सोशल मीडिया खातों को प्रतिबंधित करना शुरू कर दिया है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम का इंस्टाग्राम अकाउंट भी गुरुवार को भारत में ब्लॉक कर दिया गया। पेरिस ओलंपिक में भारत के नीरज चोपड़ा को हराने वाले नदीम ने हाल ही में 24 मई को बेंगलुरु में होने वाले चोपड़ा के एनसी क्लासिक भाला फेंक इवेंट में भाग लेने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया था इस सप्ताह की शुरुआत में, कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को भी भारत में कि भड़काऊ और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री का प्रसार' और 'भारत, उसकी सेना और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ गलत सूचना' के लिए रोक दिया गया था।

## सुदर्शन को भारतीय टीम में शामिल किया जाए : शास्त्री

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने गुजरात टाइटन्स के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन को इंग्लैंड में आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल करने की मांग की है। 23 वर्षीय सुदर्शन ने मौजूदा आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। सुदर्शन ने आईपीएल 2025 में नौ मैचों में 456 से अधिक रन बनाए हैं और वह ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदार हैं। वह मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव (11 मैचों में 475 रन) से पीछे हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पांच अर्धशतक लगाए हैं और टाइटन्स को लीग चरण के अंतिम दो सप्ताह में शीर्ष चार में अपनी स्थिति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आईसीसी रिव्यू के नवीनतम एपिसोड में बोलते हुए शास्त्री ने सुदर्शन का समर्थन किया, जिन्होंने भारत के लिए तीन वनडे मैच खेले हैं, लेकिन अभी तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है और उन्हें भारत के लिए भविष्य का ऑल-फॉर्मेट खिलाड़ी बताया। शास्त्री ने कहा कि मैं इस युवा खिलाड़ी साई सुदर्शन को खेल के सभी प्रारूपों में खेलते हुए देखता हूं। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी लगता है और मेरी नजरें निश्चित रूप से उस पर होंगी।

# हमने कई छोटी-छोटी गलतियां की : पराग



■ इस हार के साथ आरआर आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई

**जयपुर,** 2 मई (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान रियान पराग के मुताबिक, मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मिली बड़ी हार के पीछे उनकी टीम की 'कई छोटी-छोटी गलतियां' जिम्मेदार थीं। इस हार के साथ आरआर आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई।

प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए आरआर को हर हाल में जीत की जरूरत थी, लेकिन टीम हर विभाग में पिछड़ गई। पराग को उम्मीद है कि बाकी बचे सीजन में उनकी टीम बेहतर प्रदर्शन करेगी।

पराग ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है हमने कई चीजें सही कीं और कई गलतियां भी कीं। हम उन चीजों पर ध्यान देना चाहते हैं जो हमने सही की हैं। बहुत सारी गलतियां की गईं, उसमें कई छोटी-छोटी गलतियां भी शामिल था, हमें इस पर ध्यान देना होगा कि इन्हें दोबारा न दोहराएं, साथ ही हम अच्छी चीजों पर भी फोकस करें। हमारे कुछ मैच बहुत करीबी रहे हैं। उम्मीद है कि अगले तीन मैचों में जब हमें फिर से ऐसे ही मौके मिलें, जैसे पहले 10-11 मैचों में मिले थे, तो हम वहां बेहतर प्रदर्शन कर सकें। भले ही आरआर ने पहले गेंदबाजी करते हुए 217 रन दे दिए थे, लेकिन निश्चित रूप से उनके पास जीतने का मौका था। पिछले कुछ मैचों में यशस्वी जायसवाल और 14 साल के वैभव सूर्यवंशी की शुरुआती साझेदारियां (166, 52 और 85 रन) काफी अच्छी थीं। लेकिन इस बार वैसा नहीं हो सका। दीपक चाहर ने सूर्यवंशी को पहली दो गेंदों में ही आउट कर दिया। इसके बाद ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह ने कहर ढाया और पावरप्ले के अंत तक आरआर का स्कोर 5 विकेट पर 62 रन था। पराग ने खुद और मिडिल ऑर्डर की जिम्मेदारी लेते हुए माना कि वे इस चुनौती को पार नहीं कर पाए। पराग ने कहा कि हम अच्छी शुरुआत कर रहे हैं, लेकिन मिडिल ऑर्डर-खासकर मेरी और ध्रुव (जुरेल) - की जिम्मेदारी बनती है कि जब पावरप्ले में विकेट गिरें तो हम पारी को संभालें। हम ऐसा नहीं कर पाए। लेकिन अगर अगली बार फिर ऐसी स्थिति आई, तो हमें उस चुनौती के लिए तैयार रहना होगा।

## सार संक्षेप

### बंग दर्शन और शास्त्री का विजय अभियान जारी

**नई दिल्ली।** आशीष और सौरभ रावत क़े दर्शनीय गोलों की मदद से बंग दर्शन एफसी ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2 -1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग के रोमांचक मैच में पूरे अंक अर्जित किये ।नेहरू स्टेडियम में खेले गए उतारचढाव वाले इस मुकाबले में पराजित टीम का गोल जांगूनहाओ ने किया मैच के सभी गोल आकर्षक रहे। उधरअम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन मुकाबले में शास्त्री एफसी ने भारतीय वायुसेना को 4-2 से परास्त किया। विजेता की जीत का आकर्षण एंडी जाखरी के दो गोल रहे। गोपी सिंह और वाशलांग दखार ने एक-एक गोल जमाए। वायुसेना के गोल समुएल वनलाल्पेका और अमन खान ने किए। युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय वायुसेना ने पहले हाफ में दमदार प्रदर्शन किया लेकिन जैसे जैसे खेल आगे बढ़ा वायुसैनिकों की अनुभवहीनता भारी पड़ने लगी।

### अर्नाल्डी को हराकर जैक ड्रेपर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड।** ब्रिटेन के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने इटली के माटेओ अर्नाल्डी को हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ड्रेपर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी को 6-0, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। ड्रेपर का सेमीफानइल में मुकाबला इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। मैच के बाद ड्रेपर ने कहा कि मैं हर बार खेलने पर स्वयं को मजबूत महसूस करता हूं। मैं सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छा कर रहा हूँ और उम्मीद है कि यह आगे भी जारी रहेगा।

# आप घर का बना खाना खाकर ही फिट रह सकते हैं : रमनदीप



सौभाग्य से, मुझे एक ऐसे पिता का आशीर्वाद मिला है जो एक अंतरराष्ट्रीय साइकिल चालक हैं : रमनदीप

**कोलकाता,** 2 मई (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रमनदीप सिंह ने अपनी फिटनेस व्यवस्था, पोषण दर्शन और दैनिक दिनचर्या के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की, जो उन्हें शीर्ष प्रदर्शन पर रखती है। चंडीगढ़ में एक अंतरराष्ट्रीय साइकिल चालक पिता के साथ पले-बढ़े रमनदीप को पोषण को समझने में एक शुरुआत मिली। केकेआर की फिटनेस सीरीज 'ट्रेन लाइक ए नाइट' में रमनदीप ने खुलासा किया कि सौभाग्य से, मुझे एक ऐसे पिता का आशीर्वाद मिला है जो एक अंतरराष्ट्रीय साइकिल चालक हैं। इसलिए, वह मुझे शुरू से ही आहार के बारे में बहुत कुछ सिखाते रहे हैं। इस प्रारंभिक शिक्षा ने मांसाहारी भोजन और डेयरी उत्पादों के महत्व पर जोर दिया, जो उनके आहार का मुख्य हिस्सा रहे हैं। केकेआर के बल्लेबाज ने बताया कि वह हर दिन की शुरुआत पारंपरिक देसी घी से करते हैं, उसके बाद '2 पूरे अंडे, 3 अंडे की सफेदी, पूरी गेहूं की रोटी और दही' से बना एक सरल लेकिन पौष्टिक नाश्ता करते हैं। पोषण के प्रति यह सीधा दृष्टिकोण उनके इस विश्वास को रेखांकित करता है कि फिटनेस के लिए विदेशी सामग्री या जटिल भोजन योजनाओं की आवश्यकता नहीं होती है। शायद रमनदीप के पोषण दर्शन का सबसे खास पहलू घर के बने खाने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आप घर का बना खाना खाकर ही फिट रह सकते हैं। मेरा यही मानना है कि आप जो भी खाना चाहते हैं, उसे घर पर ही पकाएं। आप फैंसी रेस्टोरेंट में जाकर फिट नहीं रह सकते। वह स्वस्थ खाने के लिए एक सरल दृष्टिकोण की वकालत करते हैं जिसका कोई भी पालन कर सकता है: चीनी, तला हुआ खाना और आटा। अगर आप इन तीन चीजों को छोड़ देते हैं, तो आपका 90त्न भोजन खुद ही ठीक हो जाएगा। जो लोग अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करना चाहते हैं, उनके लिए रमनदीप पुश-अप, स्क्वैट्स और पुल-अप जैसे बॉडीवेट व्यायाम की सलाह देते हैं ।

## केकेआर के लिए एक बार में एक मैच पर नजर रखना महत्वपूर्ण : रहाणे

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 के लिए प्लेऑफ की दौड़ में अब चार स्थानों के लिए केवल आठ टीमें ही बची हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के दौड़ से बाहर होने के बाद, गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) पर अब हर मैच में अपनी ताकत बढ़ाने की जिम्मेदारी है, अगर वे प्लेऑफ में प्रवेश करना चाहते हैं और अपना खिताब बरकरार रखना चाहते हैं। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने स्वीकार किया कि उनकी टीम का तत्काल लक्ष्य आरआर और सीएसके के खिलाफ अपने बैक-टू-बैक घरेलू मैचों से क्वालीफाई करना और प्लेऑफ में पहुंचना है। केकेआर, वर्तमान में नौ अंकों के साथ, मौजूदा सत्र में केवल एक घरेलू मैच जीत पाया है, जो आरआर और सीएसके के खिलाफ उनके मुकाबलों को जीतना जरूरी बनाता है।

## नीतीश और वैभव पर खर्च किए गए पैसे को कुछ अच्छे गेंदबाजों पर लगाया होता : मुकुंद



■ मुकुंद ने कहा कि पिछली बार उनके पास आवेश खान, चहल, अश्विन, ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा थे। ये पांच उचित, भरोसेमंद गेंदबाज हैं

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां) राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के मुंबई इंडियंस (एमआई) से 100 रन से हारने और आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के बाद, भारत के पूर्व बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने कहा कि अगर उन पर निर्भर होता, तो फ्रेंचाइजी ने नीतीश राणा और वैभव सूर्यवंशी को खरीदने पर जो पैसा खर्च किया, उसे कुछ अच्छे गेंदबाजों को खरीदने में लगाया होता। नीलामी से पहले, आरआर ने ट्रेंट बोल्ट, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल और आवेश खान को जाने दिया था। इसके अलावा, आरआर ने उन्हें नीलामी में वापस नहीं खरीदा और इसके बजाय जोफ्रा आर्चर, वानिंदु हसरंगा, महेश दीक्षाना, तुषार देशपांडे, कुमार कार्तिकेय सिंह और आकाश मधवाल को लाया, इसके अलावा संदीप शर्मा को भी रिटेन किया - जिनमें से सभी बेहतरीन फॉर्म में नहीं हैं। उनके पास एक अच्छा गेंदबाज है और जिस पर उन्होंने सबसे ज्यादा पैसे खर्च किए हैं, वह आर्चर है। दुर्भाग्य से, उनके भारतीय पिक सही नहीं रहे। तुषार देशपांडे को इस विशेष मैच के लिए बेंच पर बैठाया गया; उन्हें बहुत ज्यादा पैसे, 6.5 करोड़ रुपये में खरीदा गया। लेकिन फिर, आपने दो और बल्लेबाजों में निवेश किया- नीतीश राणा (4.2 करोड़) और वैभव सूर्यवंशी (1.1 करोड़)। मैं चाहे जितना भी सोचूं, मैं उन्हें (उस पैसे में) नहीं खरीदता। मैं उस पैसे को कुछ अच्छे गेंदबाजों में निवेश करता। ईएसपीएनक्रिकइन्फो पर मुकुंद ने कहा कि पिछली बार उनके पास आवेश खान, चहल, अश्विन, ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा थे। ये पांच उचित, भरोसेमंद गेंदबाज हैं।

### सुडोकू 6901 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 8 | 5 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 | 5 |

# भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया टूर के समापन पर



■ अभी तक भारत को इस दौरे पर जीत नहीं मिली है, लेकिन आखिरी दो मैचों में वापसी का अच्छा मौका है

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम अपने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। इस मुकाबले में उन्हें ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम का सामना करना है, जो एक चुनौतीपूर्ण मुकाबला होगा। टीम लगातार मेहनत कर रही है ताकि वह बेहतरीन खेल दिखा सके। इस दौरे का एक मकसद यह भी है कि आने वाले वर्ल्ड कप और इस साल के अंत में यूरोप में होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग के लिए टीम नई रणनीतियां और संयोजन आजमा सके। अभी तक भारत को इस दौरे पर जीत नहीं मिली है, लेकिन आखिरी दो मैचों में वापसी का अच्छा मौका है। 26 सदस्यीय भारतीय टीम की कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर हैं। अब तक टीम ने ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ एक मैच खेला है जिसमें उन्हें 0-2 से हार मिली। इसके पहले, भारत ने ऑस्ट्रेलिया ए टीम के साथ दो अभ्यास मैच भी खेले थे, लेकिन कड़ा संघर्ष करने के बावजूद उन्हें जीत नहीं मिल सकी। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह की कोशिश है कि इन अंतिम दो मैचों में टीम की कमजोरियों को सुधारा जाए और उसकी ताकतों को और मजबूत किया जाए। यह टीम अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मेल है। कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने अच्छी प्रगति की है। भले ही ऑस्ट्रेलिया में अब तक नतीजे अनुकूल न रहे हों, लेकिन टीम भविष्य की तैयारियों में लगी है। अटैक और डिफेंस दोनों में टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन दिखाया है। कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम कड़ी मेहनत कर रही है ताकि एक मजबूत टीम बन सके।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +0.274 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.521 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 13 | +0.199 |
| 4- | गुजरात टाइटंस | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.748 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 10 | 4 | 5 | 9 | +0.271 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.349 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.103 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 2 | 8 | 4 | -1.211 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 4.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.62 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.65 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.51 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.21 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 2.04 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.61 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.36 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 0.85 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 92,629 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,100 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# भारत का निर्यात 6 प्रतिशत बढ़कर सर्वकालिक उच्च स्तर पर : आरबीआई

- द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर पहुंचने के बेहतर चरण में भारत और अमेरिका
- सेवा निर्यात ने विकास की गति को जारी रखा



**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2025 में 824.9 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया है, जिसमें मार्च 2025 के लिए सेवा व्यापार भी शामिल है। यह पिछले वर्ष के 778.1 बिलियन डॉलर के निर्यात आंकड़े की तुलना में 6.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

सेवा निर्यात ने विकास की गति को जारी रखा, जो वित्त वर्ष 2025 में 387.5 बिलियन डॉलर के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह पिछले वर्ष के 341.1 बिलियन डॉलर से 13.6 प्रतिशत अधिक है। आरबीआई के लेटेस्ट आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च 2025 के लिए, सेवा निर्यात 35.6 बिलियन डॉलर रहा, जो मार्च 2024 में 30.0 बिलियन डॉलर की तुलना में 18.6 प्रतिशत की सालाना वृद्धि को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 में पेट्रोलियम उत्पादों को छोड़कर व्यापारिक निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 374.1 बिलियन डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2024 के 352.9 बिलियन डॉलर से 6 प्रतिशत अधिक है। यह अब तक का सबसे अधिक वार्षिक गैर-पेट्रोलियम व्यापारिक निर्यात है।

वाणिज्य मंत्रालय से 15 अप्रैल को जारी पहले के आंकड़ों में अनुमान लगाया गया था कि 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान भारत का वस्तुओं और सेवाओं का कुल निर्यात 5.5 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 820.93 बिलियन डॉलर हो गया।

हालांकि, उस समय आरबीआई ने सेवाओं के निर्यात के वास्तविक आंकड़े संकलित नहीं किए थे और निर्यात की गणना के लिए एक अनुमानित अनुमान का उपयोग किया था। अब वास्तविक आंकड़े आने के साथ, कुल मूल्य में वृद्धि दर्ज की गई है। इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी टैरिफ में बढ़ोतरी से विश्व व्यापार पर असर पड़ने की आशंका है, जबकि भारत और अमेरिका जल्द ही द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर पहुंचने के बेहतर चरण में हैं।

## पूनम गुप्ता ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नई डिप्टी गवर्नर डॉ. पूनम गुप्ता ने शुक्रवार को पदभार संभाला और अब वे केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का हिस्सा होंगी। केंद्र सरकार ने उन्हें 2 अप्रैल को डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था। पदभार ग्रहण करने के दिन से उनका कार्यकाल तीन वर्ष या अगले आदेश तक रहेगा। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और उतार-चढ़ाव वाली मुद्रास्फीति दरों के बीच डॉ. गुप्ता की विशेषज्ञता महत्वपूर्ण होगी। आरबीआई के एक बयान के अनुसार, डिप्टी गवर्नर के रूप में डॉ. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतरराष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी। इससे पहले, डॉ. गुप्ता नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक थीं, जो आर्थिक विकास, इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर, केंद्रीय बैंकिंग, मैक्रो आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर काम करती थीं। उन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य और 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के संयोजक के रूप में भी कार्य किया।

# नीति आयोग व जीएएमई ने की साझेदारी




- सहयोग लोकेशन-बेस्ड हस्तक्षेपों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। नीति आयोग ने शुक्रवार को भारत के राज्यों में वाइब्रेंट आंत्रप्रेन्योरशिप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए ग्लोबल अलायंस फॉर मास आंत्रप्रेन्योरशिप (जीएएमई) के साथ साझेदारी की। यह सहयोग लोकेशन-बेस्ड हस्तक्षेपों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसकी शुरुआत नागपुर, विशाखापत्तनम और उत्तर प्रदेश में पायलट साइट्स से होगी।

इस सहयोग का उद्देश्य सरकार, कॉरपोरेट, शैक्षणिक संस्थान, वित्तीय संस्थान, चैंपियन उद्यमी और सामुदायिक संगठनों सहित उस विशेष क्षेत्र के आंत्रप्रेन्योरशिप इकोसिस्टम में प्रासंगिक स्थानीय हितधारकों को एक साथ लाकर स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाना है।

नीति आयोग में इंडस्ट्री/एमएसएमई वर्टिकल के कार्यक्रम निदेशक इश्तियाक अहमद ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण सभी क्षेत्रों में एंड-टू-एंड सुविधा और सहयोग पर आधारित है। स्थानीय उद्यमियों और चैंपियनों के साथ मिलकर काम करने, उनकी जरूरतों को समझने, उनकी चुनौतियों का समाधान करने में उनका समर्थन करने के लिए बॉटम-अप अप्रोच का लाभ उठाने की आवश्यकता है। इस साझेदारी के तहत, पायलट साइट्स जीएएमई की सिद्ध पद्धतियों को लागू करेंगी, जो उद्यमियों को व्यवसाय शुरू करने और बढ़ाने में सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। इन हस्तक्षेपों में वित्त तक पहुंच, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, नीति वकालत और समुदाय-संचालित पहल शामिल हैं। साझेदारी का अंतिम लक्ष्य आत्मनिर्भर इकोसिस्टम बनाना है।

# सोने की कीमत में बड़ी गिरावट 93,500 के नीचे पहुंचा दाम



- इस हफ्ते सोने की कीमत करीब 2,200 रुपए कम हो गई

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। सोने की कीमतों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई और 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव गिरकर 93,500 रुपए के नीचे आ गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 968 रुपए कम होकर 93,393 रुपए हो गई है। यह पहले 94,361 रुपए थी।

वहीं, चांदी की कीमत 86 रुपए बढ़कर 94,200 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 94,114 रुपए प्रति किलो थी। हाल के दिनों में सोने की कीमतों में तेज गिरावट देखने को मिली है। इस हफ्ते सोने की कीमत करीब 2,200 रुपए कम हो गई है। 22 अप्रैल को 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव अब तक के उच्चतम स्तर 1,00,000 रुपए को छू गया है। इसके अतिरिक्त, 22 कैरेट के सोने की कीमत 91,115 रुपए प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट के सोने का भाव 83,120 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट के सोने की कीमत कम होकर 75,650 रुपए हो गई है।

# अप्रैल में मैन्युफैक्चरिंग 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची



- निर्यात व घरेलू मांग में इजाफा होना है मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में बढ़त की वजह

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। भारत का मैन्युफैक्चरिंग परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अप्रैल में 10 महीने के उच्चतम स्तर 58.2 पर पहुंच गया है, जो कि पिछले महीने 58.1 पर था। यह जानकारी शुक्रवार को जारी किए एचएसबीसी इंडिया सर्वे में दी गई। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में बढ़त की वजह निर्यात और घरेलू मांग में इजाफा होना है। जब भी पीएमआई 50 के ऊपर होता है तो यह मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में बढ़त को दर्शाता है और जब भी यह इसके नीचे होता है तो मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में गिरावट होती है।

सर्वेक्षण में कहा गया है कि कंपनियों ने वृद्धि का श्रेय बेहतर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग को दिया। जनवरी को छोड़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत में विदेश से आने वाला नया व्यवसाय 14 वर्षों में सबसे अधिक तेजी से बढ़ा है।

एचएसबीसी इंडिया के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि अप्रैल में नए निर्यात ऑर्डर में वृद्धि भारत के उत्पादन में संभावित बदलाव का संकेत है, क्योंकि व्यवसाय उभरते व्यापार परिदृश्य और यूएस द्वारा टैरिफ घोषणाओं के अनुकूल खुद को ढाल रहे हैं। सभी सेक्टरों की कंपनियों में कंज्यूमर गुड्स कंपनियों ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की। नए व्यवसाय में तेज वृद्धि के साथ उत्पादन में भी बढ़ोतरी हुई है।

भंडारी ने कहा कि मजबूत ऑर्डरों के कारण मैन्युफैक्चरिंग उत्पादन में वृद्धि दस महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इनपुट लागत में भी वृद्धि हुई, लेकिन मार्जिन पर प्रभाव आउटपुट कीमतों में बहुत अधिक तेजी से ऑफसेट हो गया है।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 688 बिलियन डॉलर के पार

**मुंबई।** आरबीआई के शुक्रवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार आठवें सप्ताह बढ़कर 25 अप्रैल तक 688.13 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 1.98 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई। भंडार का विदेशी मुद्रा घटक 2.17 बिलियन डॉलर बढ़कर 580.66 बिलियन डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार का स्वर्ण भंडार घटक 207 मिलियन डॉलर घटकर 84.37 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 21 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.59 बिलियन डॉलर हो गया। रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद करने के लिए आरबीआई के पुनर्मूल्यांकन और विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप से पिछले महीनों में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख अब पिछले दो महीनों में उलट गया है। इससे पहले, सितंबर 2024 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### ऑडी की कारें होंगी 2 प्रतिशत तक महंगी

**मुंबई।** जर्मन लग्जरी कार निर्माता ऑडी ने भारत में अपने सभी मॉडल रेंज की कीमतों में 2 प्रतिशत तक वृद्धि करने की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में यह घोषणा की। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा कि हम विनिमय दर और इनपुट लागत में वृद्धि के कारण 2 प्रतिशत तक की कीमत समायोजन लागू कर रहे हैं। यह सुधार ऑडी इंडिया और हमारे डीलर भागीदारों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। हम अपने मूल्यवान ग्राहकों पर मूल्य वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कंपनी भारतीय बाजार में ऑडी ए4, ऑडी ए6, ऑडी क्यू3, ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक, ऑडी क्यू5, ऑडी क्यू7, ऑडी क्यू8, ऑडी एस5 स्पोर्टबैक, ऑडी आरएस क्यू8, ऑडी क्यू8 ई-ट्रॉन, ऑडी क्यू8 स्पोर्टबैक ई-ट्रॉन, ऑडी ई-ट्रॉन जीटी और ऑडी आरएस ई-ट्रॉन जीटी का विक्रय करती है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया सात महीनों के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी का दौर जारी है और शुक्रवार को यह 40 पैसे की तेजी के साथ 84 के स्तर के नीचे पहुंच गया। यह सात महीनों में पहला मौका है जब डॉलर की तुलना में रुपया इस स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले स्थानीय मुद्रा की शुरुआत 84.09 के स्तर पर हुई और शुरुआती कारोबार में ही यह 83.90 के स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले के सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया 84.49 पर बंद हुआ था। बाजार के जानकारों के मुताबिक, भारतीय शेयर बाजार में डेट और इक्विटी में विदेशी निवेश बढ़ने और अमेरिका एवं भारत के बीच व्यापार वार्ता को लेकर सकारात्मक अपडेट के कारण डॉलर के मुकाबले रुपए को सहारा मिल रहा है।

# लिवाली के बदौलत शेयर बाजार में तेजी

- सेंसेक्स 259.75 अंकों की बढ़त के साथ 80501.99 पर रहा
- निफ्टी 12.50 अंक बढ़कर 24346.70 पर बंद




**मुंबई,** 2 मई (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर सर्विसेस, एनर्जी, तेल एवं गैस और टेक जैसे समूहों की कंपनियों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार सप्ताहांत पर उतार चढ़ाव के बीच बढ़त बनाने में सफल रहा। शुक्रवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 259.75 अंकों की बढ़त के साथ 80501.99 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 12.50 अंक बढ़कर 24346.70 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में जहां लिवाली देखी गई वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली का दबाव दिखा जिसके कारण बीएसई का मिडकैप 0.41 प्रतिशत टूटकर 42707.87 अंक पर और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत फिसलकर 47365.54 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल समूहों में से बढ़त में रहने वालों में सर्विसेस 1.67 प्रतिशत, तेल एवं गैस 0.69 प्रतिशत, एनर्जी 0.57 प्रतिशत, टेक फोक्सड 0.49 प्रतिशत और आईटी 0.45 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। गिरावट में रहने वालों में टेलीकम्युनिकेसंस 2.06 प्रतिशत, सीडी 1.66 प्रतिशत, पावर 0.96 प्रतिशत, रियल्टी 0.56 प्रतिशत और धातु 0.62 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई में कुल 4085 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2183 लाल निशान में जबकि 1761 हरे निशान में दिखी और 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर चीन के शंघाई कंपोजिट 0.23 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख समूहों में तेजी रही जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.76 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 1.75 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.04 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.74 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का सेंसेक्स 58 अंकों की बढ़त के साथ 80300.19 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 81177.93 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो गयी जिसके दबाव में यह 80168.59 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 80242.24 अंकों की तुलना में 0.32 प्रतिशत अर्थात 259.75 अंक बढ़कर 80501.99 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 19 कंपनियां हरे निशान में रही जबकि 11 कंपनियां लाल निशान में दिखी। एनएसई का निफ्टी 23 अंकों की गिरावट के साथ 24311.90 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 24589.15 अंक के उच्चतम और 24238.50 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 24334.20 अंकों की तुलना में 12.50 अंक अर्थात 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24346.70 अंक पर रहा।

एनएसई में कुल मिलाकर 2938 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1192 बढ़त में और 1651 गिरावट में रही जबकि 95 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस दौरान निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 32 को नुकसान हुआ जबकि 18 को लाभ हुआ।

# कैप्टिव और कमर्शियल खदानों से कोयला उत्पादन अप्रैल में 14.01 मिलियन टन रहा



**देश में कोयला उत्पादन मजबूत बना हुआ**

**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। कैप्टिव और कमर्शियल खदानों से कोयला उत्पादन अप्रैल में 14.01 मिलियन टन (एमटी) रहा है। वहीं, कोयला डिस्पैच 16.81 एमटी तक पहुंच गया है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई। यह आंकड़े दिखाते हैं कि देश में कोयला उत्पादन मजबूत बना हुआ है और बिजली उत्पादन के लिए थर्मल पावर प्लांट को आसानी से कोयला मिल रहा है।

कोयला मंत्रालय ने इस सफलता का श्रेय नीतिगत हस्तक्षेप, गहन निगरानी, परिचालन मंजूरी में तेजी लाने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए पक्षकारों के सहयोग को दिया। इस उपलब्धि में प्रमुख योगदान नए कोयला ब्लॉकों का है।

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के कोटरे बसंतपुर पचमो ब्लॉक से 15 अप्रैल, 2025 को परिचालन शुरू हो गया है इसकी पीक रेटेड क्षमता (पीआरसी) 5 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (ओपनकास्ट) है।

सिंगारेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के नैनी कोयला ब्लॉक ने 16 अप्रैल को परिचालन शुरू किया है। इसकी पीआरसी 10 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (ओपनकास्ट) है। इस साल अप्रैल के दौरान भारत में कुल कोयला उत्पादन 81.57 मिलियन टन (एमटी) तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में उत्पादित 78.71 एमटी से 3.63 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल के दौरान भारत का कुल कोल डिस्पैच 86.64 मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जो अप्रैल 2024 के दौरान दर्ज 85.11 मीट्रिक टन से लगातार वृद्धि दर्शाता है।

# खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में रहा टिकाव



**नई दिल्ली,** 2 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सोया रिफाइंड, पॉम आयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, वनस्पति तेल और सूरजमुखी तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# एचपीसीएल व एडनॉक ट्रेडिंग ने प्रथम एलएनजी ट्रेडिंग आपूर्ति समझौते पर किए हस्ताक्षर



- साझेदारी एडनॉक ट्रेडिंग को एचपीसीएल के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में करती है स्थापित

**नई दिल्ली,** 2 मई (देशबन्धु)। भारत की अग्रणी ऊर्जा कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) तथा कच्चे तेल, एलएनजी और अन्य उत्पादों के अग्रणी व्यवसायी संगठन एडनॉक ट्रेडिंग ने एलएनजी ट्रेडिंग आपूर्ति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता दोनों संगठनों के बीच कार्यनीतिक साझेदारी में एक महत्वपूर्ण कदम है जो ऊर्जा सुरक्षा एवं संधारणीयता को संवर्धित करता है।

पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एचपीसीएल एलएनजी लिमिटेड द्वारा हाल ही में आरंभ छारा एलएनजी टर्मिनल पर एलएनजी प्राप्त की जाएगी, ताकि एचपीसीएल की कैप्टिव मांग को पूरा किया जा सके और अन्य डाउनस्ट्रीम ग्राहकों को इसका विपणन भी किया जा सके। वर्तमान में छारा एलएनजी टर्मिनल में दो समान आकार के एलएनजी टैंकों में 400,000 घनमीटर एलएनजी की सकल भंडारण क्षमता के साथ कुल 5 एमएमटीपीए की पुनर्गैसीकरण क्षमता है ।

एचपीसीएल और एडनॉक ट्रेडिंग के बीच यह समझौता भारत एवं यूएई के बीच गहरे होते आर्थिक संबंधों को रेखांकित करता है जो भारत के ऊर्जा परिवर्तन में सहायता करने में एलएनजी की भूमिका को बल प्रदान करेगा। यह साझेदारी एडनॉक ट्रेडिंग को एचपीसीएल के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करती है जिससे भारत के प्रमुख ऊर्जा संगठनों को अपने आपूर्ति पोर्टफोलियो में विविधता लाने तथा दीर्घकालिक ऊर्जा समाधान प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# हवाई सफर का मज़ाः पॉकेट फ्रेंडली फनफेयर एयरलाइंस डिज्नीलैंड मेले में

**रायपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। अग्रसेन चौक, तेलघानी नाका के पास स्थित भैंसथान में रायपुरवासियों के मनोरंजन प्रेमियों के लिए एक शानदार अवसर का आगाज हो चुका है। गर्मी की छुट्टियों में लगा 'फनफेयर एयरलाइंस' का यह रंगारंग मेला बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए मनोरंजन का अनूठा संगम बनकर शहरवासियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

इस मेले की खासियत इसका थीम आधारित 'फनफेयर एयरलाइंस' है, जिसमें आगंतुकों को विमान की उड़ान के रोमांचक अनुभव की थीम के साथ विभिन्न प्रकार के झूले, राइड्स और खेल गतिविधियाँ मिलेंगी। मेले में प्रवेश द्वार के रूप में विशाल एरोप्लेन बनाया गया है, जिसमे चढ़ते ही ऐसा एहसास होता है मानो हवाई अड्डे पर आ गए हैं और उसके अंदर का दृश्य एक विशाल विमान के समान लगता है, खासकर बच्चे इसे काफी एन्जॉय कर रहे हैं।

मेले के मुख्य आकर्षण में विशाल डबल डिस्क फ्रीजबी राइड, विशाल झूले, ड्रैगन ट्रेन और फेरिस व्हील (जायंट व्हील) जैसे रोमांचकारी झूले शामिल हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के लिए रोमांच और उत्साह का यह केंद्र बना हुआ है। डबल डिस्क फ्रीजबी राइड इस मेले की सबसे रोमांचक राइड्स में से एक है। यह झूला गोलाकार प्लेटफॉर्म पर तेज़ गति से घूमते हुए ऊपर-नीचे झूलता है, जिससे उड़ान जैसा रोमांच महसूस होता है। युवाओं और रोमांच प्रेमियों के बीच यह राइड विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि हर झूले की दर 60 रुपये के अंदर ही है, इस प्रकार यह एक पॉकेट फ्रेंडली मेला है.



मेले के संचालक के अनुसार, यहाँ मनोरंजन के साथ-साथ खानपान और खरीदारी के भी बेहतरीन इंतजाम किए गए हैं। देशी-विदेशी झूलों के अद्भुत संगम के साथ स्वादिष्ट स्ट्रीट फूड, चाट-पकोड़ी, आइसक्रीम और अन्य व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। साथ ही, कपड़े, खिलौने, हस्तशिल्प और घरेलू वस्तुओं की खरीदारी के लिए भी यहाँ विशेष स्टॉल्स मौजूद हैं। यह मेला न केवल बच्चों और युवाओं बल्कि पूरे परिवार के लिए गर्मी की छुट्टियों का भरपूर आनंद लेने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। आयोजकों ने बताया कि मेला स्थल पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए झूलों की तकनीकी जांच की गई है, साथ ही सुरक्षा की भी व्यवस्था की गई है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाए रखने हेतु पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी की गई है। पहले दिन ही भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखने को मिली। आयोजकों ने रायपुरवासियों से अपील की है कि वे परिवार एवं मित्रों के साथ इस अनूठे मेले में पहुँचकर मनोरंजन का भरपूर आनंद लें और गर्मियों की छुट्टियों को यादगार बनाएं। फनफेयर एयरलाइंस डिज्नीलैंड मेला प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक खुला रहेगा।

## AFFIDAVIT

1. Brajesh Kumar Shukla, aged about 43 years S/o Shri Shivdutt Shukla, R/o Ward No. 45, Mahaveer Nagar, Gulmohar Vatika, Rani Durgawati Ward, VTC Purena (Amlidih), PO: Ravigram, Raipur, Dist. Raipur, Chhattisgarh 492001 INDIA do hereby solemnly affirm & deglare on oath as under:
1. That, my name and residential address are as above true and correct.
2. That, in my Daughter Aradhya Shukla Date of birth 25/06/2010 and in her school of SALEMENGLISH SCHOOL, RAIPUR, C.G Affiliated from INDIAN CERTIFICATE OF SECONDARY EDUCATION (ICSE).
3. That, in her Aadhar his her name has been mentioned as which is her true, correct and complete name.
4. That, name of my daughter is ARADHYA SHUKLA instead of AARADHYA SHUKLA.
5. That, this affidavit is being produced before the competent authority WHOMSO EVER IT MAY CONCERN all Govt. Semi-Government etc regarding the name of my daughter is ARADHYA SHUKLA instead of AARADHYA SHUKLA.
6. the in case my above statements are found false I shall be solely responsible for the same.

**Deponent**

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202504114900091/अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70
रायपुर, दिनांक 29.04.2025

मैं शपथकर्ती देवली बाई विधवा पत्नी सेना संख्या – 6392019A पूर्वसैनिक हवलदार (एम ए सी पी नायब सूबेदार) (HAV / MACP NB SUB) स्वर्गीय श्री बुधारू (LATE BUDHARU), निवासी – LAL BAHADUR NAGAR, DONGARGARH RAJNANDGAON, CHHATTISGARH – 491557 की हूं, जो की निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करती हूं।(अ) यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं। (ब) यह कि मैं देवली बाई विधवा पत्नी पूर्वसैनिक हवलदार (एम ए सी पी नायब सूबेदार) (HAV / MACP NB SUB) स्वर्गीय श्री बुधारू (LATE BUDHARU) की पत्नी हूं सेना के सभी दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम – जैशिखा रजक (JAISHIKHA RAJAK) दर्ज हो गया है जो की त्रुटी पूर्ण एवं गलत है। (स) यह कि सेना के सभी दस्तावेजों में मैं अपनी पुत्री का सही नाम – जैशिका रजक (JAISHIKA RAJAK) दर्ज कराना चाहती हूं जो भारत सरकार के द्वारा बनाये गए आधार कार्ड क्रमांक – 4489 8726 1768, पेन कार्ड क्रमांक – GVNPR2934C व कक्षा दसवीं प्रमाण पत्र क्रमांक – 23344215 के अनुसार सत्य एवं वास्तविक है। (द) यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम – जैशिखा रजक (JAISHIKHA RAJAK) एवं भारत सरकार के द्वारा बनाये गए सभी दस्तावेजों में दर्ज नाम – जैशिका रजक (JAISHIKA RAJAK) हैं वह एक ही लड़की का नाम हैं जो कि मेरी पुत्री हैं। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमान शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ती
देवली बाई (DEWLI BAI) विधवा पत्नी
सेना संख्या – 6392019A
पूर्वसैनिक हवलदार (एमएसीपी नायब सूबेदार)
(HAV / MACP NB SUB)
स्वर्गीय श्री बुधारू (LATE BUDHARU)

---

CIN-U40108CT2003SCG015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी मर्यादित,रायपुर**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं.की उत्तरदायी कंपनी)
**कार्या0 अधीक्षण अभियंता (अ.उ.दाःनि.एवं.सं.) वृत्त**
ईमेल आईडी: seeht.raipur@cspc.co.in, वेबसाईट: www.csptcl.co.in Ph : 0771-2574381

क्रमांक 052/1100/कार्य/92 — रायपुर, दिनांक 01.05.2025

**//निविदा आमंत्रण सूचना //**

अधीक्षण अभियंता (अति उच्च दाबः निर्माण एवं संधारण) वृत्त, छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रां.कं. लिमि. रायपुर अंतर्गत कार्यपालन अभियंता (अति उच्च दाबःसंधारण) संभाग, छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रां.कं. लिमि रायपुर के अधिनस्त निम्नलिखत कार्य हेतु उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्रं. | विवरण | संख्या | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Replacement of existing cross arm with box cross arm at various location of 132 KV DCDS lines under EE (EHT:Maint.) Dn. CSPTCL, Raipur on labour contract basis. | 1 Job | 26.05.2025 समय 17:00 बजे तक |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा प्रकिया के तहत् किसी भी संशोधन अथवा तिथि विस्तार की सूचना केवल विभागीय वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जावेगी।

(इंजी. अभिषेक दीवान) कार्यपालन अभियंता
कार्या. अधीक्षण अभियंता (अ.उ.दाःनि.एवं.सं.)वृत्त,
छ.ग.स्टे.पा.ट्रांस.कं.लिमि.रायपुर

राष्ट्रहित एवं स्वहित में ऊर्जा बचाऐ।

---

**न्यायालय तहसीलदार दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202504160100009/
अ-21 (5)/2025-25
ग्राम-दंतेवाड़ा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोकानिका मिश्रा पिता श्री राज नारायण मिश्रा उम्र 39 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा ग्राम आंवराभाटा प.ह.नं. 14 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नंबर 27/110 प्लाट नंबर 156 रकबा 0.0180 हे. में से रकबा 0.009 हे. को क्रेता आयुपी मालवीय पात्रे पति आकाश दीप पात्रे उम्र 33 वर्ष जाति कलार निवासी दंतेवाड़ा तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहती। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 02.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दंतेवाड़ा

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-दुर्ग तहसील भिलाई-3 प.ह.नं. 00009 चरोदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425430300400064

तहसील भिलाई-3 के प.ह.नं. 00009 के अंतर्गत ग्राम चरोदा के वर्तमान भूमिस्वामी परमजीत सिंह पिता/पति राजेन्द्र सिह पता-चरोदा, गुरजीत सिंह पिता/पति-राजेन्द्र सिंह पता-चरोदा, रघुवीर सिंह पिता/पति-राजेन्द्र सिंह पता-, सुखविंदर कौर पिता/पति-राजेन्द्र सिंह पता-, हरजीत कौर पिता/पति-राजेन्द्र सिंह पता-चरोदा, सुरिंदर कौर पिता/पति-राजेन्द्र सिंह पता-चरोदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 489/29(0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रश्मीत कौर पिता/पति-गुरजीत सिंह पता-चरोदा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार भिलाई-3

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2024-2025
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती इन्दु डिन्हारे पति चकेशर दास डिन्हारे जाति सतनामी निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नं. 15008/11 रकबा 0.0190 हे. आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि खसरा नं. 15008/11 रकबा 0.0190 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति एवं तलवाना संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 07.05.2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 22.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सिमगा

---

**न्यायालय- ( श्रीमती कामिनी जायसवाल ) तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग, ( छ.ग. )**

मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स
( व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5 )
वाद क्रमांक- 29/2025
प्रो. क्र.- 168 /2025
पेशी दिनांक- 13.06.2025
आवेदक- श्रीमती तिरिथ बाई व अन्य
अनावेदक- सी. ई. ओ. भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.)
बनाम- आम जनता ( जिसका इस से संबंध हो )

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 13 माह 06 सन् 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान पश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 01.05.2025 को न्ययाालय की मुहर से जारी किया गया।

( श्रीमती कामिनी जायसवाल )
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग ( छ.ग. )
मुहर

---

**न्यायालय तहसीलदार खरोरा जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./ब/121/2024-2025
ग्राम-सोनभट्ठा प.ह.नं. 41

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरीशधर दीवान पिता स्व. गैंदघर दीवान व अन्य 03 वगै. निवासी ग्राम सोनभट्ठा तहसील खरोरा के द्वारा आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत कर ग्राम सोनभट्ठा प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. बंगोली तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 84 रकबा 0.050 हे., ख.नं. 116 रकबा 0.120 हे., ख.नं. 117 रकबा 0.160 हे., ख.नं. 128 रकबा 0.030 हे., ख.नं. 135 रकबा 0.020 हे., ख.नं. 234 रकबा 0.040 हे., ख.नं. 235 रकबा 0.070 हे., ख.नं. 236 रकबा 0.050 हे., ख.नं. 4 रकबा 0.190 हे., ख.नं. 5 रकबा 0.023 हे., ख.नं. 14 रकबा 0.022 हे., ख.नं. 24 रकबा 0.210 हे., ख.नं. 25 रकबा 0.120 हे.. ख.नं. 6 रकबा 0.880 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक एवं अनावेदकगण के नाम पर संयुक्त रुप से दर्ज है। उक्त भूमि में से वादभूमि ख.नं. 84. 116, 117, 128, 135, 234, 235, 236, 255, 703 कुल रकबा 0.870 हे. भूमि आवेदकगणों के पिता को बंटवारे में प्राप्त हुई थी। जो आवेदक के पिता की मृत्यु उपरांत आवेदकगण / वारिसानों के नाम पर दर्ज होना था। परन्तु वादभूमि आवेदक तथा अनावेदकगणों के नाम पर संयुक्त रुप से दर्ज चला आ रहा है। जिस कारण अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदकगण अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 09.0./2025 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार खरोरा

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SURESH AGICHAI S/O MIHA MAL AGICHAI resident of 287 PURANA BUS STAIND KE PICHE, NAHAR PAR, BALODA BAZAR, (C.G.) 493332 . have changed my old name SURESH AGICHAI S/O MIHA MAL AGICHAI so in future I should be recognized by my new name that is SURESH KUMAR AGICHAI S/O MIHA MAL AGICHAI in all Government and other documents.

**SURESH KUMAR AGICHAI**
287 PURANA BUS STAIND
KE PICHE, NAHAR PAR ,
BALODA BAZAR, (C.G.) 493332

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा सूचना**
Main Portal: https://eproc.costate.nov.in

क्रमांक/246/लो.नि.दि./भ.पा./2025 — बालोद दिनांक 02/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आपारानिधि, अधोसंरचना मद एवं जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्रं. | सिस्टम टेडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 167789 | आपातनिधि (सिविल कार्य) वित्तीय वर्ष 2025-20 (प्रत्येक कार्य 1.50 लाख रूपये तक) | 20.00 | 17.05.2025 17.30 IST |
| 2 | 167790 | वार्ड क्र. 16 में अटल परिसर निर्माण कार्य (सिविल कार्य) | 12.81 | |
| 3 | 167791 | निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 14 में वृद्धजनों के सुविधा विस्तार हेतु टीन शेड निर्माण कार्य। | 10.00 | |

**टीपः** अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती हैं।

नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

**अ-2/2024-25**
**ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश पटेल पिता संतोष पटेल निवासी वार्ड नं. 10 पुरानी बस्ती मावली चौंक बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नंबर 2512/7 रकबा 0.0090 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा आवासीय प्रयोजन के लिये छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 59(2) के तहत कर पुनर्निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु कर पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी व्यक्ति या कोई संस्था को दावा आपत्तिया यदि कोई हो तो वे दिनांक 14.05.2025 को मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) बलौदाबाजार

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**ऋमांक, 923, नजूल, वाचक-2, 2025**
**बलौदाबाजार दिनांक 17.04.2025,**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पी. ऋषि बेवा निखिलेश चंद्र ऋषि निवासी गणेश चौंक बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा मौजा बलौदाबाजार नवापारा सतीपारा स्थित भूमि नजूल शीट ऋमांक 14 सी प्लाट ऋमांक 29/11, 29/13, 29/14, 32, 34/3 क्षेत्रफ्ल ऋमशः 210, 450, 12, 6100, 285 वर्गफीट कुल क्षेत्रफ्ल 7057 वर्गफीट (मकान मय बाडी) लगान 87.00 पैसे भू-धारक निखिलेश ऋषि वगैरह सा. देह के संयुक्त नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भू-खण्ड के भू-धारक निखिलेश ऋषि पिता भूवनचंद ऋषि की मृत्यु दिनांक 18.02.2025 को हो जाने मृतक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने तथा शेष भू-धारकगण का नाम यथावत रखे जाने हेतु मेंटनेंस खसरा की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो सुनवाई हेतु इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त फौती नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 05.05.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी बलौदाबाजार

---

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.....ब/121 वर्ष 2024-2025**
**ग्राम का नाम खपरी ( आर )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पीलूराम वर्मा पिता श्री सीताराम वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम खपरी प0ह0नं0 47 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पुत्री प्रियंका वर्मा पिता श्री पीलूराम वर्मा माता का नाम श्रीमती शिला का जन्म दिनांक 03.12.2007 को (स्थान) ग्राम खपरी (आर) का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत खपरी (आर) तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक07/05/2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख07/05/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया ( छत्तीसगढ़ )

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क. 202504211100050**
**अ/20 ( 3 ) वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता यादव पिता गोपी यादव एवं 01 निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट ऋमांक 18-ब, भू-खण्ड ऋमांक 48, क्षेत्रफल 115 वर्गमीटर, निर्धारण 16.65 रुपये भूमि नजूल अभिलेख में धारक सुकरिया पति भुखऊ यादव निवासी-भाटापारा के एकल नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के धारक सुकरिया पति भुखऊ यादव की दिनांक 12.06.2000 को मृत्यु हो जाने के कारण नजूल अभिलेख से उनके नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 07/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी भाटापारा

---

**न्यायालय तृतीय अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर ( छ.ग. )**

दावा प्रकरण क्रमांक 1066/2023
प्रोसेस क्रमांक 1167 — पेशी दिनांक 25.06.2025
मोतीराय खेड़िया व अन्य ..........आवेदकगण
विरूद्ध
शिवाजी निषाद व अन्य ......... अनावेदकगण
बनाम

शिवाजी निषाद वल्द चैन सिंग निषाद उम्र 38 वर्ष निवासी वार्ड नं. 08, ग्राम घुटीकोना, पो.आ.-लंबर, तहसील बसना, जिला महासमुंद छ.ग. 493558, मो.नं. 9340255012

आवेदकगण ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम के तहत कुल रूपये 23,10,000/- (तेईस लाख दस हजार रूपये) की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 25.06.2025 को 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है। अतः आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इससे संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस दावा के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो दावा की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट-यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा फिर जारी किया गया ।

मुहर — शैलेश शर्मा
तृतीय अति.मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर ( छ.ग. )

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VEEDHI JITENDRA SHAH D/O JITENDRA FULCHAND SHAH resident of HOUSE NO. 168 WARD NO. 26 KAMPTEE LINE RAJNANDGAON (C.G.) 491441 have changed my old name VEEDHI JITENDRA SHAH D/O JITENDRA FULCHAND SHAH so in future I should be recognized by my new name that is VIDHI BELAWALA W/O UJJWAL BELAWALA in all Government and other documents.

**VIDHI BELAWALA**
HOUSE NO. 168 WARD NO. 26
KAMPTEE LINE
RAJNANDGAON (C.G.)
491441

---

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, गरियाबंद जिला- गरियाबंद ( छ.ग. )**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**( प्रथम आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्रं. 167642/निविदा सूचना क्रं.01/यलेलि/2025-26, गरियाबंद, दिनांक 30.04.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 21.05.2025 17.30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम :- गरियाबंद जिले के विकासखण्ड मैनपुर की धुरवागढ़ी (घुरवागुढ़ी) निरीक्षण गृह का जीर्णोद्धार एवं बॉण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत :- रू. 76.44 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 07.05.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट:- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-252600606

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग,
गरियाबंद ( छ.ग. )

# मुख्यमंत्री ने आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से पीड़ितों को जारी की प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त

- छत्तीसगढ़ के विशेष आग्रह पर केंद्र सरकार ने ऐसे परिवारों के लिए स्वीकृत किए हैं 15 हजार आवास
- कुल दस करोड़ रुपए आज हितग्राहियों के खातों में अंतरित, प्रथम किस्त के रूप में 2500 परिवारों को जारी किए गए 40-40 हजार रुपए



**जगदलपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित 2500 परिवारों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की पहली किस्त की राशि अंतरित की। उन्होंने मंत्रालय में वर्चुअली आयोजित कार्यक्रम में आवास निर्माण की पहली किस्त प्रति परिवार 40-40 हजार रुपए के मान से कुल दस करोड़ रुपए हितग्राहियों के खातों में अंतरित किए। छत्तीसगढ़ के विशेष आग्रह पर केंद्र सरकार द्वारा राज्य के आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री साय ने विभिन्न जिलों से मंत्रालय से वर्चुअली बड़ी संख्या में जुड़े हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन ने केंद्र सरकार से विशेष आग्रह कर आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए जो प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता की शर्तों में नहीं आ पा रहे थे, उनके लिए 15 हजार आवास स्वीकृत कराया है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने संवेदनशीलता और गंभीरता से हमारे निवेदन को मंजूरी दी और वंचित परिवारों के लिए भी आवास की व्यवस्था की।

श्री साय ने नक्सल प्रभावित दूरस्थ वनांचलों के लिए स्वीकृत इस विशेष परियोजना के हितग्राहियों की हौसला अफजाई करते हुए अच्छा मकान बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इसमें सरकार हर तरह की मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने नक्सली हिंसा के शिकार परिवारों से आत्मीयता से बातकर उनका हाल-चाल पूछा। उन्होंने घर-परिवार और उनके व्यवसाय की जानकारी ली। बातचीत के दौरान विभिन्न जिला मुख्यालयों से जुड़े हितग्राहियों ने पक्का आवास मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

सुकमा के सर्वाधिक 809 आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल प्रभावित परिवारों को मिली आवास की पहली किस्त, बीजापुर के 594 और नारायणपुर के 316 परिवार शामिल है।

# कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चंदेल ने राज्यपाल डेका को दिया आम महोत्सव में आने का न्यौता

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल तथा कुलाधिपति रामेन डेका से आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने राजभवन में सौजन्य मुलाकात कर उन्हें कृषि विश्वविद्यालय परिसर में 6 से 8 जून 2025 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आम महोत्सव के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का न्यौता दिया। राज्यपाल से मुलाकात के दौरान डॉ. चंदेल ने उन्हें कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय को देश के सर्वश्रेष्ठ धान अनुसंधान केन्द्र के रूप में सम्मानित किया गया है। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों के साथ समझौते कर वैश्विक स्तर पर परस्पर छात्र विनिमय कार्यक्रम भी संचालित कर रहा है और इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।



- राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालय की शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की जानकारी ली

राज्यपाल डेका ने डॉ. चंदेल को कृषि विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ धान अनुसंधान केन्द्र का सम्मान मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने डॉ. चंदेल से कृषि विश्वविद्यालय में ब्लैक राईस की खेती के लिए किए जा रहे अनुसंधान कार्य की जानकारी प्राप्त की। डेका ने छत्तीसगढ़ में ब्लैक राईस के उत्पादन को बढ़ावा देने और इसकी खेती करने वाले किसानों को तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के हित में संचालित अन्य गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की तथा विश्वविद्यालय द्वारा किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए किए जा रहे कार्यों को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया।

# मुख्यमंत्री आज करेंगे पंजीयन विभाग की 10 नवीन सुविधाओं का शुभारंभ

- मेसर्स रैक बैंक के एआई डाटा सेंटर का होगा शिलान्यास

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 3 मई को नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पंजीयन (रजिस्ट्री) विभाग की नवाचार आधारित 10 नवीन सुविधाओं का शुभारंभ और मेसर्स रैक बैंक द्वारा प्रस्तावित अत्याधुनिक एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास भी करेंगे। यह कार्यक्रम राज्य के डिजिटल बुनियादी ढ़ांचे को सुदृढ़ बनाने और आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल तथा तकनीकी सुलभ सेवाएं प्रदान करने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम होगा।

पंजीयन विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा, पारदर्शिता और दस्तावेजों की सुरक्षा के उद्देश्य से पंजीयन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल और सरल बनाया गया है। इन सुविधाओं में आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड, कैशलेस भुगतान, डिजीलॉकर, व्हाट्सएप नोटिफिकेशन, घर बैठे रजिस्ट्री, डिजीडॉक्यूमेंट, स्वत: नामांतरण जैसी तकनीकी सेवाएं शामिल हैं। इन सुविधाओं से रजिस्ट्री प्रक्रिया, पेपरलेस सुरक्षित और नागरिकों के लिए सहज हो सकेगी। अब आम नागरिक रजिस्ट्री से जुड़ी सेवाएं घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे, जिससे समय, श्रम और धन की बचत होगी।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय द्वारा जिस एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास किया जाएगा, वह नवा रायपुर के सेक्टर 22 में विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 5 मेगावॉट क्षमता का यह केंद्र पर्यावरण संरक्षण मानकों का पालन करते हुए सौर ऊर्जा आधारित होगा तथा भविष्य में इसकी क्षमता 150 मेगावॉट तक विस्तार की जा सकेगी। लगभग 1000 करोड़ के निवेश वाली इस परियोजना से 500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह इकाई राज्य की औद्योगिक नीति वर्ष 2024-30 के तहत एंकर यूनिट के रूप में विकसित होगी। इसके साथ ही राज्य में आईटी, आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स और डेटा सेवाओं से जुड़े एक नए इको-सिस्टम के विकास की नींव रखी जाएगी।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में भाग लेंगे छत्तीसगढ़ के 12 मल्लखंब खिलाड़ी

- बिहार के बोधगया में 5 से 9 मई तक होंगी मल्लखंब की प्रतियोगिताएं



**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के बोधगया में 4 से 15 मई तक आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 12 मल्लखंभ खिलाड़ी शामिल होंगे। इन खिलाड़ियों में नारायणपुर जिले के 9 मल्लखंब खिलाड़ी शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी अबूझमाड़ मल्लखंब और स्पोर्ट्स अकादमी से जुड़े हैं। मल्लखंब की प्रतियोगिताएं 5 से 9 मई तक आयोजित होंगी।

खेल और युवा कल्याण अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार चयनित मल्लखंब खिलाड़ियों में 5 बालक और 4 बालिकाएं शामिल हैं। नारायणपुर जिले के चयनित खिलाड़ियों में ग्राम ओरछा की सरिता पोयाम, ग्राम मातला की मोनिका पोटाई, ग्राम कुंदला की दुर्गेश्वरी कुमेटी, ग्राम न्यानार की अनिता गोटा, ग्राम कुतुल के राकेश कुमार वढ़दा, ग्राम आसनार के मानू ध्रुव, ग्राम आसनार के राजेश कोर्राम, ग्राम पोकानार के मंगडू पोडियाम और ग्राम चिंगनार के मोनू नेताम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 2 मई को खिलाड़ियों और कोच मनोज प्रसाद, महिला कोच पूनम प्रसाद और मैनेजर सौरव पाल खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेने बिहार रवाना हुए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण व संसाधन उपलब्ध कराने हेतु विशेष योजनाएं संचालित की जा रही हैं। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ मल्लखंब और स्पोर्ट्स अकादमी में मल्लखंब खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सहित सभी आवश्यक सुविधाएं दी जा रही है। जिससे वे राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर सके।

**NECC**

| 03.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 466 | 65 | 135 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 160 |

डिलीवरी 481 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# जगरगुंडा के नक्सल पीड़ित कृष्णा गोरला से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की बात

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की पीएम आवास की प्रथम किश्त जारी



**सुकमा,2 मई (देशबन्धु)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुकमा जिले में आयोजित पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के राशि अंतरण कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विशेष योजनांतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों व नक्सल हिंसा से प्रभावित हितग्राहियों को जिलास्तरीय कार्यक्रम में आवास निर्माण की राशि प्रथम किश्त ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया। कार्यक्रम में जिले से कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और जिला सीईओ नम्रता जैन उपस्थित रहे। जिला पंचायत सभाकक्ष सुकमा में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कोंटा विकासखंड के जगरगुंडा पंचायत निवासी नक्सल प्रभावित हितग्राही कृष्णा गोरला से बात की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हितग्राही कृष्णा से परिचय प्राप्त कर, उन्हें पीएम आवास योजना अंतर्गत प्रथम किस्त की राशि अंतरण करते हुए, आवास का सपना पूरा होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**आवास स्वीकृति में बस्तर संभाग में प्रथम स्थान पर सुकमा:** सुकमा जिले में कुल 842 आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों को पीएम आवास स्वीकृत किया गया है जिसमें छिंदगढ़ विकासखंड के 90, कोंटा विकासखंड के 622 और सुकमा विकासखंड के 130 नक्सल प्रभावित परिवार शामिल हैं। बस्तर संभाग में पीएम आवास स्वीकृति में सुकमा जिला प्रथम स्थान पर है। जिले में लक्ष्य के विरुद्ध 54.6 प्रतिशत पात्र परिवारों को पुनर्वास नीति के तहत योजना का लाभ दिया जा रहा है। अन्य हितग्राहियों का सर्वे कार्य किया जा रहा है।

**सुकमा जिले के 842 नक्सल प्रभावित परिवारों के लिए पीएम आवास स्वीकृत:** उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत सुकमा नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिला बस्तर संभाग मे आवास निर्माण कार्य, आवास की स्वीकृति, नियद नेल्लानार मे आवास स्वीकृति एवं निर्माण कार्य, स्पेशल प्रोजेक्ट नक्सल प्रभावित परिवार अंतर्गत आवास की स्वीकृति आदि बिंदुओं मे प्रथम स्थान पर है।

# बस्तरिया राज मोर्चा ने अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सुकमा,** 2 मई (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर बस्तरिया राज मोर्चा के द्वारा मजदूरों के लिए हितों के लिए आवाज उठाते हुए मजदूरों को न्यूनतम कलेक्टर दर पर मजदूरी की भुगतान की मांग को लेकर कलेक्टर को 4 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। बस्तरिया राज मोर्चा सुकमा जिला प्रभारी रामा सोडी ने कहा कि आज पूरी दुनिया, देशभर में मजदूर अपने अधिकार के सवाल को लेकर मजदूर दिवस मना रहे है। हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में जगह-जगह मजदूर दिवस मनाकर खुशियां मना रहे है। इस अवसर पर केन्द्र सरकार राज्य सरकार से मजदूरी के हित में कार्य करने की अपेक्षा कर रहे है। सुकमा जिला आदिवासी जिला है। यहां के मजदूर कभी-कभी पड़ोसी राज्य आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा भी जाकर मजदूरी करने को मजबूर हो जाते हैं। चूंकि समय पर काम नहीं मिलता है। काम मिल भी जाए तो मजदूरी समय पर नहीं मिलता है। उन्होंने बताया सुकमा में तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य चल रहा है। ज्ञात हो कि इस जिले में सन् 2021-22 के 15 वनोपज सहकारी समितियों का लगभग 6.54 करोड़ रूपये की बोनस राशि प्राप्त नहीं हुई है। मजदूर दिवस के अवसर पर हमारी मांग है कि तत्काल मजदूरी दिया जाए। साथ ही तेंदूपत्ता संग्रहण में पूरा पत्ता खरीदा जाना जरूरी है। जिले में बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिलने से कुछ प्राईवेट होटल, दुकानो में, मार्ट में, डीजल पम्प में काम कर रहे है। उन्हें सम्मानजनक वेतन नहीं दिया जाता है। न्यूनतम मजदूरी रोजगार गारंटी योजना या कलेक्टर दर से कम न हो। जिसे संज्ञान लेकर सुनिश्चित करने की मन की।

**चार सूत्रीय मांग:** सुकमा जिले के 15 वनोपज सहकारी समितियों का वर्ष 2021-22 की बोनस की राशि 6.54 करोड़ रूपये तत्काल तेंदूपत्ता संग्राहको को दिया जाए। प्राईवेट मार्ट, होटल, दुकानो, डीजल पम्प में काम करने वाले मजदूरों को सम्मानजनक मजदूरी दिया जाए। सभी विभागों में तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदो को स्थानीय बेरोजगारो की नियुक्ति में प्राथमिकता दिया जाए। सभी विभागो में निर्माण कार्य विभाजन जनसंख्या के अनुपात में किया जाए, चाहे टेंडर हो या अन्य तरीके से किया जाता है।

# गगनपल्ली क्षेत्र के पंचायतों के ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सुकमा,**2 मई (देशबन्धु)। जिले के कोंटा विकासखंड अंतर्गत गगनपल्ली क्षेत्र ग्राम पंचायत मे मूलभूत समस्याओं से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। निर्माण कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी, उप सरपंच मडकम सुखी, नन्दा, संगीता, नंदा पटेल, जागा, मुक्का, भीमा, बुधरा, नवीन मौजूद थे। जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी ने बताया कि गगनपल्ली कोत्ताचेरूपारा अंतर्गत सभी पंचायत में मूलभूत सुविधाएं पेयजल, पक्की सड़क, सीसी रोड, स्वास्थ्य सुविधा सहित अन्य 18 सूत्री मांगों को लेकर आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है एवं जल्द ही सभी कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि कोंटा विकासखंड अंतर्गत पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, इन सभी समस्याओं का जल्द निराकरण कर ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मांग की गई है।

# इंद्रावती नदी सुखी तो बस्तरवासी होंगे पलायन को मजबूर

**जगदलपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी को बचाने बस्तर से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में समस्त कांग्रेसजन, आमजन व किसानों ने 40 किलोमीटर की पदयात्रा कर तपती धूप में कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बस्तर से ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने इंद्रावती बचाने को लेकर कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की और न ही प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सरकार पर कोई दबाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ही बस्तर हित में लड़ने वाले नेता हैं किंतु दूसरी ओर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सिर्फ विघ्न डालने का कार्य करते रहे, बावजूद यह पदयात्रा ऐतिहासिक रही।

श्री मौर्य ने आगे बताया प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर में जल समस्या इंद्रावती नदी में जलधारा जलप्रवाह से निदान करने का सार्थक प्रयास किया कांग्रेस की सरकार में देउरगांव की डीआरपी तैयार करवाने का कार्य किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बस्तर के कोटे से, जल संसाधन व वनमंत्री केदार कश्यप और संसद महेश कश्यप सिर्फ और सिर्फ कागजों में धारा दिखाने का झूठा सब्जबाग दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उड़ीसा से पानी छोड़ने का झूठा और



### मांग पूरी होने तक जारी रहेगी कांग्रेस की लड़ाई : सुशील मौर्य

मानगढ़त व कागजी कार्यवाही का इवेंट करते नजर आते हैं। मौर्य ने कहा अगर इंद्रावती नदी सुखी तो बस्तरवासी पलायन को मजबूर होंगे, जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी, जब तक इंद्रावती नदी में जलप्रवाह शुरू नहीं होती तब तक कांग्रेस की ये संघर्ष भी जारी रहेगी। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, जल संसाधन वनमंत्री केदार कश्यप, व सांसद महेश कश्यप से सवाल पूछती है कि डेढ़ साल की सरकार में अपने इंद्रावती नदी के लिए क्या किया। सिर्फ और सिर्फ इंद्रावती विकास प्राधिकरण को ठंडे बस्ते में डालने का कार्य किया है। इंद्रावती विकास प्राधिकरण में अभी तक ताला क्यों लगा हुआ है सरकारी नियुक्तियां क्यों सरकार करवा नहीं पा रही है। मटनार बैराज पर आगे का कार्य क्यों नहीं बढ़ रहा है, जोरानाला से छत्तीसगढ़ को 50 प्रतिशत पानी मिले इसके लिए भाजपा सरकार उड़ीसा सरकार पर दबाव क्यों नहीं बना रही है। कुल मिलाकर सरकार सत्ता की लोलुपता में पूरी तरह से निष्ठुर हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी इंद्रावती को बचाने हर संभव कार्य करेगी। ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा महानदी जलविवाद को लेकर भाजपा सरकार उड़ीसा सरकार के साथ बैठक करती है दूसरी ओर इंद्रावती नदी सुख गई है इसके लिए दबाव क्यों नहीं बना रही है। किसानों की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं कांग्रेस की सरकार इंद्रावती को मां का दर्जा देती है इसके महत्व को समझती है बस्तर वासियों के हित को देखते हुए इंद्रावती विकास प्राधिकरण का गठन करती है मटनार और बैराज का प्रोजेक्ट लाने का कार्य करती है दूसरी ओर 15 साल की रमन सरकार और 2003 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने जलसंधि समझौते को लेकर ग्रीष्म ऋतु में 50ङ्क50 प्रतिशत इंद्रावती नदी में पानी छोड़े उस पर दबाव क्यों नहीं बनाती है। 15 साल की रमन सरकार में भी गठन क्यों नहीं किया गया था। पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती नदी पूरी तरह से सूख चुकी है। पिछले कई दिनों से इंद्रावती से सटे किसान इंद्रावती नदी में पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, परंतु डबल इंजन की सरकार किसानों की मांग को अनसुना कर रही है, जल संसाधन मंत्री बस्तर से ही आते हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बस्तर से हैं जो कि स्वयं जगदलपुर के विधायक हैं वही उड़ीसा में भी भाजपा की सरकार है मटनार बैराज और देउरगांव बैराज को प्रशासनिक स्वीकृति ये सरकार नहीं दे रही है और ना ही ओडिशा सरकार पर खातिगुड़ा डैम से पानी छोड़ने दबाव बनाया जा रहा है कुल मिलाकर भाजपा सरकार सुनने को तैयार नहीं है.. जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

इस दौरान निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री जाहिद हुसैन, सुषमा सूता, विक्रम सिंह डांगी, ललिता राव, शुभम् यदु, एस नीला, मौजूद रहे।

# महापौर ने पेश किया 16 लाख 84 हजार घाटे का बजट

## अनुमानित आय रु. 2 अरब 39 करोड़ 22 लाख 99 हजार और रु. 2 अरब 39 करोड़ 39 लाख 83 हजार का व्यय

**जगदलपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। नगर निगम जगदलपुर की सामान्य सभा में महापौर संजय पांडे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 239 करोड का बजट प्रस्तुत किया। यह पहला अवसर था जब वे बतौर नवनिर्वाचित महापौर इस गरिमामयी मंच से बजट लेकर जनता के समक्ष उपस्थित हुए। सभा की शुरुआत में उन्होंने राम राम, जय श्री राम के उद्घोष से सभी को संबोधित किया। महापौर ने जगदलपुर को एक समृद्ध, स्वच्छ और समावेशी शहर के रूप में विकसित करने का संकल्प भी दोहराया। नगर निगम जगदलपुर की सामान्य सभा में महापौर संजय पांडे ने वर्ष 2025-26 का बजट सदन में प्रस्तुत करते हुए इसे जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बताया। यह बजट जगदलपुर को प्रगति, समृद्धि और सम्मान के नए शिखर तक ले जाएगा।

महापौर ने कहा कि यह बजट सिर्फ एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि पूरे शहर की जनता की आशाओं, सुझावों और सपनों का आईना है। इस वर्ष एक अभिनव पहल करते हुए, सोशल मीडिया के माध्यम से आम नागरिकों से सुझाव लिए गए। हमें 4700 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए जिनमें स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता, सड़क सुधार, तालाबों के जिर्णोद्धार, हरियाली बढ़ाने और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने जैसी प्राथमिकताओं को शामिल किया गया है। मेयर-इन-कौन्सिल की बैठक दिनांक 17.04.2025 के संकल्प क्रमांक 01 के अनुसार नगरपालिक निगम जगदलपुर की वर्ष 2025-26 हेतु अनुमानित एवं 2024-25 की पुनरीक्षित बजट सदन की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत कर रहा हूं। नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में रू. 2 अरब 30 करोड़ 29 लाख 95 हजार की आय अनुमानित कर रू. 2 अरब 30 करोड़ 61 लाख 59 हजार का व्यय अनुमान प्राकलित किया गया था। इस अनुमान के विरूद्ध वित्तीय वर्ष के अंत में रू. 1 अरब 6 करोड 9 लाख 85 हजार पुनरीक्षित आय तथा 1 अरब 4 करोड़ 21 लाख 5 हजार का पुनरीक्षित व्यय आकलित किया गया है।





- **जनता के सुझावों से गढ़ा गया, संस्कृति से प्रेरित और विकास के लिए समर्पित है यह आत्मनिर्भर बजट : महापौर संजय पांडेय**
- **राम राम, जय श्री राम के उद्घोष के साथ महापौर ने किया बजट अभिभाषण का शुभारंभ**
- **यह बजट सिर्फ एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि पूरे शहर की जनता की आशाओं, सुझावों और सपनों का आईना है : महापौर संजय पाण्डे**

यह हमारा संकल्प है कि जनता की हर आशा, हर अपेक्षा को विकास की मुख्यधारा में स्थान मिले, महापौर ने भरोसा दिलाया।

**प्राथमिकता में जलप्रदाय व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण:** महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि नगर निगम जगदलपुर द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए रु. 2 अरब 39 करोड़ 22 लाख 99 हजार की आय अनुमानित की गई है, जबकि रु. 2 अरब 39 करोड़ 39 लाख 83 हजार का व्यय प्रस्तावित है। इस प्रकार रु. 16 लाख 84 हजार का घाटा दर्शाते हुए बजट प्रस्तुत किया गया है। इस बजट का मुख्य फोकस शहर की मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर है, विशेषकर जलप्रदाय व्यवस्था को लेकर। च्च्जल ही जीवन हैज्ज इस संकल्प को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक घर, मोहल्ला और बस्ती में स्वच्छ व निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रु. 3000 लाख का विशेष प्रावधान किया गया है। बजट में अमृत मिशन के तहत घर-घर जलप्रदाय, पुरानी पाइपलाइनों का नवीनीकरण तथा जल संरक्षण से जुड़े उपायों को प्राथमिकता दी गई है। महापौर संजय पांडे ने स्पष्ट किया कि उनका संकल्प है ङ्क च्च्शहर का कोई भी परिवार पेयजल की कमी से न जूझे।

**बजट की प्राथमिकताएं:** स्वच्छता, विद्युत, अधोसंरचना, बस स्टैंड कायाकल्प, बैराज योजना और तालाबों का संरक्षण- नगर निगम जगदलपुर ने वर्ष 2025-26 के बजट में केवल मूलभूत आवश्यकताओं तक सीमित न रहते हुए, शहर को स्वच्छ, सुरक्षित, आधुनिक और सुगठित बनाने की दिशा में ठोस योजनाएँ बनाई हैं। स्वच्छता को संस्कृति और स्वास्थ्य का प्रतीक मानते हुए रु. 1000 लाख का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत कचरा प्रबंधन, सफाई अभियान, अपशिष्ट निपटान और जनजागरूकता जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। विद्युत व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए रु. 500 लाख आवंटित किए गए हैं। स्ट्रीट लाइटिंग के विस्तार से जगदलपुर की गलियों को रोशन और सुरक्षित बनाया जाएगा। अधोसंरचनात्मक विकास के अंतर्गत शहर के हर गली-मोहल्ले में सीसी रोड, नाली, पुलिया, ड्रेनेज सिस्टम, डिवाइडर और सड़क डामरीकरण जैसे कार्यों के लिए रु. 5000 लाख की बड़ी राशि प्रस्तावित की गई है।

इसके साथ ही, कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के आधुनिकीकरण हेतु रु. 500 लाख का बजटीय प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत प्रतीक्षालय, स्वच्छता केंद्र, यात्री सुविधा, पार्किंग और सूचना केंद्र की व्यवस्था की जाएगी, जिससे यह बस स्टैंड आधुनिक स्वरूप में विकसित हो सके। जगदलपुर बैराज योजना को इस बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। इन्द्रावती नदी पर प्रस्तावित यह बैराज योजना शहर को पेयजल और निस्तारी जल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। साथ ही, इससे सिंचाई और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ और ओड़िसा राज्यों के बीच जल बंटवारे की समस्या को ध्यान में रखते हुए, रु. 8000 लाख का प्रावधान किया गया है। इसके लिए जल संसाधन विभाग के सहयोग >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिपं अध्यक्ष ने कोन्टा ब्लॉक में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए कलेक्टर के समक्ष रखी मांग



**सुकमा,** 2 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा ने जिले के कोन्टा ब्लॉक के सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतरी के लिए शव वाहन, एम्बुलेंस और पोस्टमार्टम भवन की मांग कलेक्टर से की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सोयम भीमा मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा ने बताया कि कोन्टा ब्लॉक के सुदूर क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव की जानकारी दी। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए कलेक्टर से मिलकर चिंतागुफा, चिंतलनार, जगरगुंडा और गोलापल्ली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टमार्टम भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोन्टा में शव वाहन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिंतलनार में एम्बुलेंस की मांग करते हुए ग्रामीणों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया है। अपेक्षा है कि ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए जल्द निराकरण किया जाएगा।

# जन चौपाल कार्यक्रमों की कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा



**जगदलपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। जन चौपाल कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विकासखंड लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी द्वारा चौपाल में की गई कार्यवाही का कलेक्टर हरिस एस और सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने बडांजी के सामुदायिक भवन में समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, आँगनबाड़ी, उचित मूल्य की दुकानों, विद्युत व्यवस्था, सड़क व्यवस्था सहित शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की समीक्षा किए।

# आदिवासी बच्चों के भविष्य से खेल रही सरकार : संतोष

**दंतेवाड़ा,** 2 मई (देशबन्धु)। शालेय शिक्षक संघ जिला इकाई दंतेवाड़ा ने शिक्षकों एवं शालाओं के युक्तियुक्तकरण हेतु जारी निर्देशों का विरोध किया है। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप शालाओं एवं शिक्षकों की उपलब्धता एवं उपयुक्ता के आधार पर युक्ति युक्तकरण हेतु शासन ने निर्देश जारी किया है, जिससे प्रदेश भर के शिक्षकों में आक्रोश एवं नाराजगी है।

यह वर्तमान में जारी निर्देश एवं 2008 के गजट में प्रकाशित शिक्षकों के पदों के सेटअप के बिलकुल विपरीत है। 2008 के गजट मे प्रत्येक प्राथमिक शाला में न्यूनतम 1 प्रधान पाठक एवं 2 सहायक शिक्षक अनिवार्य था किन्तु वर्तमान में प्रधान पाठक को शिक्षक के रूप में गणना कर प्राथमिक शाला हेतु न्यूनतम दो पद स्वीकृत किया गया है । वहीं उच्च प्राथमिक शाला में न्युनतम 1 प्रधान पाठक एवं 4 शिक्षक कुल 5 की पद संरचना को बदलकर प्रधान पाठक को भी शिक्षक के रूप में गणना कर एक स्वीकृत पद को विलोपित किया जा रहा है। हाई स्कूलों में भी 10 अतिरिक्त छात्रों पर एक अतिरिक्त व्याख्याता की नियुक्ति को बदल दिया गया है।

युक्ति युक्तकरण के इस वर्तमान नियम से पूरे छत्तीसगढ में शिक्षकों के लगभग 50 हजार पद विलोपित हो जायेगे। यह नया सेटअप एवं युक्ति युक्तकरण आदेश छात्रों एवं शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात है एवं शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 का खुला उल्लंघन है। दंतेवाड़ा जिले में 17 पोटा केबिन संचालित हैं, जिसमें लगभग 7 हजार 500 बच्चे अध्ययनरत है किन्तु पोटा केबिनों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं के पदों को संगठन के बारंबार मांग के बावजूद सेटअप स्वीकृत नहीं किया गया है। जिला दंतेवाड़ा की विषम भौगोलिक परिस्थितयों के कारण अंदरूनी ईलाकों के बच्चे इन पोटा केबिनों में आवासीय व्यवस्थाओं के तहत रहकर अध्ययन कर रहे है, जिसके कारण अंदरूनी इलाकों की शालाओं में छात्रों की संख्या न्यून है। इन विद्यालयों के शिक्षकों को ही पोटा केबिनों में सेटअप की स्वीकृति के अभाव में समायोजित करते हुए संलग्नीकरण की व्यवस्था के तहत अध्यापन व्यवस्था करवाया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में छात्रों की संख्या न्यून होने के कारण वर्तमान नियम के आधार पर अंदरूनी शालाए बंद होंगी एवं शिक्षक अतिशेष होगें । ऐसे में पोटाकेबिन में शिक्षकों के पदों की स्वीकृति के बिना युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया को जिला में लागू करना घोर विसंगतिपूर्ण एवं आपत्तिजनक है।



- पोटाकेबिन में तय हो सेटअप, फिर करें युक्ति युक्तकरण
- नए निर्देशों से शिक्षकों में भारी रोष, चौतरफा विरोध
- नए निर्देश से खत्म हो जाएंगे शिक्षकों के 50 हजार पद

पोटा केबिन की व्यवस्था केवल बस्तर संभाग के चार जिले दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं नारायणपुर में संचालित है। इन पोटा केबिनों में अध्ययनरत बच्चों के शैक्षिक व्यवस्था हेतु पदों की स्वीकृति हेतु आवश्यक पहल संभाग के शिक्षा अधिकारी संभागायुक्त शिक्षा द्वारा की जानी है, किन्तु यह विभाग की विडम्बना ही है कि पोटा केबिन की स्थापना के लगभग बीस वर्षो के उपरांत भी पदों की स्वीकृति का न किया जाना प्रशासनिक निरंकुशता को प्रदर्शित करता है। वर्तमान में पदस्थ संभाग आयुक्त शिक्षा इन पोटा केबिनों में पदों की स्वीकृति व शैक्षिक व्यवस्था में सुधार की बजाय सिर्फ और सिर्फ आवासीय व्यवस्थाओं के निरीक्षण को ही अपनी जबाबदेही समझते है। यदि विगत वर्षो में प्रशासनिक प्रयासों के बावजूद शासन स्तर से सेटअप स्वीकृति में कोई तकनीकि समस्या महसूस हो रही हो तो जिला दंतेवाड़ा के लगभग 7 हजार 500 छात्रों को सिर्फ आवासीय व्यवस्था देकर उनके अकादमिक भविष्य को हाशिए में रखना किसी भी स्थिति में न्यान्योचित नहीं कहा जा सकता।

युक्ति युक्तकरण के फलस्वरूप शिक्षकों की संख्या न्यून होने से अध्यापन के साथ-साथ शिक्षकों के द्वारा राष्ट्रीय एवं राजकीय कार्यक्रम का दोहरा दबाव होगा, ऐसे में जिला में शैक्षणिक गुणवत्ता के सुधार हेतु संचालित पढेगा दंतेवाड़ा-लिखेगा दंतेवाड़ा , बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, स्पोकन इंग्लिस जैसे कार्यक्रमों को सफल करना शिक्षकों के लिए दूर की कौडी साबित होगा। संगठन के पदाधिकारी शैलेश सिंह, कुलदीप सिंह चैहान, श्रीमती दीप माला वेक, श्रीमती नीतू पारधी, कमल कर्मकार, पुरूषोत्तम लाल साहू, दिनेश गभेल, गजलू पोडियाम, अंकित गुप्ता, विनय प्रधान, केशव स्वर्ण, आनंद मुडामी, कु. मधु उइके, पलकेश सोनी, देवेन्द्र धीवर, दीपक शास्त्री, जितेन्द्र चैहान, हीरालाल ओयामी, योगेश सोनी, आशुतोष शिवहरे, नवीन मिश्रा, राजीव मिश्रा, मनोज ठाकुर, मूलचन्द्र चंद्राकर ने शासन से सकारात्मक पहल की मांग की है कि युक्तियुक्तकरण के इस नये निर्देशों का आवश्यक संशोधन के उपरांत ही युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया अपनायी जावे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव पहुंचे दंतेवाड़ा

**दंतेवाड़ा,** 2 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं जगदलपुर विधानसभा के विधायक किरण देव का आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पावन धरा दंतेवाड़ा पहुंचे। दंतेवाड़ा आगमन पर विधायक चैतराम अटामी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता समेत भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। श्री देव भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओ के साथ बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार पहुंचे, देवी दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद लिया।

- दंतेश्वरी दर्शन कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात
- विधायक चैतराम और अध्यक्ष संतोष ने किया आत्मीय स्वागत

प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह, देवी दर्शन के उपरांत नगर पालिका कार्यालय परिसर के सामने पहुंचे एवं नव-निर्मित प्रेस कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया। तत्पश्चात उन्होंने भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ से रूबरू होकर एवं संगठन के कार्यों की समीक्षा करते हुए विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू गौतम, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, दुर्गा सिंह चौहान, आर सी नाहक, कमला विनय नाग, सुनीता भास्कर, रामू नेताम, श्रवण कड़ती, जय भंसाली, रूबी शैलेन्द्र सिंह, कुलदीप ठाकुर, ममता गुप्ता, रवि भदौरिया, सिंघासन गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह, सुधराम भास्कर, सुमित सरकार, विमला नाग, लक्ष्मी यादव, चंदन ध्रुव समेत जिले में निवासरत समस्त प्रदेश, जिला एवं मण्डल पदाधिकारीगण, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के प्रतिनिधिगण, कार्य समिति सदस्य, जन प्रतिनिधिगण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# नारायणपुर के 9 युवा मल्लखंब खिलाड़ी खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए चयनित

**नारायणपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। बिहार में 4 से 15 मई तक आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में छत्तीसगढ़ मल्लखंब टीम के 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें से 9 खिलाड़ी नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ मल्लखंब और स्पोर्ट्स अकादमी से हैं। यह अकादमी अपने खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान कर रही है, जिसका परिणाम अब देश के सबसे बड़े खेल आयोजन में देखने को मिलेगा। इन खिलाड़ियों में 5 बालक और 4 बालिकाएं शामिल हैं, जिनमें सरिता पोयाम ग्राम ओरछा से, मोनिका पोटाई ग्राम मातला, दुर्गेश्वरी कुमेटी ग्राम कुंदला, अनिता गोटा ग्राम न्यानार, राकेश कुमार वढ़दा ग्राम कुतुल, मानू ध्रुव ग्राम आसनार, राजेश कोर्राम ग्राम आसनार, मंगडू पोडियाम ग्राम पोकानार और मोनू नेताम ग्राम चिंगनार से शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी अपने जिले और राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। 2 मई को जिले के कलेक्टर प्रतिष्ठा मंमगईं और एसपी प्रभात कुमार ने सभी खिलाड़ियों और कोच मनोज प्रसाद, महिला कोच पूनम प्रसाद और मैनेजर सौरव पाल को शुभकामनाएं देकर रवानगी दी।



- खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 4 से 15 मई तक बिहार में
- कलेक्टर-एसपी ने टीम को दीं शुभकामनाएं और किया रवाना

इस अवसर पर कलेक्टर और एसपी ने खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। मल्लखंब खेल 5 से 9 मई तक बोधगया के स्टेडियम में आयोजित होंगे। अबूझमाड़ मल्लखंब और स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर इस बड़े आयोजन में जगह बनाई है। अकादमी के कोच और मैनेजर ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और समर्थन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले में खेलों के प्रति उत्साह और बढ़ेगा। खिलाड़ियों को उम्मीद है कि वे अपने प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे और राज्य के लिए मेडल जीतेंगे।

# आश्रम-छात्रावासों में गड़बड़ी मिली तो सीधे सस्पेंड : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 2 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आदिवासी विकास विभाग की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी आश्रम एवं छात्रावासों में बच्चों को सर्वसुविधायुक्त वातावरण मिलना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

कलेक्टर श्री दुदावत ने वर्ष 2024-25 के लिए आश्रमों और छात्रावासों में स्वीकृत एवं प्रवेशित सीटों की स्थिति की जानकारी ली और ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण में लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सहायक आयुक्त को निर्देश दिए कि सभी बच्चों की काउंसलिंग कर आगामी सत्र में शत प्रतिशत छात्रवृत्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार (आपका आदर्श गांव) योजना के अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत व सामुदायिक वन अधिकार पत्र शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण व नगरीय निकायों में भी इस कार्य में तेजी लाने की बात कही।



- आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा में कलेक्टर के तीखे तेवर
- नवोदय की तर्ज पर करें एकलव्य विद्यालयों का संचालन
- निर्माण के मामले में गुणवत्ता और समय सीमा दोनों जरूरी

कलेक्टर श्री दुदावत ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन विद्यालयों का संचालन नवोदय विद्यालयों की तर्ज पर होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण मिल सके। बैठक में निर्माणाधीन छात्रावासों, आश्रमों और विशिष्ट संस्थाओं के स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, डीएमएफ निधि और एनएमडीसी से स्वीकृत कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को नियत समय में पूर्ण करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर श्री दुदावत की इस समीक्षा बैठक में आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, आवास और विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि सभी योजनाओं और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूरा किया जाए, ताकि आदिवासी बच्चों को बेहतर अवसर और सुविधाएं मिल सकें। बैठक के अन्त में कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर छात्रावास से संबंधित सभी आवश्यकताओं और उपलब्ध सुविधाओं का आकलन कर लेवें ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हों। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त राजीव नाग, मंडल संयोजक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य योजनाओं का हो बेहतर क्रियान्वयन : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 2 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग की योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा की। इसका मुख्य उद्देश्य जनसामान्य तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना है। बैठक में कलेक्टर श्री दुदावत ने आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, के संबंध में निर्देश दिए हैं कि इन योजना से छूट गए पात्र हितग्राहियों की व्यक्तियों की पहचान कर उनका संपूर्ण पंजीयन किया जाए। साथ ही नॉन-कम्युनिकेबल (गैर-संक्रामक) बीमारियों की स्क्रीनिंग गांव-गांव कैंपिंग के माध्यम से यूनिवर्सल स्क्रीनिंग कर बीमारियों की जल्दी पहचान और उपचार सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सा कल्याण विभाग की भूमिका केंद्र एवं राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी संचालन में प्रमुख जिम्मेदारी है। आमजनों हेतु उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों के उपचार हेतु दवाइयां की उपलब्धता एवं भंडारण पर्याप्त मात्रा में रखें इसके अलावा हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें।



- गैर संक्रामक रोगों के स्क्रीनिंग के लिए गांव में लगाए जाएंगे शिविर
- जन मानस को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा देने की हो पूरी कोशिश
- समीक्षा में कई बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा

इसके साथ ही मेडिकल वेस्ट के सही विनष्टीकरण हेतु सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त स्थान होने चाहिए और वह कॉमन वेस्ट से अलग रहने चाहिए। मलेरिया उन्मूलन अभियान के संबंध में कलेक्टर ने घर-घर जांच किए जाने का निर्देश साथ ही सभी सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वैलनेस सेंटर में केंद्र और राज्य की महिला और बच्चों से संबंधित योजनाओं की जानकारी चस्पां के जाने के अलावा गर्मी को देखते हुए सभी स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेंटरों में आमजनों हेतु पेयजल एवं ओआरएस गोल पैकेट अनिवार्य रूप से रखने को कहा। बैठक में जानकारी दी गई कि आयुष्मान (70 प्लस वय वंदन योजना) के अन्तर्गत 4657, लक्ष्य के विरूद्ध 2551, (54.78 प्रतिशत) पंजीयन, सिकल सेल के लक्ष्य 189155, के विरूद्ध, 186272 स्क्रीनिंग किया जा चुका है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले में पंजीयन की स्थिति 233479, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में लक्ष्य 9721 के विरूद्ध 10973 जांच, 2025 तक चालू वर्ष में गर्भवती पंजीयन 8970, चालू वर्ष में संस्थागत प्रसव 8363 के विरूद्ध 6574, टीकाकरण लक्ष्य 8363, के विरूद्ध 8000 पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, सीएमएचओ अजय रामटेके सहित अन्य ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

# चैतराम ने लिया पीएचसी बारसूर का जायजा



**दंतेवाड़ा,** 2 मई (देशबन्धु)। विधायक चैतराम अटामी क्षेत्र भ्रमण के दौरान बारसूर पहुंचे। भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ ने विधायक श्री अटामी का आत्मीय स्वागत किया।

विधायक श्री अटामी ग्रामीणजनों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने विधायक को क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यो के बारे में अवगत करवाया। इसे गंभीरता से लेते हुए विधायक श्री अटामी ने समस्याओं के जल्द निराकरण की बात कही एवं निर्माणाधीन विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने हेतु कहा। विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारसूर का निरिक्षण किया। बीएमओ, स्टाफ एवं मरीजों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- बीएमओ और कर्मचारियों से चर्चा
- भाजपाईयों ने किया विधायक का आत्मीय स्वागत

विधायक श्री अटामी ने बारसूर के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्लॉक गीदम जिला दंतेवाड़ा निर्माण एजेंसी सी.जी.एम.एस.सी लिमिटेड को जल्द से जल्द चालू करने हेतु निर्देशित किया।

# नगर सैनिकों की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा के लिए पंजीयन 30 तक

**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून 2025 दिन रविवार को राज्य के 4 जिले रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की जाएगी। कार्यालय जिला सेनानी, नगर सेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा में शामिल होने के लिए शारीरिक दक्षता में पात्र अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाईट लिंक में जाकर पंजीयन एवं ऑनलाईन आवेदन सबमिट करना अनिवार्य है, जिसकी अंतिम तिथि 30 मई 2025 सायं 5 बजे तक है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महापौर ने पेश किया...

से कार्य किया जाएगा। महापौर ने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए राज्य के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप का आभार प्रकट किया। शहर की ऐतिहासिक पहचान को संजोए रखने हेतु दलपत सागर, गंगामुंडा और पंडरी तरई तालाब के जिर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण हेतु रु. 2000 लाख का प्रावधान किया गया है। जलकुंभी सफाई, गाद निकासी, जल संरक्षण, वॉकवे, बोटिंग, प्रकाश व्यवस्था और बैठने की समुचित व्यवस्था को शामिल किया गया है। तालाबों की सफाई के लिए स्वदेशी तकनीकों के साथ-साथ पॉन्ड मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध श्री रामवीर तंवर का मार्गदर्शन लिया जा रहा है, जिससे इन जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन और संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा।

**पार्क, बाजार, मुक्तिधाम, पार्किंग और सड़क निर्माण पर जोर**

जगदलपुर शहर के सर्वांगीण विकास की दिशा में नगर निगम ने इस बजट में नागरिकों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने वाले अनेक पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दिया है। पार्कों और मैदानों का सौंदर्यीकरण शहर की सांसें हैं। सिटी ग्राउंड, हाथा ग्राउंड, लालबाग मैदान, शहीद पार्क समेत अन्य पार्कों के जिर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए रु. 500 लाख का प्रावधान किया गया है। लोकमान्य तिलक वार्ड में एक सर्वसुविधायुक्त पार्क की योजना तैयार की गई है, जिसमें बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, जॉगिंग ट्रैक, ओपन जिम, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बाजारों के सुव्यवस्थापन के अंतर्गत संजय बाजार और अन्य प्रमुख बाजारों की पार्किंग, साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालय, कचरा प्रबंधन, पेयजल, सुरक्षा और सूचना केंद्र जैसी सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु रु. 500 लाख का प्रावधान किया गया है। यह पहल शहर के व्यावसायिक केंद्रों को अधिक व्यवस्थित और नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाएगी। मुक्तिधाम एवं कब्रिस्तानों की दशा सुधारने और उन्हें शांति तथा गरिमा से युक्त स्थान बनाने के लिए रु. 300 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें बाउंड्री वॉल, पक्के रास्ते, प्रकाश, शौचालय, जल व्यवस्था, वृक्षारोपण और बैठने की सुविधा शामिल है। मल्टीलेवल पार्किंग की लंबे समय से माँग को ध्यान में रखते हुए, नगर निगम ने इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए रु. 500 लाख की राशि का प्रावधान किया है। इसके निर्माण से शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जा सकेगा और पार्किंग की समस्या का समाधान संभव होगा। महापौर श्री पाण्डे ने कहा कि एम. आर. रोड निर्माण को लेकर भी महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के प्रस्ताव अनुसार वीर सावरकर भवन से खपरा भट्टी तक तथा अन्य स्थानों पर सड़क निर्माण के लिए रु. 5000 लाख का बड़ा प्रावधान रखा गया है, जिससे शहर की यातायात और कनेक्टिविटी व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा इस बजट में अधोसंरचना विकास, बस स्टैंड आधुनिकीकरण, सरोवर धरोहर योजना, पर्यावरण सुधार, बाजार, मुक्तिधाम और पार्क विकास, ट्रांसपोर्ट नगर और गोकुल नगर जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए समुचित राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही बरसाती जल निकासी, मुख्यमंत्री घोषणाओं, विकलांगजन सुविधा, स्वास्थ्य एवं आवास योजनाएं, ई-गवर्नेंस, सड़क-नाली मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, डंपिंग यार्ड सौंदर्यीकरण, महिला एवं युवाओं के लिए रोजगार मूलक योजनाएं, प्रेस क्लब, और ट्रैफिक सिग्नल शेड जैसे विविध जनोपयोगी कार्यों हेतु वित्तीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने विशेष रूप से मैं जगदलपुर के विधायक किरण देव जी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि, जिनके प्रयासों से नगर निगम को उनके विधायक निधि से अब तक की सर्वाधिक राशि प्राप्त हुई है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से नगर विकास को नई दिशा मिली है।

**नगर निगम की सामान्य सभा में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' प्रस्ताव पारित, जलाशयों और ठेके से जुड़े विषयों पर लिए गए निर्णय**

नगर निगम जगदलपुर की सामान्य सभा की बैठक में च्एक राष्ट्र-एक चुनावज्ज के ऐतिहासिक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर के पत्र के आधार पर यह विषय अध्यक्ष द्वारा सभा में प्रस्तुत किया गया था। प्रस्ताव पारित कर इसे कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़, राज्य शासन एवं भारत सरकार को भेजे जाने की अनुशंसा की गई। इसे लोकतंत्र की मजबूती और संसाधनों की बचत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। सभा में अतिरिक्त विषयों पर भी निर्णय लिए गए, जिनमें विज्ञापन बोर्ड (ग्राउंड होर्डिंग्स) को पांच वर्षों के लिए ठेके पर दिए जाने हेतु तीन जोनों में विभाजन कर निविदा प्रक्रिया को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही संजय मार्केट की थोक सब्जी मंडी की दो दुकानों को क्रमश: 5.61 लाख व 5.51 लाख की उच्चतम दर पर शिक्षित बेरोजगार व महिला वर्ग को स्वीकृति दी गई। गंगामुंडा, दिवान तालाब एवं अन्य जलाशयों को मछली पालन हेतु दस वर्षों के लिए मछवारा समूह/फर्म को ठेके पर देने के लिए निविदा प्रक्रिया को भी हरी झंडी दी गई।

**एजेंडा में शामिल**

नगर निगम की सामान्य सभा में विकास, पर्यावरण, जलप्रदाय और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लिए गए निर्णय। नगर निगम जगदलपुर की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 30 अप्रैल 2025 को संपन्न हुई, जिसमें नगर विकास, पर्यावरण संरक्षण, जनकल्याण और राजस्व सुदृढ़ीकरण से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार और निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वप्रथम वर्ष 2024-25 के पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही बलीराम कश्यप वार्ड में डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन के निर्माण के लिए ? 271.86 लाख की प्रावधिक स्वीकृति के अनुरूप प्रस्ताव भेजे जाने पर भी निर्णय लिया गया। नगरोत्थान योजना के अंतर्गत दलपत सागर का सौंदर्यीकरण, प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण व अन्य निर्माण कार्यों के लिए ?3500 लाख की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भी शामिल किया गया। नगर पालिक निगम के नगरोत्थान योजना (एजेंडा) में दलपत सागर के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 1001.34 लाख रूपये की राशि, मुक्तिधाम से समुन्द चौक से पावर हाऊस चौक से पंचपथ चौक से लालबाग आमागुड़ा चौक तक मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के लिये 1017.79 लाख रूपये की राशि एवं अन्य अतिरिक्त निर्माण कार्य के लिये 1480.87 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गयी है। वातावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए भवन निर्माण क्षेत्रफल के अनुसार वृक्षारोपण अनिवार्य किया गया। मल्टीस्टोरी भवनों में प्रत्येक फ्लैट हेतु एक वृक्ष लगाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, भवन अनुमति के साथ रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की शर्त अनिवार्य की गई, जिसका उल्लंघन करने पर ?50,000 से ?1,50,000 तक जुर्माना लगाया जाएगा। जलप्रदाय प्रणाली के दुरुपयोग पर कार्रवाई करते हुए टुल्लू पंप जब्त करने के साथ ?1000 जुर्माना तय किया गया। संजय मार्केट के प्रथम तल के हॉल को शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना हेतु न्यूनतम ?4000 किराए पर देने का प्रस्ताव पारित किया गया। एलईडी और टेरिस विज्ञापन हेतु वार्षिक दर में 10 त्न वृद्धि तथा नगर निगम कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु परियोजना प्रबंधन इकाई की स्थापना का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ। जल प्रदाय दरों में संशोधन करते हुए निर्माण कार्य, विवाह, धार्मिक कार्यक्रमों व बीपीएल विवाह के लिए टैंकरों की नई दरें तय की गईं। अंत में, शहीद पार्क में संचालित मिनी ट्रेन का किराया 3-15 वर्ष के बच्चों के लिए ?5 और 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए ?10 निर्धारित किया गया। यह बैठक विकास और जनहित से जुड़ी बहुआयामी योजनाओं की दिशा में एक ठोस पहल के रूप में संपन्न हुई। बता दें कि सभा में बजट से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई और आगामी वर्ष की विकास योजनाओं की रूपरेखा भी रखी गई। नगर निगम जगदलपुर के इस बजट सत्र को शहर के भविष्य के लिए एक सकारात्मक और दूरदर्शी पहल माना जा रहा है।

बॉक्सट्ठ

रु. 3000 लाख जलप्रदाय व्यवस्था के लिए
रु. 8000 लाख जगदलपुर बैराज योजना,
रु. 5000 लाख अधोसंरचना विकास, रु. 2000 लाख तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण हेतु
रु. 500 लाख बस स्टैंड आधुनिकीकरण
रु. 500 लाख मल्टीलेवल पार्किंग योजना।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 7 मई से 9 मई तक

**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 में कक्षा 6 वीं में प्राक्चयन परीक्षा 02.03.2025 का परीक्षा परिणाम ऑनलाईन पोर्टल पर 30 अप्रैल 2025 को अपलोड किया गया है। कोण्डागांव जिला स्तरीय मेरिट सूची के अनुसार जिला स्तर पर प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय महात्मा गांधी वार्ड में आयोजन किया जाना है। निर्धारित तिथि के अनुसार 07 मई 2025 को जिला स्तरीय मेरिट सूची के सरल क्रमांक 001 से 200 तक, 08 मई 2025 को जिला स्तरीय मेरिट सूची के सरल क्रमांक 201 से 400 तक और 09 मई 2025 को जिला स्तरीय मेरिट सूची के सरल क्रमांक 401 से 500 तक की काउंसिलिंग प्रात: 09 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त सुश्री निकिता मरकाम ने बताया कि विद्यार्थियों को काउन्सिलिंग में प्रवेश नीति के भाग 5 में दर्शित दस्तावेज परिशिष्ट एक स्व घोषणा पत्र (माता-पिता द्वारा किया जाए), परिशिष्ट दो प्रधान पाठक का सत्यापन, परिशिष्ट चार चिकित्सा विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र में चिकित्सा/स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, परिशिष्ट पांच सिकलसेल परीक्षण प्रमाण पत्र, परिशिष्ट छः विधवा माता का प्रमाण पत्र (यदि आवश्यक हो), परिशिष्ट नौ नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र, एकलव्य प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र, कक्षा पांचवी उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा।

# प्रा. शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में अंतिम मूल्यांकन परिणाम घोषित

**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ कोंडागांव से सम्बद्ध बस्तर संभाग का प्रथम कब-बुलबुल विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में मुख्य अतिथि श्रीमती फागेश्वरी कश्यप जनपद सदस्य, विशिष्ट तिथि श्रीमती रंजनी नेताम वार्ड पंच, मानकू राम कश्यप, श्रीमती सरस्वती नाग, कार्यक्रम अध्यक्ष विष्णु प्रसाद कश्यप शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, प्रधानाध्यापक पवन कुमार साहू, शिक्षिका श्रीमती संतोषी पटेल, पालकगण एवं कब-बुलबुल टीम के विद्यार्थियों की उपस्थिति में सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रचलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

शिक्षा सत्र 2024-25 का अंतिम मूल्यांकन परिणाम की घोषणा किया गया, जिसमें वर्ष भर के विभिन्न गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए तथा सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु ईयर ऑफ बेस्ट स्टूडेंट के रूप में कु.वंदना मरकाम कक्षा पांचवी को चुना गया। वहीं बेस्ट पालक मानकु फागेश्वरी कश्यप जिन्होंने साल भर अपने बच्चों को विशेष रूप से ध्यान देकर विद्यालय के हर गतिविधियों में सक्रिय रूप से भूमिका निभाने एवं छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं पालकों में अपनापन की भावना जागृत करने हेतु तीन बार नेवता भोज का आयोजन कर सक्रिय पालक के रूप में महती भूमिका निभाने हेतु बेस्ट पालक का अवार्ड दिया गया। हर्षवर्धन कश्यप को बेस्ट खिलाड़ी का, सर्वाधिक उपस्थिति हेतु वंदना मरकाम एवं आरुषि कोर्राम को चुना गया। साल भर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सविता नेताम को बेस्ट संस्कृतिक प्रमुख के रूप में चुना गया। वहीं सक्रिय पालक के रूप में सरस्वती नाग को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के संस्था प्रमुख पवन कुमार साहू द्वारा कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट को लेखनी, नोटबुक, पहाड़ा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य रूप से सम्मानित किए गए स्टूडेंट में कक्षा पहली से शौर्य नेताम प्रथम, सौम्या यादव द्वितीय, देविका मरकाम तृतीय, कक्षा द्वितीय में वारिधि नाग प्रथम,



**ईयर ऑफ बेस्ट स्टूडेंट वंदना, बेस्ट पालक बने मानकू, फागेश्वरी**

अनुराग बघेल द्वितीय, एलिजा नेताम तृतीय, कक्षा तीसरी में सदैव गवर्ना प्रथम, अंकिता पोयाम द्वितीय, संजीत नेताम एवं युवराज यादव तृतीय, कक्षा चौथी में ओबिना बघेल प्रथम, ज्ञानेश्वरी नेताम द्वितीय, भावना कोर्राम तृतीय, कक्षा पांचवी में वंदना मरकाम प्रथम, मौसम यादव द्वितीय, आरुषि कोर्राम एवं सनिष्ठा पोयाम तृतीय स्थान को लेखनी, नोटबुक, पहाड़ा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती फागेश्वरी कश्यप ने कहा कि शिक्षकों और बच्चों के साथ-साथ यदि पालक भी शिक्षक की तरह ध्यान दें तो बच्चों को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। इसलिए सभी पालक प्रतिदिन विद्यालय में दिए गए गृह कार्य को भी ध्यान देते हुए घर में अध्ययन अवश्य करवाये। कब-बुलबुल का कार्य बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मानकू राम कश्यप ने कहा कि शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा ऐसी संस्था है जहां पर अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक, राष्ट्रीय एवं संस्कार एवं मान मर्यादा की शिक्षा दी जाती है। इसलिए यह संस्था अन्य संस्थाओं से हटकर राष्ट्र निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभा रही है। कब-बुलबुल के माध्यम से लोगों में सामाजिकता एवं देश प्रेम के भावना जागृत करने में अहम भूमिका निभा रही है तथा शासन की महती योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में प्रमुख भूमिका निभा रही है।

इस अवसर पर मां दंतेश्वरी गायत्री महिला स्व सहायता समूह के द्वारा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं पालकों के लिए संपूर्ण रूप से दाल, चावल, सब्जी, खीर, पुरी की व्यवस्था का नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सुकरी यादव, मानबाई भंडारी, नर्मदा नाग, अंजलि नाग, सुप्रिया कांगे, दौलत राम यादव ने विशेष सहयोग प्रदान किया। जिसे संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हेड मास्टर पवन कुमार साहू ने कब-बुलबुल टीम के समस्त छात्र-छात्राओं तथा पालकों, स्व सहायता समूह के सदस्यों एवं अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# पैसे का दांव लगाकर जुआ खिलाते आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। खुड़खुड़िया नामक रूपये, पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलाते 1 आरोपी को फरसगांव पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने के साथ ही आरोपी के कब्जे व फड से गोटा हुकुम, पान, चिड़ी, इट्टा, मुण्डी, जंड़ी, छपा हुआ, हुकुम पान, चिड़ी, इट्टा जंड़ी मुण्डी छपा हुआ एक परदा, अन्य जुआ सामग्री तथा नगदी रकम 34000 हजार रूपये को जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंकुश लगाते 30 अप्रैल को ग्राम माण्डोकीखरगांव मेला में जरिये मुखबीर से



सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति खुड़खुड़िया नामक के खेल से रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेला रहे हैं। सूचना मिलने पर गवाहों को साथ लेकर मुखबीर के बताये स्थान में पहुंच कर हमराह स्टाफ के घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया और खुडखुड़िया नामक रूपये पैसे का दांव लगा कर जुआ खेला रहे 01 यक्ति को पकड़े जिनका नाम पता पूछने पर अपना नाम बिनेश पिता स्व.सुकलुप्रसाद पाण्डे 32 साल निवासी डोबलापारा पोस्ट आफिस कुडुक थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा होना बताया। उसके कब्जे से व फड़ से जुमला नगदी रकम 34000 हजार रूपये 01 नग गोटा जिसमें हुकुम, पान, चिड़ी, इट्टा, मुण्डी, जंड़ी, छपा हुआ 03. एक परदा जिसमें हुकुम, पान, चिड़ी, इट्टा, जंड़ी मुण्डी छपा हुआ 04. एक नग बांस का टोकनी 05. एक नग प्लास्टिक कर चटाई पाये जाने से मुताबिक जप्ती पत्रक गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य छत्तीसगढ जुआ (प्रतिशेध) अधिनियम 2022 की धारा 4 (क) के अन्तर्गत पाये जाने से मौके पर 30 अप्रैल के कमश: 19.30 बजे विधिवत् गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। वहीं गवाहों को सुचना दिए हो कहकर डरा धमका कर देख लेने की धमकी पुलिस की मौजुदगी में देने से धारा 170 बीएनएसएस की कार्यवाही कर एसडीएम कार्यालय फरसगांव में पेश की गई है। उक्त कार्यवाही में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अभिनव उपाध्याय के हमराह निरीक्षक संजय सिन्दे थाना प्रभारी फरसगांव, सउनि.किशोर प्रजापति, सुरेन्द्र बघेल, प्र.आर.मुपेन्द्र मप्रआर बीना मण्डावी, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी, आर.घनश्याम, आर.प्रेमलाल मरकाम, आर.क्र.संदेश सोरी, आर.रतीराम मण्डावी, म.आर.हेमेश्वरी शार्दुल, म.आर.कौशिल्या शोरी, म.आर.वितावरी पाण्डे, म.आर.महन्ती कवाची, म.आर.सरस्वती यादव, म.आर.भानुप्रिया मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# कलेक्टर ने शिक्षकों व शालाओं के युक्तियुक्तकरण के संबंध में बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय शालाओं और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रकिया के संबंध में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि युक्तियुक्तकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशानुसार पूरी पारदर्शिता के साथ सावधानीपूर्वक संपन्न कराएं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम और बीईओ को निर्धारित प्रपत्र में अतिशेष शालाओं एवं शिक्षकों का चिन्हांकन कर उनकी पूरी जानकारी निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण आगामी 07 मई से 25 मई की बीच किया जाएगा तथा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही 15 मई से 10 जून के बीच की जाएगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी ने अतिशेष स्कूलों और शिक्षकों के संबंध में शासन द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम केशकाल अंकित चौहान एवं फरसगांव अश्वन पुसाम, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा इमल बघेल तथा स्कूल शिक्षा विभाग के बीईओ, एबीईओ, बीआरसी आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने कृषि विभाग के कामकाजों की विस्तृत समीक्षा की

**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 1 मई कृषि विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खरीफ फसल की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बीज और खाद की उपलब्धता की जानकारी ली और किसानों को पर्याप्त बीज और खाद वितरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा किसानों के कल्याण के लिए संचालित प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के जिले में प्रगति की जानकारी ली और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने बीज उत्पादक कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक किसानों को इस कार्यक्रम से जोड़ने की बात कही। उन्होंने प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किसानों की जानकारी ली। कृषि विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि इस योजना से जिले में 83 हजार 185 किसानों का पंजीयन हो चुका है। इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रति वर्ष 6 हजार रुपए की सहायता राशि तीन किस्तों में दिया जाता है, जिससे किसान कृषि कार्य को आगे बढ़ा सके। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड की भी समीक्षा की और केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को दिलाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, जैविक कृषि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के अंतर्गत सूरजमुखी की खेती पर भी चर्चा हुई। कृषि विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन और तिलहन फसलों को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहन योजना के बारे बताया कि इसके तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 05 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जाती है और महिला कृषकों को प्राथमिकता दी जाती है। साथ ही द्विफसलीय उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भी शासन द्वारा अनुदान दी जाती है।

# कलेक्टर ने की मां दंतेश्वरी इथेनॉल प्लांट की समीक्षा



**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरूवार को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में मां दंतेश्वरी इथेनॉल प्लांट का स्थापना कार्य की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान प्लांट के प्रबंध संचालक विकास खन्ना द्वारा प्लांट की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई तथा आगामी कार्य योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्लांट के सुचारु संचालन हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। चर्चा के दौरान समिति द्वारा जिला प्रशासन से प्लांट के संचालन हेतु आवश्यक सहायता दिए जाने की बात कही गई।

# प्री पॉलिटेक्निक परीक्षा संपन्न 48 विद्यार्थी हुए शामिल



**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री पॉलिटेक्निक परीक्षा का आयोजन 1 मई को जिले के शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा में कुल 150 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 48 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा की प्रक्रिया में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने परीक्षा की निगरानी के लिए गठित उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया।

# ओड़ीसा से अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन करने वाले पर अनंतपुर पुलिस की कार्रवाई

**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। थाना अनंतपुर पुलिस द्वारा दिगर राज्य उड़ीसा से अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करने वाले आरोपियों रमेश कुमार पिता बुधराम नेताम 28 वर्ष, कुलजीत पिता बुधराम नेताम 20 वर्ष दोनों निवासी साकिन नारायणपुर सिंघोड़ीतरई स्थायी पता मुरनार जिला नारायणपुर, संतु पिता पाण्डु नुरेटी 30 वर्ष एवं अन्नुराम पिता पाण्डु नुरेटी 19 वर्ष दोनों साकिन सोनपुर जिला नारायणपुर के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही करने के साथ ही आरोपी के कब्जे से 23 लीटर कीमती 5,980 रूपये एवं दो मोटर सायकल को जप्तकर आरोपियों को गिरफ्तार किया।



**23 लीटर कीमती 5,980 रुपए व दो मोटर सायकल किया जप्त**

29 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि उमरकोट (उड़ीसा राज्य) की ओर से एरला नाका की तरफ दो मोटर सायकल क्र.सीजी 21 इ 1424 व सीजी 21 जे 1846 में अवैध शराब परिवहन करने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) रूपेश कुमार (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी कोमल प्रसाद राठौर के नेतृत्व में थाना अनंतपुर के समस्त स्टाफ द्वारा मुखबीर के बताए स्थान पर जाकर नाकेबंदी की कार्यवाही किया गया। कुछ देर बाद दो मोटर सायकल आते दिखाई दिए जिसे एरला नाका के पास रोका गया, दोनों मोटर सायकल में दो-दो व्यक्ति बैठे थे बीच में बोरी में शराब रखे हुए थे, जिन्हें उक्त शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में नोटिस दिया गया जिनके द्वारा दस्तावेज पेश नहीं किया गया एवं उक्त कार्यवाही में मोटर सायकल सीजी 21 इ 1424 में बैठे रमेश कुमार नेताम व अन्नुराम नुरेटी के कब्जे से 24 नग हंटर केन बीयर, प्रत्येक में 500 एमएल किमती 130 रूपये, जुमला अंग्रेजी हंटर केन बीयर 12 लीटर जुमला किमती 3,120 रूपये व हीरो एचएफ डिलक्स सीजी 21 जे 1846 में बैठे संतु नुरेटी व कुलजीत नेताम के पास से 22 नग हंटर केन बीयर, प्रत्येक 500 एमएल प्रत्येक किमती 130 रूपये, जुमला अंग्रेजी बीयर 11 लीटर जुमला किमती 2860 रूपये जुमला 23 बल्क लीटर जुमला किमती 5980 रूपये का बरामद हुआ है। उक्त आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना स्टाप अनंतपुर की भूमिका रही।

# ऐतिहासिक फिल्म 'फुले' को चलचित्र घरों में लगाने बाबा साहेब संस्था ने सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। जिला कोण्डागांव के चलचित्र घरों में ऐतिहासिक फिल्म 'फुले' को लगाने बाबा साहेब संस्था के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। बाबा साहेब सेवा संस्था कोंडागांव के पदाधिकारियों के द्वारा कलेक्टर कार्यालय में जाकर जिला कोण्डागांव के चलचित्र घरों में ऐतिहासिक फिल्म 'फुले' को लगाने ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि फिल्म 'फूले' को जिला कोण्डागांव के चलचित्र घरों में रिलीज होने को लेकर आम जनता में अति उत्सुकता है, किन्तु आज दिनांक तक कोण्डागांव के चलचित्र घरों में ऐतिहासिक फिल्म 'फुले' को रिलीज नहीं किया गया है।



फिल्म 'फुले' एक ऐतिहासिक और प्रेरणादयक फिल्म है, जो भारतीय समाज में सुधार लाने वाले महान व्यक्तित्व महात्मा ज्योतिराव फुले और उनकी पत्नी माता सावित्रीबाई फुले के संघर्ष और योगदान को उजागर करती है। यह फिल्म समाज में शिक्षा, समानता, और महिलाओं के अधिकारों के लिए उनके द्वारा किये गये महान कार्यों को दर्शाती है। फिल्म का उद्देश्य युवा पीढ़ी में समाज सुधार की दिशा में जागरूकता और प्रेरणा उत्पन्न करना है। फिल्म की विषयवस्तु छत्तीसगढ़ राज्य की सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य से भी अत्यंत प्रासंगिक है। इसके माध्यम से समाज में समता, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के महत्व को समझाया जाता है, जो छत्तीसगढ़ में भी समाज सुधार के लिए एक सशक्त संदेश भेजता है। इस प्रकार की फिल्म के प्रचार से राज्य में समारात्मक सामाजिक परिवर्तन की संभावना है। अत: आपसे निवेदन है कि इस फिल्म को कोण्डागांव जिला में रिलीज करते हुए मनोरंजन कर से मुक्त करने की कृपा करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस फिल्म का लाभ उठा सकें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में यह फिल्म प्रभावी सिद्ध हो। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान संस्था के पदाधिकारी व मुलनिवासी उपस्थित रहे।

# फरसगांव पुलिस ने की कार्रवाई फरार गांजा तस्कर पर, आरोपी से दो नग मोबाईल जप्त



**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। थाना फरसगांव पुलिस द्वारा फरार गांजा तस्कर के आरोपी पर कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से दो नग मोबाईल जप्त किया गया। बताया गया कि जिला कोण्डागांव के थाना फरसगांव क्षेत्रांतर्गत अवैध गांजा तस्कर की सूचना प्राप्त हो रही थी, उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा 01 मई को मुखबीर से प्राप्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए फरार गांजा तस्कर आरोपी दीपांकर व्यापारी पिता सुशांत व्यापारी 34 वर्ष निवासी सिंगारपुरी कैम्प थाना फरसगांव को थाना फरसगांव के अपराध क्र. 165/2024 धारा 20 ख एनडीपीएस एक्ट में 1 मई को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 2 नग मोबाईल जप्त किया गया है। गांजा तस्कर के विरूद्ध विधिवत् कार्यवाही करते हुए मामला अजमानतीय होने से आरोपी दीपांकर को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में सउनि. पिताम्बर कठार, प्रधान आरक्षक मुपेन्द्र साहु, आरक्षक अजरंग बघेल, दीपक हलदार, अजय मरकाम, बासु मरकाम की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

# कलेक्टर ने बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाए रखने पर जोर दिया और मरम्मत या नए भवन की आवश्यकता वाले केंद्रों की जानकारी शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में जिले के स्वास्थ्य केंद्र भवनों की स्थिति, स्टॉफ के संख्या और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने लो बर्थ वेट, मातृ मृत्यु दर और स्टिल बर्थ पर चिंता व्यक्त करते हुए इन्हें न्यूनतम स्तर पर लाने हेतु ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएमओ को मातृ मृत्यु दर को कम करने की दिशा में गंभीरता से प्रयास करने को कहा तथा मितानिनों की बैठक लेकर हाई रिस्क मामलों की समय पर पहचान और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी स्वास्थ्य केंद्र निर्धारित समय के दौरान बंद न हो। कलेक्टर ने शिशु मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के तहत शेष लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र जारी करने और एएनसी पंजीयन की स्थिति पर नियमित फॉलोअप के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने और सभी कार्यकर्ताओं को मुख्यालय में रहने की सख्त हिदायत दी तथा मुख्यालय में उपस्थित नहीं पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार, सिविल सर्जन डॉ.आर.सी.ठाकुर सहित सभी विकास खंड चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित थे।

## 1 अप्रैल 2019 के पहले खरीदे गए वाहनों में अब अनिवार्य होगी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। 1 अप्रैल 2019 के पहले खरीदे गए वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अब अनिवार्य होगा। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना अब अनिवार्य होगा। इस नियम के अंतर्गत जिन वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लगी होगी, उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जाएगी। कोण्डागांव के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अतुल असैया ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहन मालिकों को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए चार महीने की समय-सीमा दी गई थी, जो अब समाप्त हो चुकी है। अब यदि कोई वाहन बिना एचएसआरपी के पाया गया, तो उसके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत जुर्माना या अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वाहन स्वामी ऑनलाइन माध्यम से भी एचएसआरपी के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा अधिकृत पोर्टल उपलब्ध है। पोर्टल पर जाकर वाहन संख्या, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, मोबाइल नंबर और ईंधन का प्रकार जैसी जानकारी भरनी होगी। इसके बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। ओटीपी दर्ज करने के बाद शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है, जिसके उपरांत एक रसीद जारी होगी। जब नंबर प्लेट तैयार हो जाएगी, तो उसकी सूचना वाहन स्वामी को मोबाइल पर भेजी जाएगी। इसके बाद वे अधिकृत डीलर के पास जाकर प्लेट को वाहन में लगवा सकते हैं। एचएसआरपी नंबर प्लेट में एक विशिष्ट लेजर कोड और छेड़छाड़-रोधी लॉकिंग प्रणाली होती है, जिससे वाहन की पहचान सुरक्षित रहती है और चोरी या फर्जी पहचान के मामलों में अंकुश लगाया जा सकता है।

# 10 लाख का डाक जीवन बीमा मृत्यु दावा का भुगतान किया गया



**कोण्डागांव,** 2 मई (देशबन्धु)। 10 लाख का डाक जीवन बीमा मृत्यु दावा का भुगतान किए गए होने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया कि जिला पुलिस में पदस्थ बद्रीनारायण नाग ने वर्ष 2022 में कोंडागांव उप डाकघर से 10 लाख का डाक जीवन बीमा करवाया था और लगभग 8 माह पश्चात् उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। नॉमिनी उनकी पत्नी श्रीमती लिलेश्वरी नाग निवासी पुलिस लाइन कोंडागांव ने घटना पश्चात् बीमा दस्तावेज को लेकर डाकघर में पहुंचकर मृत्यु दावा प्रकरण प्रस्तुत किया। जिस पर डाक प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बीमा व बोनस की राशि 10 लाख 52 हजार रुपये को उनके बचत खाते में हस्तांतरित कर दिया गया। इस पर नॉमिनी श्रीमती लिलेश्वरी नाग ने डाक विभाग को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ ही लोगों को डाक जीवन बीमा से जुड़ने की अपील किया। उप संभागीय निरीक्षक डाक आरएस मिश्रा ने बताया कि भारतीय डाक विभाग में 140 वर्षों से जारी डाक जीवन बीमा जो भारत की सबसे पुरानी जीवन बीमा का सुरक्षा देने वाली संस्था है। आगे कहा कि डाक जीवन बीमा प्रत्येक नागरिक को कराना चाहिए, डाक जीवन बीमा कर्मचारियों के साथ-साथ स्नातक योग्यताधारी भी अब पीएलआई करवा सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए नजदीकी डाकघर में सम्पर्क कर सकते हैं।

CMYK

पंडित जी ने कुंडली मिलाई, 36 के 36 गुण मिल गए। पर लड़के वालों ने मना कर दिया।
लड़की वाले हैरान होकर पूछने लगे- जब सारे गुण मिल रहे हैं तो आप क्यों मना कर रहे हो?
लड़के वाले- हमारा बेटा बिल्कुल लफंगा है, क्या बहू भी उसी के जैसी लाएं?



# नेता प्रतिपक्ष पर विवाद जारी, पार्षदों को मनाने विफल रही कांग्रेस

**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। रायपुर नगर निगम के पांच कांग्रेस पार्षदों का पार्टी से इस्तीफे के बाद निगम के नेता प्रतिपक्ष बनाने कांग्रेस में खींचतान जारी है. सूत्रों के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज नाराज पार्षदों को मनाने में जुट गए हैं। श्री बैज पार्षदों को कॉल करके विवाद को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं ।लेकिन वे इसमें अब तक सफल नहीं हो पाए हैं।

पार्षद बागी होकर पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले आकाश तिवारी का अब खुलकर विरोध भी कर रहे है। पार्षदों ने नेताप्रतिपक्ष बदलने तक पार्टी में वापसी से इनकार कर दिया है ।जानकारी ये भी है कि कांग्रेस की ओर से बनाए गए नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू से बैज ने अब तक कोई संपर्क नहीं किया है।इसके ये मायने निकाले जा सकते हैं कि पीसीसी चार पार्षदों का संदीप साहू से समर्थन वापस लेने की पूरी कोशिश में जुटा हुआ है ।कांग्रेस के प्रदेश सह-प्रभारी विजय जांगिड कल छत्तीसगढ़ आ रहे हैं ।उनके तीन दिवसीय दौरे में ये कयास लगाए जा रहे हैं कि संगठन में छिड़ी इस विवाद को सुलझाने विचार विमर्श हो सकता है।



### घर का मामला घर में सुलझाएंगे : दीपक बैज

इधर दीपक बैज ने पार्षदों के इस्तीफे को घर का मामला बताया है और कहा है कि इसे घर में ही सुलझाया जाएगा। हालांकि पिछले 20 दिनों से ये देखा गया कि पीसीसी के आदेश का लगातार विरोध जारी रहा, लेकिन पीसीसी के फैसले में कोई बदलाव नहीं आया ।नतीजतन रायपुर नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों की संख्या 8 से सीधे 3 पर उतर आई। अब देखने वाली बात होगी कि बैज के संघर्ष का परिणाम प्रदेश के सबसे बड़े नगर निगम में पार्टी की संख्या बल बनाए रख पाता है या नहीं।

कुछ समय पूर्व प्रदेश कांग्रेस ने संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष मनोनीत किया था। एक माह बाद उन्हें हटाकर आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया। इससे सभी पांचों पार्षद लामबंद होकर पार्टी के निर्णय का मुखर होकर विरोध करने लगे। संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष बनाए रखने के लिए साहू समाज के लोगों ने भी राजीव भवन में धरना व प्रदर्शन किया था। पार्टी के वरीष्ठ नेताओं से भी मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था।

**भाजपा ने कांग्रेस को बताया डूबती नाव**

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पांच पार्षदों के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कांग्रेस को डूबता जहाज बताते हुए कहा है कि पहले संदीप साहू को निर्वाचित किया फिर हटा दिया गया। इसके विरोध में पांच पार्षदों ने इस्तीफा दिया है. यह इनकी डूबती हुई नाव ही है।

### नही सुलझा नेता प्रतिपक्ष का मामला, अब दिल्ली तक गुहार

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष कौन है इसका मामला अब नीतिगत तरीकों से उलझ गया है ।यदि पांच पार्षदों ने पार्टी छोड़ दी है तो कांग्रेस के पास अब तीन ही पार्षद रह गए हैं आकाश तिवारी,अर्जुमन ढेबर और शेख मुशीर वहीं नेता प्रतिपक्ष( अब तक) संदीप साहू को मिलाकर पांच पार्षद हैं जो बागी हो गए हैं। यदि वे साथ रहे तो कांग्रेस को संख्याबल के आधार पर नेता प्रतिपक्ष के लिए दावा कर पाना भी मुश्किल हो जायेगा। ऐसे में एक ही रास्ता बचता है कि सभी का मान मन्नौवल कर वापस पार्टी में लाएं और आकाश तिवारी की जगह संदीप साहू को नेता प्रतिपक्ष की स्वीकरोक्ति दें। बहरहाल पार्टी नेताओं ने भी मामले में चुप्पी साध ली है वहीं भाजपा के पास संख्या बल इतना ज्यादा है कि वे इस घटनाक्रम में रूचि नहीं ले रहे हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी की जमकर किरकिरी जरूर मामले में हो रही है। वहीं दूसरी ओर बताया जा रहा है कि इस्तीफा दे चुके पांचों पार्षद दिल्ली जाकर कांग्रेस के संगठन महासचिव प्रभारी सचिन पायलट के समक्ष अपनी बात रखेंगे यदि बात बन गई तो ठीक अन्यथा उन्होने तो पार्टी छोडने का मन बना ही लिया है। वैसे पीसीसी व जिला इकाई में तालमेल का अभाव भी इस मामले में खुलकर सामने आ गया है।

## विवाद दूर करने बनाई 3 सदस्यीय जांच समिति

राजधानी में आठ में से पाँच कांग्रेस पार्षदों की अभूतपूर्व बगावत पर फ़ैसला करने के बजाय पार्टी ने पूरे मामले को ही पेंडिंग कर दिया। पार्टी किसी भी पार्षद का इस्तीफ़ा स्वीकार करने के मूड में नहीं है। बल्कि नेता प्रतिपक्ष बदले जाने से उपजे आक्रोश को फ़िलहाल दबाने के उपाय शुरू कर दिए गए हैं। सबसे पहले इस मामले को जाँच में डाला गया है।

■ रायपुर के पांचों कांग्रेस पार्षदों के इस्तीफे को पार्टी ने किया लंबित

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर तीन सदस्यों की जांच समिति गठित कर दी गई है। पूर्व विधायक लेखराम साहू की अध्यक्षता में गठित कमेटी में प्रेमचंद जायसी और सुनील माहेश्वरी को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री मलकीत गैदु की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति से उपजे विवाद को लेकर लेखराम कमेटी रायपुर शहर अध्यक्ष, इस्तीफ़ा देने वाले पांचों पार्षदों के अलावा सभी संबंधित नेताओं से मिलेगी। कमेटी को तीन दिन बाद अर्थात् मंगलवार को रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस को सौपनी है।

### प्रदेश कांग्रेस से जारी की गई चिट्ठी

कांग्रेस ने मार्च में दो बार के पार्षद संदीप साहू को रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया था। लेकिन एक माह के भीतर ही संदीप की जगह पार्षद आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष घोषित कर दिया गया। इस फैसले से नाराज संदीप साहू समेत पाँच कांग्रेस पार्षदों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा देते हुए इसे सीधे प्रदेश अध्यक्ष बैज को भेजा। हालांकि पार्षदों ने नगर निगम से इस्तीफ़ा नहीं दिया है, इसलिए उनकी पार्षदी में संकट नहीं है।

# डबल इंजन सरकार में 3100 का धान दो हजार में नीलाम होगा : बैज

**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। भाजपा जब विपक्ष में थी तो डबल इंजन की सरकार के फायदे का बड़ा-बड़ा दावा करती थी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य में 3100 रू. चिंटल में खरीदा गया धान 2000 रू. चिंटल में नीलाम करना पड़ेगा। डबल इंजन की सरकार की हकीकत सामने आ रही केंद्र सरकार राज्य का पूरा चावल नहीं खरीद रही है। राज्य सरकार को किसानों से खरीदे धान को खुले बाजार में बेचना पड़ रहा है ।भाजपा जब विपक्ष में थी तो डबल इंजन की सरकार के फायदे का बड़ा-बड़ा दावा करती थी।

इस वर्ष राज्य सरकार ने 154 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर किया है। केंद्र की मोदी सरकार पूरे 154 लाख मीट्रिक टन से बनाये गये चावल को सेंट्रल पुल में नहीं खरीद रही है। अब राज्य सरकार 3100 रू. प्रतिचिंटल में खरीदे गए धान को खुले बाजार में 2000 से 2100 रू. प्रतिचिंटल का रेट आ रहा, जिससे राज्य के खजाने का 6000 करोड़ रू. से अधिक का नुकसान होगा। यह है भाजपा के डबल इंजन की सरकार का नुकसान।



■ धान की नीलामी में होगा कमीशन खोरी का खेल

श्री बैज ने कहा कि यदि राज्य सरकार के द्वारा कुल उपार्जित धान के द्वारा बने चावल को केंद्र सरकार सेंट्रल पुल में नहीं खरीद रही है तो ऐसी डबल इंजन की सरकार का राज्य की जनता को क्या फायदा? बेहद दुर्भाग्यजनक है कि केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार होने के बावजूद मुख्यमंत्री और राज्य के मंत्री , भाजपा के सांसद कोई भी छत्तीसगढ़ के चावल के कोटे को बढ़ाने का एक बार भी आग्रह मोदी सरकार से करने का साहस नहीं दिखाया।

राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय को राज्य का कोटा बढ़ाने का कोई औपचारिक आग्रह भी किया होगा, ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा। राज्य के खजाने का 6000 करोड़ बचाने का कोई प्रयास नहीं किया है। मुख्यमंत्री और खाद्य मंत्री बताये कितनी बार केन्द्र सरकार से कितनी बार सेन्ट्रल पुल के चावल कोटा बढ़ाने के लिये पत्राचार किया यदि किया है तो उसको सार्वजनिक करें।

श्री बैज ने कहा कि ज्यादा भाव 3100 में खरीद कर 2000 से 2100 चिंटल में धान बेचे जाने के पीछे भाजपा सरकार भ्रष्टाचार भी कर रही है। सरकार धान बेचने के लिये व्यापक और अंतरराज्यीय टेंडर भी नहीं मंगवाई है। यदि देशव्यापी नीलामी करवाती तो शायद कुछ अधिक कीमत भी मिलती। इस नीलामी के पीछे कमीशन खोरी का खेल होगा।

# ब्राम्हण समाज ने किया ज्ञान और संस्कार देने का कार्य : साय

## भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के डंगनिया में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान परशुराम मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ब्राम्हण समाज ने सदैव समाज को ज्ञान और संस्कार देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठवें अवतार हैं। छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है और प्रभु श्रीराम हमारे भाँचा हैं ।रामलला मंदिर निर्माण छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए गौरव और आस्था का विषय है। 'श्रीरामलला दर्शन योजना' के अंतर्गत अब तक 22,000 श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना भी प्रारंभ की गई है, जिसमें श्रद्धालु सरकारी व्यय पर विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है, जिसे धान का कटोरा कहा जाता है और 44 प्रतिशत भूभाग वनों से आच्छादित है ।नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है। हमारी सरकार ने 31 मार्च 2026 तक राज्य को नक्सलवाद से पूर्णतः मुक्त कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने विकास के लिए एक सशक्त 'विजन डॉक्यूमेंट' तैयार किया है और नई औद्योगिक नीति लागू की गई है। डिजिटलीकरण के माध्यम से भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है, और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के '2047 तक विकसित भारत' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, हम 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में ब्राम्हण समाज की भागीदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने डेढ़ वर्ष के अल्पकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारा है। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर देने की बात हो या किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान का मूल्य दिलाना—हमने हर वर्ग की भलाई के लिए काम किया है। बस्तर और सरगुजा में जनजातीय समाज के लिए 5500 रुपये प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।





उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में प्रक्रियाओं, संस्थाओं और क्रियाओं के शुद्धिकरण का कार्य जारी है। राज्य निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है. कौशल उन्नयन, पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। पीएससी में भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच चल रही है, और कई दोषी जेल की सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि ब्राम्हण समाज एक प्रगतिशील समाज है, जिसने हमेशा विमर्श और विचारों का स्वागत किया है।

इस अवसर पर महंत वेदप्रकाशाचार्य, विधायक मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, सुशांत शुक्ला, रायपुर महापौर मीनल चौबे, बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, साहित्य अकादमी अध्यक्ष शशांक शर्मा, सुमन अशोक पांडेय, छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राम्हण समाज अध्यक्ष शिवांजल शिव गोविंद शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# इंदिरा गांधी कृषि विवि देश के सर्वश्रेष्ठ चावल अनुसंधान केन्द्र के रूप में सम्मानित

**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के "चावल समग्र अनुसंधान केन्द्र" को भारत में सर्वश्रेष्ठ केन्द्र के रूप में सम्मानित किया गया है।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को यह सम्मान भारतीय धान अनुसंधान केन्द्र, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद में आयोजित धान की वार्षिक बैठक की हीरक जयंती समारोह में प्रदान प्रदान किया गया। इसके साथ ही अनुवांशिकी व पौध प्रजनन केंद्र रायपुर को सर्वश्रेष्ठ चावल प्रजनन वित्त पोषित केंद्र के रुप में भी पुरस्कृत किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. डी.के. यादव, उप महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (एफ.एफ.सी.) डॉ. एस.के. प्रधान एवं कार्यक्रम के संयोजक एवं भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. आर.एम. सुंदरम की उपस्थिति में प्रदान किया गया। सम्मान समारोह भारतीय धान अनुसंधान केन्द्र, राजेन्द्रनगर, हैदराबाद, केन्द्रीय धान अनुसंधान संस्थान, कटक, भारतीय धान अनुसंधान, नई दिल्ली एवं धान अनुसंधान एडवांसमेंट समिति द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर धान अनुसंधान के 60 से अधिक केंद्रों के 500 से ज्यादा धान वैज्ञानिक उपस्थित थे। इस उपलब्धि हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने परियोजना के समस्त वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।




सर्वश्रेष्ठ चावल प्रजनन वित्त पोषित केन्द्र का भी मिला खिताब

उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चन्देल के कुशल नेतृत्व में भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (धान) 2024-25 के दौरान अखिल भारतीय समन्वित परीक्षणों और चावल अनुसंधान गतिविधियों के संचालन हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के चावल अनुसंधान केन्द्र को अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (धान) के तहत सर्वश्रेष्ठ फसल सुधार केन्द्र के रूप में सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में डॉ. आर.एच. रिछारिया द्वारा संग्रहित 23 हजार से अधिक धान जनन द्रव्यों का रखरखाव किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में स्थित धान जनन द्रव्य केंद्र एशिया महाद्वीप का सर्वश्रेष्ठ केंद्र धान जनन द्रव्य केन्द्र है। इन्ही जनन द्रव्यों के उपयोग द्वारा धान की बहुत सी विपुल उत्पादन देनी वाली किस्में, संकर किस्में, पोहा उत्पादक, पोषण तत्व, औषधीय गुण युक्त एवं कीट व रोग प्रतिरोधक किस्में विकसित की गई हैं, जिनमें महामाया, राजेश्वरी, छत्तीसगढ़ देवभोग, विक्रम टी.सी.आर., छत्तीसगढ़ धान 1919, छत्तीसगढ़ बारानी धान, छत्तीसगढ़ संकर धान, इंदिरा सोना, छत्तीसगढ़ ट्राम्बे, विष्णु भोग म्यूटेंट, भव्या धान, सी.जी. तेजस धान, जिंको राइस, प्रोटाजीन व मधुराज प्रमुख हैं। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में परियोजना के वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा, परियोजना समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी, डॉ संजय शर्मा, डॉ अनिल वर्मा, डॉ सुनील नायर, डॉ. दीपक गौराहा, डॉ. अभिनव साव एवं डॉ. वी.बी. कुरुवंशी का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# नगर निगम-विद्युत विभाग की खुली पोल अब तक नहीं हटाए गए आंधी से टूटे पेड़



**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई हिस्सों में गुरुवार शाम को आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली तारों पर पेड़ गिरने से राजधानी रायपुर के टाटीबंध, कंचन सड् ?ढ्, आमसिवनी, दलदलसिवनी समेत कई इलाकों में ब्लैकआउट की स्थिति है ।शहर में टूटे पेड़ों को अब तक नहीं हटाया गया है। शहर के कई इलाकों में गुरुवार शाम से बंद बिजली अभी तक नहीं आई है ।इसके चलते लोगों के घरों तक पानी भी नहीं पहुंच पाया है।

■ रायपुर के कई इलाकों में 24 घंटे से बिजली बंद, घरों में पानी नहीं पहुंचा

टाटीबंध में दयासिंह के घर के सामने गुरुवार से बिजली के तार पर पेड़ गिरा हुआ है, जिसे अब तक नहीं हटाया गया है। पेड़ बिजली के तार पर ही लटक रहा है ।इस संबंध में कल से ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को जानकारी दी जा रही है, लेकिन अब तक न ही पेड़ को हटाया गया है। न बिजली सप्लाई चालू हुई है। शहर की व्यवस्था को दुरुस्त करने नगर निगम भी कोई ध्यान नहीं दे रही ।विभागों की सुस्त रवैये से शहरवासी परेशान हैं।

# पीएससी घोटाला: सीबीआई कोर्ट में 2 जून को होगी सुनवाई

**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सीजीपीएससी घोटाले की सुनवाई सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में 2 जून को होगी।

इस प्रकरण में न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए आरोपी अधिकारियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति के दस्तावेज कोर्ट में पेश नहीं किए गए थे। सीबीआई ने अदालत को बताया कि जल्द ही अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद इसके दस्तावेज कोर्ट में पेश किए जाएंगे।

■ दस्तावेज पेश करने का दिया आदेश

इसे देखते हुए विशेष न्यायाधीश से सीबीआई ने अतिरिक्त समय मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई की तारीख 2 जून तक दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया।

# हाईकोर्ट में 12 मई से 6 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश

**रायपुर**, 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गर्मी अवकाश को लेकर नोटिफिकेशन जारी की है. इसके अनुसार, हाईकोर्ट 12 मई (सोमवार) से 6 जून 2025 (शुक्रवार) तक बंद रहेगद्य 9 जून 2025 (सोमवार) से पुनः खुलेगा ।इस दौरान कुछ चयनित तिथियों को अवकाशकालीन बेंच न्यायिक कार्य करेगे।

**अवकाशकालीन में लगेगी कोर्ट की बेंच**-13, 15, 20, 22, 27 और 29 मई तथा 3 व 5 जून को अवकाशकालीन पीठ की सुनवाई होगी।

**ग्रीष्मावकाश अवधि के दौरान बैठक तथा दाखिल करने निर्देश**-ग्रीष्मावकाश के दौरान सभी सिविल/आपराधिक/रिट मामले दाखिल किए जाएंगे।

किसी भी आपात स्थिति में अवकाश न्यायाधीश मुख्य न्यायाधीश की स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात अपने लॉर्डशिप की बैठक को किसी अन्य न्यायाधीश के साथ बदल सकते हैं। अवकाश न्यायाधीश प्रात: 10.30 बजे से डिवीजन बेंच कोर्ट का संचालन करेंगे तथा आपात स्थिति में न्यायालय के समय के बाद भी बैठना जारी रख सकते हैं। अवकाश न्यायाधीश, यदि समय की अनुमति हो तो डिवीजन बेंच के मामलों के पूरा होने के पश्चात सिंगल बेंच कोर्ट का संचालन करेंगे। ग्रीष्म अवकाश के दौरान रजिस्ट्री प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक खुली रहेगी, शनिवार, रविवार तथा छुट्टियों को छोड़कर। ग्रीष्म अवकाश के दौरान मामले सूचीबद्ध किए जाएंगे। ग्रीष्म अवकाश के दौरान तत्काल सुनवाई के लिए आवेदन के साथ सभी नए रिट/सिविल/आपराधिक मामले. नए तथा लंबित जमानत आवेदनों में, तत्काल सुनवाई के लिए आवेदन तथा ग्रीष्म अवकाश के दौरान सुनवाई के लिए आवेदन की आवश्यकता नहीं है ।उन्हें ग्रीष्म अवकाश के दौरान सूचीबद्ध किया जाएगा।



जमानत आवेदनों के अलावा अन्य लंबित मामलों की सूची के लिए, तत्काल सुनवाई आवेदन और गर्मी की छुट्टियों के दौरान सुनवाई के लिए आवेदन की आवश्यकता है।

अवकाश न्यायाधीशों के पास नहीं पहुंचे मामलों को अगले अवकाश न्यायाधीशों के समक्ष एक अलग सूची में सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठों के बैठने के दिन से पहले कार्य दिवस पर दोपहर 1.30 बजे तक दायर किए गए मामलों/आवेदनों को उस बैठने के दिन सूचीबद्ध करने के लिए विचार किया जाएगा और बैठने के दिन से ठीक पहले के दिन कारण सूची प्रकाशित की जाएगी। अवकाश न्यायाधीश 13, 15, 20, 22, 27 और 29 मई, और 3 और 5 जून को न्यायालय की बैठकें करेंगे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूलों में होगा 5 तक एडमिशन

**बिलाईगढ़,** 2 मई। शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रदेश के सभी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के एडमिशन हेतु सेजेस पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित है। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा।

# आंधी में सैकड़ों बिजली खंभे व लाइनें क्षतिग्रस्त, आबादी क्षेत्रों में आपूर्ति सामान्य

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। 1 मई की शाम अनायास तेज आंधी-तूफान के कारण रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव तथा जगदलपुर क्षेत्र में पेड़ गिरने तथा तेज हवा के कारण 1000 से अधिक बिजली के खम्भे टूटे। 1217 लाइनें क्षतिग्रस्त हुई जिससे ज्यादातर फीडरों से विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा तेजी से सुधार तथा आपूर्ति सामान्य करने के निर्देश दिये गये तथा किये जाने वाले कार्यों पर लगातार नजर रखी गई। ऊर्जा सचिव की निगरानी में मैदानी विद्युत अमले ने दिन-रात एक करके विद्युत प्रदाय सामान्य बनाने का कार्य युद्धस्तर पर किया। प्रबंध निदेशक, वितरण कंपनी श्री भीमसिंह कंवर ने बताया कि आज की स्थिति में आंधी-तूफान प्रभावित ज्यादातर आबादी क्षेत्रों में आपूर्ति सामान्य हो गई हैं। आज भी रात भर कार्य किया जायेगा। वहीं खेतों तथा वन क्षेत्रों में दूसरे चरण में शीघ्र ही सुधार कार्य कर स्थिति को सामान्य बनाया जायेगा।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विभिन्न जिलों में 01 मई 2025 को आये तेज आंधी-तूफान के कारण विद्युत लाइनों पर पेड़, फ्लेक्स, शेड, होर्डिंग्स तथा अन्य स्ट्रक्चरर्स गिरने के कारण 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. विद्युत नेटवर्क ट्रिप हुआ व आपूर्ति बाधित हुई। प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सर्वप्रथम ग्राउंड पेट्रोलिंग करते हुए लाईनों पर गिरे हुए पेड़, फ्लेक्स, शेड, होर्डिंग्स को हटाने की त्वरित कार्यवाही की गई। अनेक स्थानों पर स्थानीय निकायों तथा जिला प्रशासन की मदद भी लाइन पर गिरी चीजें हटाने में ली गई।

रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा ने बताया कि रायपुर ग्रामीण बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, महासमुंद एवं गरियाबंद जिला में बड़े पैमाने पर पेड़ आदि के गिरने के कारण लाईनों के तार, क्रॉसआर्म, इन्सुलेटर तथा कई पोल क्षतिग्रस्त होकर टूट गए। 33 के.व्ही. लाइन में 03 नग पोल टूटने के कारण, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र हथबंध की



### व्यक्तिगत शिकायतों का निराकरण युद्धस्तर पर जारी

सप्लाई पूर्ण रूप से बाधित हो गई थी, जिसे 24 घंटो के अंदर पोल खड़े कर चालू कर दिया गया। इसी प्रकार 11 केवी तथा निम्नदाब लाइनों के 807 खम्भे भी क्षतिग्रस्त हुये हैं। 11 के.व्ही. के 27 नग फीडर की सप्लाई बाधित हुई है। 350 आबादी बस्तियों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई थी जिसमें से मात्र 45 बस्तियों में कार्य शेष हैं। शेष सभी में आपूर्ति नियमित कर दी गई हैं।

संचारण-संधारण निकाय के अतिरिक्त लाईनों के संधारण एवं मॉनिटरिंग कार्य हेतु सतर्कता, एस.टी.एम., परियोजना संकाय के अधिकारी-कर्मचारी एवं ठेकेदारों की टीम गठित कर त्वरित सुधार कार्य में सम्पूर्ण विद्युत अमला लगा दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप शहरी क्षेत्रो में रात्रि में ही विद्युत सप्लाई बहाल कर दी गई है तथा ग्रामीण क्षेत्रो के बस्तियों में पेयजल आपूर्ति को देखते हुए प्राथमिकता के तौर पर टूटे पोल बदले जा रहे है, जिसे चालू करने का कार्य युद्धस्तर पर किया गया, इसके साथ ही कृषि कनेक्शनों की लाइनों का भी संधारण अतिशीघ्र पूर्ण कर सप्लाई पूर्ण रूप से सामान्य करने हेतु सार्थक प्रयास जारी हैं।

रायपुर शहर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एम.जामुलकर ने बताया कि रायपुर शहर अंतर्गत 33 तथा 11 केवी के 36 खम्भे टूटे थे। 126 लाइनें बाधित हुई थी। वहीं निम्न दाब की 430 लाइनें भी बाधित हुई थी। 93 उपकेन्द्रों विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी। रातभर तथा आज दिनभर सुधार का काम चला। हांलाकि रायपुर शहर में 1 मई की शाम 7 बजे से ही विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से प्रारंभ कर दी गई थी लेकिन जैसे-जैसे सुधार होता गया, आधी रात तक 33 केवी के सभी कार्य पूर्ण कर लिये गये। सुबह तक 11 केवी के 49 फीडर भी शुरू कर दिये गये। टीएमसी के 276 तथा एफओसी के 1344 प्रकरणों पर कार्य जारी हैं जो 2 मई की रात तक पूरा हो गया। इस तरह आज रायपुर शहर में शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है। व्यक्तिगत शिकायतों का निराकरण भी तेजी से किया जा रहा हैं।

# श्रमिक दिवस पर श्रम वीरों का कांग्रेस ने किया सम्मान

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा श्रमिक दिवस पर शहीद स्मारक भवन में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने श्रमिकों का श्रीफल, शॉल व टिफिन बॉक्स भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पंकज शर्मा ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने किया।




दीपक बैज ने कहा कि श्रमिक साथी देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कांग्रेस पार्टी श्रमिकों का कल्याण व सम्मान करती है। गरीब व श्रमिकों के हित में मनरेगा, शिक्षा व भोजन का अधिकार पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदान किया था। कांग्रेस सरकार ने श्रमिकों के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की थी। कांग्रेस ने श्रमिक दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया है। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार श्रमिक विरोधी है। भाजपा सरकार में श्रमिक अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं।

कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा श्रमिक साथियों की मेहनत अनमोल है वह दिन-रात देश व लोगों के लिए पसीना बहाते हैं। श्रमिक साथियों के बिना विकास की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। कांग्रेस श्रमिकों के हितों के लिए हमेशा कार्य करती रही है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप प्रदेश महामंत्री दीपक मिश्रा, सकलैन कामदार, सुरेश शुक्ला, शारिक रईस खान, श्रम कल्याण मंडल सदस्य नरेश गड़पाल, युगल पांडे, अब्दुल हैदर, अशरफ हुसैन, अजय अग्रवाल, पार्षद शेख मुशीर, मनीष दयाल, दीपा बग्गा, नवीन चंद्राकर, मो. अरशद, रवीन्द्र शुक्ला, पूनम यादव, इंटक नेता आशीष दुबे, वहीदुद्दीन, सैयद चिराग अली, रेशम अजगले, जिवराखन साहू, राहुल सिंह, गौरव एरी, गम्मन कौशिक, फणींद्र लाल बोस, भानू प्रताप सिन्हा, सहित काफी संख्या में श्रमिक व कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'सुशासन तिहार' में शिक्षक की हुई शिकायत

## रोज शराब पीकर आता था स्कूल, निलंबन की गिरी गाज

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 'सुशासन तिहार' के तहत प्रशासन की कड़ी निगरानी का असर अब दिखाने लगा है। शिकायत सही पाए जाने के बाद शराबी शिक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर ने आदेश जारी किया है। राकेश पांडेय (संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा, रायपुर ) ने बताया कि सुशासन तिहार में शिक्षक सेत कुमार देवांगन के खिलाफ छड़िया सरपंच ने शिकायत की थी। जिसमें बताया गया था कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया, विकासखंड तिल्दा में पदस्थ शिक्षक सेत देवांगन रोज शराब पीकर स्कूल पहुंचता है। इस कारण छात्रों की पढ़ाई और स्कूल का कामकाज प्रभावित हो रही है। इसके बाद मामले की जांच रिपोर्ट में यह शिकायत सही पाई गई। इस अनुशासनहीन और गैर-जिम्मेदाराना आचरण के चलते उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शिक्षक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा और उनका मुख्यालय अब विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बसना (महासमुंद) निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में शिक्षक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।




# नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को ले कलेक्टर और एसएसपी ने ली बैठक

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने नए कानून को लेकर बैठक ली। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप समेत राजस्व विभाग, पुलिस एवं जेल प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम के अधिकारीगण और शासकीय अभियोजक उपस्थित रहे। उन्होंने सभी को नए कानून की जानकारी रखने और हर शासकीय कार्यालय में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की किताबें रखने कहा। एसएसपी ने बैठक में प्रस्तुत हिट एंड रन रिपोर्ट की समीक्षा की।



- निगम कमिश्नर भी हुए शामिल
- हिट एंड रन रिपोर्ट की समीक्षा

कलेक्टर डॉ. सिंह ने जिला अस्पताल और वहां के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम की जानकारी ली। उन्होंने पीएम रिपोर्ट जल्द जारी करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिला अस्पताल, मेकाहारा, एम्स में पेंडिंग बेड हेड टिकटों की जानकारी ली। कानून व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि जिस मामले में निर्धारित समय सीमा 60 या 90 दिन तय है, उनके चालान समय पर पेश किया जाएं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर निर्देश और सुझाव की समीक्षा के लिए बैठक ली जाएगी। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि बेड हेड टिकट का फार्मेट तैयार करें ताकि जल्द रिपोर्ट दी जा सके। उन्होंने मुलाहिजा रिपोर्ट की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जल्द रिपोर्ट सौंपने कहा। रिपोर्ट की वजह से कोई केस लंबित हो तो तुरंत बताएं ताकि आगामी मीटिंग में उसका निराकरण किया जा सके। उन्होंने सीएमएचओ से कहा कि वे जल्द रिपोर्ट बनाकर तहसीलदार को सौंपने कहा। वहीं, तहसीलदार से थानों से आए रिपोर्ट बनाने कहा। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने बैठक में प्रस्तुत हिट एंड रन रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अपने कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम तैयार कर लें ताकि ऑनलाइन गवाही आसानी से हो सके। नए कानून का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें और आमजनों को जीरो एफआईआर और ई-साक्ष्य एवं नए कानून के प्रति जागरूक करने कहा। बैठक में रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, श्रीमती निधि साहू, एडीएम देवेंद्र पटेल, एडिश्नल एसपी, एसडीएम एवं समस्त पुलिस अधिकारी, शासकीय अभियोजक, सीएमएचओ आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रदेश के 12 मल्लखंब खिलाड़ी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में होंगे शामिल

**रायपुर,** 2 मई (देसबन्धु)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के बोधगया में 4 से 15 मई तक आयोजित होगी. इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 12 मल्लखंभ खिलाड़ी शामिल होंगे। इन खिलाड़ियों में नारायणपुर जिले के 9 मल्लखंब खिलाड़ी शामिल हैं।ये सभी खिलाड़ी अबूझमाड़ मल्लखंब और स्पोर्ट्स अकादमी से जुड़े हैं। मल्लखंब की प्रतियोगिताएं 5 से 9 मई तक आयोजित होंगी।खेल और युवा कल्याण अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार चयनित मल्लखंब खिलाड़ियों में 5 बालक और 4 बालिकाएं शामिल हैं।नारायणपुर जिले के चयनित खिलाड़ियों में ग्राम ओरछा की सरिता पोयाम, ग्राम मातला की मोनिका पोटाई, ग्राम कुंदला की दुर्गेश्वरी कुमेटी, ग्राम न्यानार की अनिता गोटा, ग्राम कुतुल के राकेश कुमार वढ़दा, ग्राम आसनार के मानू ध्रुव, ग्राम आसनार के राजेश कोर्राम, ग्राम पोकानार के मंगडू पोडियाम और ग्राम चिंगनार के मोनू नेताम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 2 मई को खिलाड़ियों और कोच मनोज प्रसाद, महिला कोच पूनम प्रसाद और मैनेजर सौरव पाल खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लेने बिहार रवाना हुए।



**5 से 9 मई तक होगी प्रतियोगिता**

# मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप आज से

**दुर्ग,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से आयोजित मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ 3 मई को प्रातः 10 बजे कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचाय निधि शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा की अध्यक्षता में किया जाएगा। विशेष अतिथि के रूप में साहित्यकार डॉ रौनक जमालए समाजसेवी सुधीर अग्रवालए इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़,ए फ्डिे आर्बिटर रॉकी देवांगन उपस्थित रहेंगे। कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल में 3 एवं 4 मई को आयोजित उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के कुल 110 शतरंज खिलाड़ी शह और मात की बाजी में अपना दमखम दिखाएंगे।



जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त चैंपियनशिप अंतराष्ट्रीय नियम के अनुसार खेली जाएगी। उक्त चैंपियनशिप के अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा जो कि 15 से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित है। उक्त चैंपियनशिप के सभी आयु समूह वर्गों के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं तीसरे एवं चौथे स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं ई सर्टिफिकेट दिया जाएगा। उक्त चैंपियनशिप के चीफ आर्बिटर अलंकार भिवगड़े इंटरनेशनल आर्बिटर एवं डिप्टी चीफआर्बिटर रॉकी देवांगन फ्डिे आर्बिटर_ एवं सहायक के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा होंगे। स्पर्धा के आयोजन में जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, दिनेश नलोड, मोरध्वज चंद्राकर,अजय राय, सहसचिव संजय खंडेलवाल एवं जयंता दास, हरीश सोनी, जवाहर सिंह, रवि शर्मा उपस्थित थे।

# रायपुर मशीनरी एसोसिएशन ने शुरू किए आरो वॉटर के 21 प्याऊ

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। मशनरी मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी ने बताया कि स्टेशन रोड नहर पारा, में 21 प्याऊ द्वारा डेढ़ माह में 93500 लीटर एवं प्रतिदिन आम नागरिको 21 सौ लीटर प्रतिदिन मिनरल वाटर पिलाने के लिए 21प्याऊ प्रारंभ किया गया।यह प्याऊ लगातार सातवें वर्ष लगाया गया है ।

रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन एवं पटेल इंटरप्राइजेज,डागा बेयरिंग,एलाइड बेयरिंग, आर्म ट्रेडर्स, इंडियनइलेक्ट्रिकल्स, शंकर मशीनरी, शक्ति ग्रुप इंडस्ट्रीज,गोयल रोब्स,नवरंग मेटल इंडस्ट्रीज,बालाजी मोटर,एशियन ट्रेडर्स दीपक स्टील एंटरप्राइजेज,कलकत्ता स्टील ट्यूब कॉरपोरेशन, एस जी इंटरप्राइजेज,जैन मार्केटिंग,रजत ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज, शक्ति ग्रुप आफ इंडस्टरीज, एन आरसेल्स, एस एफ .इंटरप्राइजेज, रजत इचिपमेंट्स गुप्तदान के संयुक्त सौजन्य से इस प्याउ को प्रारंभ किया गया है। जिसमें विशेष रूप से कैट के राष्टीय वाइस चेयरमैन अमर परवानीरायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, संस्था केअमित अग्रवाल,मनोज जैन, हरसुख पटेल,विक्रम व्यास, आनंद गोयल पवन लूनिया मनोज पंजवानी , हेमंत बैद,गोल्डी गोयल आदि उपस्थित थे।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल फिर प्राक्कलन समिति के सदस्य नियुक्त किए गए

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। यह बड़े गर्व और सम्मान की बात है कि रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को एक बार फिर लोकसभा की महत्वपूर्ण प्राक्कलन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति गुरुवार, 1 मई 2025 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए की गई। नई समिति में कई सदस्यों का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें श्री अग्रवाल की नियुक्ति उनकी सक्रिय संसदीय भूमिका और प्रशासनिक अनुभव का प्रमाण है। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, मैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार प्रकट करता हूँ कि उन्होंने मुझ पर एक बार फिर विश्वास जताया। यह समिति संसदीय कार्य प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और मैं पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा। मेरी प्राथमिकता रहेगी कि जनता के पैसों का सदुपयोग हो और केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। ज्ञात हो कि प्राक्कलन समिति लोकसभा की सबसे बड़ी और प्रभावशाली समितियों में से एक है, जो विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की व्यय नीतियों की समीक्षा कर उनके कुशल प्रबंधन के लिए सुझाव देती है। श्री अग्रवाल पूर्व में भी इस समिति के सदस्य रह चुके हैं और उनके अनुभव से समिति को लाभ मिलने की पूरी संभावना है।



# तेज रफ्तार ट्रक हुआ अनियंत्रित

**गुरुर,** 6 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर जगदलपुर मुख्य मार्ग में तेज रफ्तार एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेट्रोल पंप के पास खड़ी एक अन्य ट्रक से टकराई। घटना में ट्रक चालक 37 वर्षीय राजकुमार बंजारे एवं परिचालक 22 वर्षीय ललित कुमार ध्रुव को हाथ, पैर में तथा शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है। यह घटना रविवार को दोपहर की है। जानकारी को मुताबिक खाने का तेल लोडिंग करके यह ट्रक ग्राम अर्जुनी से जगदलपुर की तरफ जा रही थी तभी ग्राम पुरुर में निर्मल पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था कि मुख्य मार्ग में पहले से खड़े ट्रक से जा टकराया। घटना में दोनों वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं घटना किस रचना पर पुलिस थाना पूर्व की टीम तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। घटना में चालक एवं परिचालक को चोट लगने पर दोनों को जिला अस्पताल धमतरी में लाया गया।

# निगम ने इंदिरा मार्केट कपड़ा लाईन के दोनों तरफ की अवैध रूप से काबिज 70 दुकानों को हटाया

**दुर्ग,** 2 मई (देशबन्धु)। एक अर्से के बाद आखिरकार नगर निगम अमले ने इंदिरा मार्केट में एक तरफ टीबी अस्पताल की अहाते की दीवार से लगी फ्रूट जूस व कपड़ा लाईन तथा इसके ठीक सामने तहसील क्वार्टर से लगाकर अतिक्रमण कर स्थारित कर ली गई रेडीमेड, कपड़ा दूकानों को हटाने की कार्रवाई करते हुए इस मार्ग के दोनों तरफ की सड़के खाली करा ली गई है। व्यवसाईगण सड़क के दोनों तरफ की 71 दूकानों को खुद होकर हटाने लगे है। दूकानों में रखे कपड़े इत्यादि बिक्री के सामानों को अन्यत्र घरों व गोदामों में भेजने तथा बांस बल्ली राड व त्रिपाल लगाकर बना ली गुमटियों व दूकानों को भी तोड़ना शुरू कर दिया है। रात्रि साढ़े 7 बजे तक दूकानें हटाने की कार्रवाई जारी है। निगम अधिकारियों ने कहा है कि जब दूकानदार स्वयं दूकानें हटा रहे तो निगम अनावश्यक तौर पर उन्हें क्षति पहुंचाने की मंशा नहीं रखता। उन्हें दूकान हटाने का पूरा समय दिया जा रहा है। इधर किसी भी परिस्थिति का सामना करने शासन प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पूरे इलाके मध्यानी चौक से लेकर कुआं चौक तक पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। नगर निगम, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी परिस्थितियों पर नजर लगाये हुए है। यही नहीं जूनियर अधिकारी भी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को मोबाईल पर प्रत्येक गतिविधि की सूचना पहुंचार मार्गदर्शन ले रहे है । मौके पर जेसीबी सुबह



साढ़े 10 बजे से ही खड़ी रखी गई है। यदि व्यापारियों ने दूकानें हटाने में जरा भी हीवा हवाला किया तो जेसीबी के उपयोग से दूकानें तोड़ दी जायेगी। प्रभारी बाजार एवं राजस्व अधिकारी शुभम गोईर लाउड स्पीकर पर व्यापारियों को लगातार चेतावनी दे रहे है।

आज अतिक्रमण हटने के बाद कई दूकानों में पूर्व से आबंटित करा ली गई गुमटियां साफ नजक आने लगी है तो दूसरी तरफ पुराना आयुर्वेदिक अस्पताल तथा तहसील क्वार्टर भी नजर आने लगे है। एक अनुमान के अनुसार सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण कर ली गई 12-12 फुट की जगह इन दूकानों के हटने से खाली होकर काफी चौड़ी नजर आने लगेगी जिसे पार्किंग के लिये उपयोग में लाया जा सकता है। इससे यातायात भी काफी सुगम हो सकेगा। अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई आगे भी जारी रखी जायेगी। इंदिरा मार्केट से आगे फरिश्ता काम्पलेक्स होते हुए श्रीशिवम और ग्रीन चौक तक कार्रवाई की जायेगी, दोनों तरफ के अतिक्रमण हटाये जाएंगे। यह कार्रवाई पूरे शहर में सभी तरफ की जानी है।

ज्ञातव्य है कि पंद्रद दिनों की लगातार विभागीय कार्रवाई के बाद आज नगर निगम अमले ने प्रभारी बाजार एवं राजस्व अधिकारी शुभम गोईर के नेतृत्व में इंदिरा मार्केट में टीबी अस्पताल के अहाते की दीवार से सटी 58 दूकानों को अतिक्रमण हटाओं कार्रवाईइ के तहत हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

# इंद्रावती सुखी तो बस्तरवासी होंगे पलायन को मजबूर

**जगदलपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी को बचाने बस्तर से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में समस्त कांग्रेसजन, आमजन व किसानों ने 40 किलोमीटर की पदयात्रा कर तपती धूप में कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया । उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि बस्तर से ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने इंद्रावती बचाने को लेकर कोई भी सकारात्मक पहल नहीं की और न ही प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सरकार पर कोई दबाव बनाया गया । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ही बस्तर हित में लड़ने वाले नेता हैं किंतु दूसरी ओर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सिर्फ विघ्न डालने का कार्य करते रहे,बावजूद यह पदयात्रा ऐतिहासिक रही।



श्री मौर्य ने आगे बताया प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर में जल समस्या इंद्रावती नदी में जलधारा जलप्रवाह से निदान करने का सार्थक प्रयास किया कांग्रेस की सरकार में देउरगांव की डीआरपी तैयार करवाने का कार्य किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बस्तर के कोटे से, जल संसाधन व वनमंत्री केदार कश्यप और संसद महेश कश्यप सिर्फ और सिर्फ कागजों में धारा दिखाने का झूठा सब्जबाग दिखाने का कार्य कर रहे हैं। उड़ीसा से पानी छोड़ने का झूठा और मानगढ़त व कागजी कार्यवाही का इवेंट करते नजर आते हैं। मौर्य ने कहा अगर इंद्रावती नदी सुखी तो बस्तरवासी पलायन को मजबूर होंगे ,जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक कांग्रेस की लड़ाई जारी रहेगी,जब तक इंद्रावती नदी में जलप्रवाह शुरू नहीं होती तब तक कांग्रेस की ये संघर्ष भी जारी रहेगी। प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, जल संसाधन वनमंत्री केदार कश्यप, व सांसद महेश कश्यप से सवाल पूछती है कि डेढ़ साल की सरकार में अपने इंद्रावती नदी के लिए क्या किया। सिर्फ और सिर्फ इंद्रावती विकास प्राधिकरण को ठंडे बस्ते में डालने का कार्य किया है। इंद्रावती विकास प्राधिकरण में अभी तक ताला क्यों लगा हुआ है सरकारी नियुक्तियां क्यों सरकार करवा नहीं पा रही है ।

# आंधी-बारिश से शादी के उड़े टेंट-पंडाल

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। इलाके में मई की शुरुआत के साथ मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। गुरुवार शाम अचानक तेज बौछारों और ओलावृष्टि ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। तुरतुरिया सोनाखान समेत आसपास के इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश और ओले गिरे। इस बदलाव के बाद इलाके में ठंडी हवाओं और हल्की.फुल्की बूंदाबांदी ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। हालांकि इसके विपरीत असर भी देखने मिला। तेज आंधी और तूफान ने विवाह आयोजन स्थलों पर परेशानी पैदा की। कई जगहों पर वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए लगाए गए टेंट और शामियाने उखड़ गए। इससे आयोजनकर्ताओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। खासकर गुरुवार को जिले में कई घरों में विवाह समारोह आयोजित किए जा रहे थे। मौसम के कारण इन आयोजनों में खलल पड़ा। कृषि क्षेत्र में भी मौसम का मिलाजुला असर देखने मिला। रबी सीजन की धान की फसलों में बालियां निकलने लगी हैं। ऐसे में बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पहुंचने का खतरा है। वहींए सब्जियों की फसलें भी प्रभावित हैं। हालांकि जिन किसानों ने अभी तक फसल नहीं बोई है उनके लिए यह बारिश लाभकारी हो सकती है। वो इसलिए क्योंकि जमीन में नमी आने से खेतों में जुताई आसानी से संभव होगी। यह आगामी खेती की तैयारी के लिए जरूरी है। बता दें कि मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों तक हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की हैए ताकि आपदा से बचा जा सके।



**शहरों से गांवों तक ब्लैकआउट**

### बिजली आपूर्ति घंटों ठप रही

गर्मी के मौसम में मौसम के बदले मिजाज ने शहर में काफी मुश्किलें खड़ी की। गुरूवार रात आई तेज बारिश और आंधी.तूफान ने शहर के कई हिस्सों में तबाही मचाई। तेज हवाओं के साथ बारिश ने पुराने पेड़ों को जड़ से उखाड़ दिया। कई बिजली के खंभे गिर पड़े। कुछ इलाकों में तो टीन शेड भी हवा में उड़ गए। बिजली के खंभों और पेड़ों के गिरने से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति घंटों ठप रही। इस कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस कहर ने विवाह समारोहों को भी प्रभावित किया। कई शादी समारोह जो खुले में आयोजित किए जा रहे थे वहां बारिश और तेज हवाओं के चलते व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। इसके चलते टेंट समेत अन्य सजावटी सामान बर्बाद हो गए। स्थानीय निवासी रमेश साहू ने दावा किया कि इतनी तेज हवाओं के साथ बारिश उन्होंने कई साल बाद देखी है। उन्होंने बताया कि मोहल्ले में रातभर बिजली नहीं थी। शादी कार्यक्रम भी बाधित हो गया। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने प्रयास तेज कर दिए हैं। पेड़ों और बिजली खंभों को हटाने का काम जारी है।

### तेज हवाओं की चेतावनी

शहर समेत आसपास के इलाकों में गुरुवार को तेज अंधड़ और भारी बारिश ने जनजीवन को अस्त.व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं के साथ बारिश के कारण जगह.जगह पेड़ गिरने और बिजली के तार टूटने की घटनाएं हुई हैं। कई इलाकों से पेड़ गिरने की खबरें मिली हैं। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनी। बिजली सप्लाई भी प्रभावित हुई है। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तैयारयिां की है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में और बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। उधर प्रभावित इलाकों में अफसर.कर्मियों ने जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने और पेड़ों की टूटी टहनियों को हिटाने की कोशिश शुरू कर दी थी। इस अप्रत्याशित मौसम ने कामकाजी लोगों के लिए बड़ी समस्या खड़ी कर दी हैं।

### मेहनत पर फिरा पानी

इलाके में गुरुवार शाम 4 बजे मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। इससे लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली। पहले जहां अर्जुनी का अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया थाए अब वह गिरकर 37 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। तेज आंधी के बाद शुरू हुई बारिश ने पूरे इलाके को प्रभावित किया। बारिश और हवाओं के चलते अर्जुनी के दो दर्जन से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति ठप रही। मौसम का कहर करीब आधे घंटे तक जारी रहा। इससे इलाके में कई जगहों बोर्ड और बैनर फटे। कई पेड़ गिरे। गर्मी से राहत मिलने से इतर धान की फसलों पर इसका विपरीत असर पड़ा। किसानों के चेहरे मायूसी से भर गए क्योंकि बेमौसम बारिश और आंधी ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है।

## स्मार्टसिटी में व्यवस्था की बत्ती गुल, देर रात परेशान रहे लोग

आंधी ने राजधानी रायपुर में तमाम व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। स्मार्टसिटी में देररात तक व्यवस्था की बत्ती गुल रही। देर रात लोग परेशान रहे। रजिस्ट्री कार्यालय कलेक्टोरेट पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित अधिकांश सरकारी कार्यालयों में जनरेटर नहीं होने से अंधेरा छाया रहा।

### आधा शहर आधी रात तक अंधेरे में

60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलीए शहर में सैकड़ों पेड़ धराशायी हो गए। चौराहे पर बने टीनशेड और होर्डिंग गिर पड़ेए बैनर.पोस्टर फटकर सडक़ पर उडऩे लगे। बिजली के तार टूटने से आधा शहर आधी रात तक अंधेरे में डूबा रहा। लोग परेशान रहे। जगह.जगह पेड़ और डालियां टूटकर सडक़ पर धराशायी हुए तो यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। ट्रैन व विमान सेवाएं भी प्रभावित हुई। वीआईपी रोडए जीई रोड सिविल लाइन डीडी नगरए देवेंद्र नगर सहित कई इलाकों में पेड़ गिरने और होर्डिंग टूटने की ढेरों शिकायतें मिलीं।

### जलापूर्ति भी प्रभावित, आज भी कुछ इलाकों में रहेगी परेशानी

शाम को जैसे ही तेज आंधी शुरू हुईं बिजली सप्लाई बंद हो गई। शहर में देर रात तक बिजली बाधित रही। इससे शाम को जलापूर्ति भी प्रभावित हुई। फिल्टर प्लांट और इंटक वेल में भी तारों पर पेड़ गिरने से बिजली बंद रही। इसके असर से शुक्रवार को कुछ इलाकों में जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है।

### बाल-बाल बची जान

देवेंद्र नगर के नमस्ते चौक पर लगा टीन का शेड अंधड़ में टूटकर व्यस्ततम सडक़ के बीच गिर गया। उसी दौरान वहां से गुजर रही दो कारें उनकी चपेट में आ गई। दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई गनीमत रही कि उसमें सवार बाल.बाल बचे। इस दौरान कोई दोपहिया चौराहे से गुजरता तो गंभीर घटना हो सकती थी।

### जाम और ट्रैफिक अस्त-व्यस्त

तेज अंधड़ के चलते वीआईपी रोडए माना एयरपोर्ट रोड किनारे लगे दर्जनों पेड़ सडक़ पर आ गिरे। जीई रोड पर आयुर्वेदिक कॉलेज यूनिवर्सिटी चौराहे और उसके भीतर भी कई इलाकों में पेड़ धराशायी हो गए। इससे यातयात बाधित हुआ। वीआईपी रोड और जीई रोड में ज्यादा समस्या हुई।

### खतरनाक स्थिति में होर्डिंग, बैनर-पोस्टर

अंधड़ में शहर के प्रमुख चौक.चौराहों पर सैकडों होर्डिंग और यूनीपोल हिलने लगे थे। उसमें से कई बैनर.पोस्टर फटकर सडक़ों पर उड़ते रहे। खंभों पर लगे पोस्टर की फ्रेम भी टूटकर लटक गई। गोलबाजार पंडरीए एमजीरोड सदरबाजार आदि मार्केट में कई होर्डिंग और पोस्टर क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान सडक़ से गुजरने वाले लोगों के साथ बड़ा हादसा हो सकता था।

## नवरंग पब्लिक स्कूल की कोषाध्यक्ष समेत 5 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। नवरंग पब्लिक स्कूल में ऑफिस का ताला तोड़कर चोरी से जुड़े मामले में कोर्ट ने पुलिस को एफआईआर के आदेश दिए इस पर संज्ञान लेते हुए टिकरापारा थाना पुलिस ने नवरंग पब्लिक स्कूल की कोषाध्यक्ष समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है स्कूल की कर्मचारी कनिज फातिमा असरफी के पक्ष में रायपुर कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है मामले में पुलिस ने नवरंग पब्लिक स्कूल संचालित करने वाली प्रियंवदा लोक कल्याण समिति की कोषाध्यक्ष शशि प्रभा पांडे शासकीय शिक्षक बीरेंद्र पांडे की पत्नी उसकी बेटी प्रियमदा पांडे अर्पणा पांडे प्रियंवदा लोक कल्याण समिति के सचिव दीपक पांडे की पत्नी ड्रीम इंडिया स्कूल की प्रिंसिपल नेहा तोलवानी और रजनी दुबे के खिलाफएफआईआर



**ऑफिस का ताला तोड़कर पैसे चोरी करने का है आरोप**

## अंधे कत्ल का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। रायपुर पुलिस ने एक बार फिर तेज़ कार्रवाई करते हुए अंधे कत्ल की गुत्थी चंद घंटों में सुलझा ली है। खमतराई थाना क्षेत्र में 1 मई को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी विकास विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

1 मई को प्रार्थी कृष्णा वर्मा ने खमतराई थाने में सूचना दी कि रावांभाठा खदान तालाब मैदान के पास सागर उर्फठाकुर सिंह का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा है। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान थे। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर एफएसएल टीम को बुलाया जिन्होंने जांच में पुष्टि की कि हत्या किसी धारदार हथियार से की गई है। पीएम रिपोर्ट में भी अत्यधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई। पुलिस महानिरीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट खमतराई थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मृतक के परिजन आसपास के लोगों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की।



जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने विकास विश्वकर्मा को हिरासत में लिया जिसने पूछताछ में हत्या की बात कबूल ली। आरोपी ने बताया कि 30 अप्रैल की रात उसका मृतक से पैसों को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर विकास ने अपने पास रखे चाकू से हमला कर सागर की हत्या कर दी।

## दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

इसी तारतम्य में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि आटो में सवार दो व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखें है तथा न्यू बस स्टैण्ड से रेलवे स्टेशन की ओर आ रहे हैं। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गंज को आरोपियों की पतासाजी कर गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों को पकड़ने हेतु फाफाडीह चौक में नाकेबंदी पाईंट लगाया गया। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा मुखबीर द्वारा बताये आटो वाहन को आता देखकर आटो को रोकवाकर उसमें सवार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर व्यक्तियों ने अपना नाम लक्ष्मण भतरा एवं पगनू समरथ निवासी उडीसा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 18 किलो 210 ग्राम गांजा जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।



## युवती से गैंगरेप, दोषियों को उम्रकैद

रायपुर। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के घटारानी जंगल में युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है फिंगेश्वर थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात के दोनों दोषियों को विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है आरोपियों ने 2023 में युवती को डरा.धमका कर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया था जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था यह मामला वर्ष 2023 का हैए जब गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध घटारानी मंदिर के जंगल में एक युवती के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया था युवती अपने एक पुरुष मित्र के साथ वहां घूमने गई थी तभी छुईहा गांव निवासी महेंद्र सिन्हा और जोगीडीपा निवासी राजू यादव ने पहले उसके दोस्त से मारपीट की और फिर युवती से लूटपाट कर उसे डरा.धमकाकर जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया घटना के बाद पीड़िता ने फिंगेश्वर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मजबूत साक्ष्य जुटाए और चार्जशीट तैयार की आखिरकार न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई है



## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का महापौर ने किया उद्घाटन

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। श्याम सत्संग मंडल महिला समिति द्वारा आज चौबे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में गरीब झुग्गी-बस्ती निवासियों के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया, उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष संगीता सरावगी एवं सचिव राजश्री अग्रवाल ने बताया कि केंद्र का उद्घाटन रायपुर महापौर मीनल चौबे द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद आनंद अग्रवाल के आतिथ्य, विशिष्ट अतिथि कविता राठी एवं समाजसेवी अनिता खंडेलवाल, बिंदिया अग्रवाल, एकता मित्तल, रेशम अग्रवाल की उपस्थिति में प्रशिक्षण की शुरुवात की गई।

## निजी मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटे की सीटें बेचने का षड्यंत्र : डॉ. गुप्ता

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के निजी मेडिकल कॉलेजों में अप्रवासी भारतीय छात्रों के कोटे में फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि सत्ता के संरक्षण में छत्तीसगढ़ में शिक्षा माफिया सक्रिय है। भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार में निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्रता जो उच्च न्यायालय बिलासपुर और सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा तय किया गया, जिस प्रक्रिया और गाइडलाइन का पालन होना चाहिए, नहीं किया जा रहा है। अप्रवासी भारतीय कोटे में भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग के 13 अक्टूबर 2024 के पत्र क्रमांक थ् 17-37/2024/55 के द्वारा उक्त संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय से भी अभिमत भेजा गया था, लेकिन सरकार के संरक्षण में फर्जीवाड़ा बंद नहीं हुआ, इस वर्ष फिर वही खेल चालू है। सरकार की मंशा पात्र अभ्यर्थियों को लाभ देने के बजाय गलत तरीके से मेडिकल की सीट बेचने की है।



डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि निजी मेडिकल कॉलेज में अप्रवासी भारतीय छात्रों के कोटे से प्रवेश के संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट तौर पर कहा है कि एनआरआई कोटे के संदर्भ में वंशावली के निकटतम रिश्तेदारों को ही निर्धारित आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि प्रशासन भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाएं, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की नियत इससे बिल्कुल उलट दिख रही है।

उन्होंने कहा है कि निजी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के संदर्भ में केंद्रीय अधिनियम ने स्पष्ट किया है कि प्रवासी भारतीयों की श्रेणी की सीटे प्रमाणित करने के लिए समुचित वंशावली, प्रमाण पत्र, परिभाषा एवं श्रेणी के अनुसार प्रवेश देने के निर्धारित तिथि तक गाइडलाइन के अनुसार ही नीट उत्तीर्ण विद्यार्थी मेरिट क्रम में अप्रवासी भारतीय छात्रों को प्रवेश देने की व्यवस्था है।

एनआरआई कोटे के अंतर्गत आने वाले नीट उत्तीर्ण विद्यार्थी उपलब्ध न होने पर मुक्त (ओपन) श्रेणी मेरिट के अनुसार विद्यार्थियों को प्रवेश देना पड़ेगा। लेकिन छत्तीसगढ़ में शिक्षा माफिया सरकार और कुछ निजी मेडिकल कॉलेज मिलकर प्रवासी भारतीय छात्रों के कोटे की सीट बेचने का षड्यंत्र रच रहे हैं।

## ड्राइवर को पीटा फिर थूककर चटाया बदले में ठेकेदार-मैनेजर की ठुकाई

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। रायपुर में कांकेर जिले के दुधावा से 3 दिन पहले गुंडई का एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें भारत माला प्रोजेक्ट का ठेकेदार एक ड्राइवर को डीजल चोरी की बात कहते हुए बेल्ट से बेदम पीटते दिख रहा था। थूंककर वापस चाटने को मजबूर किया। इसके अगले ही दिन प्रोजेक्ट में लगे सभी ड्राइवरों ने ठेकेदार को घेरकर खूब पीटा। बीच.बचाव में आए कंपनी मैनेजर की भी धुनाई हो गई। कॉन्ग्रेस ने पूरे मामले में सोशल मीडिया पर एक वीडियो डालकर सरकार पर निशाना साधा है। बताते हैं कि कोंडागांव के बासनवाही में ठेकेदार ने पहले वाहन चालक से मारपीट की थी। काफी मान.मनौव्वल के बाद भी ठेकेदार नहीं रूका। उसी ने मारपीट का वीडियो भी वायरल किया। 29 अप्रैल को ड्राइवरों ने एकजुट होकर ठेकेदार से बदला लिया। सड़क पर उसकी बेदम पिटाई की। इस दौरान बीच.बचाव करने आए कंपनी के मैनेजर को भी पीटा। बताते हैं कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत वे छत्तीसगढ़ में कांकेर.कोंडागांव के बीच बन रहे सबसे बड़े टनल प्रोजेक्ट में काम कर रहे हैं। कंपनी ने उनकी पगार रोक रखी है। ऐसे परेशानियों के बीच कुछ ड्राइवरों द्वारा घर चलाने के लिए डीजल.पेट्रोल चुराने की बात कही जा रही है। इस बीच प्रोजेक्ट में अब तक ड्राइवर.हैल्पर समेत 4 लोगों की मौत का मुद्दा भी गरमा रहा है। बताया जा रहा है कि इनमें से कुछ मौतें संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हैं।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी, 2 गिरफ्तार

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रायपुर को साइबर अपराध कारित करने वालों के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया है प्राप्त निर्देश अनुसार रेंज साइबर थाना रायपुर द्वारा कार्यवाही की जा रही है। प्रार्थी इंद्रमोहन सिंगल पिता बैजनाथ सिंगल उम्र 70 वर्ष निवासी अशोका रतन रायपुर ने उनसे शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम से फर्जी ऐप इंस्टॉल कराकर मुनाफा दिखाकर 31 लाख रुपए की ठगी होने की रिपोर्ट मोवा थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपी गई। विवेचना क्रम में अपराध में शामिल आरोपी मज़ाहिर और नीतीश को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मज़ाहिर ने मौदहापारा में आदर्श ट्रेडर्स के नाम से फर्जी फर्म बनाकर बंधन बैंक में करंट बैंक अकाउंट खुलवाया था बैंक खाता में ठगी की रकम जमा करवाया जाता था। नीतीश शर्मा कमीशन लेकर बैंक खातों में जमा राशि का आहरण करने का कार्य कर्ता था। आरोपी द्वारा प्रयुक्त बैंक खातों के विरुद्ध 22 अलग.अलग थाना साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज है।



## छग पंजाबी सनातन महिला मंडल ने छाछ सकोरा व पक्षियों के लिए दाना वितरित किया



**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल द्वारा मजदूर दिवस पर तेलीबांधा चौक मरीन ड्राइव के पास मजदूर दिवस के अवसर पर छाछ का वितरण किया गया। भीषण गर्मी के मद्देनजर उपस्थित लोगों को पक्षियों के लिए दाना और सकोरा का वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष रेनू गुप्ता, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी बजाज, सचिव मीना बजाज, बिंदु बग्गा, भावना बग्गा, संतोष सूरी, रोमा साहनी, किरण बत्रा, प्रिया नारंग, इंद्रजीत भामरा एवं सुनीता जसवाल आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। उपस्थित जनसमुदाय ने महिला मंडल के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए पदाधिकारियों को साधुवाद दिया।

## नीट-यूजी की परीक्षा कल

**रायपुर,** 2 मई (देशबन्धु)। रायपुर में नीट यूजी 4 मई को होगी। राजस्थान में टेलीग्राम पर पेपर लीक के हल्ला के बीच पुलिस मुख्यालय ने एडवाइजरी जारी की है। इधर छत्तीसगढ़ में पेपर लीक जैसा फिलहाल कोई मामला नहीं आया है। यही कारण है कि यहां कोई एडवाइजरी भी जारी नहीं की गई है। यहां पेपर लीक का हल्ला नहीं है। परीक्षा नजदीक आते ही साइबर ठग सक्रिय हो गए है। यही नही ठगों ने पेपर लीक करने का झांसा देकर लोगों को ठगना भी शुरू कर दिया है। हालांकि ठीक परीक्षा से पहले टेलीग्राम पर कथित पेपर लीक संबंधी सूचनाओं ने छात्रों व अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है।

**एडमिट कार्ड जारी:** राजस्थान पुलिस ने छात्र व अभिभावकों को ऐसे ठगों से सावधान रहने की सलाह दी है। जानकारों का कहना है कि परीक्षा की प्रक्रिया अत्यंत सुरक्षित व गोपनीय है। पेपर लीक होने की कोई संभावना नहीं है। अगर किसी तरह की ठगी का शिकार हो जाए तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर जाकर शिकायत करें। एनटीए ने बुधवार को एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। इस बार छात्रों को तीन घंटे पहले यानी सुबह 11 बजे परीक्षा केंद्रों में पहुंचना होगा। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। कुल 180 प्रश्न होंगे और प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक मिलेंगे।

उल्टा पुल्टा

पंडित जी ने कुंडली मिलाई, 36 के 36 गुण मिल गए। पर लड़के वालों ने मना कर दिया।
लड़की वाले हैरान होकर पूछने लगे- जब सारे गुण मिल रहे हैं तो आप क्यों मना कर रहे हो?
लड़के वाले- हमारा बेटा बिल्कुल लफंगा है, क्या बहू भी उसी के जैसी लाएं?

# निगम ने इंदिरा मार्केट कपड़ा लाईन के दोनों तरफ की अवैध रूप से काबिज 70 दूकानों को हटाया

- निगम की यह बड़ी कार्रवाही पिछले 10 घंटे से जारी
- जेसीबी चलाने की चेतावनी के बाद भारी विरोध हंगामा चलते रहा पर अंततः दूकानदारों ने स्वतः ही अपने कब्जे हटाए



**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। एक अर्से के बाद आखिरकार नगर निगम अमले ने इंदिरा मार्केट में एक तरफ टीबी अस्पताल की अहाते की दीवार से लगी फ्रूट जूस व कपड़ा लाईन तथा इसके ठीक सामने तहसील क्वार्टर से लगाकर अतिक्रमण कर स्थारित कर ली गई रेडीमेड, कपड़ा दूकानों को हटाने की कार्रवाई करते हुए इस मार्ग के दोनों तरफ की सड़के खाली करा ली गई है। व्यवसाईगण सड़क के दोनों तरफ की 71 दूकानों को खुद होकर हटाने लगे है। दूकानों में रखे कपड़े इत्यादि बिक्री के सामानों को अन्यत्र घरों व गोदामों में भेजने तथा बांस बल्ली राड व त्रिपाल लगाकर बना ली गुमटियों व दूकानों को भी तोड़ना शुरू कर दिया है। रात्रि साढ़े 7 बजे तक दूकानें हटाने की कार्रवाई जारी है। निगम अधिकारियों ने कहा है कि जब दूकानदार स्वयं दूकानें हटा रहे तो निगम अनावश्यक तौर पर उन्हें क्षति पहुंचाने की मंशा नहीं रखता। उन्हें दूकान हटाने का पूरा समय दिया जा रहा है। इधर किसी भी परिस्थिति का सामना करने शासन प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पूरे इलाके मध्यानी चौक से लेकर कुआं चौक तक पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। नगर निगम, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी परिस्थितियों पर नजर लगाये हुए है। यही नहीं जूनियर अधिकारी भी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को मोबाईल पर प्रत्येक गतिविधि की सूचना पहुंचार मार्गदर्शन ले रहे है। मौके पर जेसीबी सुबह साढ़े 10 बजे से ही खड़ी रखी गई है। यदि व्यापारियों ने दूकानें हटाने में जरा भी हीवा हवाला किया तो जेसीबी के उपयोग से दूकानें तोड़ दी जायेगी। प्रभारी बाजार एवं राजस्व अधिकारी शुभम गोईर लाउड स्पीकर पर व्यापारियों को लगातार चेतावनी दे रहे है।

आज अतिक्रमण हटने के बाद कई दूकानों में पूर्व से आबंटित करा ली गई गुमटियां साफ नजक आने लगी है तो दूसरी तरफ पुराना आयुर्वेदिक अस्पताल तथा तहसील क्वार्टर भी नजर आने लगे है। एक अनुमान के अनुसार सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण कर ली गई 12-12 फुट की जगह इन दूकानों के हटने से खाली होकर काफी चौड़ी नजर आने लगेगी जिसे पार्किंग के लिये उपयोग में लाया जा सकता है। इससे यातायात भी काफी सुगम हो सकेगा। अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई आगे भी जारी रखी जायेगी। इंदिरा मार्केट से आगे फरिश्ता काम्पलेक्स होते हुए श्रीशिवम और ग्रीन चौक तक कार्रवाई की जायेगी, दोनों तरफ के अतिक्रमण हटाये जाएंगे। यह कार्रवाई पूरे शहर में सभी तरफ की जानी है।

ज्ञातव्य है कि पंद्रह दिनों की लगातार विभागीय कार्रवाई के बाद आज नगर निगम अमले ने प्रभारी बाजार एवं राजस्व अधिकारी शुभम गोईर के नेतृत्व में इंदिरा मार्केट में टीबी अस्पताल के अहाते की दीवार से सटी 58 दूकानों को अतिक्रमण हटाओं कार्रवाईइ के तहत हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। आज सुबह लगभग 11 बजे के आसपास नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ दस्ता जेसीबी मशीनों के साथ मौके पर पहुंचा। इसमें बाजार विभाग के शुभम गोईर, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव एवं पूरा अमला था। साथ ही बड़ी संख्या में अन्य श्रमिक, पुलिस विभाग के लोग भी थे। अतिक्रमण हटाओ टीम के मौके पर पहुंचते ही यहां के व्यवसाइयों में हड़कंप मच गई। बाजार अधिकारी श्री गोईर ने माईक पर एलाउन्स करना शुरू कर दिया कि व्यापारी अपनी दूकानें तुरंत हटा लें अन्यथा पूरी दूकान नगर निगम स्वंय ही तोड़कर सामानों की जब्ती कर लेगा। अपनी कार्रवाई को अंजाम देने निगम ने इंदिरा मार्केट काम्पलेक्स में शो रूम से बाहर रखी गई सामान फ्रिज, कूलर वगैरह भी ट्रेक्टर पर रखना शुरू कर दिया।

इधर टीबी अस्पताल की दीवार से लगाकर वर्षो से अतिक्रमण कर बैठे व्यवसाइयों ने अधिकारियों को अपनी पुरानी रसीदें दिखानी शुरू कर दीं कि पिछली बार इन्हें व्यवस्थापन के तहत अन्यत्र दूकानें देने का वादा कर रसीदें कटवाई गई थीं मगर दूकानें नहीं दी गई। नगर निगम के अधिकारियों का कहना था कि उन्हें दूकानें सभी को दी जा चुकी है। स्टेट बैंक के पास गंजपारा में मिल गई है। फल रस के एक विक्रेता ने बताया कि उन्हें दूकान स्टेट बैंक के पास गंजपारा में मिल गई है मगर वहां व्यवसाय नहीं चलता। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविरों के परिणाम सार्थक हों : संभागायुक्त



**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। दुर्ग संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आज संभाग स्तरीय कलेक्टर्स कांफ्रेंस आयोजित की गई। संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस कांफ्रेंस में राजनांदगांव के कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, बेमेतरा के कलेक्टर रणवीर शर्मा, कबीरधाम के कलेक्टर गोपाल वर्मा, खैरागढ़.छुईखदान.गंडई के कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, मोहला.मानपुर.अंबागढ़ चौकी की कलेक्टर तुलिका प्रजापति, बालोद की कलेक्टर दिव्या मिश्रा एवं दुर्ग के सहायक कलेक्टर बबन अभिजीत पठारे तथा जिला पंचातय सीईओ क्रमशः सुरूचि सिंह, टेकचंद अग्रवाल, अजय त्रिपाठी, प्रेम पटेल, भारती चन्द्राकर, चन्द्रकांत कौशिक एवं बजरंग दुबे सम्मिलित हुए।

बैठक में एजेंडावार समीक्षा करते हुए संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने कहा कि प्रदेश स्तरीय सुशासन तिहार के अंतर्गत दुर्ग संभाग में तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन बेहतर ढंग से सफ्लपूर्वक संपन्न होए यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिलों के कलेक्टरों से आवेदन निराकरण के संबंध में जानकारी ली। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि सुशासन तिहार अंतर्गत दुर्ग संभाग में मांग एवं शिकायत संबंधी कुल 781195 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें अब तक 528951 आवेदन निराकृत किये गये हैं। श्री राठौर ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाए। उन्होंने गर्मी के मौसम में जिलेवार बसाहटों में स्थापित हैण्डपम्प की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए पेयजल एवं निस्तारी की समुचित प्रबंध करने कहा। संभाग आयुक्त ने उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय को अमल कराने पर जोर देते हुए संभाग के सभी जिलों में सड़क सुरक्षा एवं ध्वनि प्रदूषण पर कारगर पहल करने कलेक्टरों को निर्देशित किया। इसी प्रकार 1 जुलाई से प्रावधानित 3 नवीन कानूनों के क्रियान्वयन जिलों में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सुलभ न्याय और त्वरित न्याय की दृष्टि से यह एक अच्छा कदम है। इन नवीन कानूनों का क्रियान्वयन ऐसा हो कि लोगों को न्यायालय तक आने की जरूरत न पड़े। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने भारत माला परियोजना अंतर्गत भू.अर्जन के संबंध में निर्धारित बिन्दुओं के अनुसार संपूर्ण प्रक्रिया की जांच करने संबंधित कलेक्टरों को निर्देशित किया। गड़बड़ी पाये जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिलेवार लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में कलेक्टरों को समय.सीमा प्रकरण में निराकृत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के फाइनल आर्डर में पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर के साथ उनका नाम भी उल्लेखित हो। संभाग आयुक्त ने कहा कि सभी कलेक्टर पांच वर्ष से अधिक वाले राजस्व प्रकरणों के निराकरण को प्राथमिकता के साथ निराकृत करायें। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून सत्र में जिलों में वृहद पैमाने पर पौधरोपण के लिए अभी से जिलेवार कार्ययोजना बनायी जाए। कार्यालयीन अनुशासन पर विशेष ध्यान देवें। अधिकारी.कर्मचारी कार्यालयीन समय पर ध्यान रखें और आम जनता से मधुर व्यवहार करें। बैठक में उपायुक्त ;राजस्व पदुम लाल यादव, संयुक्त संचालक शिक्षा आर.एल.ठाकुर एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# विद्युत यांत्रिकी एमआई समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय




**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। विद्युत विभाग/यंत्रिकी विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर ने समिति के सदस्य और अधिकारी के साथ एमआईसी कक्ष में ली। बैठक में उन्होंने कहा कि शहर में मच्छरों से निजात पाने प्रत्येक वार्ड में फॉगिंग मशीन का उपयोग सप्ताह में दो बार हो इसके लिए मशीन दवाई एवं अन्य जो भी आवश्यकताओं प्रस्ताव दें। निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत शहर की सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूर्व में नए वाहनों की खरीदी की गयी है, जिसके उपरांत वाहनो के संचालन हेतु नए चालक व हेल्पर रखे जाने के संबंध में समिति में प्रस्ताव लाया गया। कर्मशाला विभाग में वाहनों के रखरखाव के लिए टिन शेड निर्माण किये जाने एवं कर्मशाला विभाग के समस्त वाहनो के साफसफाई के लिए वाशिंग लाईन (सर्विस सेंटर) निर्माण करने हेतु प्रस्ताव भी रखे।

बैठक में बताया गया कि 3 नग रिफ्यूज कम्पैक्टर वाहन क्रय किया गया, जिसके लिए रैम्प बनाए जाने की व्यवस्था किया जाना है, जिसमें टाटा एस का कचरा सीधा कम्पेक्टर के अंदर जा सके विधुत विभाग में 4 नग टाटा एस वाहनों की आवश्यकता है। सहायक अभियंता के लिए विभागीय कार्य हेतु 01 नग वाहन की आवश्यकता है। विद्युत विभाग में लाईट क्रय करने प्रस्ताव रखा गया। विद्युत विभाग संबंधित कार्य के लिए प्लेसमेंट या ठेके के कर्मचारी रखे जाने की प्रस्ताव लाया गया। बैठक के दौरान समिति के सदस्य जीतेन्द्र ताम्रकार, युवराज कुंजाम, रंजीता पाटिल, मनीषा सोनी, रेखा बजार, प्रकाश गीते, ममता ओमप्रकाश सेन, रेशमा सोनकर, जीतू महोबिया, प्रतिभा सुरेश गुप्ता सहित कार्यपालन अभियंता, आरके जैन, नोडल अधिकारी सुरेश केवलानी, सहायक नोडल अधिकारी अभ्युदय मिश्रा विद्युत विभाग, विद्युत यांत्रिकी, अग्निशमन एवं कर्मशाला विभाग के सचिव शोएब अहमद उपस्थित रहें।

# ओलावृष्टि और चक्रवाती हवाओं से फसल क्षति पर मिलेगा बीमा लाभ

**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। विगत कुछ दिनों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही ओलावृष्टि एवं तेज चक्रवाती हवाओं के चलते उद्यानिकी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत ओलावृष्टि एवं चक्रवाती हवाओं से उद्यानिकी फसलों को होने वाले क्षति के लिए एडऑन कवर के रूप में बीमा कराया जाता है।

उप संचालक उद्यान से प्राप्त जानकारी अनुसार योजनांतर्गत जिन कृषकों द्वारा एडऑन कवर के लिए बीमा कराया गया है, उन्हें ओलावृष्टि एवं चक्रवाती हवाओं से फसल क्षति के 72 घंटे के भीतर स्थानीय उद्यानिकी अधिकारी या बीमा कंपनी को सूचित करना अनिवार्य है। इसके बाद बीमा कंपनी, विभागीय अधिकारी और किसान की संयुक्त समिति द्वारा फसल क्षति का आंकलन किया जाएगा और नियमों के अनुसार दावा राशि का भुगतान किया जाएगा। जिले के जिन कृषकों द्वारा एडऑन कवर के लिए बीमा कराया गया है वे क्षति के प्रारंभिक जानकारी बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के टोल.फ्री नंबर 1800.419.0344 पर अथवा विभागीय अधिकारियों को दे सकते हैं।

**एडऑन कवर लेने वाले किसान 72 घंटे के भीतर दें सूचना**

# मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप आज से

**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से आयोजित मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ 3 मई को प्रातः 10 बजे कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचाय निधि शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा की अध्यक्षता में किया जाएगा। विशेष अतिथि के रूप में साहित्यकार डॉ रौनक जमालए समाजसेवी सुधीर अग्रवालए इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़,ए फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन उपस्थित रहेंगे। कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल में 3 एवं 4 मई को आयोजित उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के कुल 110 शतरंज खिलाड़ी शह और मात की बाजी में अपना दमखम दिखाएंगे।



**जिले के 110 खिलाड़ियों के बीच होगा मुकाबला**

जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त चैंपियनशिप अंतराष्ट्रीय नियम के अनुसार खेली जाएगी। उक्त चैंपियनशिप के अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा जो कि 15 से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित है।

उक्त चैंपियनशिप के सभी आयु समूह वर्गों के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं तीसरे एवं चौथे स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं ई सर्टिफिकेट दिया जाएगा। उक्त चैंपियनशिप के चीफआर्बिटर

अलंकार भिवगड़े इंटरनेशनल आर्बिटर एवं डिप्टी चीफआर्बिटर रॉकी देवांगन फिडे आर्बिटर एवं सहायक के रूप में सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा होंगे। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

### नीट (यूजी) 2025 परीक्षा
# जिला कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित

**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट (यूजी) 2025 परीक्षा का आयोजन 4 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। परीक्षा में परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में होने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु जिला कार्यालय दुर्ग के कक्ष क्रमांक 10 में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इस हेल्प डेस्क पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग शीला चाको एवं स्वतंत्र कुमार रॉय की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षार्थी या उनके परिजन किसी भी प्रकार की जानकारी या सहायता के लिए हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। संपर्क हेतु दूरभाष नंबर 0788.2320118 जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे परीक्षा वाले दिन अर्थात 4 मई को सुबह 9 बजे तक अनिवार्य रूप से जिला कार्यालय में उपस्थित रहेंए ताकि समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

# भारतीय राज्य पेंशनर्स संघ ने अक्षय तृतीया पर आयोजित किया डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम

**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग द्वारा अक्षय तृतीया के पर्व पर केसरी नन्दन हनुमान मन्दिर मीनाक्षी नगर दुर्ग में डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साहित्य संस्कृति के आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने अक्षय तृतीया के महत्व पर रोचक और ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारभ भगवान् विष्णु की पूजा -अर्चना से हुआ। सम्भागीय अध्यक्ष बी.के.वर्मा एवं उच्च शिक्षा के सम्भागीय प्रभारी प्रो.महेशचन्द्र शर्मा ने उनको पुष्प अर्पित किये। अप्रैल में जन्म दिन वाले आठ सदस्यों को तिलक लगाकर बधाई दी गई। आजीवन सदस्यता ग्रहण करनेवालों का बैच लगाकर स्वागत किया गया।



हेल्पेज इण्डिया के प्रतिनिधि मुकेश चेलक ने डिजिटल साक्षरता के तहत ठगी से बचाव तरीकों से पेंशनर्स को अवगत कराया। उन्होंने हेल्पेज इण्डिया के द्वारा किये जारहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन भी दिया। आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने वैदिक साहित्य, रामायण, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# जिला अस्पताल बेहतर सुविधाओं हेतु प्रदेश में प्रथम

**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के सभी 25 जिला अस्पतालों की विभिन्न पैरामीटर के आधार पर उसकी रैकिंग की गई। इस रिपोर्ट में जिला अस्पताल दुर्ग को प्रदेश में सबसे अच्छा पाया गया। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू के अनुसार जरूरी सुविधाओं के आधार पर पैरामीटर निर्धारित किए गए 10 अंक में से दुर्ग जिला चिकित्सालय को 07 अंक प्राप्त कर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सर्वोच्च स्थान पर रहा। जिला अस्पताल दुर्ग को एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड), कायाकल्प, लक्ष्य एवं मुस्कान का सर्टिफिक्रेट प्राप्त है।

# बारात में आये तीन युवकों के साथ गाली गलौच मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। दो दिनों पूर्व बैगापारा मिनी स्टेडियम के सामने एक बारात में आये दो बारोतियों के साथ गाली गलौच, मारपीट चाकू लहराने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों में से 2 आरोपियों को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इनमें से एक तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। आरोपियों में से गिरफ्तार किये गये दो आरोपी विक्की यादव (21), एवं मनीष यादव (19) के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 115(2), 109, 3(5) के तहत मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस के अनुसार गत 30 मई को शिकायतकर्ता रविन्द्र कुमार सिंह (29) सुपेला से एक बारात में बैगापारा दुर्ग आये थे। बारात के बाद खाना वगैरह खाकर रविन्द्र कुमार सिंह के साथ संजय शेट्ठी व अरूण चौहान सुपेला ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज ने मनाई परशुराम जयंती

**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज द्वारा नाना नानी पार्क सिविल लाइन के पास स्थित शनि मंदिर में भगवान परशुराम जी की जयंती श्रद्धा व आस्था के साथ मनाई गई। यह आयोजन महिला ब्राहमण समाज की अध्यक्ष संगीता शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर पुत्री पुत्रा के विवाह का आयोजन कर खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त व्याख्याता मीना शर्मा का सम्मान किया गया। जयंती के अवसर पर सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज द्वारा सेवाभावी कार्य भी किए गए। पक्षियों के पानी की व्यवस्था के लिए 51नग सकोरे का वितरण किया गया। जयंती पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। अंत में कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देकर आतंकवादियों की कायराना हरकत की निंदा की गई। इस अवसर पर सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संगीता शर्मा, सचिव किरण मिश्रा, उपाध्यक्ष अपर्णा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# पानी की मांग को लेकर अंजोरा ढाबा के सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर किया प्रदर्शन

**दुर्ग**, 2 मई (देशबन्धु)। ग्राम अंजोरा ढाबा में वर्षो से पानी की कठिन समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों का धैर्य आज जवाब दे गया और वे लोग बड़ी संख्या में दुर्ग कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर घेराव व प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टर के आदेश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश पाण्डेय ने ग्रामीणों से लंबी चर्चा हुई। इस चर्चा में सीओ जनपद पंचायत श्री पाण्डेय ने उन्हें 15 दिनों में पानी की आपूर्ति का लिखित आश्वासन दिया। शासन ने इस कार्य के लिये 31 लाख 73 हजार रूपयों की स्वीकृति दीं ह। आज के इस आंदोलन का नेतृत्व गांव के प्रगतिशील युवक धर्मेश देशमुख ने किया। साथ में बड़ी संख्या में न सिर्फ ग्रामवासी स्त्री पुरूष बल्कि कांग्रेस के भी वरिष्ठ कनिष्ठ नेताओं ने भी कलेक्ट्रेट पहुंचकर ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम अंजोरा ढाबा में अभी वैशाख से ही पानी की समस्या आ गई है। आसपास के जलाशय सूख गये है। हेंडपंप भी सूख गये है। गांव की महिलाओं को रात तीन बजे से उठकर पानी के लिये हेंडपंप के पास लाईन लगाना पड़ता है। ग्रामवासी अपनी पानी की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से भूख हड़ताल में थे। जिला प्रशासन इनकी भूख हड़ताल को नोटिस में नहीं ले रहा था। ग्रामीणों के अनुसार भूख हड़ताल में बैठने से पहले और भूख हड़ताल शुरू करने के बाद भी ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी फरियाद रखी मगर कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई।

परिणाम स्वरूप आज सुबह 11 बजे के बाद बड़ी संख्या में ग्राम अंजोरा ढाबा के ग्रामीण ट्रेक्टर व अन्य साधनों से दुर्ग पुरानी मंडी परिसर पहुंचे और वहां से एकजुटता के साथ नारेबाजी करते हुए पैदल कलेक्ट्रेट पहुंचे। सभी के हाथों में पानी की मांगों को लेकर तख्तियां थी। कलेक्ट्रेट में भी इन्होंने जमकर नारेबाजी की। इसी दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश पाण्डेय पहुंचे। श्री पाण्डेय ने ग्रामीणों की बातें सुनी। पुरी बातें सुनने के बाद एक घंटे बाद समस्या के समाधान को लेकर आश्वासन देने की बात कही। इसके कुछ देर बाद ही ग्रामीणों को 15 दिनों में पानी की समस्या का समुचित समाधान कर देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया इस समस्या के समाधान के लिये शासन ने उन्हें 31 लाख 73 हजार रूपयों की अनुमति दी है। सीईओ जनपद पंचायत के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने फिलहाल आंदोलन स्थगित किया।



**पंद्रह दिनों में समस्या के समाधान के लिखित आश्वासन पर स्थगित किया आंदोलन**

नेतृत्वकर्ता धर्मेश देशमुख की तबीयत बिगड़ी, शंकराचार्य में भर्ती : लगभग चार-पांच घंटे में धूप में रहकर नारेबाजी करते तथा पिछले चार दिनों से भूख हड़ताल पर रहकर इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे धर्मेश देशमुख की अचानक तबीयत बिगड़ गयी। ब्लड प्रेशर लो हो जाने के साथ उल्टियां होने लगी, स्थिति देख उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां की व्यवस्था देख ग्रामीण उन्हें शंकराचार्य अस्पताल ले गये जहां उन्हें उपचार मुहैया कराया गया।

आज के आंदोलन में ग्राम अंजोरा के नागरिक होरीलाल साहू, गोपी निर्मलकर, मुकेश देशमुख, बेनू प्रसाद साहू, सुमरन साहू, प्रेमिन साहू, रमशीला साहू, सुशीला देशमुख, मेहतरू साहू के अलावा कांग्रेसी नेता प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू, जयंत देशमुख, क्षितिज चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, अजीत चंद्राकर, आशीष देशमुख, संजय साहू, दीपक साहू एवं पूर्व महापौर धीरज बालकीवाल भी उपस्थित थे।

# डॉ. अरुण को श्रम कल्याण मंडल ने किया सम्मानित



**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। जीवरानी देवी वेलफेयर सोसाइटी विगत 3 वर्षों से समाज कल्याण में जुटी हुई है। समिति का मुख्य उद्देश्य है शहर में एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराना, जो मात्र 100 में दुर्ग भिलाई की किसी भी अस्पताल में मरीज को यह सुविधा उपलब्ध करा रही है और डेड बॉडी को नि: शुल्क छोड़ने का कार्य कर रही है। पिछले दिनों डॉक्टर अरुण मिश्रा संस्थापक ने छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा से भेंट कर समिति के संबंध में बताए उनके द्वारा सोसाइटी के कार्यों की सराहना की। जीवरानी देवी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लगातार मरीजों को अस्पताल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सोसायटी द्वारा अपनी एंबुलेंस सेवा के तहत 345 शवों को उनेक गंतव्य तक नि:शुल्क पहुंचाया गया है। 410 मरीजों को इस एम्बुलेंस द्वारा विभिन्न अस्पतालों में पहुंचाया गया है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों को इलाज के लिए समय पर अस्पताल और अस्पताल से छुट्टी के बाद घर पहुंचाने का कार्य इस एंबुलेंस द्वारा किया जाता है। सोसाइटी अपील भी करती है जो भी समाजसेवी इच्छा रखने वाले लोग समिति में जुड़ने की इच्छा रखते हैं और समाज कल्याण के नाम पर अपना सहयोग करना चाहते हैं वह संस्था के दिए गए नंबरों 6262888851 ध्6262888852 पर संपर्क कर सकते हैं।

# बदला लेने घर जलाने का प्रयास



**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। सुपेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत 30 अप्रैल की सुबह हुई चाकूबाजी के बाद एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में जारी है। दूसरे पक्ष से आक्रोशित एक दर्जन से ज्यादा युवकों ने हथियारों एवं ज्वलनशील पदार्थ से लैस होकर आरोपी पक्ष के घर पहुंचे। घर पर डीजल डालकर परिजनों को जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। मोहल्ले वासियों एवं परिजनों के उठ जाने के बाद आरोपी फरार हो गए। इस मामले में सुपेला पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए करीब एक दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें से 4 बालिग एवं आठ नाबालिग है। सुपेला पुलिस सूत्रों के मुताबिक 30 अप्रैल की सुबह लक्ष्मी मार्केट सुपेला में राहुल तिवारी को राहुल बिल्ली एवं राहुल सिंह के द्वारा घातक हथियार से जानलेवा हमला किया गया था। राहुल तिवारी के सिर एवं चेहरे पर गंभीर चोटें आई थी। जिसका इलाज बीएम शाह हॉस्पिटल में जारी है। आरोपियों के घरों पर हथियार बंद लोगों ने धावा बोला महिला संजू तिवारी पति पवन तिवारी 32 वर्ष शंकर चौक भीम नगर सुपेला भिलाई मे रहती हैं। कल 30 अप्रैल को सुबह भाई रोहित तिवारी व उसका दोस्त राजा बिल्ली दोनो राहुल सिंह को चाकू से मारे थे। जिसका उपचार बीएमशाह अस्पताल मे जारी है। 30 अप्रैल को संजू तिवारी अपने बच्चों के साथ रात करीबन 11.30 बजे कमरे मे सो रही थी। रात करीबन 11.45 बजे उसे डीजल की बदबु आई व घर के बाहर चिल्लाने की आवाज आई। तब हड़बड़ा घर के बाहर निकली और बच्चे घर मे ही सो रहे थे। देखी कि सीमा व जितेंद्र यादव व आसपास के लोग भी बाहर निकले थे। सीमा साहनी एवं लोग ने देखा कि करीब एक दर्जन से ज्यादा लोग जिसमें हाथों मे घातक लोहे का धारदार चाकू, गुप्ती एवं चापड लेकर लहराकर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। डीजल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास सुपेला पुलिस सूत्रों के मुताबिक हाथों में डीजल का कंटेनर एवं आग लगाने के लिये अन्य वस्तुयें रखकर आक्रामक रूप से एकत्रित होकर सभी को मारने के लिये बोल रहे थे । तुम लोगों ने राहुल भाई को मारा है। सभी लोग एक राय होकर राजा के घर में डीजल डालकर आग लगा रहे थे। जो आसपास के पडोसी लोगों के घर के बाहर आने के कारण मौके से भाग गये। महिला संजू तिवारी की रिपोर्ट सुपेला पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक 0503/25 के तहत आरोपियों के खिलाफधारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। सुपेला पुलिस के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बजरंगी सिंह, दिलीप, अनीश, सोनू एवं 8 नाबालिग सहित कल 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। चाकूबाज रोहित एवं सरोज की एक दिन पूर्व ही गिरफ्तारी हो चुकी है। कार्यवाही के पश्चात दोनों ही आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# आंधी के कारण कई स्थानों हटाए गए पेड़ व डालियां



**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। कल शाम को तेज हवा के साथ बारिश से जगह-जगह पेड़ की डालिया टूट कर गिरने से यातायात प्रभावित हुआ। आज सुबह से ही नगर निगम की टीम मौके पर जाकर रास्तो से पेड़ की डालियों को हटावा कर याताताय व्यवस्थित किया। महापौर नीरज पाल एम जे कालेज के बगल में नाले के उपर लगे वर्टिकल गार्डन जो हवा से गिर गया था, उसे व्यवस्थित करवाए। निगम की टीम एवं यातायात विभाग द्वारा रास्ते को क्लीयर करवाया गया। आज सुबह आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सभी क्षेत्रों में दौरे पर निकले, तेज आंधी में वर्टिकल गार्डन के साथ.साथ एक तरफ का रेलिंग भी गिर गया था। जिससे दुर्धटना होने की संभावना बन रही थी। वहां पर तत्कालीक रूप से बैरिकेट लगाया गया। आने जाने वाले लोगो से भी अपील की जाती है कि ध्यान पूर्वक वहां से आवागमन करें। जल्द ही समुचित व्यवस्था की जावेगी। नगर निगम भिलाई के सभी पांचो जोन में जोन आयुक्त सुबह से ही भ्रमण कर रहे थे। जहां.जहां से पेड़ गिरने की शिकायते मिल रही थी, वहां जाकर ठीक करवाया गया। आज सुबह 7:30 बजे से जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता उपस्थित रहे।

# इंटक द्वारा श्रमिकों का किया गया सम्मान




**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। श्रमिक दिवस के अवसर पर ठेका श्रमिकों का स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के द्वारा सेक्टर 4 कार्यालय में उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए प्रदेश इंटक के उपाध्यक्ष पिजुकर के हाथों सम्मानित किया गया। उन्होनें कहा भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ-साथ प्राइवेट कंपनियों में भी निर्मित कर्मचारियों की भर्ती बहुत कम हो रही है। अधिकांश कार्य ठेका पद्धति या आउटसोर्सिंग से किया जा रहे हैं। अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने स्वागत भाषण मे संयंत्र में 70 प्रतिशत से अधिक योगदान देने वाले ठेका श्रमिकों के वेतन, सुविधाओं और सामाजिक सुरक्षा काम की गारंटी एवं सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य में बेहतरी के लिए श्रमिक यूनियन इंटक लगातार प्रयासरत हैं। संयंत्र के ठेका श्रमिकों के अथक परिश्रम समर्पण और संघर्ष को सलाम करते हैं सेल के प्रगति में आपका पसीना और मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान है। लेकिन यह भी सत्य है कि आपके सामने कई चुनौतियां हैं अनिश्चित, रोजगार, कम वेतन, सामाजिक सुरक्षा की कमी, उचित सम्मान का अभाव के लिए हमारे संगठन आपके अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। उत्कृष्ट कार्य के लिए 21 ठेका श्रमिक सम्मानित किया गया। जिसमें सुरेश दास टंडन, कान्हाराम, दौऊलाल, यशवंत यादव, मनहरण, नारायण, नरेंद्र कुमार, केशव यादव, के रामू, कामता प्रसाद पटेल, बलराम वर्मा, टोमन लाल, संजय कुमार खरवार, कृष्ण वर्मा, राजू रजक, देवेंद्र कुमार महेंद्र, उत्तरा, संजीव कुमार मानिकपुरी, ओमप्रकाश, जय कुमार, इंद्र मनी, धर्मेंद्र चौरे का सम्मान किया गया। निगम जोन 5 के अध्यक्ष राजेश चौधरी एवं एसीसी सीमेंट इंटक अध्यक्ष भुपेश सिह के भी उपस्थित। सीपीवर्मा के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में पीयूषकर, आरसी अग्रवाल, शेखर शर्मा, दीनानाथ सिंह सार्वा, मनोहर लाल, गोविंद राठोर, आर दिनेश, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, गुलाब दास, रिकी राम साहू, जयराम ध्रुव, डीपी खरे, संतोष ठाकुर, दमन लाल, जय कुमार इंद्रमणि उपस्थित थे।

# शिव परमात्मा से आत्मा का गहरा संबंध : पुष्पा दीदी



**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु) सेक्टर.7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में मुंबई उल्हासनगर से पधारी ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने गहन राजयोग साधना और परमपिता परमात्मा शिव से सर्व संबंध जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। पुष्पा दीदी ने बताया कि पिता परमात्मा शिव से ही हमें आध्यात्मिक वरसे की प्राप्ति होती है। हमारे चारों ओर देहधारी है, जिनसे हम अपेक्षाएं रखते है जो पूरी नहीं होने पर निराश मायूस हो जाते है। परमधाम स्थित सदा शिव परमात्मा से आत्मा का गहरा संबंध जोड़कर, स्वयं को उनके बच्चे के रूप में अनुभव करते हुएए समस्त जिम्मेदारियों को ट्रस्टी भाव से सौंप देना चाहिए। यही आत्मा को सदा प्रसन्नए निर्भय और शक्तिशाली बनाता है। पुष्पा दीदी ने कहा कि संगठन की एकता और एकमतता की शक्ति ही परमात्मा शिव को इस संसार में प्रत्यक्ष करने का माध्यम बनेगी। जब हम सभी एक संकल्प में स्थिर होते हैं, तभी दिव्य कार्यों में सफलता सुनिश्चित होती है। जीवन में समय और शक्तियों के व्यर्थ से बचने के लिए अटेंशन आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्मावत्स पुष्पा दीदी जी के सजीव अनुभवों व प्रेरणादायी वचनों से लाभान्वित हुए।

# वक्त संशोधित अधिनियम पर कार्यशाला



**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। वक्फ संशोधित अधिनियम 2025 व्याख्यान माला कार्यक्रम में छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जिंतेंद्र सिंह केंद्रीय विज्ञान व तकनीकी मंत्री, अध्यक्षता विष्णु देव साय मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वक्फ अधिनियम 2025 की जानकारी आम जनता को प्रेषित की। डॉ जिंतेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 2025 का संशोधन भविष्य की वक्फ संपत्तियों के लिए उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा को समाप्त कर देता है। इस संशोधन में विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने का प्रावधान है। महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि इस जनजागरण को सभी व्यापारियों तक पहुचाने का कार्य चेम्बर द्वारा किया जाएगा। श्री भसीन ने कहा कि वक्फ संशोधन भारत मे वक्फ कानून का विकास वक्फ संपत्तियों को विनियमित और संरक्षित करने के चल रहे प्रयासों को दर्शाता है जो महत्वपूर्ण सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक महत्व रखते है। चेम्बर इन जानकारी को आम व्यापारियों तक पहुचाने का कार्य करेगा। उपरोक्त कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज आडिटोरियम में आयोजित था। इस कार्यक्रम में भिलाई के पार्षद पीयूष मिश्रा, शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, निरंकार सिंह एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी शंकर सचदेव ने दी।

# मजदूर विरोधी नितियों के खिलाप 20 को हड़ताल

**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु) संयुक्त श्रम संगठनों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शाम 6 बजे से 7 बजे तक सेल परिवार चौक एसेक्टर 6, भिलाई में इंटक, सीटू, एटक, ऐक्टू, लोइमूएएस डब्ल्यू यू और अन्य संगठनों के द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की शुरुआत मजदूर आंदोलन के दौरान हुए शहीदों को 1 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि से हुई । सभा में वक्ताओं ने मजदूर विरोधी श्रम कोड कानूनों और निजीकरण तथा ठेकेदारी की नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। सभा में बढ़ती महंगाई और भयावह बेरोजगारी पर रोक लगाने की मांग की गई। सभा में मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई को आयोजित होने वाली अखिल भारतीय आम हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई। सभा का समापन नारों के साथ किया गया।

# आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल को मिली स्वीकृति




**भिलाईनगर** 2 मई (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के भिलाई स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल जेपी नगर कैंप.2 में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल इस सत्र से संचालित होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। आपको बता दें कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इस संबंध में श्रमिक बाहुल्य इस क्षेत्र में शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि कैंप क्षेत्र के जेपी नगर में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का सेटअप किया गया मगर यहां आज पर्यंत अंग्रेजी माध्यम प्रारंभ नहीं किया जा सका था। इसलिए इसी सेटअप को व्यवस्थित कर इस सत्र से एडमिशन शुरू करना बेहतर होगा। नतीजतन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तत्काल आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जेपी नगर को प्रारंभ करने निर्देश दिए हैं। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि मुख्यमंत्री ने तत्काल इसकी घोषणा करते हुए आदेश भी जारी कर दिए हैं। नतीजतन आज से ही एडमिशन के लिए आनलाईन पोर्टल में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जेपी नगर कैंप को ओपन कर दिया गया है। क्लास-1 से क्लास-12 तक लगभग 600 स्टूडेंट्स इसी सत्र से एडमिशन लेकर यहां शिक्षण का लाभ ले सकेंगे। श्री सेन ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग को भी जारी कर दिए गए हैं। एडमिशन के साथ ही टीचर्स का सम्पूर्ण सेटअप यहां स्वीकृत हो गया है। वैशाली नगर विधानसभा के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र कैंप के सैकड़ों बच्चों के लिए आज एक बड़ी सौगात का दिन है इसके लिए सभी श्रमिकों की ओर से मुख्यमंत्री का विधायक सेन ने आभार व्यक्त किया है।

# खुर्सीपार में एम्स के टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर

**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। इस्पात नगरी के खुर्सीपार क्षेत्र में आज 3 मई को आयोजित होने वाले वृहद स्वास्थ्य शिविर की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यह शिविर एम्स रायपुर आपके द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भिलाई और आसपास के नागरिकों को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श और जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम की संयोजिका और प्रभारी श्रीमती स्वाति साहू ने जानकारी दी कि शिविर के प्रति लोगों में उत्साह है और बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहले ही पंजीयन करवा लिया है। यह शिविर स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल, श्रीराम चौक, बालाजी नगर, खुर्सीपार में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में एम्स रायपुर के करीब 30 डॉक्टरों विशेषज्ञों की टीम मौजूद रहेगी, जो हड्डी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, चर्म रोग, जर्नल मेडिसिन, जरनल सर्जन, नाक.कान.गला रोग साथ ही साथ आनंद सक्सेना नेत्र रोग विशेषज्ञ की आँखों की जाँच करने वाली आई वेन , रूंगटा कॉलेज से डेंटल वैन, ब्लड परीक्षण टीम, समेत अन्य बीमारियों की जांच कर विशेषज्ञ परामर्श देंगी। साथ ही दुर्ग जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम भी अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएगी। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी इस पहल की सराहना करते हुए अपना मार्गदर्शन दिया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स और अनेक सामाजिक संगठनों ने भी शिविर में सहभागिता दी है। कार्यक्रम दुर्ग लोक सभा सांसद विजय बघेल के विशेष मार्गदर्शन और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय के सहयोग से



आयोजित किया जा रहा है। शिविर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष मनीष पांडेय का भी विशेष सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर एम्स रायपुर के सीईओ डा. अशोक जिंदल, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद सक्सेना अपनी टीम के साथ शिविर में उपस्थित रहेंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग की महापौर श्रीमती अलका बघमार, और मनीष पांडेय सहित अन्य विशिष्ट अतिथि भी शिविर में शामिल होंगे। श्रीमती स्वाति साहू ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लें और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें।

# डॉ. अशोक कुमार ने संभाला वित्त का पदभार

**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। डॉ. अशोक कुमार पंडा ने सेल के निदेशक वित्त का पदभार संभाला है। डॉ. पंडा ने 1992 में सेल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में अपना करियर शुरू किया था। अपने करियर के दौरानए डॉ. पंडा ने सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में विभिन्न पदों पर काम किया है। डॉ. पंडा को वित्तीय लेखांकन, लागत और बजट, बिजनेस प्लानिंग, राजकोष संचालन, टैक्सेशन और रणनीतिक प्रबंधन तक के क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल है। अपने कार्यकाल के दौरान डॉ.पंडा ने सेल की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिसमें डिलेवरेजिंग प्रयास, लागत अनुकूलन, रेल मूल्य निर्धारण रणनीति, अचल संपत्ति बिक्री नीति, कर अनुकूलन, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए सेल इकाइयों में ई. इनवॉयसिंग कार्यान्वयन और डिजिटल इनवॉयसिंग शुरू करना प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# श्रमिक एकता से ही मिलेगी सफलता : मिश्र



**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। भिलाई श्रमिक सभा के कार्यालय में श्रमिक दिवस के साथ प्रखर समाजवादी नेता मधु लिमये का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भिलाई श्रमिक सभा के अध्यक्ष एच एस मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चन्देल, उपाध्यक्ष अशोक पंडा व महासचिव देवेन्द्र कुमार सिंह माल्यार्पण के साथ की सभा मे उपस्थित सभी श्रमिकों द्वारा श्री लिमये के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई ततपश्चात अध्यक्ष एच एस मिश्रा ने मई दिवस के अवसर पर सभा को सम्बोधित किया मई दिवस की शुरुआत काम के घण्टों को लेकर 1886 में शिकागो के मजदूरों ने आंदोलन प्रारंभ किया। बहुत लंबे संघर्ष के बाद जिसमें कई साथियों की जाने भी गई। तब जाकर श्रमिकों के लिए कुछ लेबर लॉ लाया गया काम के घण्टे निर्धारित हुए साप्ताहिक अवकाश का निर्धारण हुआ। उन साथियों की शहादत को याद कर उन्हें नमन कर धन्यवाद देते हुए श्रमिक एकता पर बल दिया। कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चन्देल ने भी श्रमिकों से एक जुट रह कर हर लड़ाई लड़ने पर जोर दिया एकजुटता से ही सब सम्भव है उन्होंने पर्यावरण की रक्षा हेतु कम से कम 5 पेड़ अवश्य लगाएं। महासचिव देवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि कोई लड़ाई छोटी या बड़ी नही होती हर लड़ाई को अपने पूरी ताकत और निष्ठा के साथ एक जुट होकर लड़ने पर जीत निश्चित है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक पंडा ने अपने विचार व्यक्त किये। भिलाई श्रमिक सभा के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ अध्यक्ष एच एस मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चन्देल, महासचिव देवेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अशोक पंडा, वरिष्ठ सचिव वी के पटेल, विशाल कुमार, एन के सिंह, त्रिलोक मिश्रा, ए चिन्नय्या, एस सी रथ, गुलाब चंद सोनी, कार्यालय सचिव श्रीमती सावित्री मिश्रा, अर्जुन रमेश पांडे, आर एस मौर्य, दयाल दास, ज्ञान दास, राम दयाल, कपिलदेव उपस्थित थे।

# कार्य के 8 घंटे पर यूनियन ने दिया जोर



**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन लोईमू छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस भिलाई इस्पात संयंत्र के बोरिया गेट में श्रमिकों के अभिवादन के द्वारा मनाया गया। मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में हेय मार्केट में हजारों की संख्या में मजदूरों द्वारा इकट्ठा होकर 8 घंटे का कार्य दिवस की मांग शांतिपूर्वक तरीके से कर रहे थे। हजारों की संख्या में लोगों को हताहत किया गया। वैसे तो कार्य घंटे को सीमित करने के लिए 1850 के दशक में ही यूरोप और पूरे विश्व में आंदोलन शुरू हो गया था। 1866 में इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली एवं सभी मजदूर संगठनों ने अपने हक और अधिकार के लिए 24 घंटे को 8 घंटे कार्य दिवस किया। चार श्रम कोड संहिता के माध्यम से फिर से कार्य दिवस को 12 घंटे करने जा रही है। इसके लिये हम सबको मिलकर संघर्ष करना होगा।

# राष्ट्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में संयंत्र का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 2 मई (देशबन्धु)। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 35वीं सीआईआई राष्ट्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में संयंत्र के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संयंत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित उद्योगों से आए कुल 231 प्रतिभागियों ने 32 ट्रेडों में सहभागिता की। इनमें संयंत्र के पाँच प्रतिभागियों ने भाग लिया और तीन ट्रेडों में पदक प्राप्त किए। कारपेंटर ट्रेड में टी एंड डी विभाग से पीला राम वर्मा ने प्रथम स्थान तथा शिव शंकर टंडन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कंप्यूटर ट्रेड में एसएमएस 2 विभाग के अर्पित सिंह ने द्वितीय स्थान हासिल किया व पी.एल.सी. ट्रेड में रेल मिल विभाग के एन. निथिअनन्थन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संयंत्र को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया। उक्त पाँचों प्रतिभागी पहले भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा कोलकाता में 6 से 9 अगस्त 2024 तक आयोजित 35वीं सीआईआई क्षेत्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता में चयनित हुए थे। यह प्रतियोगिता ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के अंतर्गत वर्ष 2024 में आयोजित कार्यपालक निदेशक ट्रॉफी कार्य कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं के मध्य हुई थी। जिसमें कारपेंटरी, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिशियन, फिटर हाइड्रोलिक, मशीनिस्ट, पी.एल.सी, वेल्डर तथा टर्नर ट्रेड के कुल 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। क्षेत्रीय प्रतियोगिता में संयंत्र के पाँच प्रतिभागियों ने भाग लेकर विभिन्न ट्रेडों में 1 प्रथम एवं 4 द्वितीय स्थान प्राप्त किए थे। मुख्य महाप्रबंधक ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग श्रीमती निशा सोनी तथा उप महाप्रबंधक मुकुल सहरिया के कुशल नेतृत्व और अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को यह सफलता प्राप्त हुई है।

**स्वामी आत्मानंद स्कूलों में होगा 5 तक एडमिशन**

**बिलाईगढ़,** 2 मई। शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रदेश के सभी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के एडमिशन हेतु सेजेस पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित है। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा।



# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आल्हा नवागांव में विधिक साक्षरता शिविर

**खैरागढ़,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं अध्यक्ष सुषमा सावंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुसार व मोहनी कंवर अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ एवं सचिव भूपत साहू के मार्गदर्शन में ग्राम आल्हा नवागांव में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रमिकों को पीएलवी गोलूदास साहू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस लाखों मजदूरों के परिश्रम, दृढ़ निश्चय और निष्ठा का दिवस है। एक मजदूत देश के निर्माण में बहुमूल्य भूमिका निभाता है और उसका देश के विकास में अहम योगदान होता है। किसी भी समाज, देश, संस्था और उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों की अहम भूमिका होती है।

मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती इसलिए श्रमिकों का समाज में अपना विशेष स्थान है। साहू ने आगे पॉक्सो एक्ट, मोटर यान अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम सहित अन्य विषयों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मजदूरों के हितों के लिए बनाए गए कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया कि भारतीय संविधान को नजर रखते हुए मजदूरों के लिए भी कई निश्चित प्रावधान निहित है। मजदूरों के द्वारा किए गए काम के लिए निश्चित घंटे निर्धारित किए गए हैं। इन प्रावधानों के उल्लंघन पर सख्त सजा व तय




**मजदूरों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे के खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती : पीएलवी साहू**

किया गया है। बंधुआ मजदूरी को गैर कानूनी घोषित किया गया है। श्रम न्यायालय का निर्माण किया गया है ताकि मजदूरों के साथ हो रहे अत्याचारों पर लगाम लग सके। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मजदूरी में लगाना गैरकानूनी है पर ऐसा करने पर कठोर सजा तय की गई है। श्रम संगठनों को अधिकार आंदोलन का भी अधिकार है। फैक्ट्री अधिनियम 1948, बोनस संदाय अधिनियम 1965,उपदान संदाय अधिनियम 1972,कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948,समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 7- कर्मकार प्रतिकर अधिनियम 1923,कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम 1952 9- ठेका श्रम (विनियमन और उत्पादन) अधिनियम 1970,प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 आदि अधिकार दिया गया है।

न्यायालय में दी जाने वाली निशुल्क एवं सक्षम विधि सहायता के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं बच्चों अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के सभी सदस्यों ,आपदा पीड़ित, मानसिक रूप से विकसित एचआईवी से पीड़ित लोगों को निशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता प्रदान की जाती है।

आगे कार्यक्रम में साहू ने नालसा की गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं,असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं और निशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में बनने वाले श्रम कार्ड के फायदे के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई।

और इस अवसर पर मजदूरों को मिठाई की वितरण कर यह उत्सव मनाया गया।

# जनपद सदस्य मंजू ने जिलाधीश से क्षेत्र विकास किसानों के खेत में सिंचाई संबंध में की चर्चा

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 2 मई (देशबन्धु)। आदिवासी ब्लाक जनपद डौण्डी क्षेत्र क्रमांक 4 कुसुम कसा के जनपद सदस्य मंजू बैंस बालोद जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्या और विकास कार्यों के लिए चर्चा किए और विकास कार्य का मांग पत्र प्रेषित किए, जनपद सदस्य मंजू बैंस ने जिलाधीश महोदय को बताया कि किसानों की सिंचाई के लिए राज्य शासन के बजट में प्रावधान है जिसे शीघ्र प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में कलेक्टर विस्तारपूर्वक चर्चा किये। यह योजना के धरातल में फलिभूत होने से इस योजना के क्रियान्वयन से किसानों को बहुत लाभ होगा और किसानों के आर्थिक स्थिति सुधरेगी,साथ ही क्षेत्र के किसान चिंतामुक्त किसानी कर पाएंगे जनपद सदस्य श्रीमती बैंस ने कहा की यहां योजना हमारे कुसुमकसा में लघु सिंचाई योजना अनुसूचित जनजाति उप योजना के तहत बजट में स्वीकृति है। जिसमें जिलाधीश ने शासन के साथ किसानों के मंशानुरूप कार्य को प्रगति देने की बात कही कुसुमकसा में पुलिस चौकी निर्माण के लिए भी जिलाधीश से चर्चा किये जिसमें बालोद पुलिस अधीक्षक से भी इस संबंध में सार्थक बात हुई।



**जनपद सदस्य कुसुमकसा ने पुलिस चौकी की मांग,पुलिस अधीक्षक ने दिए आश्वासन**

पत्र के माध्यम से मंजू बैंस ने कलेक्टर जी विकास कार्यों के लिए चर्चा करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत कुसुमकसा के ग्राम पंचायत के अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए दस लाख रुपए और वार्ड 1 में कला मंच निर्माण के लिए पांच लाख रुपए, वार्ड 2 में सीसी रोड निर्माण के लिए पांच लाख रुपए वार्ड 3 के सीसी रोड के लिए पांच लाख रुपए वार्ड 4 में सीसी रोड के लिए पांच लाख रुपए वार्ड 20 के सीसी रोड के लिए पांच लाख रुपए और अपने जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरमुरकसा के लिए दस लाख रुपए की सीसी सड़क बनाने के लिए मांग पत्र जिलाधीश उमेश मिश्रा को सौंपे हे।

# नपा पंडरिया में दिखा सुशासन तिहार का असर



**कवर्धा,** 2 मई। सुशासन तिहार अभियान के तहत आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान की जमीनी सफलता अब धरातल पर भी स्पष्ट रूप से नजर आने लगी है। इसी क्रम में नगर पालिका पंडरिया द्वारा स्थानीय निवासी राकेश अहिरवार द्वारा किए गए आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। राकेश ने अपने वार्ड क्रमांक 09 अंतर्गत देवपुरा बस्ती के अंदर स्ट्रीट लाइट की मांग की थी, जहाँ लंबे समय से अंधेरा होने के कारण आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। नगर पालिका ने इस आवेदन को गंभीरता से लेते हुए अत्यंत कम समय में देवपुरा बस्ती के अंदर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करवा दी। नई लाइट लगने से अब स्थानीय नागरिकों को रात्रिकालीन आवाजाही में सुविधा होगी और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह कदम काफी लाभकारी सिद्ध होगा। राकेश अहिरवार ने नगर पालिका के इस त्वरित और प्रभावी कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार के अंतर्गत मेरी समस्या का तुरंत समाधान किया गया। पहले बस्ती के अंदर रात में अंधेरा रहता था, जिससे दिक्कत होती थी, अब लाइट लगने से बहुत राहत मिली है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त होने वाले जनहित से जुड़े सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप हर नागरिक को सुविधाएँ सुलभ रूप से मिल सकें। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन प्रदान करना है। इस प्रकार की त्वरित कार्रवाइयों से आम जनता में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास और भी अधिक मजबूत हो रहा है।

# आंधी व बारिश से क्षेत्र में दर्जनों घर का टिन शेड उड़ा, परिवार हुए बेघर

**खैरागढ़,** 2 मई (देशबन्धु)। गुरुवार की शाम अंचल में तेज आंधी व बारिश ने कहर बरपा दिया है। आंधी में उदयपुर के दर्जनों गरीब परिवारों के घरों में लगे टीम शेड उड़ गए जिसके चलते परिवार बेघर हो गए हैं। गर्मी चरम पर है और तापमान 40 पार चल रहा है और बिना छत के घर में रहना लगभग नामुमकिन है। इन परिवारों के रहने के लिए प्रशासन से मदद की आवश्यकता है। लगभग 35 से 40 मिनट तक चले आंधी में दुकानों, घरों व शासकीय भवनों पर लगे हुए टीन शेड उड़ गए हैं।



गलत सर्वे के चलते अत्यंत गरीब परिवारों को अभी तक नहीं मिल पाया है आवास योजना का लाभ

खैरागढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासहीन परिवारों को आवास दिलाने के लिए शासन के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में किए गए गलत आवास सर्वे के चलते अत्यंत गरीब परिवार को छोड़कर जिनकी पूछ परख एवं पंचायत में अच्छी पकड़ है ऐसे परिवारों को ही इस योजना का लाभ मिल पाया है एवं अत्यंत गरीब परिवार का पहुंच व पंचायत में अच्छी पकड़ नहीं होने वाले परिवार आज भी आवास योजना से वंचित है।

शादियों में आंधी बारिश की खलल से भारी समस्या उत्पन्न

छत्तीसगढ़ में किसान एवं मजदूर परिवार अपना कृषि कार्य समाप्त कर अपने बच्चों का विवाह करते हैं। हाल में शादी का सीजन चल रहा है, कई ऐसे परिवार है जिनके घरों में शादी चल रही है। ऐसे परिवार को आंधी तूफान के चलते भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए प्रशासन को क्षति पहुंचने वाले परिवारों का सर्वे कर उन्हें मदद की जानी चाहिए।

# फुले फ़िल्म संघर्ष और समानता का संदेश है यह टैक्स फ्री होना चाहिए : विप्लव साहू

**खैरागढ़,** 2 मई (देशबन्धु)। महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले के जीवन और सामाजिक सुधारों पर आधारित फिल्म फुले 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म ने अपनी विषयवस्तु और ऐतिहासिक महत्ता के कारण व्यापक चर्चा बटोरी है। सामाजिक चिंतक विप्लव साहू ने सरकार से इस फिल्म को टैक्स-फ्री करने की मांग की है ताकि यह अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। फुले फिल्म जिसका निर्देशन राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार विजेता अनंत महादेवन ने किया है इसमें प्रतीक गांधी और पत्रलेखा ने क्रमशः ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले की भूमिकाएं निभाई हैं। जातिगत भेदभाव, महिलाओं की शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए फुले दंपति के संघर्ष को दर्शाती है। उन ऐतिहासिक घटनाओं को चित्रित किया गया है जिन्होंने भारत में सामाजिक सुधार की नींव, लड़कियों के लिए पहली स्कूल, विधवा मुंडन का विरोध, पुनर्विवाह और सत्यशोधक समाज का गठन किया। विप्लव साहू ने कहा कि रिलीज से पहले सेंसर बोर्ड ने कुछ दृश्यों और संवादों पर कैंची चलाई जिनमें जातिगत अत्याचारों से संबंधित संदर्भ शामिल थे। सेंसर बोर्ड के इस फैसले की व्यापक आलोचना हुई, कई सामाजिक संगठनों ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया। सेंसरशिप के बावजूद फिल्म ने अपनी मूल भावना को बनाए रखा है।



यह फिल्म शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। इसे टैक्स-फ्री करके सरकार यह सुनिश्चित कर सकती है कि फुले दंपति का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। टैक्स-फ्री करने की मांग के समर्थन में सोशल मीडिया पर भी अभियान चल रहा है। अब सभी की निगाहें केंद्र और राज्य सरकार पर टिकी हैं कि छावा की तरह क्या वे इस फिल्म को टैक्स-फ्री घोषित करेंगी ताकि महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले का संदेश देश के कोने-कोने तक पहुंच सके। यह कदम न केवल फिल्म को प्रोत्साहन देगा बल्कि सामाजिक सुधार और समानता के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को भी सम्मान देगा।

# तीन नए कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पुलिस कार्यालय बालोद में बैठक

**बालोद,** 2 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल व्दारा तीन नये कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पुलिस कार्यालय बालोद में अभियोजन अधिकारियों, विशेष लोक अभियोजकों, एफ.एस.एल एक्सपर्ट, चिकित्सा अधिकारियों की मीटिंग आयोजित कर चर्चा की गयी। मीटिंग के दौरान 60 एवं 90 दिवस की अवधि में चालानी कार्यवाही किए जाने, गंभीर मामलों एवं मारपीट, एक्सीडेंट तथा लघु अधिनियम के मामलों में चेक लिस्ट तैयार करने, बार-बार स्थगन वाले मामलों में स्थगन निरस्त कराने, न्यायालयीन कार्यवाही आगे बढ़ाने की कार्यवाही, जमानत वाले मामलों में जमानत निरस्त किए जाने हेतु ठोस एवं प्रभावी विरोध, नोटिस तामीलशुदा मामले जिनमें आरोपी जमानत उपरांत फरार हो उनमें आरोपी के विरूद्ध स्थायी वारण्ट जारी कराने, दोषसिद्धी एवं अपील के प्रत्येक मामलों का विवरण उपलब्ध कराने ताकि ढ्ढ्ढस्न- 6, 7 अपडेट रहे। फरार आरोपियों के विरूद्ध उद्घोषणा एवं कुर्की की कार्यवाही कराएं जाने, खात्मा/खारिजी की समीक्षा की जाकर न्यायालय से खात्मा/खारजी स्वीकृत कराने के संबंध में चर्चा की गयी। समय पर पीएम रिपोर्ट, बेडहेड टिकट देने, पटवारी नजरी नक्शा समय पर पर उपलब्ध कराने आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई ताकि नवीन कानून के मनसा अनुरूप चालान समयावधि में पेश किया जा सके। बैठक में मोनिका ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद, एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, एफ.एस.एल. भिलाई मोहन पटेल, अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व प्राची ठाकुर, एसडीएम शिवनाथ बघेल, उप अभियोजक जिला अभियोजन निदेशालय पेमेंद्र वैशवाडे, लोक अभियोजक तोमन साहू, बीएमओ डॉ. जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे।



# आदिवासी विकास विभाग आयुक्त से इंद्रावती भवन में मिला संघ प्रतिनिधि मंडल

**डोंगरगढ़,** 2 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल महामंत्री योगेश चौरे के नेतृत्व में पांच सदस्य दल जिसमें लोकेश वर्मा अध्यक्ष संचालनालय कर्मचारी संघ हरिश्चंद्र यादव जिला अध्यक्ष राजनंदगांव दुलार गोविंद प्रतिनिधि शामिल रहे आयुक्त से सौजन्य मुलाकात किए हैं और विभिन्न जिलों में आदिम जाति कल्याण विभाग में चल रही समस्या के बारे में अवगत कराया है जिसमें प्रमुख रूप से नारायणपुर जिले में 234 कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दिया जा रहा है कर्मचारियों को नियमितकरण किए लंबा समय हो चुका है लेकिन वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया जा रहा है कारण पूछने पर रतन कश्यप एवं अन्य मामले का उल्लेख विभाग कर रहा है जिला स्तर के कार्यालय अभिमत के लिए आयुक्त को भेज रहे हैं इस बात से आयुक्त ने कहा कि जिला सहायक आयुक्त नियोक्ता अधिकारी है कर्मचारियों का जिले से नियुक्ति होती है उन कर्मचारियों का सेवा संधारण करना वेतन वृद्धि वेतन आदि भत्ते देना जिले का काम है जिला अभिमत के लिए भेज कर मामले को जानबूझकर टालमटोल करते हैं आयुक्त कार्यालय में यह मामला अभि मत के लिए आया है हम तत्काल भिजवा देंगे साथ में निर्देशित भी करेंगे कि इस प्रकार के अभिमत ना मांगे सहायक आयुक्त जिला अधिकारी यदि सक्षम है तो उस पर कार्रवाई करें सक्षम नहीं है तो प्रार्थी को लिखकर दे दे कि इसमें कार्रवाई नहीं हो सकती आप संघ के माध्यम से ऐसे प्रकरणों पर उच्च अधिकारियों को अपील लगाइए आयुक्त से सकारात्मक चर्चा हुई साथ ही श्रम सम्मान राशि कई जिलों में नहीं मिली है जहां मिली है वहां पर ट्रांजैक्शन फेल होने से भुगतान नहीं हो पाया है इस पर भी चर्चा हुई कई जिलों में बजट कम जाने से बजट के अभाव के कारण कई कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हुआ है युक्तियुक्तकरण कर 16 बिन्दुओ पर आयुक्त कार्यालय तथा शासन से निर्देश जारी हो चुके हैं सहायक आयुक्त के लिए कर्मचारियों का युक्तिकरण नियमितीकरण जिला स्तर से करें लेकिन जिला कार्यालय के द्वारा आज तक उसे पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है कुछ जिलों में कमेटी जरूर बनी है लेकिन कमेटी भी कछुआ चाल चल रही है इस बात को संज्ञान में लाया गया



# ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बेमेतरा,** 2 मई (देशबन्धु)। केन्द्रीकृत प्राथमिक एवं माध्यमिक परीक्षा 2025 शिक्षा जिला बेमेतरा के द्वारा दिनाँक 30-04-2025 को वर्ष 2025 कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। जिसमें ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा।

कक्षा 5 वीं में 113 विद्यार्थियों में से 105 विद्यार्थियों प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमें 23 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए जिनमें आदित्य साहू - 96.50 प्रतिशत एवं साक्षी साहू - 96.50 प्रतिशत, दोनो ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, पीहू गोस्वामी - 95.50 प्रतिशत, अनविता मिश्रा और रुद्र सिंह टण्डन - 95 प्रतिशत, आदिति साहू - 94.50 प्रतिशत नीरव साहू और पंखुडी सिन्हा - 94 प्रतिशत, जान्हवी कुर्रे - 93.50 प्रतिशत, नैन्सी देवांगन और समृद्धि भुवाल - 93 प्रतिशत, परिनीति वर्मा - 92 प्रतिशत, खनक वर्मा और लव टंडन - 91.53 प्रतिशत, मिहिका वर्मा - 91 प्रतिशत, का प्रदर्शन सराहनीय रहा तथा इस वर्ष कक्षा 5 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 8 वीं में 130 विद्यार्थियों में से 108 विद्यार्थियों प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जिनमें 8 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किए जिनमें कुश सेन - 95.17 प्रतिशत, ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, मानसी राजोरिया - 94.50 प्रतिशत, पलक राजपूत- 93.33 प्रतिशत, लवली सिन्हा 92.50 प्रतिशत निधि साहू - 92.17 प्रतिशत, आदित्य पटेल - 91.50 प्रतिशत, जान्हवी गायकवाड - 91.17 प्रतिशत, नीतू गोस्वामी 90.50 प्रतिशत, का प्रदर्शन सराहनीय रहा तथा इस वर्ष कक्षा 8 वीं का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसके पूर्व वर्षो में भी हाई स्कूल टॉप टेन में ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा के बच्चे छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करते रहे हैं, सन् 2021 में प्रशंसा राजपूत ने द्वितीय स्थान तथा सन् 2022 में आलोक साहू 5वाँ एवं भाविका सिन्हा ने 10 वाँ स्थान, सन् 2024 श्रेजल ध्रुवे - 97.33 प्रतिशत, में 9वां स्थान प्राप्त कर चुके हैं। सभी विद्यार्थियों के असाधारण उपलिब्ध पर प्राचार्य महोदया डॉ. अलका तिवारी जी ने मेधावी बच्चो को बधाई दी एवं उनके कठिन परिश्रम की प्रशंसा करते हुवे आगे परिश्रम की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

स्कूल के डायरेक्टर श्री अविनाश तिवारी जी ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रो को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कक्षा 5वीं एवं 8वीं पढाने वाले सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं प्रधानपाठिका दिप्ती साहू ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रादेशिकी का शेष...

### निगम ने आज इंदिरा मार्केट...

बैंक की गली में कौन फलों का जूस पीने आता है। उन्होंने इस स्वीकारोक्ति के बाद भी दूकान बचाये रखने अधिकारियों से काफी बहसें की दलीलें दी मगर अधिकारियों ने कोई तर्क नहीं सुना और दूकान हटा लेने का निर्देश दिया। अंततः यहां काबिज पाण्डेय जूस कार्नर व महाराजा जूस कार्नर के दूकानदारों ने अपनी दूकानें हटाकर व सामान भी सुरक्षित निकालकर घर ले गये।

दूसरी तरफ कपड़ा रेडीमेड, टोपी बेल्ट चश्मा व अन्य वस्तुओं के दूकानदारों ने दूकानें न हटानी पड़े इसके लिये तरह तरह से दबाव बनाने की एक समुदाय विशेष के व्यापारियो ने इस बारे में जमकर राजनीति की। तकियापारा के भाजपा पार्षद खालिद रिजवी उर्फ शेरू (भाजपा) पूरे समय डटे रहे मगर वे सत्तारूढ़ भाजपा के होने के नाते कोई अधिक दबाव नहीं बना सकें। व्यवसाइयों में कुछ व्यवसाई बिलासपुर हाईकोर्ट से स्टे मिल जाने सहित अन्य तरह की बातें कर दूकान तोड़ने से बचाते रहे। पूर्व विधायक अरूण वोरा शहर से बाहर दिल्ली में है। अन्य कांग्रेसी नेता भी मौके पर नहीं पहुंचे। कांग्रेस के एक पदाधिकारी जुनैद लाल आजमी भी व उनके कुछ साथी मौके पर पूरे समय उपस्थित रहें। उन्होंने मध्यस्थता करते हुए रास्ता निकालने की कोशिश की मगर इस बार किसी की नहीं चली। अंततः शाम 5 बजे के बाद दूकानदारों ने अपनी दूकानों के सामनों को हटाना शुरू कर दिया।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सन् 2008, 2016 में भी यहां पर अतिक्रमण हटाने के सफल प्रयास किये गये थे। मेहता मेडिकल से लेकर मध्यानी चौक के दोनों ओर के रास्ते पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करते वहां सीमेंटीकरण कर दिया गया था। उसे पार्किंग स्थल बना दिया गया था मगर धीरे धीरे फिर से वहां अतिक्रमण होते चला गया और एक बार फिर मार्ग के दोनों ओर व्यवसाइयों द्वारा दूकानें बढ़ा लेने से यातायात एवं पार्किंग की भारी समस्या उत्पन्न होने लगी थी। विगत 5 वर्षो तक इस मामले में नगर निगम शासन प्रशासन ने काफी सुस्ती दिखाई और व्यवसाई अपनी दूकानों का दायर निर्धारित मापदंड से आगे बढ़ाते चले गये। इधर एक बार फिर नगर निगम में भाजपा सरकार आने के बाद अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आने वाले दिनों में मोती काम्पलेक्स के सामने जूता चप्पलों की दूकानें तथा अन्य दूकानें हटाने की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई में भवन अधिकारी गिरीश दीवान, राजेन्द्र ढवाले, बाजार अधिकारी शुभम गोईर, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार, बाजार विभाग से ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, सीएसपी चिराग जैन, दुर्ग कोतवाली के टीआई विजय यादव, मोहन नगर टीआई शिव चंद्रा, यातायात एएसआई रमेश दुबे के अलावा सीएसएफ के जवान भी तैनात थे।

### मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप ...

स्पर्धा के आयोजन में जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एस के भगत, दिनेश नलोड, मोरध्वज चंद्राकर,अजय राय, सहसचिव संजय खंडेलवाल एवं जयंता दास, हरीश सोनी, जवाहर सिंह, रवि शर्मा सहित अन्य लोग सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

### भारतीय राज्य पेंशनर्स संघ ने ...

महाभारत और अनेक ऋषि . मुनियों के सन्दर्भ से अनादि-अनंत अक्षय तृतीया की सांस्कृतिक पृष्टभूमि पर प्रकाश डाला। डा. शर्मा ने बताया कि अभी हालही में संयुक्त राष्ट्र संघ की समिति यूनेस्को द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र को विश्व धरोहर माने.जाने पर अक्षय तृतीया को पूरा भारतवर्ष आज भी गर्व महसूस कर रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन महासचिव पी.आर.साहू ने किया। मौके पर हेल्पेज इण्डिया के प्रशिक्षक सूरज, कनक और रुखसाना के साथ पेंशनर्स संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी.के.वर्मा, दुर्ग इकाई से एन.पी.मेहता, आर. डी. साहू, यू.के.टिकरिहा, एस.पी.गौतम, शीतल प्रसाद साहू एवं के.पी.देशमुख समेत बड़ी संख्या में सदस्य साथी उपस्थित थे।

### बारात में आये तीन युवकों के साथ ...

जाते हुए मिनी स्टेडियम के सामने खड़े थे । इस बीच एक आरोपी विक्की यादव वहां पहुंचा और रविन्द्र चौहान से बहस करने लगा इस पर वहां खड़े संजय शेट्ठी व अरूण चौहान ने विक्की को समझाने लगे। इसी में विवाद बढ़ गया और विक्की तथा उनके साथी मनीष यादव इशु यादव भी वहां पहुंच गये । इन तीनों के विरूद्ध थाने में शिकायत करते हुए कहा गया कि इन तीनों आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू से डराने धमकाने लगा।

इस रिपोर्ट के दर्ज होने के बाद पुलिस ने पतासाजी करते हुए विक्की यादव उर्फ सिद्धी विनायक यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अन्य आरोपी ईश्वर यादव की तलाश जारी है। घटना में प्रयुक्त चाकू ईशू यादव के पास होने की जानकारी उसके अन्य दो आरोपी साथी ने दी है।

### सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज ने ...

तिवारी, सरिता मिश्रा, कोषाध्यक्ष तनु मिश्रा, रानी उपाध्याय, ममता तिवारी, वरिष्ठ सदस्य अनीता तिवारी, राजकुमारी तिवारी, संगीता मिश्रा, दुलारी शमा, भारती दीवान, संगीता दीवान, सपना, आभा शर्मा, निधि शर्मा, अनीता दीवान, ज्योति उपाध्याय, ममता पांडे, अंजू शुक्ला, मीना तिवारी, श्वेता शुक्ला, आरती दीवान, मिनी मिश्रा, नीति तिवारी, तारिणी दीवान, दीप्ति दुबे, सुशीला तिवारी, सुषमा दुबे, ममता शुक्ला, सरला तिवारी के अलावा ब्राह्मण समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रही।

# जजंगिरी में 30 कट्टा पीडीएस का चावल पकड़ाया

**कुम्हारी,** 2 मई (देशबन्धु)। मंगलवार को नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जंजगिरी के एक राशन दुकान से 30 कट्टा पीडीएस चावल को दुकान संचालक द्वारा अन्यत्र कहीं ले जाया जा रहा था जिसे ग्राम वासियों एवं भाजपा के पार्षद लोकेश साहू द्वारा पकड़ लिया गया इसके बाद कुम्हारी थाने में सूचना देकर उसे थाने के सुपुर्द किया गया । वहीं भाजपा के कार्यकर्ता देर रात तक कार्यवाही की मांग को लेकर थाने में ही डटे रहे। शिकायत के बाद बुधवार को खाद्य निरीक्षक सुधा महिलांग द्वारा थाने पहुंच कर जप्त किये पीडीएस चावल का सेंपल लेकर पंचनामा तैयार कर जांच के लिए भेजा गया। वहीं शुरुआती जांच में बताया गया की उक्त चावल को जंजगिरी कुम्हारी में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 431006015 संचालनकर्ता महामाया महिला स्व सहायता समूह द्वारा दुकान से पी. डी एस चावल (संभावित) प्लास्टिक बोरे में 30 कट्टा (भर्ती 50 कि ग्रा) नीले कलर के ऑटो क्रमांक ष्टत्र07 ष्टत्र2058 में भरकर ले जाया जा रहा था जिसे जंजगिरी के ग्रामीणों एवं पार्षद लोकेश साहू द्वारा पकड़ा गया।



**ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं की मदद से पहुंचाया थाना**

थाना कुम्हारी के डायल 112 पेट्रोलिंग के द्वारा चावल से भरी गाड़ी को थाना कुम्हारी परिसर में रखा गया। दिनांक 29/04/20025 को शा0 उ0 मु0 दुकान 481006015 में पकड़ी गई चावल गाड़ी को विक्की सिंह तथा (हेल्पर) सहयोगी निरंजन पाल द्वारा चलाया जा रहा था। हालांकि इस विषय पर गाड़ी चालक हेल्पर एवं महामाया महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष श्रीमति मंजू साहू एवं उनके पति लोकेश साहू से जानकारी ली गई। बुधवार को मौके पर पहुंचे भिलाई 3 तहसीलदार पवन सिंह ठाकुर ने उक्त शासकीय उचित मूल्य की दुकान को आगामी आदेश तक सील कर दिया है। प्राथमिक जांच के आधार पर कुम्हारी थाना द्वारा धारा 151 के तहत कार्यवाही कर जांच किया जा रहा है। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि विगत लंबे समय से कई स्थानीय शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में अनियमितताओं की जानकारी आ रही थी और उनपर कार्यवाही भी हुई है। इस बारे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा है कि सरकार द्वारा गरीबों को दी जाने वाली राशन में गड़बड़ियां बर्दाश्त नही की जाएगी। एक ओर शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में हितग्राहियों को चावल नही मिलता और दूसरी ओर इस तरह की घटना बेहद दुखद है इसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में जजंगिरी के पार्षद लोकेश साहू, मिथलेश यादव, कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, उमाकांत साहू, रामकुमार सोनी, प्रवीण राव और सुजीत यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सरपंचों की संयुक्त बैठक में जल संकट पर हुआ मंथन

## बेमेतरा में लिफ्ट इरिगेशन एवं बड़े जल प्रोजेक्ट्स पर लिये गए अहम निर्णय

**बेमेतरा,** 2 मई (देशबन्धु)। बेमेतरा जिला पंचायत कार्यालय में दिनांक 30 अप्रैल 2025 को एक महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजन किया गया, यह बैठक जिले के बेरला ब्लॉक में चल रहे जल संकट की गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए बुलाई गई थी, जिसमें आसपास के लगभग 20 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लिया।



बैठक में योगेश तिवारी ने कहाँ कि बेमेतरा और बेरला ब्लाक में जल संकट की समस्या लगातार बढ़ रहीं गर्मी के दिनों भीषण जलसंकट का सामना सभी पंचायतों में आम जनता को करना पढ़ रहाँ है । जल का स्तर दिनों दिन नीचे जा रहाँ है और भारतीय जनता पार्टी की बिष्णु देवी जी की सरकार जल संकट को दुर करने के लिये लगातार प्रयास कर रहीं है । और ईसलिये हम सब को मिलकर पानी के लिये नई कार्य योजना बनाने की ज़रूरत है । जिसे जल संकट दुर हो सके । ईसलिये हम सब यह बैठक आहुत की गई है । और बैठक में पंचायत क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही जल संकट की जटिल समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। गर्मी के मौसम में जल स्त्रोतों के सूखने और गिरते जल स्तर को देखते हुए, पेयजल की स्थिति गंभीर होती जा रही है। इस पर विचार करते हुए, बैठक में खारुण नदी से लिपट इरिगेशन योजनाओं के साथ-साथ बड़े जल परियोजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया।और ईस के लिए संबंधित विभागों से और मंत्री से निवेदन कर योजना को क्रियान्वित पुरा करने का प्रयास किया जायेगा

योगेश तिवारी ने बैठक में स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट का स्थायी समाधान आवश्यक है और इसके लिए जिला पंचायत की ओर से शीघ्र प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी सरपंचों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने गांवों में जल संरक्षण व जागरूकता अभियान चलाएं।

इस बैठक में जिन ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लिया, उनमें प्रमुख रूप से — बारगांव सरपंच प्रतिनिधि सौरभ मिश्रा बलौदी कला, चेटूवा, जमघट, तेलगा, आनंदगांव, खर्रा, कुम्ही, रामपुर (भाड़), पाहंदा सहित अन्य गांवों के प्रतिनिधि शामिल थे।

# बेमेतरा नगर पालिका में सामान्य सभा की बैठक में 93 करोड़ का बजट पेश

**बेमेतरा,** 2 मई (देशबन्धु)। नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा की अध्यक्षता में नगर पालिका की सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई जिसमें विभिन्न नगर विकास कार्यों पर विषय वार सूची में चर्चा कर निर्णय ली गई ।जिसमें मुख्य रूप से 93 करोड़ का विकास कार्यों पर बजट पेश किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा द्वारा 18 लाख 51 हज़ार का लाभ का बजट पेश किया।



प्रमुखता के साथ 31 विषयों पर चर्चा हुई जिसे सर्व सम्मति से उपस्थित सदस्यों द्वारा ध्वनिमत से बजट पास किया गया। आगे निम्नानुसार नगर के जनहित कार्यों पर विस्तृत चर्चा कर विषयवार निर्णय लिया गया जिसमें भवन, भूमि, दुकान नामांतरण के आवेदनों पर निर्णय लिए हितग्राही मूलक पेंशन योजनांतर्गत प्राप्त आवेदन को सर्व सम्मुख रखा गया। मुख्यमंत्री पेंशन योजना तहत प्राप्त आवेदन पर विचार कर निर्णय लिया गया।

अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु स्थायी जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने के साथ वन नेशन, वन इलेक्शन के संबंध में चर्चा एवं निर्णय । वर्ष 2025-26 हेतु प्लेसमेंट श्रमिक उपलब्ध कराने निविदा जारी करने, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय से जिला चिकित्सालय तक व्यावसायिक काम्पलेक्स निर्माण कराने निर्णय के साथ नया बस स्टैण्ड स्थित शॉपिंग काम्पलेक्स के अतिरिक्त दुकान निर्माण के बारे में चर्चा की गई।

आगे बैठक में नगर पालिका द्वारा पालिका के विकास कार्यों को गति देने बजट प्रस्ताव रखा गया जिसमें वार्ड 16 गौरवपथ स्थित गार्डन के जीर्णोद्धार नगर में होल सेल बाजार विद्यानगर में व्यावसायिक काम्पलेक्स निर्माण ।विधानसभा बजट में स्वीकृत 02.00 करोड़ से गौरव पथ नाली को दुर्ग रोड में आगे बढ़ा अम्बेडकर भवन निर्माण जैसे बहुत से बजट प्रस्ताव में रखे गए।

विजय सिन्हा ने आगे बजट में महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा जिसमें नगर में आसन्न जल समस्या का निदान निहित है जिसके लिए नगर के समीप बांधो एवं तालाबों का पेयजल संरक्षण हेतु गहरीकरण / सौंदर्यीकरण कार्य कराने की योजना रूप रेखा तैयार की गई इससे पेयजल समस्या को काबू में किया जा सकता है।

बैठक में शहर के विभिन्न विकास निर्माण कार्य रखा गया जिसमें मोहभट्ठा गार्डन में एनएच बायपास के लिए भूमि अधिग्रहण,शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो का डामरीकरण एव बी.टी. सड़क निर्माण मां भद्रकाली तालाब सौंदर्यीकरण एवं चौपाटी निर्माण नगर के प्रमुख स्थलों / चौक-चौराहो / तालाबों में हाईमास्क लाईट लगाने की चर्चा एवं निर्णय लिया गया।

आगे अधिकारी / कर्मचारी आवास निर्माण, सार्वजनिक एवं मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटाने मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

### जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया गया

अमृत मिशन 2.0 को आगे बढ़ाने 15वें वित्त आयोग मद से पानी टंकी निर्माण के लिए डी.एम.एफ. मद से मांग के साथ नगर के सभी भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किए जाने का निर्णय लिया गया।

पुराना जनपद पंचायत कार्यालय के खाली भूमि को नगर पालिका के अधिकार में लेने ,राना वाचनालय भवन,पुराना वाचनालय भवन को किराया देने और भद्रकाली महोत्सव मनाने का निर्णय ,21 स्थित गौठान का उन्नयन जैसे तमाम नगर विकास और व्यवस्था को लेकर बजट प्रस्ताव लाया गया उस पर सभी सदस्य द्वारा चर्चा फिर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

# श्रमिक दिवस पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने लिया बोरे बासी का स्वाद

**बेमेतरा,** 2 मई (देशबन्धु)। विकासखंड के बहेरा ग्राम में श्रमिक दिवस के अवसर पर पुर्व विधायक एवं जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बेमेतरा श्री आशीष छाबड़ा ग्रामवासियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं संग बोरेबासी का पावन स्वाद चखते हुए छत्तीसगढ़ी संस्कृति को आत्मसात किया गया.. यह केवल एक छत्तीसगढ़िया परंपरा का निर्वहन नहीं था, बल्कि श्रमिकों के परिश्रम, पसीने और संस्कृति के प्रति सम्मान का प्रतीक भी था.. बोरेबासी जैसे पारंपरिक व्यंजन के जरिए कांग्रेस पार्टी 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की भावना को जीवंत कर रही है जहां संस्कृति, परंपरा और जनसेवा एक सूत्र में बंधे हैं.. कांग्रेस हमेशा से छत्तीसगढ़ की माटी, महक और मन से जुड़ी रही है और ये बोरेबासी भोज इसी गहरी जुड़ाव की मिसाल है ज्ञात हो कि कांग्रेस के पूर्व कार्यकाल में श्रमिक दिवस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमिकों के सम्मान के लिए बोरेबासी खाकर सम्मान प्रकट करने का निर्णय लिया था तथा पूर्व में कई शोध में भी यह बात सामने आई है कि छत्तीसगढ़ के भोजन बोरेबासी में बहुत प्रकार के विटामिन पाए जाते हैं अपने विधायक की काल में भी आशीष छाबड़ा श्रमिक दिवस पर बोरेबासी खाकर इस भोजन का सम्मान करते आए हैं इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह भोजन भरी गर्मी में पेट में शीतलता प्रदान करता है इस अवसर पर मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा मनोज शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी शुभम गंधर्व जनपद सदस्य दीपक दिनकर जनपद सदस्य मेहतर वर्मा रवि गुप्ता लखन वर्मा भरत वर्मा मोगेश वर्मा दाऊ वर्मा सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# जीवन में अनुशासन का होना बहुत जरूरी है, अनुशासित होकर ही हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं : मनीषा बहन

बालोद, 2 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में 10 दिवसीय समर कैंप रखा गया है जिसके दूसरे सत्र में मनीषा बहन ने कहा कि जीवन में अनुशासन का होना बहुत जरूरी है अनुशासित होकर ही हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं और एक अच्छा इंसान बन सकते हैं जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन जरूरी है। खासकर विद्यार्थी जीवन में तो इसका बहुत महत्व है। वह विद्यार्थी ही क्या जो अनुशासित ना हो एक अनुशासित विद्यार्थी ही सफलता की मंजिल तक पहुंच सकता है। राजयोगिनी बीके सरिता दीदी ने कहा कि हम केवल शरीर ही नहीं लेकिन इस शरीर को चलने वाली शक्ति आत्मा है आत्मा ही पूरे शरीर का कंट्रोल करती है आत्मा की तीन शक्तियां हैं मन, बुद्धि और संस्कार मन का काम है सोचना, बुद्धि का काम है निर्णय लेना, संस्कार जो कर्म हम बार.बार करते हैं वह हमारे संस्कार कहलाते हैं इसके अलावा बीके रेनू दीदी ने सबको मन एक्सरसाइज भी कराया।



# इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर नृत्य संध्या का हुआ आयोजन



■ बतौर मुख्य अतिथि कुलपति लवली रही उपस्थित

**खैरागढ़,** 2 मई (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कैंपस-2 स्थित डॉ. नरेंद्र देव वर्मा प्रेक्षागृह में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर नृत्य संध्या का आयोजन संपन्न हुआ। मंगलवार 29 अप्रैल को नृत्य संकाय की ओर से आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा उपस्थित रहीं। इस दौरान छात्र कलाकारों ने नयनाभिराम प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों की इस प्रस्तुति को देखकर कुलपति लवली ने प्रशंसा की और इस बेहतर आयोजन के लिए नृत्य संकाय को बधाई दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि विभिन्न प्रस्तुतियों को एक सूत्र में पिरोकर सजाया गया है, इसमें विद्यार्थियों की मेहनत झलकती है। इनके साहस और ऊर्जा को देखकर मुझे बहुत अच्छा लगा। उन्होंने आगे कहा कि इस विश्वविद्यालय की कुलपति बनकर अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रही हूं। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि यह विश्वविद्यालय नई ऊँचाईयों को छुये। कुलपति लवली ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान अधिष्ठाता नृत्य संकाय प्रो.डॉ. नीता गहरवार, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो.डॉ. नमन दत्त, प्रो.डॉ. राजन यादव सहित विद्यार्थीगण व शोधार्थीगण उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार में अपने आवेदनों के निराकरण होने पर फगिनी और डामिन बाई के खिले चेहरे

■ सुशासन तिहार में शीघ्र ही श्रमिक कार्ड बनने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार



**बालोद,** 2 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत अपने आवेदनों के त्वरित निराकरण होने पर बालोद जिले के ग्राम करहीभदर की फगिनी बाई और डामिन बाई के चेहरे खिल उठे हैं। दोनो ही महिलाओं की जिंदगी मेहनत और उम्मीदों के इर्द.गिर्द घूमती थी। वे अपने गांव और आसपास के गांव में एक श्रमिक के रूप मे मजदूरी करती हैं। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए उनके पास जरूरी श्रमिक कार्ड नहीं था। उन्होंने पहले भी कोशिश की थी लेकिन जानकारी की कमी से उनका यह काम अधूरा ही रह गया था। लेकिन इस बार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल सुशासन तिहार 2025 ने उनकी इस समस्या का समाधान बड़ी ही आसानी से हो गया है। इस अभियान के तहत उनके श्रमिक कार्ड के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई हुई और अपने श्रमिक पंजीयन को देख उनके चेहरों पर मुस्कान छा गई है।

फगिनी बाई ने बताया कि वह भवन निर्माण तथा खेती कार्य में मजदूरी करती है। उसे प्रतिमाह महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है जिसका उपयोग वह अपने बच्चों की पढ़ाई में करती है। उसने बताया कि उसे श्रमिक कार्ड की जरूरत थी ताकि वह श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ ले सकें। उसने सुशासन तिहार के शिविर में आवेदन किया जिसके पश्चात श्रम विभाग के अधिकारियों ने उनके दस्तावेजों की जॉच कर ऑनलाईन दर्ज किया और अब उन्हें श्रमिक कार्ड मिल गया है। कार्ड मिलते ही उनकी आँखों में खुशी के आँसू छलक आए। उसने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे द्वारा दिए गए आवेदन पर इतनी जल्दी काम हो जाएगा। अब श्रमिक कार्ड मिलने से मुझे श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार व्यक्त करती हू। इसी प्रकार डामिन बाई ने बताया कि श्रम विभाग ने उनके आवेदन को प्राथमिकता के साथ निराकरण किया और कुछ ही दिनों में श्रमिक कार्ड मिल गया। उसने अपना श्रमिक कार्ड थामते हुए कहा कि ये कार्ड मेरे लिए सिर्फ़ एक दस्तावेज़ नहीं है यह मेरे परिवार के भविष्य के लिए जरूरी है। डामिन बाई ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा पहली बार लगा कि सरकार हमारी समस्याओं का हल तत्परता से कर रही है। फगिनी बाई और डामिन बाई के चेहरों पर खिली मुस्कान इस बात का जीवंत प्रमाण है कि सुशासन तिहार वास्तव में जनता की समस्याओं का समाधान हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में इस अभियान ने पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंवाद को नया आयाम दिया है। सुशासन तिहार सिर्फ़ एक अभियान नहीं बल्कि जनता और शासन के बीच भरोसे का सेतु है।

# कवर्धा में शहरी विकास को मिली नई दिशा, उपमुख्यमंत्री ने किया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण का भूमिपूजन

■ कवर्धा शहर को और आकर्षक बनाने के लिए किए जा रहे विशेष प्रयास : नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी



**कवर्धा,** 2 मई (देशबन्धु)। कवर्धा शहर के विकास में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन किया। गुरूनानक चौक स्थित पुराने नगर पालिका कार्यालय के खाली स्थान पर बनने वाले इस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की लागत 2 करोड़ 27 लाख 54 हजार रुपये है। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण से कवर्धा को एक आधुनिक व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें पार्किंग की सुविधा, शॉपिंग यूनिट्स और अन्य आधुनिक सुविधाओं का समावेश होगा। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, राजेंद्र सलूजा, मनहरण कौशिक, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, पार्षद मनोज गुप्ता, शोखी अहिरवार, देवा साहू, श्रीमति रेखा साहू, अजय ठाकुर, बिहारी धुर्वे, दुर्गेश अवस्थी सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स न केवल व्यवसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। यह शॉपिंग मॉल कॉम्प्लेक्स कवर्धा को स्मार्ट सिटी की दिशा में एक और कदम बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगा। स्मार्ट सिटी की अवधारणा में सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जाता है, जैसे कि सुलभ पार्किंग, बेहतर सड़कें, और विकसित बाजार स्थल। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने यह भी बताया कि कवर्धा शहर में इसी तरह के अन्य विकास कार्यों की योजना बनाई जा रही है। आने वाले समय में शहर में और भी कई विकास परियोजनाएं शुरू की जाएंगी, ताकि इसे एक मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बताया कि भूमिपूजन के बाद कार्य तुरंत प्रारंभ किया जाएगा। यह परियोजना सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत विकसित की जा रही है। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में इसके साथ ही टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर वाहनों के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि कवर्धा के समग्र विकास के लिए पाइपलाइन विस्तार, परिक्रमा पथ, चौपाटी, गौरवपथ सहित अनेक निर्माण कार्य जारी हैं। उन्होंने बताया कि कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल चुकी है और इसे शीघ्र प्रारंभ करने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि भोरमदेव मंदिर और उसके आसपास के क्षेत्र के उन्नयन के लिए 146 करोड़ रुपये की स्वीकृति केंद्र सरकार द्वारा दी गई है। इसमें मेला स्थल, तालाब, हेलीपेड, मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुआ और सरोदा जैसे स्थलों का सौंदर्यीकरण और विकास कार्य किया जाएगा, जिससे कांवड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिले के 90 दिव्यांगजनों को स्कूटी प्रदान की गई है।

# कलेक्टर एवं एसएसपी की उपस्थिति में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**बेमेतरा,** 2 मई (देशबन्धु)। नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आज कलेक्ट्रेट के दिशा सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने की, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) सहित जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारी, प्रॉसिक्यूशन ऑफिसर, अनुसंधान अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अभियोजन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यशाला में नवीन भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए ध्यान देकर, समझने की बात उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों से कहा। साथ ही समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से नए कानून के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये इस कार्यशाला का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यशाला में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों को तकनीकी साक्ष्य संकलन, घटनास्थल की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी, एफआईआर दर्ज करने की विधि आदि विषयों पर प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला में अधिकारी एवं कर्मचारियों को कहा की नये क़ानून का उद्देश्य आमजनता को त्वरित रूप से न्याय दिलाकर राहत प्रदान करना है, प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर अपराधिक मामलों में तलाशी एवं जप्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से करने और समाज को व्यवस्थित रखने के लिए कानून बहुत जरूरी होता है, नहीं तो समाज में अपराध बढ़ जाएगा। साथ ही उन्होने कहा कि पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्यों पालन करने धारा को अच्छी तरह से पढ़ने, प्रथम सूचना पत्र दर्ज करते समय अच्छे पढ़ने एवं घटना स्थल का नजरी नक्शा तैयार करने, फोटो/विडियो ग्राफी करने साक्षियों की सूची तैयार करने इत्यादि के बारे में जानकारी प्रदाय करते हुये अपना कार्य पूरी निष्ठा ईमानदारी एवं टीम भावना के साथ कार्य करें। आमजन से सदभावना पूर्वक व्यवहार करने की बात कही।



साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नए कानूनों के लागू होने पर तकनीकी साक्ष्यों के संकलन के महत्व उनके संकलन के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण के दौरान ही प्रशिक्षको द्वारा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से पुलिस अधिकारियों के जिज्ञासाओं को शांत किया गया एवं उनकी शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न कानूनी और विवेचना संबंधी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई, जिससे वे अपने अन्वेषण कार्यों को अधिक कुशलता और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार अंजाम दे सकें। इस कार्यशाला के माध्यम से, अधिकारी एवं कर्मचारियों को न केवल कानूनी प्रक्रिया और प्रावधानों की गहरी समझ प्राप्त करने में सक्षम हुए, बल्कि वास्तविक जीवन के परिदृश्यों में इन प्रावधानों को कैसे लागू किया जाए, इसका भी अभ्यास किया। इस सफल प्रशिक्षण कार्यशाला के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अन्वेषण के क्षेत्र में कुशल और सक्षम बनाया गया है।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, सीन ऑफ क्राईम यूनिट कवर्धा/बेमेतरा, वैज्ञानिक अधिकारी श्री शलेन्द्र कुमार, उप संचालक अभियोजन श्रीमती कंचन पाटिल, जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती अपर्णा अग्रवाल व सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती कविता अग्रवाल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, सिविल सर्जन डॉक्टर लोकेश साहू, सहायक जेल अधीक्षक एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी, विवेचक गण, सान ऑफ क्राइम यूनिट, अभियोजन विभाग, पुलिस एवं चिकित्सा अधिकारीगण समेत अनेक विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सब मिलकर राजनांदगांव के विकास की दिशा को आगे बढ़ाएंगें: मधुसूदन

## 396 करोड़ का बजट पेश, साथ में बड़े-बड़े वादे बढ़ते इरादे

**राजनांदगांव,** 2 मई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम, के इस सभा में सभापति, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण का हार्दिक स्वागत करते हुए। हम नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा (94) से धारा (100) के अंतर्गत नगर पालिक निगम, का वर्ष 2024-25 का पुनरीक्षित बजट एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक आय-व्यय की स्वीकृति हेतु सदन के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। इस निर्वाचित परिषद का यह प्रथम बजट है इसलिये हमने इस बजट में कोई भी नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। हमारा यह प्रयास होगा कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करते हुए शहर का सर्वांगीण विकास करना एवं नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा सकें।

बजट प्रावधान में विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है, जो कि अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन योजनाओं के रूप में अलग अलग विभाग से क्रियान्वित होगी। मैं अब तक के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने शहर विकास को गति प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण जवाबदारी का निर्वहन किया साथ ही मैं आभार व्यक्त करना चाहता हूं देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी का जिन्होंने देश के साथ साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश में विकास की अनके योजनाएं लागू की।

हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय विष्णु देव साय जी तथा विधानसभा अध्यक्ष व हमारे विधायक आदरणीय डॉ. रमन सिंह जी ने शहर को विकसित करने विभिन्न विभागों में विकास कार्यों के लिये बजट प्रावधान किया है जिसमें हमें पूरा समर्थन व सहयोग मिल रहा है, हमारे उप मुख्यंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री आदरणीय अरूण साव जी तथा हमारे उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा जी एवं हमारे सांसद श्री संतोष पाण्डे जी, मैं इन सभी का भी आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं इस सदन के माध्यम से शहर के समस्त नागरिकों से उम्मीद करता हूं कि शहर विकास में उनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन व सहयोग मिलेगा साथ ही लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से शहर विकास में मार्गदर्शन की अपेक्षा रखता हूं। जनता से जुड़ी हुई समस्याओं एवं योजनाओं का गुणवत्तापूर्वक, समय सीमा व ईमानदारी के साथ क्रियान्वयन में सभी अधिकारी-कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग मिलेगा, मैं यही अपेक्षा करता हूँ।

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय अनुमान पत्रक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। वर्ष 2024-25 के बजट प्रावधानों के विरूद्ध पुनरीक्षित आय 246 करोड़ 43 लाख रूपये तथा पुनरीक्षित व्यय 252 करोड़ 54 लाख 50 हजार रूपये है। बजट अनुमान अन्तर्गत कुल अनुमानित आय 320 करोड़ 16 लाख 52 हजार रूपये तथा व्यय 376 करोड़ 54 लाख 02 हजार रूपये था, जबकि वर्ष 2024-25 में प्रारंभिक अवशेष राशि 56 करोड़ 09 लाख रूपये था। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्रावधान में प्रस्तावित आय 646 करोड़ 23 लाख तथा व्यय 696 करोड़ 70 लाख 50 हजार रूपये है। वर्ष 2025-26 का अनुमानित प्रारंभिक अवशेष राशि 50 करोड़ 24 लाख 55 हजार की संभावना है इसे मिलाकर कुल आय 696 करोड़ 47 लाख 55 हजार होता है। इस प्रकार घाटे का बजट 22 लाख 95 हजार रूपये प्रस्तावित है।

हमने इस बजट में विकसीत राजनांदगांव शहर के निर्माण की आधारशिला को पूर्ण करने हेतु सतत् विकास की प्रक्रिया के लिए मूलभूत ढांचा तैयार किया है। इस बजट में हमारा प्रयास होगा कि हम आम आदमी में विकास के प्रति विश्वास का भाव जागृत कर सकें तथा पिछड़े और कमजोर आय वर्ग के लोगों को आर्थिक सम्पन्नता के दायरे में ला सकें।

### प्रस्तुत बजट की प्रमुख विशेषताओं

- नालंदा परिसर- राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्र के विद्यार्थियों के शिक्षा के क्षेत्र में सर्वागीण विकास के लिये नालंदा परिसर निर्माण हेतु 1142.84 लाख रूपये का प्रावधान रखा रखागया है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना फेस-2- आवास योजना के घटर मोर जमीन मोर मकान के तहत छुटे हुये परिवारों को आवास का लाभ देने केन्द्र सरकार द्वारा नियम में शिथिल कर फेस-2 योजना लागू की गयी योजना का लाभ निगम सीमाक्षेत्र के पारिवारों को देने 4573.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- अमृत मिशन फेस-2 (दो स्थनो पर वॉटर ट्रिटमेंट प्लांट)- शहर के नालो के पानी को शोधित कर उपयोगी बनाने अमृत मिशन फेस-2 योजनांतर्गत शासन द्वारा स्वीकृति अनुसार पारीनाला में 15 एम.एल.डी. एवं मोहारा में 26 एम.एल.डी. वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना करने 3700.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- ऑडिटोरियम निर्माण (2000 सीटर) - नगर के नागरिको की सुविधा को ध्यान में रखकर विभिन्न आयोजनो के लिये सर्वसुविधायुक्त आडिटोरियम 2000 सीटर निर्माण करने 900.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- गौरव पथ निर्माण - शहर के एक प्रमुख मार्ग को सौदर्यीकरण कर गौरव पथ निर्माण हेतु 1000.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- तालाब उन्नयन (सौन्दर्यीकरण) मरीन ड्राईव की तर्ज पर- निकाय क्षेत्र के एक बडे तालाब को मरीन ड्राईव के तर्ज पर सौदर्यीकरण करने 200.00 लाख (पी.पी.पी. मॉडल) रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- रोड चौडीकरण व सौन्दर्यीरण एवं अन्य अतिरिक्त निर्माण कार्य - गंज चौक से कन्हारपुरी तक रोड चौडा कर सौदयीकरण करने 1100.0 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- मोहारा, लखोली, जनता कॉलोनी तथा अन्य क्षेत्र में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार - निगम सीमाक्षेत्र के वार्डो में सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने पाईप लाईन विस्तार हेतु 240.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- थोक मार्केट व शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण - नगर निगम के आय में वृद्धि करने तथा नागरिको की सुविधा के लिये शहर मे थोक मार्केट निर्माण एवं पुत्रीशाला, गुडाखु लाईन औषधालय व पुराना बस स्टैण्ड में शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण किये जाने 7942.50 लाख रूपये का प्रावधान रखा है।



- शहर के उद्यानों का जीर्णोद्धार - निगम सीमा क्षेत्र स्थित उद्यानों का जीर्णोद्धार एवं संधारण हेतु 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- मूलभूत सुविधा - शहर के नागरिको का मुलभूत सुविधा उपलबध कराने पार्षदो की मांग अनुसार नाला, नाली निर्माण व सडक डामरीकरण कार्य के लिये 7624.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा है।
- मोहारा फिल्टर प्लांट गंज चौक, नंदई चौक से इंदिरा नगर टंकी तक 600 एम.एम. राईजिंग मेन पाईप लाईन विस्तार - शहर में सुचारू पेयजल आपूर्ति करने राईजिंग मेन पाईप लाईन विस्तार हेतु 658.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- नार कन्हैया नाला से जिला चिकित्सालय तक नाला निर्माण कार्य - इंदिरा नगर एवं जिला चिकित्सालय को डुबान से बचाने नाला निर्माण करने 350.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- पेण्ड्री मेडिकल कालेज के शेष सडक निर्माण - सुगम आवागमन की दृष्टिकोण से पेण्ड्री मुक्तिधाम रोड से मेडिकल कालेज तक शेष रोड निर्माण करने 200.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- ट्रांसपोर्ट नगर जीर्णोद्धार - शहर में यातायात का दबाव कम करने भारी वाहनो के खडे करने शासन योजनांतर्गत पेण्ड्री जी.ई. रोड में ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण किया गया है, जिसके जीर्णोद्धार करने 500.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम जीर्णोद्धार- निगम द्वारा गौरव पथ में विभिन्न आयोजनो के लिये निर्मित आडिटोरियम के जीर्णोद्धार के लिये 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- चौक चौराहो का सौन्दर्यीकरण - शहर के विभिन्न चौक चौराहो के सौदर्यीकरण के लिये 250.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। जिसके तहत ट्रांसपोर्ट नगर चौक को महाराजा रणजीत सिंह चौक कर प्रतिमा स्थापना तथा इंदिरा नगर चौक में उपयुक्त स्थान पर स्व. लीलाराम भोजवानी स्मृति प्रवेश द्वार का निर्माण एवं वैष्णव समाज के जमीन में राजनांदगांव विरासत के सभी राजाओं का प्रतिमा स्थापित किया जाना है।
- कार्यालय उन्नयन कर्मचारी उत्थान निगम में कार्य करने वाले अधिकारियो व कर्मचारियो के सुचारू कार्य संपादन के लिये क्रमोन्नति, पदोन्नति एवं अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणो का समय सीमा में निराकरण तथा पेंशनरो के हेतु भवन उपलब्ध कराने के अलावा कार्यालय उन्नयन के तहत 100.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- बी.पी.सी.एल. - सी.बी.जी. एग्रीमेंट (बोईरडीह)- शहर से निकलने वाले कचरे का निष्पादन करने शासन स्वीकृति अनुसार शहर से लगे ग्राम बोईरडीह में भूमि उपलब्ध कराया गया है, जिसका भूभाटक राशि 8.00 लाख रूपये निगम द्वारा जमा किया गया है, उक्त भूमि बी.पी.सी.एल को प्लांट लगाने हेतु प्रदान किया जायेगा जिससे नगर निगम क्षेत्र के कचरा का निष्पादन होगा तथा आस पास के लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा।
- चिखली ओव्हर ब्रिज से चिखली रोड चौडीकरण - शासन द्वारा सुगम यातायात के लिये रोड चौड़ीकरण के तहत चिखली ओव्हर ब्रिज से चिखली तक रोड चौड़ीकरण करने 300.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा है।
- खेल सुविधा एवं ओपन जीम - निगम सीमाक्षेत्र के खिलाडियों को सुविधा उपलब्ध कराने एवं दिग्विजय स्टेडियम में ओपन जीम लगाने 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा है।
- रॉ वाटर - शहर में ग्रीष्म ऋतु में संकट से निजात पाने के लिये शासन द्वारा सिचाई विभाग के माध्यम से मोंगरा बैराज से चादो डायवर्सन होते हुये रॉ वाटर हेतु पाईप लाईन बिछाने 1500.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। जिससे रॉ वाटर बिना नुकसान से मोहारा एनीकट तक सुगमता से पहुंचेगा।
- शिवनाथ नदी उन्नयन - शासन द्वारा प्रावधान अनुसार निगम सीमाक्षेत्र के जीवनदायनी नदी को सुरक्षित रखने व कटाव को रोकने हेतु सिचाई विभाग द्वारा तटबंद का निर्माण एवं नागरिको के मनोरंजन के लिये लक्ष्मण झुला व उद्यान निर्माण के लिये 5000.00 लाख रूपये प्रावधान रखा गया है, जिससे शिवनाथ नदी को कटाव से बचाया जायेगा।
- मोहारा शिवनाथ नदी एनीकट ऊँचाई - जल संसाधन विभाग द्वारा मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में एनीकट का निर्माण किया गया है। एनीकट की ऊँचाई कम होने के कारण जल संचयन कम होता है, जिससे ग्रीष्म ऋतुं में शहर में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसके निराकरण के लिये एनीकट की ऊचाई बढ़ाने 500.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- तालाब सौदर्यीकरण - निगम सीमाक्षेत्र स्थित विभिन्न तालाब जो वर्षो पुराने है, कई तालाब तो रियासत कालीन है, जिनके संवर्धन एवं संरक्षण के लिये 500.00 लाख का प्रावधान रखा गया है।
- वाटर हार्वेस्टिंग - आज के युग में बढती आबादी तथा आबादी के हिसाब से भवन व अन्य निर्माण के कारण पेड पौधे काटे जा रहे है, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड गया है और जल संकट उत्पन्न हो रहा है। धरती में जल स्तर बढाने का सबसे बडा माध्यम वाटर हार्वेस्टिंग है, जिसके लिये 20.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- सौर ऊर्जा - निगम सीमा क्षेत्र के विस्तार होने के कारण शहर में विद्युतीकरण बढ रहा है, जिसका रख रखाव विद्युत से करने में कठिनाई होती है, जिसके निराकरण के लिये शहर के सेन्टर लाईट का संचालन सौर ऊर्जा के माध्यम से किये जाने 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- आयोजन हेतु मैदान निर्माण - शहर में विभिन्न बडे आयोजन व कार्यक्रम करने तथा मनोरंजन के प्रमुख साधन, मीना बाजार, प्रदर्शनी आदि के लिये शहर में मैदान निर्माण करने 50.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।
- नवीन सड़क निर्माण - बैगा पारा लखोली में वृद्धा आश्रम होते हुये जी.ई.रोड तक नवीन सडक निर्माण हेतु 150.00 लाख का प्रावधान रखा गया है।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत जनहित में दलगत राजनीति से उपर उठकर आप सभी के सहयोग से शहर विकास की मंशा को लेकर हम इस बजट में कोई नया कर नहीं लगा रहे हैं एवं सभी वार्डों में आवश्यकता के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जाएंगे साथ ही कुछ नये प्रस्ताव के साथ पुराने प्रस्ताव को पूर्ण करने कार्ययोजना में शामिल किया है।

अंत में मैं राजनांदगांव नगर की विकास योजनाओं को पूर्ण करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी, विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह , नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव , प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डे से पूर्व की भांति सहयोग प्रदान करने की आशा करता हूं। साथ ही संस्कारधानी के सर्वांगीण विकास के लिये एकजुट होकर समर्पित भाव से कार्य करने बजट को अंगीकार किये जाने के आग्रह के साथ अपनी वाणी को विराम देता हूं।

### एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित

नगर पालिक निगम की बजट बैठक आज 2 मई अपरान्ह 12:00 बजे नगर निगम टाउन हाल सभागृह में प्रारंभ हुई, बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2024-25 एवं प्रस्तावित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाना था।

बजट बैठक निर्धारित समय में राष्टगीत तथा राज्य गीत के साथ प्रारंभ हुई। बैठक के प्रारंभ में महापौर मधुसूदन यादव ने अपना पहला बजट प्रस्तुत करते हुए प्रतिवेदन का पठन किया, जिसके पश्चात पार्षदों ने चर्चा में भाग लिया, चर्चा उपरांत वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय व्यय का बजट सर्व सम्मति से पारित किया गया।

बजट बैठक प्रारंभ होने के पूर्व भाजपा पार्षदों ने देश में एक देश एक चुनाव कराने सदन में प्रस्ताव लेने पार्षदों का हस्ताक्षरयुक्त पत्र निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा को प्रेषित कर चर्चा कराने आग्रह किया। जिसपर अध्यक्ष महोदय ने सदन में प्रस्ताव लेने सहमति ली। बजट के पश्चात उक्त प्रस्ताव को लेने सहमति दी गयी, बजट उपरांत एक देश एक राष्ट्र के तहत सभी चुनाव एक साथ कराने चर्चा कर बहुमत के आधार पर प्रस्ताव पारित कर शासन एवं निर्वाचन आयोग को भेजे जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अंत में राष्ट्रगान के पश्चात पहलगाम में हुए आतंकी हमला में मृतको को दो मिनट की मौन श्रृद्धांजली दी गयी।

## नौकरी लगाने, नीट एवं बोर्ड परीक्षाओं में पास कराने के नाम पर फर्जी कॉल से रहें सावधान

**राजनांदगांव,** 2 मई (देशबन्धु)। आए दिन लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं ठग और दलाल मौका देख सक्रीय रहते हैं। पुलिस हमेशा इस प्रयास में रहती है कि कोई भी मौके का फायदा ना उठाए और लोगों को झांसे में ले न सके बेहतर परीक्षा परिणाम का झांसा देकर बच्चों व पालकों को ठगने के फिराक में साइबर ठगी करने वाला गिरोह द्वारा फर्जी कॉल से परीक्षा में अच्छे नंबर व पास कराने का प्रलोभन देकर ठगों द्वारा ऑनलाइन रूपयों की मांग की जा रही है, साथ ही संपर्क करने में जुटा हुआ है। फर्जी कॉल्स की सूचना पुलिस को दें, किसी भी तरह का लिंक और फोन आने पर उसे जानकारी शेयर न करें। किसी भी परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण कराने एवं नंबर बढ़ाने के संबंध में कोई भी कॉल या लिंक मिलने पर जबाव न दे। बैंकिंग जानकारी ओटीपी, यूपीआई डिटेल्स साझा न करें। इस तरह के फॅर्जी कॉल की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज कराये या अपने निकटतम पुलिस थाने में जाकर सूचना देवें। राजनांदगांव पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 07744-286622, 94791-92199




## असंचयी प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोके जाने की सजा के साथ पच्चीस हजार का अर्थदण्ड लगाया राज्य सूचना आयोग ने

**राजनांदगांव,** 2 मई (देशबन्धु)। लवकुमार रामटेके अधिवक्ता छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा तत्कालिक जनसूचना अधिकारी केशरीचंद साहू थाना प्रभारी से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी वर्ष 2022 में मॉगी गई थी.

जनसूचना अधिकारी ने चाही गई जानकारी को अधिनियम की धारा 8(1)(2) के तहत देने से छूट का हवाला देते हुए जानकारी नहीं दी.

जिसके बाद प्रथम अपील की गई जिसमें भी जानकारी नहीं दिये से राज्य सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपील की गई. जिसमें जनसूचना अधिकारी थाना बागनदी सहित पुलिस अधीक्षक राजनांदगॉव को पक्षकार बनाया गया. आयोग में अपील की सुनवाई में विलम्ब होने, अपील की त्वरित सुनवाई कराने के लिये माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका लगायी गई. उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई चार माह में किये जाने का आदेश छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग को वर्ष 2024 में किया.




आयोग ने जुलाई 2024 में पारित आदेश में जनसूचना अधिकारी पर पेनाल्टी लगाने के याथ ही जनसूचना अधिकारी पर विभागीय नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का निर्देश शासन सहित पुलिस अधिक्षक राजनांदगॉव को दिया था.

किन्तु आयोग के उक्त आदेश का पालन नहीं होने पर श्री रामटेके जी द्वारा आयोग के समक्ष शिकायत की गई, जिसके बीद वर्तमान जनसूचना अधिकारी ने 988 दिवस व आयोग के आदेश के 180 से अधिक दिन मैं जानकारी दी.

आयोग ने पूरे प्रकरण व तर्को का अध्ययन मनन कर जनसूचना अधिकारी को दोषी माना और अप्रैल 2025 में जनसूचना अधिकारी केशरीचंद साहू पर असंचयी प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोके जाने की सजा का पालन की पुलिस अधीक्षक राजनांदगॉव से मिली, और पच्चीस हजार का अर्थदण्ड लगाया राज्य सूचना आयोग ने लगाया है. श्री रामटेके ने बताया कि वे जानकारी देने में हुये देरी पर अधिनियम के तहत क्षतिपूर्ति की मॉग की याचिका जल्द ही हाईकोर्ट में करेगें.

## महापौर के हाथों होम्योपैथिक दवा दुकान उद्घाटित

**राजनांदगांव,** 2 मई (देशबन्धु)। पुरानी उपचार पद्धतियों में होम्योपैथिक का वर्चस्व आज भी कायम है। बहुत से मरीजों को होम्योपैथिक पर बहुत भरोसा है और बड़ी संख्या में रोगी होम्योपैथिक दवावों का सेवन कर स्वस्थ हो रहे हैं। आज के समय में ज्यादातर लोग अंग्रेजी दवावों का सेवन कर रहे हैं। भले ही कुछ मामलों में इसका साइड इफेक्ट देखा जाता हो लेकिन होम्योपैथिक में ऐसा कुछ नहीं है। यही वजह है कि आज के समय में होम्योपैथिक दवा दुकानों की आवश्यकता बनी हुई है। यह बातें महापौर मधुसूदन यादव ने गुढ़ाखु लाइन में होम्योपैथिक दवा दुकान के उद्घाटन अवसर पर कहीं। न्यू सिटी होम्योपैथिक स्टोर्स के नाम से संचालित होने वाली इस दुकान का शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर श्री यादव ने दुकान संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता की सेवा में कोई कमी नहीं रहे इस बात का विशेष रूप से ख्याल रखना होगा। उक्त अवसर पर दुकान संचालक ने उन्हें आशवस्थ करते हुए कहा कि जीवन रक्षक दवावों की समुचित उपलब्धता और गुणवत्ता युक्त दवाइयां उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## आरक्षक सितलेश पटेल द्वारा वेटलिफ्टिंग एवं पॉवरलिफ्टिंग में इंटरनेशनल चौंपियनशिप में जीता गोल्ड



**राजनांदगांव,** 2 मई (देशबन्धु)। सितलेश पटेल 22 से 28 अप्रैल तक यूएई दुबई में आयोजित 11वीं अंतर्राष्ट्रीय चौंपियनशिप खेल में गोल्ड जीता है, ज्ञात हो की सितलेश पटेल भारत देश के एकलौते ऐसे खिलाडी हैं, जो वेटलिफ्टिंग, पॉवरलिफ्टिंग व स्ट्रेंथलिफ्टिंग तीनों ही खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं। सितलेश विगत कई वर्षों से भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए लगातार पदक जीत रहे हैं। यूएई दुबई में आयोजित 11वीं अंतर्राष्ट्रीय चौंपियनशिप जीत के वापस अपने छत्तीसगढ़ आने पर छ0ग0 पुलिस महानिदेशक श्री अरूण देव गौतम सहित पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग द्वारा द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई।

## घर-घर, डगर-डगर जल बचत आवश्यक: द्विवेदी

**राजनांदगांव** 2 मई (देशबन्धु)। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनांदगांव के भूगोल विभाग द्वारा संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख संरक्षण में समसायिक आवश्यकता जल संरक्षण का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रमुख वक्ता के रूप में विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विषयक छात्राओं को बताया कि जल संकट एक वैश्विक समस्या है। जनसंख्या की दृष्टि से हमारा देश अब प्रथम स्थान पर है। इस कारण बढ़ता जल उपभोग और लगातार घटते जल स्त्रोतों ने देश-धरती में जल संकट अत्यधिक गहरा गया है। धरातलीय सतही जल अत्यधिक प्रदूषित हो गया है। जबकि भूगर्भीय जल का अतिशय दोहन के कारण धरती माता की कोख सूख गई है। इसीलिए वर्तमान में चारों ओर जल, पेयजल का संकट दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। वैसे भी पृथ्वी पर निवासित अधिकांश जनसंख्या और अन्य जीव-जंतु वर्षा जल, नदी जल और परपंरागत जलस्त्रोतों पर ही निर्भर करते है। बढ़ते तापमान, वर्षा में कमी और वृहद वाष्पीकरण ने विशेषकर ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट को और अधिक गहन कर देता है। आगे डॉ. द्विवेदी ने आह्वान टीप में कहा कि जल ही जीवन है। इसे बचाना ही होगा। इसके लिए गहराते जल संकट का एक ही समाधान होगा कि हम सभी घर-घर, डगर-डगर जल बचाएं। वैसे भी दैनिकचर्या में जल बचाना व्यक्ति-व्यक्ति का मौलिक दायित्व बनता है। इसके लिए आवश्यक होगा कि हम अपने परंपरागत जल स्त्रोतों का संरक्षण करें और इस तत्व को आत्मसात कर नित्य जीवन क्रम में अपनाए। सर्वप्रथम प्रमुख रूप से कुओं और तालाबों को बचाएं, सुधारें और वर्ष भर संवर्धित करें। जो कुएं पाट दिये गये है, जो तालाब नष्ट प्राय: है, उन्हें पुर्नजीवित करें तथा सतत् रूप से इन परंपरागत स्त्रोतों का नवनिर्माण भी करते रहें। चौड़ी पत्ती वाले पेड़ पौधे और मिली-जुली हरियाली वाले वृक्षों को बचाएं और बढ़ायें। गहन सघन वन वृक्षों से ही जल संरक्षित प्राकृतिक रूप से होता रहता है। कृषि क्षेत्र में जल उपयोग, जल उपभोग एवं अपव्यय को नियंत्रित करें। फसल चक्र में सुधारकर कम जल सिंचाई वाले खाद्यानों की कृषि को बढ़ावा देवें। जल का अधिक उपभोग करने वाले उद्योगों की स्थापना ऐसे स्थानों पर करें जहां पर्याप्त मात्रा में जल दीर्घकाल तक सुलभ होता रहे और उद्योग उपभोगी जल के बार-बार उपयोग करने की भी व्यवस्था करें। भूमिगत जल संरक्षण के लिए प्रत्येक घर, आवास, परिसर और सार्वजनिक संस्थानों वृहद वनक्षेत्रों, खुले मैदानों में वर्षा जल संरक्षण की विधि (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) अनिवार्य किया जावे। तभी हम जल संकट से जूझ सकेंगे। प्रत्येक मनुष्य को जागरूक होना होगा क्योंकि जल है तो कल है। जल है तो हरियाली है, अन्न है, प्रकृति चक्र है और जल नहीं तो सब कुछ सून होगा। आईये सहज, सरल रूप से नित्य जल बचाएं यही जल संकट का सहज समाधान है। इस अवसर पर छात्राओं ने जल संवर्धन संरक्षण को नारे और संदेशों का वाचन कर संकल्प लिया तथा वैचारिक सहभागिता की।



## अछोली में मर्डर होने पर फैली सनसनी

**डोंगरगढ,** 2 मई (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम अछोली में बीते गुरुवार की रात को भीम नेताम पिता सामसिंग नेताम 28 साल निवासी पुराना अछोली का रात्रि में अज्ञात लोगों ने सीने एवं पेट में चाकू मार कर हत्या कर दी है। विश्वास सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार घटना पदयात्रि मार्ग में हुआ है जहां पर रात्रि में पीने खाने वाले असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देने वालो का जमावड़ा रहता है, कुछ प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि रात्रि में पदयात्रा मार्ग में शराब के नशे में कुछ लोगों का झगड़ा हुआ था, घटना वाले तीन संदिग्ध ऑटो में सवार होकर शराब के नशे में घटनास्थल के आसपास एवं पुराना अछोली में दिनभर चक्कर लगा रहे थे, वहीं घटना के दूसरे दिन मर्डर की सूचना मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, घटना की जांच के लिए डॉग एस्कॉर्ट की टीम एक्सपर्ट डॉग के साथ जांच करने पहुंची, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि, रात डेढ़ से पौने दो बजे के बीच कुछ लोग मंडल पर मोहल्ले से भागते दिखे जो की इस ऑटो में शराब के नशे में चक्कर काटते हुए नजर आए थे उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के पश्चात,शक के आधार पर पुलिस ने तीन लोगो को उठा कर ले गया है जिनके नाम भास्कर वर्मा पुराना अछोली, शिवम यादव कालकासा, राहुल लोधी कालकासा को उठा कर ले गई है।।



# डॉ. मुन्नालाल देवदास के पुस्तक भारतीय साहित्यकारों की सर्वश्रेष्ठ कहानियां का दिल्ली में हुआ विमोचन

**राजिम,** 2 मई (देशबन्धु)। काव्य हिन्दुस्तान अंतर्राष्ट्रीय साहित्य समूह मुजफ्फरपुर बिहार के तत्वावधान में गांधी शांति प्रतिष्ठान भवन नई दिल्ली के सभागार में पुस्तक विमोचन, श्री तुलसीदास एवं राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर साहित्य सम्मान और अखिल भारतीय भव्य कवि सम्मेलन संपन्न हुआ।

जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व राष्ट्रपति व राज्यपाल पुरस्कृत सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, साहित्यकार, गीतकार एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मुन्नालाल देवदास ने किया। इस अवसर पर डॉ देवदास के पुस्तक भारतीय साहित्यकारों की सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ का विमोचन हुआ। इस पुस्तक में राष्ट्रगान के रचयिता रविन्द्र नाथ टैगोर, शरतचंद्र, जय शंकर प्रसाद, मुंशी प्रेमचंद, राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिमचंद्र जैसे पाँच महान भारतीय साहित्यकारों के उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान को रेखांकित किया गया है। आपको बताना चाहेंगे कि डॉ देवदास की अब तक 17 पुस्तकें और अनेक शोध आलेख प्रकाशित हो चुके हैं। उनके इस साहित्यिक योगदान के लिए डॉ देवदास को राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर साहित्य सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया।



**तुलसीदास एवं राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर साहित्य सम्मान और अखिल भारतीय भव्य कवि सम्मेलन संपन्न हुआ**

**डॉ. मुन्नालाल देवदास को दिया गया श्रीतुलसीदास सम्मान:** डॉ देवदास वर्तमान में श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के प्रांतीय उपाध्यक्ष और जिला मानस संघ गरियाबंद के संस्थापक है। वे अनेक साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी है। डॉ देवदास रामायण के माध्यम से समाज में जनचेतना जगाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्हें श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से भी अनेक सम्मान मिले हैं। उनके द्वारा सनातन संस्कृति के संरक्षण संवर्धन में उल्लेखनीय कार्यों के लिए काव्य हिन्दुस्तान अंतर्राष्ट्रीय साहित्य समूह बिहार द्वारा डॉ देवदास को श्री तुलसीदास सम्मान से नवाजा गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि थे प्रसिद्ध साहित्यकार उषा जोशी गाजियाबाद, अध्यक्षता प्रसिद्ध गीतकार प्रमोद मिश्र निर्मल नोएडा, संस्थापिका रेखा शर्मा स्नेहा बिहार, विशिष्ट अतिथि राजपाल यादव हरियाणा, प्रदीप मिश्र अजनबी दिल्ली, पंकज अंगार उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय संयोजक डॉ पारसनाथ श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव अरविंद श्रीवास्तव दतिया, प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश पांडे वाराणसी , वरिष्ठ कवयित्री डॉ सरोज सिंह सजल दिल्ली, कोषाध्यक्ष उत्तम शर्मा एवं पत्रकार मिंटू झा बिहार आदि।

**माता कौशल्या की गौरव गाथा का हुआ गुणगान:** इसी तरह पुस्तक विमोचन के बाद द्वितीय सत्र में डॉ देवदास ने छत्तीसगढ़ की बेटी माता कौशल्या के गौरव गाथा एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को गीत कविता के माध्यम से लोगों तक पहुँचाया । इस संदर्भ में बताना चाहेंगे कि डॉ देवदास विगत सात वर्षों से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर माता कौशल्या के गौरव गाथा का प्रचार प्रसार सफलता पूर्वक कर रहे हैं। कौशल्या माता पर केन्द्रित उनके लिखे गीतों को विश्व प्रसिद्ध भजन सम्राट अनूप जलोटा, अनुराधा पौडवाल, सुरेश वाडेकर, साधना सरगम और अमेरिकन सिंगर वंदना श्रीवास्तव आदि गाए है।

देशभर की प्रतिष्ठित कवियों ने काव्य मंच को अपनी कविताओं से सजाया

मंच पर काव्य पाठ करने वालों में गिरिजा शर्मा जम्मू कश्मीर, श्रीकांत तैलंग जयपुर, अंजू चात्रा दिल्ली, अपर्णा गर्ग नोएडा, प्रबंध संपादक रमेश यादव इंदौर, रमेश चंद बाजपेयी, अजीत कुमार बिहार, वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार अमन रंगेला नागपुर , शैलेन्द्र अंबष्ट वाराणसी, रश्मि शर्मा राजस्थान, संदीप जोशी दिल्ली, श्रीधर पांडे बनारस, संगीता बहुगुणा उत्तराखंड, डॉ ओमप्रकाश द्विवेदी कुशीनगर, डॉ सुनीता पंद्रो भोपाल, डॉ उमासिंह किसलय अहमदाबाद, नूतनलाल साहू छत्तीसगढ़, वर्षा शर्मा दिल्ली, सुषमा सिंह दिल्ली, आनंद श्रीवास्तव प्रयागराज, कामनी समदर्शी दिल्ली आदि ने अपनी श्रेष्ठ रचनाएं प्रस्तुत की। मंच संचालन स्नेहलता पांडे गाजियाबाद एवं राधा बिष्ट ने किया।

# केंद्र सरकार ने अंतत: कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग को स्वीकारा : सुरेन्द्र शर्मा



**बलौदाबाजार,** 2 मई (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि केंद्र सरकार ने अंतत: कांग्रेस नेता राहुलगांधी की मांग को स्वीकार कर लिया यह कांग्रेस और विपक्ष की बड़ी जीत है। यह कब तक होगा और किस तरह होगा यह प्रश्न अनुत्तरित है किंतु होगा जरूरी।

सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि आजादी के पहले 1931 में जातिगत जनगणना हुई थी उसके बाद अभी तक इस विषय में कोई काम नहीं हुआ अनुसूचित जाति और जनजाति की गणना को निरंतर की गई जिसका परिणाम भी दिखाई देता है। जिस तादात में इस वर्ग के लोगों का शासन प्रशासन मैं प्रतिनिधित्व हुआ है वह सराहनीय है किंतु इस वर्ग में भी लाभान्वित जातियां सीमित ही हैं बहुत जातियां अभी भी वंचित ही हैं। सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि अन्य पिछड़ी जातियों की अनंत संख्या है केंद्र और राज्यों में मापदंड भी अलग अलग है इस वर्ग के गिने चुने जातियों का वर्चस्व है अन्य पिछड़ी जातियां मुख्य धारा में आने की प्रतिक्षा रत हैं ऐसे में आगामी जनगणना में जातीय जनगणना के शामिल होने से जातीय विकास में विसंगति का पता लगा सकेगा। सुरेन्द्र शर्मा ने आगे कहा कि राहुलगांधी ने विगत वर्षों में हर वर्ग के लोगों से मिलकर बात की है, कश्मीर से कन्या कुमारी तक पदयात्रा कर देश को समझा है इसलिए वे जाती जनगणना पर जोर देते है ताकि सभी जाती के लोगों की शासन प्रशासन में भागीदारी हो सके। नरेंद्र मोदी सरकार जो जाती जनगणना की मुखर विरोधी रही अचानक हृदय परिवर्तन का कारण पहलगाम हमला या जाती जनगणना न करने पर होने वाली हानि के मद्देनजर यह निर्णय आया है। बहरहाल किसी कारण भी यह निर्णय आया है स्वागत योग्य है और कांग्रेस की जीत है।

# पत्रकार एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष श्याम किशोर शर्मा के भाई को दी श्रद्धांजलि



**राजिम,** 2 मई (देशबन्धु)। नगर के वरिष्ठ पत्रकार श्याम किशोर शर्मा के बड़े भाई स्मृति शेष खोवालाल शर्मा के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस शोक के क्षण में विधायक रोहित साहू , पूर्व सांसद चंदूलाल , किसान ने नेता संदीप शर्मा ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू , किसान नेता चंद्रिका साहू युवा नेता राजू साहू , टीकम साहू , नगर पंचायत फिंगेश्वर के पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव , पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा , सामाजिक जन एवं परिवारजन उपस्थित थे।

# मजदूर दिवस पर श्रम पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन




**महासमुंद,** 2 मई (देशबन्धु)। मजदूर दिवस एवं सुशासन तिहार के अवसर पर ग्राम जामली विकासखंड महासमुंद में पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्रम न्यायाधीश सुश्री संगपुष्पा भतपहरी की उपस्थिति में मोबाइल एप्प के माध्यम से 20 श्रमिकों का त्वरित पंजीयन करते हुए श्रम न्यायाधीश सुश्री संगपुष्पा भतपहरी के द्वारा पंजीयन कार्ड प्रदान किया गया। श्रमिक पंजीयन कार्ड प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा शासन एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। हितग्राहियों ने कहा कि अब श्रम विभाग के तहत संचालित विभिन्न श्रमिक योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

# अवैध रेत उत्खनन करते हाइवा और एक चैन माउंटेन वाहन जब्त

**महासमुंद,** 2 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु खनिज विभाग द्वारा सतत कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को कुम्हारी रेत खदान की सीमा पर ग्राम चिंगरौद, महानदी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को रेत के अवैध उत्खनन करते हुए पकड़ा गया। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने एक हाईवा ;वाहन क्रमांक सीजी 04 एनटी 3308 एवं एक चैन माउंटेन मशीन टाटा हितैची को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जप्त किया गया। दोनों वाहनों को जब्त कर ग्राम कोटवार चिंगरौद के सुपुर्दगी में रखा गया है। खनिज अधिकारी ने बताया कि उक्त वाहनों पर खान एवं खनिज ;विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में 2 से 5 वर्षों की सजा का प्रावधान है और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। पूर्व में भी खनिज पट्टेदारों एवं खनिज परिवहनकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करना कानूनन अपराध है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज विभाग का विशेष अभियान सतत जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।




# राजीव भवन के सामने की भूमि कांग्रेस ने अवैध तरीके से कब्जा की : कविंद्र जैन

**धमतरी,** 2 मई (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में विकास के नाम पर केवल हर जिले में राजीव भवन बनाए गए। जनहित को लेकर पिछली सरकार छत्तीसगढ़ की सबसे निकम्मी सरकार रही। ग्राम लोहरसी में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय हेतु नियमानुसार जमीन की मांग किए जाने पर कांग्रेस विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा विरोध किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने पूरी कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि अपने कार्यकाल में कांग्रेस ने अपने कार्यालय का नाम गांधी भवन से बदल कर राजीव भवन किया और उसके सामने की भूमि जिस पर आने जाने का रास्ता, बच्चों के खेलने का मैदान हुआ करता था तथा दीपावली के समय उसी भूमि पर शहर के छोटे व्यवसायी पटाखे इत्यादि की दुकान लगाते थे, उस जगह को अवैध तरीके से अपने नाम कर कब्जे में ले लिया। इतना ही नहीं उस भवन के निर्माण के लिए दबाव पूर्वक नगर के उद्योगपतियों से भारी भरकम चंदा उगाही भी की गई। आज वही कांग्रेस भाजपा द्वारा कार्यालय के लिए जमीन की मांग किए जाने पर विरोध कर रही है। बाहरी लोगों को ले जाकर झूठा आक्रोश दिखाया जा रहा है।



**लोहरसी का विकास भाजपा ने ही किया और आगे भी भाजपा ही करेगी : चेतन हिंदुजा**

भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा ने कहा कि कांग्रेस को विकास से कोई लेना देना नहीं है। उसको परेशानी सिर्फ इस बात से है कि वहां भाजपा ने कार्यालय के लिए भूमि की मांग की है। कांग्रेस ने ग्राम लोहरसी पिछले 5 साल में एक ईंट भी नहीं लगाई। जितने भी विकास के कार्य ग्राम लोहरसी में हुए हैं वो भाजपा की डॉ रमन सिंह की सरकार में हुए हैं या फिर केंद्र की योजनाओं की राशि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने दी है। लोहरसी में लगभग 16 हेक्टेयर भूमि में से सिर्फ 0.40 हेक्टेयर भूमि की मांग की गई है जो कि खेल मैदान हेतु चिन्हित भूमि से अलग है। गांव के विकास के लिए सर्वसुविधायुक्त खेल स्टेडियम, सी सी रोड, चारागाह, सामुदायिक भवन, धान खरीदी केंद्र के विस्तार इत्यादि के लिए जगह पृथक से चिन्हित कर पंचायत द्वारा लाए गए सभी विकास कार्यों के प्रस्तावों भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार में स्वीकृत होंगे तथा बहुत जल्द ग्राम लोहरसी शहर जैसा समृद्ध होगा। गौर तलब है कि विगत दिनों पंचायत की बैठक में भाजपा कार्यालय हेतु भूमि की मांग का प्रस्ताव सरपंच सहित 12 पंचों ने बहुमत से पारित हुआ था जिससे बौखला कर विधायक सहित कांग्रेस के बड़े नेता गांव के लोगों को झूठा भय दिखाकर बरगलाने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ स्वार्थी लोगों को जिनकी नियत गांव की खाली भूमि पर अतिक्रमण करने की है ऐसे लोगों को मोहरा बना कर गांव में विरोध का वातावरण बनाने का प्रयास कांग्रेस कर रही है जबकि गांव के लोग ये अच्छी तरह से जानते हैं कि गांव का विकास पहले भी भाजपा ने किया है और आगे भी भाजपा की डबल इंजन की सरकार में गांव का चहुंमुखी विकास होगा। गांव में भाजपा का कार्यालय खुलने से देश और प्रदेश के बड़े नेताओं और मंत्रियों का प्रवास गांव में होगा जिससे गांव को विकास की नई सौगातें भी मिलेगी।

# गायत्री शक्तिपीठ परिसर बलौदाबाजार में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर प्रारंभ



**बलौदाबाजार,** 2 मई (देशबन्धु)। गायत्री शक्तिपीठ बलौदाबाजार में 1 मई 2025 से 5 मई 2025 तक जिला स्तरीय व्यक्तित्व निर्माण युवा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों से 110 युवा भाई बहन सम्मिलित हुए है।

कार्यशाला में प्रशिक्षण शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित युवा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण युवाओं की वर्तमान समस्यायें एवं उनकी समाधान पर आधारित है। प्रशिक्षणकर्ता चम्पेश्वर साहू, लेखराम साहू, भागीरथी सोनकर, गोपाल राम साहू द्वारा प्रथम दिवस की कार्यशाला में सफलता के सूत्र तथा द्वितीय दिवस व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय, एवं स्वाध्याय के विषय में प्रशिक्षण दिया जा गया। प्रात:कालीन सत्र में योग प्राणायाम कराया गया।

शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए चम्पेश्वर द्वारा बताया गया कि पं.श्रीराम शर्मा आचार्य के द्वारा लिये गये संकल्प मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण को सकार करने हेतु व्यक्तित्व निर्माण शिविर का आयोजन किया गया है। श्रेष्ठ चरित्रवान एवं चिंतनशील युवा ही किसी राष्ट्र के भविष्य है। अपने अभिभावकों के स्वर्णिम सपनों को साकार करने वाली तथा परिवार व राष्ट्र का गौरव बढ़ाने वाली युवा पीढ़ी से भला करौन गौरान्वित नहीं होगा। संवेदना एवं साहस से भरी युवा शक्ति जिस क्षेत्र में भी आगे बढ़ जाय वही चमत्कार पैदा कर देती है।

उपरोक्त शिविर में बलौदाबाजार जिला अन्तर्गत भाटापारा, कसडोल, पलारी, सुहेला विकास खण्ड के युवक युवती शामिल होकर शिविर का लाभ ले रहे हैं।

# नपाध्यक्ष के जन्मदिन पर भंडारे, भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन



**महासमुंद,** 2 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू का जन्मदिवस 1 मई को टाउन हॉल में एक सामान्य कार्यक्रम में मनाया गया। अपने जन्मदिवस पर श्री साहू ने सुबह माँ महामाया की पूजा.अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख.समृद्धि की प्रार्थना की। दोपहर 12 बजे स्थानीय लोहिया चौक में आयोजित मजूदर दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। तथा मजूदर भाइयों को विश्व मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। पश्चात उनके जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं की ओर से एक सामान्य भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल में आयोजित की गई थी। जिसमें श्री साहू शामिल हुए। टाउन हॉल में पूरे 30 वार्डों के हजारों नागरिकों ने श्री साहू से भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पूर्व में ही कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, समर्थकों से अपील की थी कि उनके जन्मदिवस पर बेनर पोस्टर, आतिशबाजी या किसी प्रकार का मंचीय कार्यक्रम ना करें। उन्होंने फिज़ूलखर्ची रोकने के लिए पटाखे आदि आतिशबाजी न करने कार्यकर्ताओं से निवेदन किया था। जिसके तहत कार्यकर्ताओं ने उनके जन्मदिन को यादगार बनाने टाउन हॉल में एक सामान्य भेंट मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन किया था। कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए श्री साहू ने टाउन हॉल पहुंचकर समस्त शुभचिंतकों, नगरजनों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार शहर के विभिन्न स्थानों में पर आम भंडारे का आयोजन भी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया था। लोहिया चौक में मेंशन मजदूर संघ के कार्यक्रम में श्री साहू ने मजदूर भाइयों को संबोधित कर देश के विकास में उनके योगदान को अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी विकास कार्य बिना मजदूर के संभव नहीं है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर➤

**विश्व मजदूर दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष, कहा– मजदूरों के बिना देश का विकास संभव नहीं**

# जाति जनगणना सर्वेक्षण राहुल गांधी का संघर्ष का परिणाम : सुमित्रा

**बलौदाबाजार,** 2 मई (देशबन्धु)। केंद्र के मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में जाति जनगणना किए जाने की घोषणा का श्रेय मोदी सरकार ले रही है इस विषय में

**कांग्रेसजनों ने ढोल बाजे के साथ मनाई खुशी**

कांग्रेसजनों ने इसे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वर्षों से जाति जनगणना की मांग करते रहने की बात कही और इसका श्रेय राहुल गांधी को दिया। कांग्रेसजनों ने इस अवसर पर ढोल नगाड़े बजाकर एवं मिठाइयां बांटकर राहुल गांधी की जीत निरूपित किया।



स्थानीय जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरें ने कहा कि जाति जनगणना सर्वेक्षण राहुल गांधी का संघर्ष का परिणाम है। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा ढोल नगाड़े बजाया गया एवं मिठाइयां बांटी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वय विक्रम गिरी, रूपेश सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, मनोज प्रजापति, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, गोविंद पात्रे, सुभाष राव, धर्मेंद वर्मा, संदीप साहू, आयुष भतपहरी, ग्रेवेंद्र साहू, प्रवीण सेन, हेमंत वर्मा, भावेश वर्मा, जय ठाकुर, सोनू ठाकुर, भूपेन्द्र सेन, अजय भारती सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# अंधड़ से विद्युत तार टूटने, उसे जोड़ने की मेहनत करते हुए देखा पालिका अध्यक्ष उन कर्मचारियों को सम्मानित किया



**राजिम,** 2 मई (देशबन्धु)। मौसम के अचानक परिवर्तित होने से आंधी तूफान के कारण पेड़ टूट कर बिजली की तार के ऊपर गिर गए जिससे विद्युत पोल के तारे टूट गई थी और पूरा नगर अंधकार में हो गया था । विद्युत विभाग द्वारा लगातार 24 घंटे तक पेड़ हटवाने और तार जोड़ने का काम करते रहे । विद्युत विभाग द्वारा लगातार 24 घंटे मेहनत करने के बाद लाइन पाई । विद्युत विभाग के इस कड़ी मेहनत को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, नगर पंचायत सीएमओ, इंजीनियर सहित पार्षदों को ले कर बिजली विभाग के कर्मचारि व नल जल के कर्मचारियों को फूल भेट कर सम्मान किया और उनको धन्यवाद देते हुवे उनका हौसला बढ़ाया इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, नगर पंचायत सीएमओ मनीष गायकवाड़ , इंजीनियर नितेश कुमार भवर सभापति ,आकाश सिंह राजपूत ,पार्षद टंकू सोनकर अजय पटेल ,सुरेश पटेल , पार्षद प्रतिनिधि यशवंत निराला एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूलों में होगा 5 तक एडमिशन

**बिलाईगढ़,** 2 मई। शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रदेश के सभी स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के एडमिशन हेतु सेजेस पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित है। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा।



# बागबाहरा विकासखंड की बेटियों ने बढ़ाया मान

## आठवीं बोर्ड परीक्षा में जसप्रीत कौर बग्गा ने मारी बाजी, जान्हवी यादव रहीं द्वितीय स्थान पर



**बागबाहरा,** 2 मई (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखण्ड के लिए यह गौरव का क्षण है, जब यहां की दो प्रतिभाशाली बेटियों ने आठवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप स्थान प्राप्त किए हैं। शासन द्वारा लंबे अंतराल के बाद पुन: शुरू की गई आठवीं बोर्ड परीक्षा में पीएम श्री आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, बागबाहरा की छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जसप्रीत कौर बग्गा ने 97.7 प्रतिशत अंक अर्जित कर विकासखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जान्हवी यादव ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से पूरा विद्यालय परिवार, अभिभावकगण और क्षेत्रवासी हर्षित हैं।

**विद्यालय में जश्न का माहौल**

जैसे ही परिणाम की घोषणा हुई, विद्यालय में जश्न का माहौल बन गया। शिक्षकों और सहपाठियों ने तालियों की गड़गड़ाहट और फूल-मालाओं से दोनों छात्राओं का अभिनंदन किया। प्रधानाचार्य और स्टाफ ने छात्राओं की मेहनत को सराहा और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**विधायक ने मिठाई खिलाकर दी बधाई**

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव एवं वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव स्वयं दोनों छात्राओं के घर पहुंचे जहां उन्होंने दोनों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, बेटियों ने आज क्षेत्र का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। इनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।

**परिवारजनों की आंखें हुईं नम, गर्व से भरे शब्द**

जसप्रीत कौर बग्गा के पिता बलवीर बग्गा, जो इस विद्यालय के विधायक प्रतिनिधि हैं, ने कहा, मेरे लिए यह क्षण भावुकता से भरा है। मेरी बेटी ने जो किया है, वह हर माता-पिता का सपना होता है।

वहीं जान्हवी यादव के पिता हेमंत यादव एवं माता ज्योति यादव ने बेटी की मेहनत और समर्पण को उसकी सफलता का मूल मंत्र बताया। दादाजी केशव राम यादव ने कहा, बेटी ने हमारे कुल का नाम रोशन किया है।

**पूरे क्षेत्र में बधाइयों का सिलसिला जारी**

इस खबर के फैलते ही बागबाहरा क्षेत्र में बधाइयों का तांता लग गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन दोनों छात्राओं और उनके परिवारों को बधाई देने उनके घर पहुंच रहे हैं।

**छात्राओं की प्रेरणादायक सोच**

जब पूछा गया कि वे इस सफलता का श्रेय किसे देती हैं, तो जसप्रीत कौर ने कहा, मेरे माता-पिता और शिक्षकों की प्रेरणा और मेरे निरंतर अभ्यास ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचाया।

जान्हवी यादव ने कहा, हर दिन नियमित अध्ययन और अपने लक्ष्य पर फोकस ही मेरी सफलता की कुंजी रही है।

इन दोनों छात्राओं ने यह सिद्ध कर, दिया कि यदि संकल्प और समर्पण हो तो कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। आज उन्होंने न केवल अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि पूरे बागबाहरा विकासखण्ड की पहचान को नई ऊंचाई दी है।

# आरंग में पोस्टमॉर्टम के बाद मुक्तिधाम के शवगृह की नहीं होती सफाई, जिम्मेदारी किसकी ये तय नहीं

**आरंग,** 2 मई (देशबन्धु)। आरंग के वार्ड नं 6 स्थित मुक्तिधाम में जनसुविधाओं को ध्यान में रखकर 1 करोड़ 3 लाख खर्च किया जा रहा है लेकिन लगभग 3 साल बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है जिसके चलते यहां अव्यवस्था का आलम है।निर्माण कार्य आरंग नगर पालिका परिषद के अंतर्गत सृजन बिल्डकॉन रायपुर द्वारा किया जा रहा है।बाहर से शवगृह दिखने में अच्छा लगता है लेकिन अंदर देखने पर आपको नर्क से कम नहीं लगेगा। हम ऐसा इसलिए कह रहे है क्योंकि जब किसी दुर्घटना में मृत व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम के लिए यहां लाया जाता है तो पोस्टमार्टम के बाद स्ट्रेचर और कमरे में बिखरे खून और गंदगी की सफाई की जिम्मेदारी किसकी होती है ये तय नहीं हो पा रहा है।एक तरफ नगर पालिका द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा वही दूसरी तरफ पोस्टमार्टम में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका रहती है। पोस्टमॉर्टम के बाद सफाई कौन कराएगा इसकी जिम्मेदारी शायद अभी तक तय नहीं हो पाई है।इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार को देखने को मिला जब ग्राम पारागांव के मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए मुक्तिधाम के शवगृह लाया गया।शव रखने के लिए जैसे ही कमरे का दरवाजा खोला गया दुर्गंध से पूरा रूम भर गया था।इतना ही इससे पहले यहां हुए पोस्टमार्टम में मृतक के खून से लथपथ कपड़े और स्ट्रेचर में खून के धब्बे ने यहां के जिम्मेदारों की पोल खोलकर रख दी।कमरे में भी खून के निशान देखे जा सकते है। पोस्टमार्टम के लिए आए मृतक के परिजनों ने जैसे तैसे शव को खून से सनी हुई जगह पर रखने को मजबूर थे। वहीं इस मामले में विकासखंड चिकित्सा अधिकारी विजयलक्ष्मी अनंत का कहना है कि शवगृह में बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण वहां सफाई नहीं हो पाती है,नगर पालिका को इस पर



ध्यान देना चाहिए,जबकि मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी का कहना है कि मुक्तिधाम में निर्माण कार्य चल रहा है लेकिन शवगृह में जब किसी शव का पोस्टमॉर्टम हो गया है तो वहां की सफाई की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि शवगृह में बिजली और पानी की समस्या को जल्द ही दूर किया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक यहां शव रखने के लिए फ्रीजर की भी व्यवस्था होनी है लेकिन बिजली व्यवस्था नहीं होने से फ्रीजर का उपयोग नहीं हो पा रहा है। आरंग नगर के सबसे मुख्य मुक्तिधाम में लगभग 03 साल होने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा है जिससे पोस्टमॉर्टम कराने आए मृतक के परिजन और अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब देखने वाली बात है कि मुक्तिधाम के शवगृह की सफाई की जिम्मेदारी कौन लेता है.. ?

# देशहित में राहुल गांधी ने की थी जातिगत जनगणना की मांग, सरकार झुकी : सजल चंद्राकर

## युकां ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने जातिगत जनगणना के लिए राहुल को दिया श्रेय



**आरंग,** 2 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराए जाने पर कांग्रेस की ओर से प्रतिक्रिया आने का सिलसिला जारी है।युवा कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष सजल चंद्राकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनकी जीत है, उनके नेता राहुल गांधी लगातार जातिगत जन गणना की मांग जनता के बीच में उठा रहे थे। सजल चंद्राकर ने कहा कि जातिगत जनगणना में जो आंकड़े मिलेंगे उससे लोगों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति जानने में मदद मिलेगी। उनकी पार्टी ने देशहित में जातिगत जनगणना की मांग की थी। संसद में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार कह रहे थे क्यों जरूरी है ? आखिरकार उनके दवाब के बाद केंद्र को ये निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इससे देश विकास की ओर अग्रसर होगा। इसके साथ ही समानता के साथ साथ जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत को पुष्ट करेगा।ये राहुल गांधी के संघर्षो की जीत है। उन्होंने आगे कहा कि ये आंकड़ों का संग्रह नहीं है इससे समानता के साथ नेतृत्व के विकास को बल देगा। राहुल गांधी इसके लिए लगातार सदन से सड़क तक संघर्ष कर रहे थे जिसके आगे केंद्र को झुकना पड़ा और उसने आखिरकार जातिगत जनगणना का निर्णय लिया।

# अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को सरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़,** 2 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को थाना क्षेत्र में अवैध जुआ, सट्टा, शराब, मादक पदार्थ गांजा में संलिप्त व्यक्तियों के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अति0 पुलिस अधीक्षक सारंगढ़-बिलाईगढ़ निमिषा पाण्डेय एवं उप पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में मुखबीर की सुचना पर 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। प्रकरण में 2 मई के सुबह करीबन 8.30 बजे जरिये मुखबीर से सुचना मिली कि ग्राम बोन्दा से नौघटा मेन रोड के पास आरोपी अजय उर्फ दासिया मिरी ग्राम बोन्दा थाना सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) का भारी मात्रा में बिकी हेतु अवैध कच्ची महुआ शराब रखा है। उपरोक्त सुचना पर घटनास्थल ग्राम बोन्दा से नौघटा मेन रोड के पास जाकर रेड कार्यवाही किया गया जो वहां पर आरोपी अजय उर्फ दासिया मिरी पिता धनीराम मिरी 44 वर्ष साकिन बोन्दा थाना सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) के कब्जा से उसके आधिपत्य में रखे दो प्लास्टिक जरीकेन में भरा हुआ जुमला 10 लीटर हाथ भट्ठी का बना कच्ची महुआ शराब कीमती करीबन 2000 रू0 को उसके पेश करने पर जप्त कर उसे विधिवत् गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरिया में अप0क0-70/2025 धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है। इस प्रकार थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिकी करने वालों के विरूद्ध सरिया पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।



उपरोक्त कार्यवाही में थाना सरिया के थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद यादव के नेतृत्व में प्र0आर0 टीकाराम पटेल, सुरेन्द्र सिदार, भुवनेश्वर पंडा आरक्षक दिलीप स्नेही, अनुज सिदार,म0आर0 सविता यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग को लेकर राजधानी में किया प्रदर्शन

**गरियाबंद,** 2 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 6000 से ज्यादा संविदाकर्मियों ने नियमितीकरण सहित अपनी विभिन्न मांगो को लेकर गुरुवार को रायपुर के तुता धरना स्थल में एकदिवसीय प्रदर्शन किया। भारी आंधी-तूफान के बावजूद कर्मी धरने में डटे रहे। इसमें गरियाबंद से भी बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। धरना प्रदर्शन के बाद सभी स्वास्थ्य भवन का घेराव के लिए निकल गए लेकिन घेराव के पहले ही विभाग ने चर्चा का प्रस्ताव रख दिया।



## जिले से सैकड़ों कर्मचारी हुए शामिल

मंत्रालय में स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और मिशन संचालक सह आयुक्त डॉ. प्रियंका शुक्ला ने संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक चर्चा की। उन्होंने एक माह के भीतर समाधान का भरोसा दिया। साथ ही कहा कि भविष्य में उनके लिए बेहतर नीतियां लाई जाएंगी। जिसके बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने आंदोलन स्थगित किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेड पे, नियमितीकरण, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति, सीआर व्यवस्था में सुधार और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित कई मांगें रखीं। चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमृत राव भोसले ने कहा कि संघ 20 वर्षों से नियमितीकरण की मांग कर रहा है। अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मणिपुर, मध्यप्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में नियमितीकरण और मेडिकल अवकाश जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। छत्तीसगढ़ में भी विष्णु देव सरकार को इस संबंध में जल्द से जल्द निर्णय लेना चाहिए। इस दौरान डॉ अमित मिरी, कौशलेश तिवारी, अमृत राव भोंसले, डॉ. रविशंकर दीक्षित, हेमंत सिन्हा, श्याम मोहन दुबे, पूरन दास, संतोष चंदेल, डॉ. आलोक दुबे और संगीता ब्रम्हनोटिया सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने की बाहरी व्यक्तियों की जांच पड़ताल शुरू

## एक सप्ताह के अंदर अपने मूल स्थान जाने की बात कहीं

**सिमगा,** 2 मई (देशबन्धु)। नगर में लंबे समय से रह रहे बाहरी व्यक्तियों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है । बताते चलें कि विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादियों के द्वारा वहां घूमने गए 28 हिन्दू पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया था। जिससे आतंकवादियों के विरुद्ध पूरे देश में विरोध का स्वर अब भी गूंज रहा है । इसी कड़ी में आतंकवादियों का विरोध प्रकट करते हुए सिमगा के नागरिकों के द्वारा आक्रोश रैली निकाली गई थी । रैली के दौरान नागरिकों ने अनुविभागीय अधिकारी सिमगा अंशुल वर्मा को प्रदेश के राज्यपाल मुख्यमंत्री गृहमंत्री बलौदा बाजार पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा था जिसमें प्रमुख रूप से यह उल्लेख किया गया था कि नगर में लंबे समय से बाहरी व्यक्तियों का आना जाना काफी बढ़ गया है । जो पुलिस को सूचना दिये बगैर किराये के मकान में रहकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फेरी कर तरह तरह के समान बेंचने के बहाने कई अनैतिक कार्य कर रहें है और ईन लोगों का कोई नाम पहचान नहीं होने के कारण पुलिस की नजर से आसानी से बच निकलतें है । जिससे कि सिमगा नगर का माहौल कभी खराब हो सकता है । उक्त ज्ञापन एवं वर्तमान स्थिति को भांपते हुए पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर थाना प्रभारी रितेश मिश्रा की टीम ने बाहरी व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल शुरू कर दी है । थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान मूल एवं वर्तमान पते की जांच के साथ-साथ उनका फिंगरप्रिंट भी लिया जा रहा है ताकि इनका रिकॉर्ड पुलिस के पास हो । उन्होंने आगे बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# ब्राह्मण समाज कुरुद ने मनाया भगवान परशुराम की जयंती

## सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**कुरुद,** 2 मई (देशबन्धु)। परशुराम की जयंती के अवसर पर विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कुरुद तहसील ब्राह्मण समाज द्वारा जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश पांडेय का सामाजिक मंच पर सम्मान किया गया। समाज के अध्यक्ष कमलेश तिवारी लक्ष्मी कांत द्विवेदी नंद कुमार पांडेय जगजीवन मिश्रा हेग्रीव शर्मा आशीष शर्मा आदि ने भगवान परशुरामजी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। व सामाजिक जनों ने प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर कैलाश शुक्ल देवकांत द्विवेदी राजू शर्मा श्याम बाजपेयी माहिम शुक्ला आनंद मणि झा जगमोद दीक्षित प्रमोद दुबे प्रदीप बाजपेयी अशोक शर्मा प्रकाश शर्मा सतीश पांडेय गोपाल शर्मा कमल शर्मा थानेश्वर शर्मा, ऋषि शर्मा, शिवांश शुक्ला मनुराज शर्मा, राजा द्विवेदी दुर्गेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# दतान स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**पलारी** 2 मई (देशबन्धु)। विकासखंड पलारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान प में कक्षा नवमी और कक्षा ग्यारहवीं के विभिन्न संकायों का परीक्षा परिणाम शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले के विशेष उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा नवमी की छात्रा मोनिका ने 84 फीसदी अंक अर्जित कर प्रथम स्थान पलक ने 78त्न अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और नितेश ने 68 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा ग्यारहवीं कला में डिलेश्वर ने 62.6 फीसदी अंक अर्जित कर प्रथम स्थान वर्षा ने 62 फीसदी अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और गौरव ने 58 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है वहीं विज्ञान में पेमेश ने 85.6 फीसदी अंक अर्जित कर प्रथम स्थान राजनंदिनी ने 85.4 फीसदी अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और देविका ने 78.6 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त की है कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य में सागर ने 68.8 फीसदी अंक अर्जित कर प्रथम स्थान एकता साहू ने 64.2 फीसदी अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और खेलेश्वरी ने 63 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त की है। इस बार नवमी और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम बहुत ही बेहतर रहा। अध्यक्ष ने सभी सफल परीक्षार्थीयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है साथ ही असफल छात्रों को कड़ी से कड़ी मेहनत करने की सलाह देते हुए धैर्य और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरणा दिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष साधराम बार्ले हेमकुमार साहू लालकुमार यादव पूर्व प्राचार्य टी आर ध्रुव प्रभारी प्राचार्य मनोज वर्मा डॉ कोमल वैष्णव अरविंद ध्रुव पवन कुमार साहू देवेंद्र लहरे रविशंकर साहू रश्मि ठाकुर महेश्वरी वर्मा योगेश्वरी धुरंधर गीता श्रेय ललित वर्मा प्रकाश चंद धेनु सेवक आदि उपस्थित थे।



## नवमी में मोनिका ने मारी बाजी

# बाइक ने मारी ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर, दो की मौत



**पिथौरा,** 2 मई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम भोकलु डीह के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार शाम लगभग 6 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई। मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक युवकों के नाम अमित सोना और मुकेश सोना बताए गए हैं, जो लाखागढ़ एवं डोंगरीपाली के निवासी थे। बताया जा रहा है कि दोनों पिथौरा से सकरा की दिशा में जा रहे थे। हादसा च्अपना ढाबाज् के सामने हुआ, जहां सड़क किनारे एक ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी थी। टक्कर बहुत तेज होने के कारण दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना पर 112 डायल कर पुलिस और एंबुलेंस को बुलाया गया। युवकों को पिथौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नपाध्यक्ष के जन्मदिन पर...

संदीप दीवान, सभापति सूरज नायक, गुलशन साहू, पार्षद राहुल आवड़े, पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा, भारती राजू चंद्राकर, भाऊराम साहू, हर्ष साहू, पीयूष साहू सहित मजदूर यूनियन के सैकड़ों सदस्य गण उपस्थित थे। इसी प्रकार टाउन हॉल के कार्यक्रम में पार्षद मुश्ताक विक्की खान, ज्योति रिन्कू चंद्राकर, गुलशन साहू, धनेंद्र चंद्राकर, सूरज महानंद, राहुल आवड़े, जितेंद्र ध्रुव, ओमिन टोमन कागजी, रत्नेश साहू, शिव साहू, विजय साहू सहित बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित थे।

# बर्खास्त सहायक शिक्षकों का समायोजन सराहनीय : टेसूलाल धुरंधर



**बलौदाबाजार,** 2 मई (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री टेसूलाल धुरंधर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ शासन ने पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा नियुक्त सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को कोर्ट द्वारा निरस्त किए जाने से शिक्षकों के प्रकरण में साय सरकार ने संवेदशीलता का परिचय देते हुए 2621 बर्खास्त सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान के पद पर समायोजन किए जाने का लोकहित में निर्णय लेकर एक बार फिर से विष्णु के सुशासन व मोदी की गारंटी का परिचय देते हुए सराहनीय कदम उठाया है।

# जल संरक्षण के लिए भारत स्काउट गाइड ने साइकिल रैली निकाली

**लवन,** 2 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बड़ौदा बाजार के द्वारा स्काउट गाइड के 75वें वर्ष हीरक जयंती की उपलक्ष में पर्यावरण सुरक्षा और जल संरक्षण के लिए साइकिल रैली का आयोजन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लवन से प्रारंभ किया इस अवसर पर नगर पंचायत लवन की पूर्व उपाध्यक्ष राम कुमार साहू स्थानीय संघ बलौदाबाजार के आजीवन सदस्य के द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रैली के माध्यम से नगर की विभिन्न चौक चौराहे में जाकर के नागरिकों गण मन नागरिकों एवं ग्रामीण तथा राहगीरों को पर्यावरण संरक्षण एवं जल के महत्व को प्रकाशित किया गया साथ ही बैनर पोस्ट के माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचाया गया रेली आत्मानंद स्कूल से होते हुए बगबूड़ा टिकट्डा होते हुए सिंघम पेट्रोल नगर पंचायत चौक आर्य कन्या विद्यालय बूढ़ा तालाब चौक कीर्तन चौक में नगर के नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान द्वारा सभा को संबोधित किया साथ ही स्काउट गाइड एवं स्काउट गाइड द्वारा बूढ़ा तालाब में चल रहे सफाई अभियान पर अपना सहयोग प्रदान किया इसके पश्चात हरदी रोड होते हुए ठाकुर चौक महामाया चौक मैं विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा द्वारा रैली के उद्देश्य पर प्रकाश डाला साथ ही समस्त स्काउट गाइड एवं स्काउट गाइड द्वारा मां महामाया के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया के बाद बाजार चौक होते हुए जिला सहकारी बैंक पुराना तहसील कार्यालय होते हुए मुख्य मार्ग से पुन: आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय पहुंचे जहां पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य शिवकुमार वर्मा द्वारा रैली को संबोधित किया तथा स्काउट गाइड द्वारा इस प्रकार के जन चेतना जागने के लिए स्काउट गाइड की सराहना की इसरैली में मुख्य रूप से स्काउटर योगेंद्र कुमार सोनवानी मथुरा प्रसाद वर्मा नरेंद्र कुमार साहू पारस वर्मा चंद्रकांत वर्मा लहाराम मन्हारे स्काउट विशाल वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी जितेंद्र साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला को अखिलेश पैकरा नरोत्तम साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोहरौद एवं नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू एवं नागरिक ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।




# पीएम भरत देवांगन विद्यालय खरोरा में 5वीं और 8वीं का परिणाम घोषित




**खरोरा,** 2 मई (देशबन्धु)। खरोरा के पीएम श्री बी डी सेजेस में प्राचार्या श्रीमती रजनी मिंज एवं व्याख्याता श्री पी. देवांगन ने 5वीं ओर 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया। 5वीं में 95.91 फीसदी एवं 8वीं में 83.3त्न छात्र छात्राएं सफल रहे। 5वीं में प्रथम होशिल चौहान 91.5त्न, द्वितीय लतिका वर्मा 91त्न और तीसरे स्थान पवनी देवांगन एवं वैष्णवी देवांगन 90.5त्न पर रहे। 8वीं में दीक्षा साहू 92.6 फीसदी , निशिता देवांगन 91.6 फीसदी, अंशिका वर्मा 90.33 फीसदी ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या श्रीमति मिंज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं कमजोर छात्रों को निराश होने के बजाय सही प्लानिंग के साथ तैयारी की सलाह दी। परिणाम घोषणा में बच्चे पालकों के साथ उपस्थित थे। घोषणा समारोह में व्याख्याता पी देवांगन, व्याख्याता शाहिना परवीन, संकुल समनवयक देवेंद्र ठाकुर ,मिडिल एवं प्राइमरी से सना करीम, योगिता देवांगन, आंचल कसर, शेष शर्मा, जैस्मी जोस, कृतिका वर्मा, आकाश परिहार , प्रीति मिश्रा, पावित्रि साहू, अजय कुर्रे, लुकेश्वर ऊइके ने छात्रों को बधाई दी।

# गांव के लोगों को नल-जल योजना का नहीं मिल पा रहा लाभ

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 2 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन इस क्षेत्र में दम तोड़ती नजर आ रही है। इसके लिए अधिकारियों की मनमानी को ग्रामीणों ने जिम्मेदार ठहराया है।

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा विकासखंड के प्रत्येक गांव में आबादी के अनुसार लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर प्रत्येक गांव में उचित स्थान पर टंकी बनाकर पाइप लाइन के माध्यम से घर घर तक नल में पानी पहुंचाने जल जीवन मिशन योजना लागू की गई जिसमें ठेकेदारों के माध्यम से शासन के नियमानुसार कार्य करने ठेका दिया गया और कार्य आरम्भ किया गया जिसमें संबंधित अधिकारियों की मनमानी के कारण घर तक नल से पानी पहुंचना तो दूर घर के आस पास भी पानी मिलना दूभर हो गया है। इस भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण महिलाएं दूर दूर से पानी लाने मजबूर हो गई हैं।

विदित हो कि जल जीवन मिशन के तहत कार्य हुए कई गांवों के लोगों ने इस प्रतिनिधि को बताया कि कही नल का चेंबर लगाकर छोड़ दिया गया है तो कही केवल टंकी ही बना दिया गया है या कही पाइप लाइन ही बिछाई गई है इस तरह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है और पानी नहीं मिल पा रहा है जबकि जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण हैंड पंप और कुआं ने जवाब दे दिया है। जिसके कारण लगभग सभी गांवों में पीने और निस्तारी की पानी की भारी समस्या बन हुई है।



ग्रामीणजन जूझ रहे हैं पेयजल संकट से

इसी कड़ी में विकास खंड के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत चरौदा ब, के ग्रामीण राम कुमार साहू और धनेश राम नेताम सहित ग्रामीणों ने बताया कि यहां करीब दो साल पहले नल का चेंबर घरों में बनाया गया है जो टूट रहा है और पानी की टंकी वहां बनाई गई है जहां पानी की कोई व्यवस्था नहीं है जबकि ग्रामीणों द्वारा उस स्थान पर बनाने मना किया गया था वही पाइप लाइन भी बिछाकर छोड़ दिया गया है। इसी तरह आम गांव, अकलतरा, देवगांव, बारनवापारा मुड़पार, सैया भाटा सहित विभिन्न गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना का पानी भले ही फाइलों में बह रहा होगा लेकिन वास्तविकता यह है कि पानी की तलाश में गांव की महिलाए भटकती हुई नजर आ रही है।

इसी तरह विकास खंड मुख्यालय से मात्रा दो किमी दूर ग्राम पंचायत दर्रा के आश्रित ग्राम चक्रवाय में पानी टंकी बन कर तैयार है किंतु बोर में पानी नहीं होने के कारण टंकी सूखा पड़ा हुआ है। इस संबंध में ग्राम चक्रवाय के ग्रामीण हरि चरण चेलक, उभे राम चेलक, गोयल चेलक एवं तारण चेलक सहित ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दो अन्य हैडपम्प है जिससे पूरे गांव के लोग निस्तार कर रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि बोर सफल होने के बाद टंकी को बनाना था लेकिन हम लोगों की बात नहीं सुनी गई और आज लाखों रुपए की पानी टंकी अनुपयोगी पड़ा हुआ है। इस संबंध में ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पी एच ई) विभाग के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी मनोज दाकोड़े से संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु संपर्क नहीं हो पाया। वही उप यंत्री सुदर्शन मरावी ने बताया कि चक्रवाय के लिए दो किमी दूर महानदी से पानी लाने की योजना बनाई जा रही है इसी प्रकार जहां जहां बोर असफल है वहां अन्यत्र स्थानों से पानी लाने की योजना तैयार की जा रही है। इससे स्पष्ट है कि अनेकों गांवों में बोर असफल है इस बात को अधिकारी भी स्वीकार कर रहे हैं और गांव के लोगों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विविध रंगारंग आयोजन

**भाटापारा,** 2 मई (देशबन्धु)। भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मदिवस माँ गंगा का अवतरण एवं त्रेता युग की आरंभ तिथि अक्षय तृतीया की सनातन संस्कृति में अत्यंत महत्ता है अक्षयता का वरदान दिवस माने जाने वाले अक्षय तृतीया महापर्व पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भाटापारा मे उमंग और उल्लास का नजारा दिखाई दिया, उत्साह की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी द्वय ममता दीवान एवं सरिता रानी शर्मा द्वारा बताया गया कि अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ द्वारा भी विविध आयोजन के जरिए उमंग एवं उल्लास की छटा बिखेरी गयी, मानस भवन मे आयोजित इस भव्य आयोजन का शुभारंभ भगवान परशुराम के पूजन अर्चन से हुआ, उसके उपरांत विविध आयोजनों की कड़ी प्रारंभ हुई जिसके तहत मेंहदी प्रतियोगिता, गुड्डा गुड़िया विवाह एवं परिधान तथा ढोलक वादन जैसे मनोरम आयोजन की छटा बिखरी,



मेंहदी प्रतियोगिता, गुड्डा गुड़िया विवाह, ढोलक वादन एवं बाराती नृत्य एवं गीत की मनोरम छटा

मेंहदी प्रतियोगिता में ..प्रथम डॉ सीमा तिवारी, द्वितीय भावना शुक्ला एवं तृतीय शालिनी त्रिवेदी गुड्डा गुड़िया के सुंदर परिधान के लिये रेखा शर्मा एवं ज्योति शर्मा ढोलक वादन के लिये सरोज तिवारी बाराती गीत के लिये साधना गोस्वामी बाराती डांस के लिये श्वेता मिश्रा एवं अनीता दुबे को विजेता घोषित किया गया। लालसोट समाज की अध्यक्ष नेहा अश्वनी शर्मा द्वारा मनोरम भजन की प्रस्तुति दी गयी, आयोजन को सफल बनाने मे समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों जिनमे सीमा शिवरतन शर्मा, आशा शर्मा, उषा मिश्रा, सपना शर्मा, सीमा तिवारी, स्वर्णलता त्रिवेदी, कविता शर्मा, भावना शुक्ला, शालिनी त्रिवेदी, रेखा शर्मा, ममता दीवान, चंदा शर्मा, श्वेता मिश्रा, अनीता दुबे, ज्योति शर्मा, साधना गोस्वामी, सरोज तिवारी, तृप्ति शुक्ला आदि की अहम भागीदारी रही।

# युवा ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम की जयंती पर निकाली बाइक रैली



**भाटापारा,** 2 मई (देशबन्धु)। ब्राह्मणों के आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मउत्सव के पावन पर्व के उपलक्ष में युवा विप्र समाज भाटापारा के द्वारा मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। यात्रा में क्षेत्र के निवासरत विप्र परिवारो एवं अन्य समाज के द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं जलपान की व्यवस्था की गई। भगवा झंडे के साथ भजन, कीर्तन, गायन, वादन करते हुए बाजे गाजे सहित यात्रा नाका नंबर 1 से, फव्वारा चौक, राम सप्ताह चौक, बस स्टैंड चौक, टॉकीज लाइन, होते हुए कुंदन भवन पहुँची। जहाँ आराध्य देव की पूजा अर्चना आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

# रंग बदल रहा तरबूज, घटती आपूर्ति और बढ़ती मांग ने बढ़ाई कीमत

**भाटापारा,** 2 मई (देशबन्धु)। समाप्ति की राह पर है तरबूज की फसल क्योंकि सिंचाई पानी दूर हो चला है। इसलिए तेजी की धारणा बनने लगी है।

20 रुपए किलो पर खुला था तरबूज का चिल्हर बाजार। फिलहाल 15 रुपए किलो पर बिक रहा तरबूज फिर से 20 रुपए पर लौटने की तैयारी में है क्योंकि सीजन का लगभग एक माह अभी भी बचा हुआ है लेकिन मांग और आपूर्ति के बीच अंतर बढ़ने की स्थिति आ चुकी है।



**सिमटता प्रवाह:** शिवनाथ और महानदी। फसलों की भी प्यास बुझाती है लेकिन इस बार इन दोनों का प्रवाह, तट से दूर मध्य क्षेत्र में ही देखा जा रहा है। पहली बार इस प्रतिकूल स्थिति का असर उस तरबूज की खेती पर पड़ना चालू हो चुका है जो देश ही नहीं, विदेशों के फल बाजार भी अपनी अहम पहचान रखता आया है। ऐसी स्थिति में निर्यात लगभग बंद जैसा ही है।

**हो रही आवक सरगुजा से:** कसडोल और शिवरीनारायण की फसल आशा के अनुरूप नहीं आ पाई। लिहाजा प्रदेश के फल बाजार को अब सरगुजा के तरबूज उत्पादक क्षेत्र से खरीदी करनी पड़ रही है। यह क्षेत्र उड़ीसा और मध्य प्रदेश की खरीदी को पहली प्राथमिकता दे रहा है क्योंकि कीमत अपेक्षा के अनुरूप मिल रही है। असर हल्की शॉर्टेज के रूप में देखा जाने लगा है। जो आने वाले दिनों में और भी ज्यादा बढ़ सकती है।

**ऐसे हैं भाव प्रति किलो:** उत्पादक क्षेत्र में 6 से 8 रुपए किलो। होलसेल बाजार बेच रहा है 9 से 10 रुपए किलो पर। खुदरा बाजार दूरी के हिसाब से 15 से 16 रुपए प्रति किलो की दर पर तरबूज की बिक्री कर रहा है। बढ़ोतरी की आशंका इसलिए व्यक्त की जा रही क्योंकि शॉर्ट सप्लाई के बीच सीजन का लगभग 1 माह शेष है। ऐसे में बाजार खरबूजा की ओर ध्यान दे रहा है क्योंकि सप्लाई लाइन मजबूत है।

# बर्खास्त बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के समायोजन का निर्णय स्वागत योग्य

**राजिम,** 2 मई (देशबन्धु)। बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों के समायोजन के निर्णय का सहायक शिक्षक पं. विकास मिश्रा ने स्वागत किया प।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनके कैबिनेट के द्वारा लिए गए इस निर्णय से पूरे प्रदेश की जनता में हर्ष व्याप्त है। इस निर्णय से सभी सहायक शिक्षकों का परिवार खुशी से झूम उठा है। इस अभूतपूर्व निर्णय के लिए हम सभी 2621 सहायक शिक्षक एवं परिवार मुख्यमंत्री जी एवं छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त करते हैं। इस निर्णय से आज 2621 परिवारों के रोजी रोटी का संकट दूर हो गया है। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर समायोजन का उपहार कैबिनेट के द्वारा हमें मिला है जो इस त्यौहार में हमारी खुशी को दोगुना कर दिया। छत्तीसगढ़ शासन ने एक बहुत बड़ा धर्म का काम किया जिसे 2621 परिवारों एवं उन पर आश्रित लोगों का भविष्य अंधकारमय होने से बच गया। आंदोलन के संघर्ष को समायोजन तक पहुंचाने में बहुत सारे संगठनों का योगदान रहा। जिसमें समस्त मीडिया के बंधुगण, कर्मचारी संगठन, शिक्षक संगठन, सामाजिक संगठन सहित विपक्ष का भी हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

# नगरपालिका कर्मचारियों के वेतन को लेकर बागबाहरा पहुंचे सयुंक्त संचालक से पार्षदों ने किया मुलाक़ात

**बागबाहरा,** 2 मई (देशबन्धु)। बागबाहरा पहुँचे नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक से नगरपालिका परिषद बागबाहरा के पार्षदो ने मुलाक़ात कर निकाय मे कार्यरत कर्मचारियों के वेतन के वेतन के संबंध मे व् शहर मे होने वाले विकास कार्यों के संबंध मे चर्चा कर अपनी बात रखी।



जिसपर संयुक्त संचालक ने पार्षदो की बात गहराई से सुनकर कार्य योजना बनाने हेतु कहा एवं कार्य को सुचारु ढंग से संचालित करने हेतु सभी पार्षदो के सहयोग की बात कही एवं शासन से जितना हो सके विकास कार्य हेतु सयुंक्त संचालक ने सहयोग करने की बात कही पार्षद मे रुपेश (प्रेम )साहू, सविता दिवान, थानूराम पांडे, श्रीमती अनीता अजित ताण्डी, श्रीमती श्यामा लोकू चंद्राकर उपस्थित रहे।

# तेज आंधी तूफान के चलते अनेक प्रतिष्ठानों को हुआ नुकसान

**बलौदाबाजार,** 2 मई (देशबन्धु)। नगर एवं ग्रामींण क्षेत्र में गुरूवार को शाम अचानक आंधी तुफान के साथ तेज बारिश होने से जगह जगह पेड होल्डींग गिर जाने से क्षेत्र में घंटो बिजली बंद रही। वहीं अनेक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के छप्पर गिरने एवं शीशे टुटने से लाखो की नुकसान हुई है। करीब एक घंटे से चली तेज आंधी तूफान के कारण चारो तरफ अफरा तफरा भी मच गई थी। अनेकों स्थान पर बडे बडे ओले भी गिरे है। आज भी अनेक गांवों में आंधी तूफान के कारण पेड पौधे गिरने एवं बिजली खम्भे टूटने के कारण विद्युत लाईन प्रभावित भी है। तेज आंधी तूफान के चलते बलौदाबाजार से रायपुर रोड स्थित होटल गौरव प्राईड में भी काफी नुकसान हुआ है। इस होटल के दरवाजे एवं दीवालों की शीशे बुरी तरह से टूटने के अलावा लिफ्ट का पेनल गेट व शीशे भी टूट गई है। जिससे 5-6 लाख से अधिक का नुकसान होने की जानकारी मिली है। इसी तरह कुछ राईस मिल सहित अनेक संस्थानों में भी नुकसान पहुंचा है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों शादी विवाह का सीजन भी है इस मौसमी कहर का असर चल रहे शादी विवाह मंढप पर भी हुआ है। कई शादी समारोह के पंडाल भी क्षतिग्रस्त होने की भी खबर है। इस बारिश एवं आंधी तूफान के चलते बराती एवं घराती दोनों परिवारों को भी प्रभावित होना पडा है।



होटल गौरव प्राईड का शीशे एवं पेनल गेट हुआ ध्वस्त

# पानी की कमी को पूरा करने कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**बिलाईगढ़,** 2 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप एवं एसडीओ बी एल खरे के साथ शुक्रवार को सुबह 10 बजे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर ने जिले में जल जीवन मिशन के पूर्ण, अपूर्ण, कार्यरत और टेंडर प्रक्रिया में शामिल सभी कार्यों का समीक्षा किया। कलेक्टर ने सभी ब्लॉक में पानी की कमी को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारियों ने कलेक्टर को साराडीह बैराज के समीप निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी दी। त्वरित प्रतिक्रिया में कलेक्टर ने फील्ड मुआयना के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने 2 निर्माणाधीन जलागार का निरीक्षण किया।



बैठक के तुरंत बाद मुआयना करने गए कलेक्टर

# हिंदी एवं राजनीति विज्ञान शोध केंद्र हेतु स्थाई संबद्धता निरीक्षण कार्य संपन्न

**राजिम,** 2 मई (देशबन्धु)। शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम में शोध केंद्र स्थापना हेतु स्थाई संबद्धता के लिए निरीक्षण कार्य आज दिनांक 2 मार्च /2025 को संपन्न हुए। जिसमें हिंदी विषय हेतु विषय विशेषज्ञ डॉक्टर माया वर्मा कला संकाय डीन पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ राजेश कुमार दुबे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय भाटागांव एवं डॉ कविता वैष्णव सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय भखारा, राजनीतिक शास्त्र के लिए डॉ प्रभावती शुक्ला प्राध्यापक मनोविज्ञान अध्ययन शाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ मलती तिवारी, राजनीति शास्त्र डीन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छ.ग. शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद, एवं डॉ प्रेमलता तिवारी प्राध्यापक शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रायपुर रही। निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया जिसमें ग्रंथालय, अध्यापन कक्ष, छात्र-छात्राओं की सुविधा का निरीक्षण कर हिंदी एवं राजनीति विज्ञान में शोध केंद्र स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु विश्वविद्यालय को परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उक्त जानकारी डॉ सविता मिश्रा प्राचार्य शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम ने दी इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक श्री एम एल वर्मा, हिंदी विभाग अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद यदु, सहायक अध्यापक श्री योगेश तारक एवं राजनीति विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ समीक्षा चंद्राकर, श्रीमती क्षमा शिल्पा मसीह, प्रदीप टंडन आदि उपस्थित रहे।



# ज़िंदगी में हुए कई घपलें, कागज़ों में कोई हिसाब की तरह : जितेंद्र सुकुमार साहिर

## अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर प्रयाग साहित्य समिति ने आयोजित किया काव्य गोष्ठी

**राजिम,** 2 मई (देशबन्धु)। नगर की प्रसिद्ध सक्रिय संस्था प्रयाग साहित्य समिति के द्वारा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर गायत्री मंदिर के सभागृह में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष टीकम चंद सेन दिवाकर ने किया। मां सरस्वती की पूजन कर सभी साहित्यकारों ने मजदूरों के जीवन पर अपने हृदयगत भावों को मार्मिक रूप में कविता के रूप में पिरोकर जन- समुदाय का ध्यान आकषर्ण कर बताने का प्रयास किया कि -जिनकी मेहनत से हम आज सुख -सुविधा पूर्ण जीवन यापन करते हैं। अमीरों के शोषण की वजह से वहीं मजबूर अवस्था में रहते हैं, हर छोटी खुशियों के लिए उन्हें मोहताज हैं।

साहित्यकार के साहित्य साधना से ही परिवार -समाज और राष्ट्र के हित में नव क्रांति का जन्म होता हैं। जहां आज सभी अपने स्वार्थ पूर्ति में दिन- रात भागदौड़ करते हैं। अपनी रोटी -कपड़ा और मकान की पूर्ति में ही लगे रहते हैं, वही कलमकार मानवता के कल्याण कल्याण में अपने मन की गहराई से शब्दों के मोती चुनकर इस संसार में प्रेम का भाव भर निराशा को दूर करते हैं, और हर अव्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद करते हैं।

प्रथम प्रस्तुति के रूप में छत्तीसगढ़ी कविता के प्रसिद्ध कवि गोकुल सेन के काव्य की पंक्तियां है - बड़ी न सही छोटी दो, हमे वस्त्रों का शौक नहीं। सिर्फलंगोटी दो।।

संतोष कुमार सोनकर मंडल ने मजदूरों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए शानदार कविता पढ़ी जिनकी कुछ पंक्ति हैं - न्याय के पक्षधर सत्य की राह पर चलते हैं, वहीं ईमानदार कहलाते हैं, दुखियों के, दुख -दर्द बांटे चुभने न पाएं कांटे।।



व्यंग्यकार संतोष सेन ने मजदूरों को सम्मान देने की बात पर जोर देते हुए कविता पढ़ी - मजदूर निर्माण की इकाई हैं, मजदूरो का हमेशा सम्मान होना चाहिए।।

गीतकार टीकम चंद सेन ने वीर रस की कविता पढ़कर देशभक्ति भाव जागृत किया - काश !हमे गांधी के साथ गोडसे भी पढ़ाया गया होता, अपने ही देश में हिंदू इतना सताया न गया होता।।

प्रसिद्ध शायर जितेन्द्र सुकुमार साहिर ने शानदार ग़ज़ल से खूब तालिया बटोरी प्रस्तुत हैं कुछ अंश - ढल रहा हूं मैं आफ़ताब की तरह, चुभ रहा हूँ खार - ए-गुलाब की तरह। ज़िंदगी में हुए कई घपलें, कागज़ों में कोई हिसाब की तरह।।

कवि नूतन साहू ने शानदार हृदय स्पर्शी कविता पढ़ी - अगर मुस्कुराने की चाहत हैं, तो किसी को रुलाना नहीं चाहिए। सूरज की तरह चमकना हैं तो, गरीबों को गले लगाना चाहिए।

कवयित्री सरोज कंसारी ने मजदूरों के मन की पीड़ा को व्यक्त करते हुए मार्मिक कविता पढ़ी - मेहनतकश मैं एक मजदूर हूँ, कौन कहता मैं आज मजबूर हूँ? खून -पसीना दिन भर बहाता हूँ, परिवार का तब पेट भर पाता हूँ।।

भारती साहू ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति से माटी की महिमा का बखान किया।

इस अवसर पर नूतन साहू जो कि दिल्ली में कविता पाठ कर आएं और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। समिति की ओर से उनका तिलक- वंदन कर श्री फल भेंट कर सम्मानित किया गया। 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकवादी हमले पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सभी साहित्यकारों ने दोषियों को कठोर सजा देने की बात कहीं और कहा कि अब संवेदनाओं से काम नहीं चलेगा, आतंकवाद मुक्त देश के लिए ईट का जवाब पत्थर से देना होगा। आभार जितेंद्र सुकुमार साहिर ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन लेखिका सरोज कंसारी ने किया।

# इंदिरा देवी गौरहा उमावि कसडोल ने किया शीतल प्याऊ घर का शुभारंभ



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 2 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड श्रीमति वंदना तिवारी, जिला सचिव, डॉ जगदीश कुमार साहू, संयुक्त जिला सचिव श्रीमती कीर्ति वर्मा के निर्देसानुसार एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड, नेहा उपाध्याय जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट मनीष बघेल जिला प्रशिक्षण गाइड सुश्री रजनी कला पाटकर एवं विकासखंड कसडोल सचिव जे आर बारले के मार्गदर्शन में स्थानीय संघ कसडोल के नगर पंचायत कसडोल गायत्री चौक में शीतल प्याऊ घर का शुभारंभ इंदिरा देवी गौरहा उ मा वि कसडोल नगर के हृदय स्थल गायत्री चौक कसडोल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के अध्यक्ष नागेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि अजय साहू पार्षद वार्ड 4, विधालय के संस्थापक अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा, पूर्व ए बीओ श्री चौहान संस्था के प्राचार्य श्रीमति वर्षा शर्मा, नगर के गणमान्य नागरिक गण आदि उपस्थित थे।